

# दैनिक अयोध्या टाइम्स

समस्या आपकी-आवाज हमारी

RNI NO.: UPHIN/2015/67284



Email:dainikayodhyatimes@gmail.com www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 अंक : 148 पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर पृष्ठ : 08, मूल्य : 2 रुपये, गुरुवार 28 जुलाई 2022 (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)

## संक्षिप्त समाचार

### देश में बिजली उत्पादन क्षमता 2030 तक 8,20,000 मेगावाट होगीः आर के सिंह

नयी दिल्ली, 27 जुलाई। केंद्रीय बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने बुधवार को कहा कि देश की बिजली उत्पादन क्षमता 2030 तक 8,20,000 मेगावॉट पर पहुंच जाएगी। इसमें नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 5,00,000 मेगावॉट होगी। द एनर्जी रिसोर्स इंस्टिट्यूट (टेरी) की रिपोर्ट जारी होने के मौके पर अपने संदेश में सिंह ने कहा, ''वर्ष 2030 तक कुल बिजली उत्पादन क्षमता 8,20,000 मेगावॉट पर पहुंच जाएगी।
इसमें गैर–जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली की हिस्सेदारी 5,00,000 मेगावॉट होगी।'' मंत्री ने कहा



कि देश ने नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण क्षमता को जोड़ना शुरू कर दिया है। सरकार भंडारण पर सबसे बड़ी बोली लेकर आई है और बड़ी मात्रा के साथ भंडारण लागत को कम करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि हालांकि देश में प्रति व्यक्ति उत्सर्जन सबसे कम है। इसके बावजूद ऊर्जा बदलाव लक्ष्यों के प्रति भारत पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। टेरी ने रिपोर्ट में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिये व्यावहारिक रूपरेखा का जिक्र किया है। रिपोर्ट में 2030 तक के लक्ष्य को हासिल करने के लिये नीतियों के साथ–साथ प्रौद्योगिकी के स्तर पर हस्तक्षेप का सुझाव दिया गया है। साथ ही राज्यों के स्तर पर पंप्ड स्टोरेज सयंत्रों के साथ सौर उत्पादन के लिये 'फीड–इन–टैरिफ' व्यवस्था का आह्वान किया गया है। 'फीड–इन–टैरिफ' ऊर्जा नीति है, जिसका मकसद नवीकरणीय ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ावा देना है।
इस योजना में सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों से बिजली उपलब्ध कराने वाले को उत्पादन लागत के आधार पर कीमत प्राप्त होती है। टेरी की महानिदेशक विभा धवन ने बयान में कहा, ''भारत में नीतियों के स्तर पर व्यवस्था उपयुक्त है। लेकिन हमें नये ऊर्जा भंडारण समाधान और प्रौद्योगिकी को अपनाने की जरूरत है जो ग्रिड में स्थिरता और मजबूती लाते हैं। हमें अनुसंधान और नई प्रौद्योगिकी के विकास में निवेश के लिये सहयोग की आवश्यकता है।

### अर्पिता मुखर्जी के एक और ठिकानों से बड़ी मात्रा में रकम जब्त, गिनने के लिए बुलाए गए बैंक अधिकारी


वेस्ट बंगाल। पश्चिम बंगाल में स्कूल भर्ती घोटाले के मामले में केंद्रीय एजेंसी ईडी का एक्शन जारी है. आज ही प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने मंत्री पार्थ चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखाजी के कोलकाता के बेलघरिया स्थित



फ्लैट पर छापेमारी की. इस दौरान बड़ी मात्रा में कैश की बरामदगी की गई है. नोटों को गिनने के लिए पांच बैंक अधिकारियों को बुलाया गया है. साथ ही कैश गिनने की मशीनें भी मंगाई गई. कितने रुपये मिले हैं, इस बात का खुलासा अभी नहीं किया गया है। अर्पिता मुखर्जी फिलहाल ईडी की हिरासत में हैं. उन्हें पिछले दिनों लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था. ईडी ने 22 जुलाई को मुखर्जी के ठिकाने से 21 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की थी. बाद में लंबी पूछताछ के बाद पार्थ चटर्जी को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

### 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी में 1.49 लाख करोड़ रुपये की बोलियां लगीं, नौवें दौर की बोली जारी

नयी दिल्ली। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि पांचवीं पीढ़ी (5जी) के स्पेक्ट्रम की नीलामी के दूसरे दिन 1.49 लाख करोड़ रुपये की बोलियां




मिली हैं। वैष्णव ने कहा कि नौवें दौर की बोली जारी है। सरकार को नीलामी के पहले दिन मंगलवार को स्पेक्ट्रम बोली का चौथा दौर पूरा होने के बाद 1.45 लाख करोड़ रुपये की बोलियां मिली थीं।

### फिलीपीन में भूकंप के जोरदार झटके, चार लोगों की मौत, कई घायल

मनीला। उत्तरी फिलीपीन में बुधवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए, जिससे कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए।
राजधानी मनीला में भय के कारण लोग अपने घरों और मरीज अस्पतालों से बाहर निकल आए। फिलीपीन के ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान संस्थान के प्रमुख रेनातो सोलिडम ने बताया कि सात तीव्रता के भूकंप का केंद्र अब्रा प्रांत में किसी पर्वतीय इलाके में जमीन से 25 किलोमीटर नीचे स्थित था।

## मंकीपाक्स को लेकर सीएम योगी की बैठक, कोविड अस्पतालों में 10-10 बेड रिजर्व रखने का निर्देश

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के कुछ हिस्सों में मंकीपॉक्स संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर राज्य में विशेष सावधानी बरतने का निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा कि प्रदेश के कोविड अस्पतालों में मंकीपॉक्स प्रभावित मरीजों के लिए कम से कम 10–10 बिस्तर आरक्षित रखे जाएं. बुधवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में देश के कुछ हिस्सों में मंकीपॉक्स संक्रमण के बढ़ते मामलों पर चिंता जाहिर करते हुए सीएम ने कहा कि यूपी में इसे लेकर विशेष सावधानी बरती जाए।
सीएम योगी ने निर्देश दिया कि प्रदेश के कोविड अस्पतालों में



न्यूनतम 10 बेड सिर्फ मंकीपॉक्स से प्रभावित मरीजों के लिए आरक्षित रखे जाएं. मंकीपॉक्स के लक्षण, उपचार और बचाव के बारे में विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों के मुताबिक आम लोगों को सही जानकारी देते हुए जागरूक किया जाए. इसके साथ ही सीएम ने अफ्रीकन स्वाइन फ्लू संक्रमण का प्रसार रोकने के लिए कंटेनमेंट जोन की व्यवस्था लागू करने का निर्देश देते हुए कहा कि संक्रमित सुअरों की अंतिम क्रिया निर्धारित मेडिकल प्रोटोकॉल के अनुरूप की जाए।

सीएम ने यह भी कहा कि सुअर पालन बहुत से लोगों के लिए रोजी–रोटी का जरिया है ऐसे में जिन पालकों के यहां अफ्रीकन स्वाइन फ्लू से सुअरों की मौत हुई है उन्हें आर्थिक सहायता देने के लिए प्रस्ताव तैयार किए जाएं. आदित्यनाथ ने बैठक में कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में कोविड–19 संक्रमण के नए मामलों में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है. हालांकि यूपी में संक्रमण की दर न्यूनतम है।
उन्होंने सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को बूस्टर डोज लगवाने का निर्देश देते हुए कहा कि आम लोगों को बूस्टर डोज लगवाने के लिए प्रेरित करने के काम में तेजी लाई जाए, इसके लिए मिशन मोड में प्रयास करने की जरूरत है।

## युद्ध दुश्मन की सेना से होता है, उनके नागरिकों से नहीं : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। दुश्मन देश की सेना से युद्ध होता है उनके आम नागरिकों से नहीं. इसलिए देश में प्रिसेसियन गोला–बारूद की बेहद आवश्यकता है जैसा कि बालाकोट एयर–स्ट्राइक के दौरान इस्तेमाल किया गया था. ये मानना है देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जिन्होनें हाल ही में पीओके पर बयान देकर पाकिस्तान की नींद उड़ा दी है।
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को राजधानी दिल्ली में दूसरे मिलिट्री–एम्युनेशन कान्फ्रेंस, एमो–इंडिया को संबोधित कर रहे थे. उस दौरान स्वदेशी गोला–बारुद की जरुरत पर बोलते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भविष्य के युद्धों में प्रिसेसियन गाईडेड एम्युनेशन किसी भी हथियार की तरह एक अहम भूमिका निभाएगा। कारगिल युद्ध में मूंथो–ढालो बेस पर किए गए हमले और 2019 में पाकिस्तान के बालाकोट में




आतंकी ठिकाने पर किए एयर–स्ट्राइक की सफलता का जिक्र करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि स्मार्ट–प्रिसेसियन एम्युनेशन से सिर्फ दुश्मन के सैन्य ठिकानों को ही निशाना बनाया जाता है. आसपास के सिविल–संस्थानों को नुकसान नहीं पहुंचता है।
उन्होनें कहा कि युद्ध–क्षेत्र में ये गोला–बारूद का नया अवतार है. इस तरह के गोला–बारूद को एक बार प्रोग्राम करने से आटोमैटेकली कोर्स–करेक्शन कर सकता है और सही समय पर सही जगह पर जाकर ही निशाना लगाता है. राजनाथ सिंह ने कहा कि पारंपरिक गोला–बारूद में ऐसा नहीं होता है. पहले के समय में एम्युनेशन का साइज और उसमें भरा हुआ बारूद ज्यादा मायने रखता था. लेकिन अब गोला–बारूद की स्मार्टनेस ज्यादा महत्वपूर्ण होती है।
रक्षा मंत्री ने कहा कि किसी भी देश की वैज्ञानिक, तकनीकी और आर्थिक विकास उसके हथियार और गोला–बारूद की क्षमता से आंकी जाती है. इसलिए एम्युनेशन का विकास सिर्फ राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़ा मामला ही नहीं है बल्कि सामाजिक–आर्थिक विकास से भी जुड़ा है।
राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत को विश्व–शक्ति बनाने के लिए बेहद जरूरी है कि देश में ही स्वदेशी एम्युनेशन का डिजाइन, विकास और उत्पादन हो. रक्षा मंत्री ने प्राईवेट सेक्टर को भी गोला–बारूद बनाने का आह्वान किया ताकि सेनाओं की सैन्य तैयारियां मजबूत की जा सकें. हाल ही में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर यानि पीओके पर दिए अपने बयान से राजनाथ सिंह चर्चा में आ गए थे।

## लोकसभा ने राष्ट्रीय डोपिंग रोधी विधेयक को दी मंजूरी, आत्मनिर्भर भारत को मिलेगा बल : अनुराग ठाकुर

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नयी दिल्ली। लोकसभा ने राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी और राष्ट्रीय डोप जांच प्रयोगशाला के कामकाज को कानूनी स्वरूप प्रदान करने संबंधी राष्ट्रीय डोपिंग–रोधी विधेयक, 2021 को बुधवार को मंजूरी प्रदान कर दी जिससे डोपिंग रोधी विषय पर संयुक्त राष्ट्र की संधि भी प्रभाव में आ जाएगी। निचले सदन में विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय युवा एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी विधेयक से न सिर्फ खेल और खिलाड़ियों को मदद मिलेगी, बल्कि ''आत्मनिर्भर भारत'' को भी बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2008 में राष्ट्रीय डोप टेस्ट लेबोरेटरी (एनडीटीएल) बनाई गयी थी, नियम भी बनाये गए थे, लेकिन इसे वैधानिक दर्जा नहीं मिला था। ठाकुर ने कहा कि भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन बेहतर करना है तो मानदंडों को भी बेहतर बनाना होगा। ठाकुर ने



यह भी बताया कि पिछले वर्ष एनडीटीएल को विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी से फिर मान्यता मिल गई है जिसे 2019 में वैश्विक मानदंडों पर खरा नहीं उतरने की वजह से रोक दिया गया था।
उन्होंने बताया कि अमेरिका, चीन, ऑस्ट्रेलिया और जापान जैसे देशों में डोप जांच को लेकर पहले से ही व्यवस्था है। मंत्री ने कहा कि अब भारत भी इसमें शामिल हो गया है और इससे भारत की साख भी बढ़ेगी। खेल मंत्री ने कहा कि हम किसी बड़ी खेल प्रतियोगिता का आयोजन करते हैं, तब एक दिन में 10 हजार से अधिक नमूनों की जांच की जरूरत पड़ेगी, ऐसे में एक प्रयोगशाला से काम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में जरूरत पड़ने पर और प्रयोगशालाएं स्थापित की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि एक प्रयोगशाला की स्थापना पर 70 से 100 करोड़ रूपये खर्च आता है लेकिन धन को आड़े नहीं आने दिया जायेगा। ठाकुर ने कहा कि खेल और खिलाड़ी मोदी सरकार की प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा, ''हम कानून बनाने जा रहे हैं जिससे खिलाड़ियों को फायदा होगा और खिलाड़ियों के जांच नमून भेजने को लेकर दूसरे देशों पर निर्भरता कम होगी। यह विधेयक आत्मनिर्भर भारत को बल देगा।'' मंत्री के जवाब के बाद लोकसभा ने 'राष्ट्रीय डोपिंग–रोधी विधेयक, 2021' को ध्वनिमत से मंजूरी प्रदान कर दी।
यह विधेयक पिछले वर्ष दिसंबर में लोकसभा में पेश किया गया था और इसे विचारार्थ स्थायी समिति को भेज दिया गया था। इसके बाद सोमवार, 27 जुलाई को इसे चर्चा एवं पारित होने के लिए सदन में लाया गया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस विधेयक को लेकर व्यापक चर्चा की गई, कई देशों के ऐसे कानूनों पर भी विचार किया गया और संसद की स्थायी समिति के सुझावों को भी शामिल किया गया है। मंत्री ने कहा कि प्रदर्शन बेहतर बनाने वाले पूरक आहार पर भी नजर रखी जायेगी। नेशनल फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला पूरक पोषक आहार संबंधी विषय की जांच के लिये लैब बनाएगी। उन्होंने कहा कि विधेयक में प्राधिकार को जांच एवं जब्ती का अधिकार दिया गया है और इस बात का ध्यान रखा जायेगा कि इसका दुरूपयोग नहीं हो।

## सीबीआई ने लालू यादव के करीबी भोला यादव को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। सीबीआई ने पूर्व रेल मंत्री लालू यादव के ओएसडी रहे भोला यादव को एक रेलवे कर्मचारी के साथ जमीन के बदले नौकरी घोटाले मामले में आज गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तारी के बाद दोनों को दिल्ली की विशेष सीबीआई अदालत के सामने पेश किया गया जहां से उनको 2 अगस्त तक पूछताछ के लिए सीबीआई की रिमांड पर भेजा गया है। सीबीआई प्रवक्ता आरसी जोशी के मुताबिक जिन लोगों को आज गिरफ्तार किया गया है उनमें भोला यादव और हृदयानंद चौधरी शामिल है. इनमें भोला यादव, लालू यादव के कार्यकाल के दौरान उनके ओएसडी थे जबकि हृदयानंद चौधरी की रेलवे में एवजी के तौर पर नियुक्ति हुई थी।
जांच के दौरान यह पाया गया कि वर्ष 2005–2009 की अवधि के दौरान पूर्व रेल मंत्री के तत्कालीन ओएसडी, एवजी की नियुक्ति में होने वाली कथित धांधली के षड्यंत्र में लिप्त थे. उन पर यह आरोप है कि पूर्व रेल मंत्री के परिवार के सदस्यों को एवजियों के परिवार के सदस्यों द्वारा भूमि के हस्तांतरण के मामलों का काम भोला यादव कर रहा था।
सीबीआई के मुताबिक इस घोटाले मामले में भोला यादव की भूमिका एक मास्टरमाइंड के तौर पर सामने आई है. वहीं जहां एक तरफ जमीन के बदले नौकरी मामले में जमीन लालू यादव के करीबियों को लिखवा रहे थे वहीं दूसरी तरफ वह रेलवे अधिकारियों पर भी दबाव



बनाते थे कि फला शख्स को नौकरी दी जाए आरोप है कि इस दौरान उन्होंने स्वयं भी अनेक संपत्ति हासिल की।

### गांवों तक पहुंचाई जाएगी 4जी सेवा, बीएसएन एल और का होगा विलय, मोदी मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इस बैठक में बीएसएनएल और बीबीएनएल के विलय को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि अभी तक जिले से ब्लॉक तक का नेटवर्क बीएसएनएल प्रबंधित करता है और ब्लॉक से पंचायत तक का नेटवर्क बीबीएनएल प्रबंधित करता है। दोनों में समन्वय में दिक्कत ना आए और बीएसएनएल के पुनरुद्धार के लिए बीबीएनएल और बीएसएनएल के विलय को मंजूरी दी।
उन्होंने बताया कि हमें विश्वास है कि देश के कोने–कोने में ब्रॉडबैंड सेवा ले जाने में मदद मिलेगी... केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 26,316 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड के माध्यम से देश के सभी अछूते गांवों में 4जी सेवा को ले जाने के लिए परियोजना को मंजूरी




दी। आपको बता दें कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बीएसएनएल के लिए 1.64 लाख करोड़ रुपए के पुनरुद्धार पैकेज को मंजूरी दी है। इससे पहले अश्विनी वैष्णव ने 5जी नीलीमी से जुड़ी जानकारी दी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि पांचवीं पीढ़ी (5जी) के स्पेक्ट्रम की नीलामी के दूसरे दिन 1.49 लाख करोड़ रुपये की बोलियां मिली हैं।
उन्होंने कहा था कि नौवें दौर की बोली जारी है। सरकार को नीलामी के पहले दिन मंगलवार को स्पेक्ट्रम बोली का चौथा दौर पूरा होने के बाद 1.45 लाख करोड़ रुपये की बोलियां मिली थीं।

### 2014 के बाद 22 करोड़ मिले आवेदन, सिर्फ 7 लाख 22 हजार युवाओं को मिली नौकरी, केंद्र सरकार ने संसद में बताया

नई दिल्ली।नौकरियों में कटौती को लेकर विपक्ष के आरोपों के बीच सरकार ने संसद में बताया है कि 2014 के बाद से अब तक 7 लाख 22 हजार 311 पदों पर केंद्र सरकार में नौकरियां दी गई है. कार्मिक मंत्रालय में राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने लिखित जवाब में कहा कि इसी दौरान नौकरियों के लिए 22 करोड़ से ज्यादा आवेदन मिले।
लिखित जवाब के मुताबिक, साल 2014–15 में एक लाख 30 हजार 423 लोगों को नौकरियां मिली. साल 2015–16 में एक लाख 11 हजार 807, 2016–17 में एक लाख एक हजार 333, 2017–18 में 76 हजार 147, 2018–19 में 38 हजार 100, 2019–20 में एक लाख 47 हजार 96, 2020–21 में 78 हजार 555 और 2021–2022 में 38 हजार 850 लोगों को नौकरियां दी गई।
बता दें कि विपक्ष लगातार बेरोजगारी और महंगाई को



लेकर सरकार पर सवाल उठा रहा है. कांग्रेस का कहना है कि बीजेपी हर एक साल दो करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा कर सत्ता में आई. विपक्ष के हमलावर रुख की वजह से संसद में गतिरोध बना हुआ है. सरकार का कहना है कि वह हर एक मसले पर चर्चा के लिए तैयार है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज ट्वीट कर कहा, महंगाई और बेरोजगारी पर सवाल पूछने के अपराध में 'राजा' ने 57 MPs को गिरफ्तार और 23 MPs को निलंबित किया. राजा को लोकतंत्र के मंदिर में सवाल से डर लगता है, पर तानाशाहों से लड़ना हमें बखूबी आता है।

### मोदी कैबिनेट का बड़ा फैसला बीएसएनएल के रिवाइवल के लिए 1.64 लाख करोड़ रुपये के पैकेज को दी मंजूरी

नई दिल्ली। मोदी कैबिनेट ने आज बीएसएनएल के लिए रिवाइवल पैकेज को मंजूरी दी. कैबिनेट की बैठक के बाद दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 1.64 लाख करोड़ का पैकेज घोषित किया गया है. पहला पैकेज 2019 में दिया गया था. उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने बीएसएनएल और भारत ब्रॉडबैंक नेटवर्क लिमिटेड के विलय को मंजूरी दी गई है।
वैष्णव ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए फैसले के बारे में पत्रकारों को बताया कि सरकार बीएसएनएल को 4जी सेवाओं की पेशकश करने के लिए स्पेक्ट्रम आवंटित करेगी।
वैष्णव ने बताया कि दूसरे फैसले के तहत गांवों में कनेक्टिविटी के लिए आज 26316 करोड़ के पैकेज की




कैबिनेट ने मंजूरी दी. जिन गांवों में 2जी है उन्हें 4जी सर्विस मिले उसके लिए मंजूरी दी गई है. इससे 25 हजार गांवों को फायदा मिलेगा. बॉर्डर एरिया के लिए भी आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि बॉर्डर एरिया में पूर्वी लद्दाख भी शामिल होगा जहां 4जी लाया जा सकता है. रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय और कम्युनिकेशन मंत्रालय बताएंगी कि कैसे बॉर्डर एरिया में 4जी नेटवर्क लाया जा सकता है. वैष्णव ने कहा कि पीएम मोदी समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति पर जोर देते हैं।

### फडणवीस पर चौंकाने के बाद अब गुजरात वाले पैटर्न पर महाराष्ट्र में भी होगा पूरे घर को बदल डालूंगा फार्मूला लागू?

महाराष्ट्र ।महाराष्ट्र को नई सरकार बनने के लगभग एक महीने बाद मंत्रिपरिषद के विस्तार को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 30 जून को पद की शपथ लेने के बाद बुधवार को छठी कैबिनेट बैठक की। सरकारी अधिकारियों के अनुसार सीएम ने शाम के कार्यक्रम को मंजूरी दे दी और फिर फडणवीस के साथ दिल्ली के लिए उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। मंत्रिमंडल विस्तार पर फैसला लेने के लिए दोनों के भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से मिलने की संभावना है। भाजपा के सूत्रों ने कहा कि विभागों के बंटवारे को लेकर खींचतान, प्रमुख मंत्रालयों के लिए अंदरूनी कलह और पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से मंजूरी में देरी के कारण प्रक्रिया में देरी हुई।

# संक्षिप्त समाचार

## उद्योग बन्धु की बैठक में डीएम ने उद्योग बन्धुओं की सुनीं समस्यायें और मौके पर ही किया निस्तारण और निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को दिये आदेश

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु की बैठक का कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आयोजन किया गया इस बैठक में उद्योग से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाया गया बैठक में जीएमडीआईसी चन्द्रभान ने बिन्दुवार एजेण्डा पढ़ते हुए उद्योग बन्धुओं की समस्या से जिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों को अवगत कराया उपायुक्त चन्द्रभान ने बताया कि जनपद में अप्रेन्टिस मेले का आयोजन प्रतिमाह किया जा रहा है जिसमें जनपद के उद्योग बन्धुओं द्वारा रूचि लेकर जनपद के युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के साधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं इस अवसर पर उद्योग प्रतिनिधियों ने अपनी–अपनी समस्यों को भी जिलाधिकारी को अवगत कराया, उन्होंने कहा कि जगह–जगह जलभराव है जिससे उद्योगों में तमाम तरह की समस्यायें उत्पन्न हो रहीं हैं उद्योग बन्धु में खराब सड़कों की भी चर्चा हुई साथ ही अवैध पार्किंग की वजह से उत्पन्न समस्याओं की भी चर्चा की गई आये उद्योग प्रतिनिधियों ने औद्योगिक क्षेत्र के अन्दर कोई सुलभ शौचालय न होने की भी बात कही। रनियां औद्योगिक क्षेत्र में फायर स्टेशन की भी बात उठी। जैसा कि विदित है लघु एवं ग्रामीण औद्योगिक इकाईयों की व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान उनके अन्तर्विभागीय मामलों के निस्तारण एवं उनके कुशल संचालन हेतु विभिन्न सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु राज्य स्तर पर 1988 में उद्योग बन्धु का गठन किया गया। उद्योग बन्धु द्वारा उद्योग इकाईयों को विभिन्न सुविधायें दिये जाने एवं उनकी विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु उनके प्रार्थना पत्रों पर विचार करना एवं यथासम्भव बैठक में भी उनका निराकरण करना इसके साथ ही विभिन्न मामले जो कि मण्डलीय एवं राज्य स्तर पर स्वीकृत होते हैं का पर्याप्त अनुश्रवण करना। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गरिमा सिंह साथ ही अन्य अधिकारी एवं औद्योगिक बन्धु अधिकारी भी मौजूद रहे।



## भाजपा सरकार बनने के बाद पूरे भारत में विद्युत व्यवस्था बेहतर हुई

संवादाता दीपू राजपूत रसूलाबाद कानपुर देहात। भाजपा सरकार बनने के बाद पूरे भारत में विद्युत व्यवस्था बेहतर हुई। पहले की सरकारों में जगह–जगह बिजली का सप्ताह निश्चित होता था। 1 सप्ताह बिजली आती थी तो दूसरे सप्ताह बिजली गायब रहती थी। लेकिन भाजपा ने घर घर बिजली देकर लोगों के घरों को रोशन करने का कार्य किया है। यह बात रसूलाबाद विधायक पूनम संखवार ने उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कही। बुधवार को रसूलाबाद निश्चित स्नेहलता गुप्ता मेमोरियल डिग्री कॉलेज में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा देश भर में उज्जवल भारत, उज्जवल भविष्य पावर 2047 महोत्सव आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रुप में पहुँचीं क्षेत्रीय विधायक पूनम संखवार, विशिष्ट अतिथि के रुप में पहुंचे कॉपरेटिव बैंक उत्तर प्रदेश के निदेशक राजेंद्र सिंह राजू का स्वागत विद्युत विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक एनटीपीसी अमितोष वर्मा ने बुके भेंट कर किया। वहीं अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक पूनम संखवार ने कहा कि भारत दुनिया में अक्षय ऊर्जा क्षमता तेज गति से स्थापित कर रहा है। इसे दुनिया के सबसे बड़े विद्युतीकरण अभियान के रूप में पहचाना गया। साथ ही उन्होंने विधुत अधिकारियों से कहा कि मनमाने बिजली बिल जनता से न वसूला जाए। जिसका बिल अधिक हो तो उसको संशोधन किया जाए। साथ ही विद्युत आपूर्ति की समय सीमा भी निर्धारित की जाए ताकि किसान सहित सभी लोग समय अपने कार्यों को संपादित कर सकें। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व कॉपरेटिव बैंक के निदेशक राजेंद्र सिंह राजू ने कहा कि भाजपा सरकार में ही रसूलाबाद में विद्युत सबस्टेशन 2002 में बना। भाजपा ने घर–घर में बिजली देने का कार्य किया।भाजपा के कार्यकाल में किसान खुशहाल हुआ। अब खेती के लिए अलग से लाइनें बिछाने का कार्य भाजपा सरकार कर रही है। इस मौके पर प्रमुख उप जिलाधिकारी जितेंद्र कटियार,जिला नोडल अधिकारी एस के सिंह, एके वर्मा, एक्सईएन संतोष कुमार, एसडीओ गौरव द्विवेदी,सदस्य जिला पंचायत जनार्दन सिंह ऋषि, पूर्व चेयरमैन लता तिवारी, जिला मंत्री जितेंद्र त्रिपाठी जीतू, शिवपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह, पंकज दुबे,राम महेश वर्मा, उदय प्रताप सिंह,उद्योगपति हाजी फैजान खान, पूर्व प्रधान बाबूलाल चौहान, पिंकी श्रीवास्तव, गौरव सिंह, सर्वेश राजपूत, प्रधान संजीव पाल,सुशील तिवारी, संतोष बाजपेई, सौरभ सिंह, राजीव शुक्ला, सूर्य प्रताप सिंह, सूर्यभान सिंह, धर्मेंद्र पाल,योगेंद्र सिंह,राघव बाजपेई, सचिन गुप्ता, पुनीत सिंह गौर, नीरज तिवारी, राशिद खान,कल्लू यादव, शिवम तिवारी आदि लोग रहे। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही समय से विद्युत का बिल जमा करने वाले व एकमुश्त समाधान योजना की जानकारी देकर जागरूक करने वाले उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया।



## एमएलसी विधायक ने रसूलाबाद क्षेत्र में पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

रसूलाबाद कानपुर देहात। एमएलसी विधायक ने रसूलाबाद क्षेत्र में पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और स्नातक वोट बढ़ाने को लेकर चर्चा की। बुधवार को रसूलाबाद कस्बे में स्थित चंद्रप्रभा शर्मा डिग्री कॉलेज में में पहुंचे। जहां शिक्षकों ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। स्नातक विधायक अरुण पाठक ने कार्यकर्ताओं से संवाद किया और आने वाले स्नातक विधायक चुनाव को लेकर चर्चा की। विधायक अरुण पाठक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्नातक विधायक का चुनाव निकट है। इसको लेकर कार्यकर्ता पूरी तन्मयता से जुट जाएं और अधिक से अधिक स्नातक मतदाता बढ़ाएं। इस मौके पर सदस्य जिला पंचायत जनार्दन सिंह ऋषि, जिला महामंत्री बबलू शुक्ला, जिला मंत्री जितेंद्र त्रिपाठी जीतू, शिवपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह, पंकज दुबे,राम महेश वर्मा, उदय प्रताप सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, आलोक अवस्थी, शोभित दीक्षित,प्रखर पांडेय, सुशील तिवारी, डीपी शुक्ला, दुर्गेश त्रिपाठी,अजय पाल यादव, सूर्यभान सिंह, धर्मेंद्र पाल, जयपाल सिंह सेंगर, जेसी वर्मा, लाखन पाल, बंगाली शुक्ला, ब्रजेंद्र सविता, मुकेश दुबे, योगेंद्र सिंह,राघव बाजपेई, सचिन गुप्ता आदि रहे ।

## कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान



दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांद कानपुर। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल में विमल गोस्वामी जी को जिला मिलन केंद्र सह प्रमुख बनाए जाने पर प्रखंड शारदा नगर के श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा हुआ सम्मान जिला संयोजक नरेश सिंह तोमर, पनकी नगर संयोजक सौरभ राजपूत, खंड शारदा नगर संयोजक सज्जन कुशवाहा, नगर मंत्री सतीश साहू ,नगर सह संयोजक राज वर्मा, काकादेव रामनवमी समिति अध्यक्ष बऊवा केसरवानी ,अजीत सिंह, सुमित शर्मा, राजकुमार सैनी, राजेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## दबौली में खंभे मे करंट उतरने से गाय की मौत



दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांद कानपुर। जन जागृति मंच के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता विनोद मिश्र एवं रतनलाल नगर दबौली गुजैनी व्यापार मंडल के महामंत्री गुंजन शर्मा ने बताया कि आज प्रातः 9:00 बजे भवन संख्या 70 ई/1 के सामने स्थित उबड़ खाबड़ पार्क के कोने में लगे बिजली के खंबे में करंट उतर आने से गाय की दुखद मौत हो गई वह तो सौभाग्य था की खंबे से चिपक कर कोई जनहानि नहीं हो पाई क्षेत्र वासियों ने कोई अन्य नागरिक अथवा जानवर ना चिपक जाए इस हेतु घंटों खड़े होकर लोगों को करंट से दूर रहने हेतु जागरूक करते रहे इसकी सूचना मिलते ही तत्काल पहले दबौली केस्को सब स्टेशन को घटना की जानकारी दी 1 घंटे तक कोई भी केस्को कर्मचारी झांकने नहीं आया दोबारा कहने पर लाइन काटी गई इस घटना की सूचना नगर निगम के सेनेटरी इंस्पेक्टर श्री आरके विश्वकर्मा एवं सफाई नायक श्री प्रेम को दी गई कुछ देर बाद नगर निगम की टीम द्वारा गौ माता के पार्थिव शरीर को उठा लिया गया इस संदर्भ में विनोद मिश्र एवं गुंजन शर्मा ने बताया कि पेड़ों की छटाई ना होने के कारण करंट पेड़ों में भी आ सकता है नगर निगम के उद्यान विभाग को एवं केस्को को जांच कराकर तत्काल ऐसे पेड़ों की डालियों को छटवा देना चाहिए।

## जिलास्तरीय युवा उत्सव में ज्यादा से ज्यादा युवा करें प्रतिभाग : मुख्य विकास अधिकारी

- इच्छुक प्रतिभागी दिनांक 31.07.2022 सायं 05:00 बजे तक कार्यालय कक्ष संख्या 308, विकास भवन, माती, कानपुर देहात में कर सकते है आवेदन

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा जनवरी, 2023 में आयोजित किये जाने वाले राष्ट्रीय युवा उत्सव में सम्मिलित लोकनृत्य, लोकगीत, एकांकी तथा एक्सटेम्पोर (इलोकेशन) के अतिरिक्त कर्नाटक वोकल, सितार, बांसुरी, तबला, वीणा, मृदंगम, हारमोनियमलाईट, गिटारवादन, मणिपुरी, आडिसी, कत्थक, भरतनाट्यम वकुचिपुड़ी नृत्य आदि विधाओं में जनपद की टीम का चयन किये जाने हेतु जिलास्तरीय युवा उत्सव का आयोजन दिनांक 02.08.2022 को प्रस्तावित है। इसमें 15 से 29 वर्ष की आयु के प्रतिभागी भाग ले सकते है। संगतकर्ताओं के लिए आयु सीमा निर्धारित नहीं है। उपरोक्त जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने विकास भवन कार्यालय में बैठक में बताया कि बहुत ही हर्ष का विषय है कि जनपद कानपुर देहात में मीडिया बन्धुओं से अनुरोध किया है कि इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करे, जिससे कि जनपद के ज्यादा से ज्यादा इसमें प्रतिभाग कर सके। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर चयनित प्रतिभागी मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में मण्डल स्तर पर चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में व राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय युवा उत्सव में शासकीय व्यय पर प्रतिभाग करेंगे। इच्छुक प्रतिभागी दिनांक 31.07.2022 सायं 05:00 बजे तक कार्यालय कक्ष संख्या 308, विकास भवन, माती, कानपुर देहात में आवेदन कर अथवा http://prd-data&center-co-in#Home पर लॉगिन कर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी जितेन्द्र कुमार, व्यायाम प्रशिक्षक/नोडल अधिकारी से मो0नं0 8630639128 पर प्राप्त की जा सकती है।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कानपुर देहात के स्पोर्ट्स स्टेडियम में बैडमिन्टन प्रशिक्षक के चयन हेतु साक्षात्कार किया गया

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय की अध्यक्षता में विकास भवन कार्यालय में जनपद कानपुर देहात के स्पोर्ट्स स्टेडियम में बैडमिन्टन प्रशिक्षक के चयन हेतु साक्षात्कार किया गया जिसमे कानपुर नगर के जिला क्रीडा अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया। साक्षात्कार में आये बच्चों ने मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष अपनी क्षमता को दर्शाया साथ ही मुख्य विकास धिकारी द्वारा बच्चों से जानकारी भी प्राप्त की गयी कि उनके द्वारा किस तरह बैडमिन्टन सीखा गया एवं किस तरह बच्चों को बैडमिन्टन के गुण सिखाये जायेगे। जिला क्रीडा अधिकारी द्वारा बताया गया कि बैडमिन्टन प्रशिक्षक का चयन मेरिट लिस्ट के अनुसार किया जाएगा।

## छात्रवृत्ति आवेदन से वितरण हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु समय-सारिणी निर्गत

कानपुर नगर। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी डा0 प्रियंका अवस्थी ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति कक्षा 9–10 कक्षाओं से सम्बन्धित पाठयक्रमों का मास्टर डाटाबेस तैयार करने, सत्यापन, लॉक करने एवं छात्रों को छात्रवृत्ति आवेदन से वितरण हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु समय–सारिणी निर्गत की गयी थी, जिसमें छात्र/छात्राओं द्वारा प्रथम चरण के अन्तर्गत दिनांक 18 मई, 2022 से 01 जुलाई, 2022 तक तथा द्वितीय चरण के अन्तर्गत दिनांक 02 जुलाई, 2022 से 07 अक्टूबर, 2022 तक छात्रवृत्ति वेबसाइट http://scholarship.up.gov.in/ पर दिये गये प्राविधानों के तहत आनलाईन आवेदन किये जा सकते हैं। उन्होंने बताया है कि शासन की मंशा के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2020–21 से लाभार्थी पात्र छात्र/छात्राओं के आधार नम्बर के आनलाईन सत्यापन (आधार ऑथेन्टिकेशन) किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इस व्यवस्था के अन्तर्गत छात्र का आधार नम्बर, छात्र का नाम, पिता/पति का नाम, लिंग व जन्म तिथि का मिलान भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) से आनलाईन मिलान होने के पश्चात ही छात्र का आवेदन पत्र छात्र–स्तर से अग्रसारित होगा। अधार कार्ड में उक्त विवरणों में कतिपय डाटा गलत हो सकतें हैं, जिनके शुद्धिकरण कराये जाने की आवश्यकता छात्रों को होगी। अतः इस सम्बन्ध में समस्त छात्र/छात्राओं, उनके माता–पिता व शिक्षण संस्थानों को सूचित किया जाता है यदि उनके आधार कार्ड में कोई गलत डाटा है तो उसको सम्बन्धित आधार कार्ड कार्यालय से ससमय शुद्ध करा लें। उक्त योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 से लाभार्थी पात्र छात्र/छात्राओं का आवेदन पत्र में अंकित बैंक खाता विवरण आधार लिंक्ड होना अनिवार्य है। अतः यह आवश्यक है कि उक्त योजनान्तर्गत आवेदन करने वाले छात्र/छात्राएं अपने बैंक खाते को आधार से लिंक्ड करा लें। जिन छात्र/छात्राओं द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 में भारत सरकार द्वारा संचालित छात्रवृत्ति हेतु आवेदन किया था एवं छात्रवृत्ति से लाभान्वित भी हुए हैं, वह भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत ही नवीनीकरण हेतु पात्र होंगें। उक्त समय–सारिणी विभागीय वेबसाइट http://minorityvelfare.up.gov.in/ एवं छात्रवृत्ति वेबसाइट http://scholarship.up.gov.in/ पर भी उपलब्ध है।

## श्री भग्गूलाल बाल्मीकि ने आज जनपद भ्रमण के दौरान सर्किट हाउस के सभागार में सफाई कर्मी यूनियन/संगठन के पदाधिकारियों व सफाई कर्मियों के साथ बैठक




राम कृपाल सिंह ने. ब्यूरोचीफ कानपुर नगर। मा0 सदस्य राज्य स्तरीय निगरानी समिति उ0प्र0 शासन, कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ, समाज कल्याण विभाग लखनऊ श्री भग्गूलाल बाल्मीकि ने आज जनपद भ्रमण के दौरान सर्किट हाउस के सभागार में सफाई कर्मी यूनियन/संगठन के पदाधिकारियों व सफाई कर्मियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना गया व उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि हमारी आज की बैठक का मुख्य उद्देश्य सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को सुनना व उनका निराकरण कराना तथा सफाई कर्मचारियों को जागरूक करना है। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से कहा कि अपनी सोच बदलें व अपना कार्य बदलें, जो कार्य आप कर रहे हैं उस कार्य को आपके बच्चे ना करें, इसके लिए अपने बच्चों को शिक्षित करें, यदि बच्चे शिक्षित होंगे तो वह सफाई का कार्य नही करेंगे। उन्होंने कहा कि आउटसोर्स से कार्यरत सफाई कर्मियों को 26 दिन का वेतन मिलता है, इसलिए उनसे 30 दिन का कार्य ना लिया जाए। इसके साथ ही संविदा पर या स्थायी रुप से कार्यरत सफाई कर्मचारियों को रोस्टर तैयार कर उनको सप्ताह में एक दिन साप्ताहिक अवकाश की सुविधा प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि समस्त कर्मचारियों को ए0सी0पी0 का लाभ व सेवानिवृत्ति होने पर उनके देयको व पेंशन का लाभ समय से सुनिश्चित कराया जाए, यदि कोई प्रकरण लंबित है तो शीघ्र ही उसका निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में किसी हाउसहोल्ड द्वारा किसी प्राइवेट व्यक्ति से सैप्टिक टैंक की सफाई नहीं कराई जाएगी, इसका अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये, सैप्टिक टैंक की सफाई सेक्शन मशीन द्वारा ही कराई जाएगी, यदि कोई व्यक्ति सैप्टिक टैंक की सफाई किसी प्राइवेट व्यक्ति से कराता हुआ पाया जाता है तो उसके विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए।

## मंत्री आशीष पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज की प्रशासकीय परिषद की बैठक

- राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज में की जाने वाली भर्ती में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी आरक्षण नीति का पूरी तरह पालन किया जाए
- निर्माण कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए
- राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज में 08 लेबोरेट्री के निर्माण की स्वीकृति
- पं. दीन दयाल उपाध्याय तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार योजना के अंतर्गत आवासों निर्माण में राजकीय निर्माण निगम लि द्वारा लापरवाही बरतने पर कार्यवाही करने के निर्देश
- राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज में आई0ई0ई0ई0 स्टूडेंट्स चौप्टर खोले जाने पर आने वाले वित्तीय भार की स्वीकृति



लखनऊ। प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप मंत्री आशीष पटेल की अध्यक्षता में आज विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज की प्रशासकीय परिषद की बैठक आहूत की गई। मंत्री जी ने निर्माण कार्यों को लेकर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने इसके साथ ही राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज में की जाने वाली भर्ती में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी आरक्षण नीति का पूरी तरह पालन किया जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। मंत्री जी ने निर्देशित किया कि राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज की प्रशासकीय परिषद की बैठक प्रत्येक तीन माह में की जाए। प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज में निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता पर जोर दिया। मंत्री जी द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज में 08 लेबोरेट्री के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

मंत्री जी ने निर्देश दिए कि लेबोरेट्री निर्माण कराने के लिए अलग–अलग संस्थाओं से आगणन प्राप्त कर निर्णय लिया जाए। प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने पं. दीन दयाल उपाध्याय तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत धनराशि पर आवासों निर्माण हेतु राजकीय निर्माण निगम लि द्वारा लापरवाही बरतने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज में आई0ई0ई0ई0 स्टूडेंट्स चौप्टर खोले जाने पर आने वाले वित्तीय भार की स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंत्री जी द्वारा प्रशासकीय परिषद की तृतीय बैठक के कार्यवृत्त में लिए गए निर्णयों पर की गयी कार्यवाहियों की जानकारी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज के निदेशक एवं प्रशासकीय परिषद के सदस्य सचिव से ली। बैठक में प्रमुख सचिव श्री सुभाष चन्द्र शर्मा, विशेष सचिव श्री अन्नावि दिनेशकुमार सहित प्रशासकीय परिषद के सदस्यगण उपस्थित रहें।

## व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण त्वरित होगा : डीएम

- जी0एस0टी0 पंजीयन जागरूकता अभियान से ज्यादा से ज्यादा व्यापारी जुड़ें

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में व्यापार मण्डल की बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक से पूर्व वाणिज्यकर अधिकारी ने जी0एस0टी0 पंजीयन जागरूकता अभियान के बारे में व्यापारियों को अधिक से अधिक जागरूक बनने के लिए कहा कि जी0एस0टी0 पंजीयन से अधिक लाभ हैं जिसमें जी0एस0टी0 पंजीयन व्यापारिक उन्नति की संभावनाओं का प्रथम सोपान, जी0एस0टी0 कर प्रणाली में समस्त कार्य घर बैठे ऑनलाइन किया जा सकता है जी0एस0टी0 से सम्बन्धित किसी भी कार्य हेतु सरकारी कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी, देश के किसी भी राज्य से खरीदे गए माल पर आई0टी0सी0 की निर्बाध सुविधा होगी, उ0प्र0 राज्य में पंजीकृत व्यापारियों के लिए रू0 10 लाख की बिना प्रीमियम व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना मिलेगी, 1.5 करोड़ वार्षिक कारोबार सीमा तक के छोटे एवं मझोले व्यापारियों के लिए समाधान योजना, सरकारी विभागों को जी0ई0एम0 पोर्टल के माध्यम से माल आपूर्ति की सुविधा, जी0एस0टी0 पंजीयन के लिए पैन न0, मोबाइल न0, ई–मेल का पता, आधार, व्यापार स्थल के पते का प्रमाण, बैंक खाते के प्रमाण इत्यादि की आवश्यकता होगी। व्यापार मण्डल के सदस्यों ने इस बैठक में व्यापार में आ रहीं अनेक परेशानियों का जिक्र किया जिसमें इन्होंने अवैध पार्किंग की समस्या, आवागमन की समस्या, बिजली की समस्या, कूड़ा निस्तारण की समस्या इत्यादि व्यापारिक अवरोधों को उठाया, जिलाधिकारी ने शीघ्र ही इन समस्याओं से व्यापारियों को निजात दिलाने की बात कही, साथ ही इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने व्यापारियों का हर घर तिरंगा अभियान में अपनी सहभागिता और सक्रियता से जुड़ने की अपील भी की ताकि इस महत्वपूर्ण अभियान को जनपद में सफल बनाया जा सके। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गरिमा सिंह, वाणिज्य कर अधिकारी सहित व्यापारिक मण्डल के सदस्यों सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

## हादसे को दावत दे रहा पुलिया के पास बड़ा गड्ढा

लखीमपुर,खीरी। मितौली क्षेत्र के ओदारा से ऑलपुर मुख्य मार्ग पर पुलिया के निकट सड़क पर बड़ा गड्ढा हो गया है, जिससे कभी भी कोई भी दुर्घटना घटित हो सकती है। इसी मार्ग से कई गांवों के नन्हे–मुन्ने बच्चों का विद्यालय पढ़ने के लिए आना जाना होता हैं। कभी भी इस गड्ढे की वजह से दुर्घटना हो सकती है। इसी मार्ग से भारी वाहन भी गुजरते रहते हैं जिनको निकलने में काफी दिक्कत होती है। विद्यालय प्रबंधक प्रदीप मिश्रा ने बताया कि इस गड्ढे की वजह से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। जिम्मेदार जान कर भी अनजान बने हुए है। इधर ग्रामीणों ने जल्द से जल्द इस गड्ढे की मरम्मत कर करवाये जाने की मांग की है।



## अनोखे ढंग से प्रदर्शन कर महंगाई को लेकर सरकार को घेरते हुए सपाइयों ने सौंपा ज्ञापन

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। समाजवादी पार्टी पूर्व ब्लॉक नवाब सिंह यादव की अगुआई में महंगाई के खिलाफ कलक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन करके राष्ट्रपति से संबन्धी ज्ञापन अतिरिक्त उपजिलाधिकारी को सौपा इस मौके पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने बोलोरो गाड़ी को रस्सी से खीचते हुए केंद्र सरकार पर महंगाई फोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा आज से पहले 2014 में जो सिलेंडर 410 रुपये में मिलता था वो अब 1080 रुपये का मिल रहा है पेट्रोल डीजल के दाम आसमान छू रहे है युवा बेरोजगार घूम रहा है रही बची कसर खाने के सामान दूध दही आटा चावल पर हेज लगाकर जले पर नमक छिड़कने का काम किया इससे गरीब और निम्नवर्गीय लोगो के खाने के लाले हो गए है इसलिये महामहिम जी से अनुरोध है कि गरीबो और निम्नवर्गीय लोगो का ध्यान रखते हुये लगी हुई हेज को तुरन्त वापस लिया जाए जिससे आम गरीबो को राहत पहुँच सके इस मौके पर इंद्रेश यादव प्रमोद राकेश कुमार भूरा यादव रामचन्द्र कश्यप रानू सक्सेना गौतम कुशवाहा अतुल मौर्य सुरजीत यादव प्रवीण दुबे संजीव मिश्रा शशिकांत कटियार मुद्दीस्सर इंतजार अहमद कल्लू शर्मा रंजीत दिवाकर विनोद यादव विनय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



## अन्नदाता के हाथ खाली फसल में नहीं आए दाने

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। अन्नदाता खेतों में दिन रात मेहनत मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए खेती करता है। खेतों में फसल वोकर फसल की कटाई तक का इंतजार कर हजारों रुपए की लागत लगाकर उसकी परवरिश करता है। जब फसल तैयार होती है तो अन्नदाता बड़ा ही खुश दिखाई देता है। जनपद कन्नौज के नादेमउ चौकी क्षेत्र के मलिकपुर गांव मे किसान महेंद्र सिंह ने अपने करीब 7 बीघा खेत मे मक्का की फसल 10 मई को वोई थी। गांव की ही बीज भंडार दुकान से डीकाऊव 9144 बीज लाकर खेतों में बीज बोया था। धीरे–धीरे फसल बढ़कर तैयार हो गई। गांव के ही रामपाल ने मेहनत मजदूरी कर फसल की परवरिश की। कल दोपहर जाकर देखा तो मक्का की फसल में दाने नहीं थे। चारों ओर खेत में जाकर देखा तो किसी भी मक्का के दाने ना दिखाई देने पर किसान उदास हो गया वहीं इतने जानकारी गांव के ही खाद बीज भंडार के दुकानदार को दी। वहीं कंपनी के आशुतोष कुमार ने आकर फसल का मुआयना किया। अधिक तापमान होने की बात कहकर चले गए। अन्नदाता हजारों रुपए की लागत लगाकर फसल को तैयार करता है। उत्तम किसके बीच ना होने पर किसान की फसल हजारों रुपए की लागत लगाने के बाद जीरो दिखाई देती है। वही किसान ने फसल को देखकर मुआवजे की मांग उठाई है।



## ग्राम प्रधान की अनदेखी के चलते ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है जलभराव की समस्या से निजात

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। बरसात में जल भराव बड़ी समस्या है। जिससे जलालाबाद के ग्रामीणो को इस समस्या से निजात नही मिल पा रहा है।उन्हें प्रत्येक बरसात में जल भराव का सामना करना पड़ता है जिससे लोगो मे काफी निराशा है। जलालाबाद में कई जगह ऐसी है जहाँ पर बरसात का पानी भर जाता है और लोगो का निकलना दुश्वार हो जाता है।मामला जलालाबाद में जीटी रोड के किनारे लगी दुकानों के पास का है जहाँ पर प्रत्येक बरसात में जीटी रोड के किनारे भारी मात्रा में पानी भर जाता है फिर ग्राहकों को दुकानों तक पहुँचने के लिए काफी मसक्कत करनी पड़ती है। कुछ लोग तो उसी में फिसलकर गिर जाता है। आपको बता दे कि रोड के पास में एक तालाब स्थित है तालाव के पास से होकर एक बड़ा नाला गुजरता है। जिसमे इस समय बहुत अधिक मात्रा में प्लास्टिक व गंदगी भरी हुई है जो नाला को पूरी तरह बंद किये हुए है। वहाँ के निवासी अर्पित मिश्रा से जब बात की तो उन्होंने बताया कि हर बरसात में इसका यही हाल हो जाता है और इसकी सुनवाई करने वाला कोई नही है।उन्होंने बताया कि हमने ग्राम प्रधान को कई बार अवगत कराया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया।



## लेखपालों को आजीवन सदस्यता लेने हेतु किया गया जागरूक

- आशाओं को स्वच्छता अभियान के अंतर्गत वितरित किये गए साबुन

लखीमपुर,खीरी। राज्यपाल के निर्देशानुसार इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी/अध्यक्ष रेडक्रॉस खीरी व मुख्य चिकित्साधिकारी/उपाध्यक्ष रेडक्रॉस खीरी द्वारा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों से रेड क्रॉस की सदस्यता लेने हेतु अनुरोध भी किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आज रेड क्रॉस खीरी द्वारा तहसील गोला में एसडीएम गोला की अध्यक्षता व चेयरमैन रेडक्रास डॉ. रविन्द्र शर्मा, वाइस चेयरमैन डॉ. रविन्द्र नाथ के निर्देशन में एक बैठक की गई। बैठक में उपस्थित सभी लेखपालों को रेडक्रॉस खीरी टीम द्वारा रेडक्रॉस के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

अनुराग सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोला व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला के चिकित्सकों को भी रेड क्रॉस सदस्यता दिलवाई एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आशाओं को रेडक्रॉस द्वारा साबुन वितरण कर उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में डॉ. रविंद्र नाथ सदस्य प्रबंध समिति रेडक्रॉस उत्तर प्रदेश लखनऊ, डॉ. गणेश अधीक्षक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोला, आरती श्रीवास्तव सचिव रेडक्रॉस खीरी, डॉ. विजय यादव आजीवन सदस्य रेडक्रॉस, बबिता सक्सेना आजीवन सदस्य रेडक्रॉस, हर्यंक सिंह, अमरनाथ शुक्ला आदि उपस्थित रहे।



## नई मूल्यांकन सूची में बढ़ोत्तरी को बताया गलत, दिया ज्ञापन

लखीमपुर,खीरी। नई मूल्यांकन सूची में की जारी बढ़ोत्तरी के खिलाफ समाजसेवी व अधिवक्ता अमित महाजन ने सहायक आयुक्त स्टाम्प लखीमपुर खीरी को संबोधित एक ज्ञापन उपनिबंधक को दिया है। दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि एक अगस्त 2022 से नई मूल्यांकन सूची में लगभग 25 से 30 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी प्रभावी किया जाना प्रस्तावित है। ऐसे में अवगत कराना है पलिया जो कि कृषि प्रधान क्षेत्र है और अधिकांश लोगों की आजीविका कृषिक मौसमी फसलों की उपज व उनसे प्रापत भुगतान पर निर्भर रहती है। क्षेत्र में ज्यादा गन्ने की फसल होती है और यहां कई वर्षो से बजाज चीनी मिल द्वारा गन्ने की फसल का भुगतान भी नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण पलिया क्षेत्र के किसान, व्यापारी, उद्यमी व अन्य लोगों का काम धंधा बंद है। पलिया क्षेत्र चारों तरफ नदियों व नालों से घिरा हुआ है ऐसे में यहां बाढ़ से भी दिक्कतें आती हैं। ऐसी आर्थिक असंतुलन व प्राकृतिक विषमता से भरे तहसील पलिया में 25 से 30 प्रतिशत की दरों की वृद्धि किया जाना जनहित में उचित नहीं होगा। नई मूल्यांकन सूची की दरों में आंशिक वृद्धि 10 से 15 प्रतिशत किए जाने की मांग की गई है।



## सरकारी विद्यालय के बच्चों को किताबों का इंतजार, अप्रैल से शुरू हुए सत्र की अभी तक बच्चों को नहीं मिली किताबें

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जलालाबाद। स्कूलों में अप्रैल महीने से सत्र शुरू हो चुका है और चार महीने बीतने को हैं लेकिन अभी तक बच्चे बिना किताबों के ही पढ़ने को मजबूर हैं। मंगलवार को राष्ट्रीय सहारा टीम ने प्राथमिक विद्यालय जलालाबाद, सियरमऊ, अनौगी ,ललईपुरवा, सफीपुर जप्ती, मैं पहुंचकर हकीकत जानी तो पता चला अभी तक बच्चों को नई किताबें ही नहीं उपलब्ध हुई हैं आपको बता दें कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत परिषदीय स्कूलों में बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें, ड्रेस, जूते–मोजे और बैग बांटे जाते हैं। स्कूल खुलते ही बच्चों को सबसे ज्यादा नई किताबें, बैग और ड्रेस का इंजतार होता है। यही लालच उन्हें स्कूल जाने और पढ़ाई करने के लिए उत्साहित भी करता है। लेकिन सरकारी स्कूल के नौनिहालों का इंतजार खत्म ही नहीं हो रहा। स्कूलों में अप्रैल महीने से सत्र शुरू हो चुका है और चार महीने बीतने को हैं लेकिन अभी तक बच्चे बिना किताबों के ही पढ़ने को मजबूर हैं। बता दें कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत परिषदीय स्कूलों में बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें, ड्रेस, जूते–मोजे और बैग बांटे जाते हैं। लेकिन हर साल अधिकारियों की लापरवाही और लेट–लतीफी के कारण महीनों बाद तक किताबें और बैग स्कूलों में नहीं पहुंच पाते हैं। प्रदेश सरकार के मुताबिक किताबें जुलाई माह में स्कूलों तक पहुंच जानी चाहिए लेकिन पूरा माह बीतने के बाद भी अधिकारी ऐसा करने में नाकामयाब रहे। इसकी वजह से बच्चे बिना किसी वर्क बुक और किताबों के पढ़ने को मजबूर हैं। विकासखंड जलालाबाद के एक सरकारी शिक्षक ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि सबसे ज्यादा परेशानी कक्षा एक और दो के बच्चों को पढ़ाने में होती हैं क्योंकि उन्हें वर्कबुक और किताबों के जरिए ही ज्यादा से ज्यादा पढ़ाना होता है लेकिन अब बिना किताबों के ऐसा करना थोड़ा मुश्किल हो रहा है।

बेसिक शिक्षा परिषद ने अप्रैल में स्कूल खुलने से पहले ये आदेश जारी किया था कि पुरानी किताबों को जमा कराकर उनसे बच्चों को पढ़ाया जाए लेकिन ज्यादातर छोटी कक्षाओं में किताबें फट चुकी हैं या फिर खो गई हैं ऐसे में सभी बच्चों को किताबें दे पाना मुमकिन नहीं है। शिक्षक संघ इस बारे में लगातार पत्र लिखकर स्कूलों में किताबें पहुंचाने की मांग कर रहा है। स्कूलों में इस समय अधिकारियों का औचक निरीक्षण चल रहा है इसके लिए अधिकारियों की पूरी टीम बनाई गई है जो स्कूलों में जाकर निरीक्षण कर रही है लेकिन इसके बावजूद किसी का भी ध्यान किताबों की तरफ नहीं है न ही वो इसके बारे में कोई पूछताछ करते हैं। अब देखना है कि स्कूल और बच्चों का ये इंतजार कब खत्म होगा और वो किताबों के साथ स्कूल आएंगे।

## नीमगांव क्षेत्र में चोरों के आंतक से ग्रामीण परेशान

- बेख़ौफ़ चोरों ने देशी शराब की दुकान सहित तीन दुकानों में सेंध लगाकर उड़ाया लाखों का माल

बेहजम,खीरी। थाना नीमगांव क्षेत्र में ताबड़तोड़ हो रही चोरियों से आमजनमानस में चोरों का खौफ बढ़ता जा रहा है। बेख़ौफ़ चोर आये दिन एक नई चोरी की घटना को अंजाम देकर लोगों को लाखों का चूना लगा रहे है। वहीं स्थानीय पुलिस इन चोरों के आगे बेबस नजर आ रही है। चोरी की घटना के क्रम को आगे बढ़ाते हुए मंगलवार की रात चोरों ने पीयूष कुमार की देशी शराब की दुकान में सेंध लगाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। बीती रात चोर तीन दुकानों और एक घर को निशाना बनाकर हजारों की नकदी समेत जेवर समेत देशी शराब की पेटी पार कर ले गए। यही नहीं बेख़ौफ़ चोरों ने एक घर से उठा कर ले गए बक्से में रखे सामान को समेटकर गांव के बाहर खेतों में फेंक दिया। जिसकी बुधवार को सुबह जानकारी होने पर गृहस्वामी के पैरों तले जमीन खिसक गई। नीमगांव पुलिस ने बताया कि अभी तक चोरी की तहरीर नहीं मिली है। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच–पड़ताल शुरू कर दी है। ये चोरी की घटनाएं नीमगांव और मितौली थाना क्षेत्र की सीमा पर हुई हैं, तभी दोनों थाना क्षेत्र पुलिस गेंद एक पाले से दूसरे के पाले में फेंकते हुए अपना–अपना बचाव कर रहे हैं।



## जलभराव व कीचड़युक्त मार्ग से गुजरने को विवश हैं लोग



- कई बार अधिकारियों के सामने अपना दुःखड़ा रो चुके हैं लोग, फिर भी नहीं हो रही सुनवाई

लखीमपुर,खीरी। विकास खंड मोहम्मदी क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहादुरनगर में मोहम्मदी संपर्क मार्ग से शिवनगरा मार्ग के रास्ते के बीच में गांव के उत्तर मुख्य मार्ग पर नाली का निर्माण न होने और रास्ते में अतिक्रमण की वजह से मुख्य मार्ग पर जलभराव व दलदल से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस सम्बन्ध में कई वर्षों से महीने–दो महीने में नाली निर्माण व अतिक्रमण हटवाने की बात अधिकारियों द्वारा की जा रही है, लेकिन अभी तक अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। जिससे उत्तर प्रदेश के मुखिया के दिशा निर्देशों पर पानी फिरता हुआ नजर आ रहा है, अगर पंचायत की स्थिति को देखा जाए तो पंचायत में पंचायत भवन कई महीनों से बन रहा है, अभी तक नहीं पूरा हो पाया।

पंचायत की कई पुलिया सड़क और खराब है। एक और शीर्ष अधिकारी व मंत्री स्वच्छता की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर विकास खंड के अधिकारी स्वच्छता अभियान पर पलीता लगा रहे हैं। इतने भयंकर दलदल में बीमारियां फैलने की भी आशंका बनी रहती है, जिससे ग्रामीण भयभीत भी बने रहते है।

अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार और कितना समय सड़क बनाने में लेते हैं। कई बार पत्रकार बंधुओं ने खबर भी प्रकाशित की। वहीं लोगों द्वारा विकास भवन तक प्रार्थना पत्र दिए गए, लेकिन सुस्त विकास खंड अधिकारी के चलते पंचायत में विकास हो पाना नामुमकिन है।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मनाया गया विज्ञान सप्ताह

लखीमपुर,खीरी। विज्ञान सप्ताह के उपलक्ष में खाद्य पदार्थों के पोषक अवयव विटामिन, प्रोटीन, वसा, शर्करा तथा खनिज लवण आदि के बारे में बताया गया। प्रधानाचार्य वीरेन्द्र वर्मा ने बताया कि हमारे लिए अनाज फल सब्जियां आदि क्यों महत्वपूर्ण है हमें मौसमी फलों का सेवन क्यों करना चाहिए ? इसके लिए उन्होंने अनाज फल सब्जी आदि में पाए जाने वाले पोषक तत्वों के बारे में विस्तार से बताया कि हमें फल और सब्जियों से रोग से लड़ने की क्षमता प्राप्त होती है हमारा प्रतिरक्षा तन्त्र मजबूत होता है। इसलिए सभी के लिए आवश्यक है कि सब्जी के साथ मौसमी फलों का सेवन करते रहें। कक्षा तृतीय की बहन गुनगुन शुक्ला ने प्रोटीन शर्करा एवं खनिज की प्रचुरता वाले अनाजों का सीड कलेक्शन तैयार किया। प्रधानाचार्य वीरेन्द्र वर्मा ने सभी भैया बहनों को रोग प्रतिरोधी क्षमता बढ़ाने के लिए शारीरिक व्यायाम, सूर्य नमस्कार, आसन, योग, प्राणायाम, आदि के बारे में विस्तार से बताया साथ ही कहा कि यदि हम मौसमी फल तथा सब्जियों का प्रचुर मात्रा में सेवन करेंगे तो हमारा स्वास्थ्य ठीक रहेगा स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है इसलिए हमारा मस्तिष्क सही प्रकार से कार्य करें अध्ययन की प्रक्रिया में हम सर्वोत्कृष्ट बन सके इसके लिए शारीरिक स्वास्थ्य प्राथमिक आवश्यकता है। संतुलित भोजन नियमित दिनचर्या के साथ–साथ शारीरिक व्यायाम योग प्राणायाम भी हमारी दिनचर्या का ही हिस्सा है इसलिए हम सभी भैया बहन इसका पालन करते हुए सर्वोत्कृष्ट बनने का संकल्प लें। साथ ही विज्ञान सप्ताह मनाने के उद्देश्य पर भी प्रकाश डालते हुए एक महत्त्वपूर्ण सन्देश दिया कि सभी भैया बहन औषधीय पौधे तुलसी का रोपण करते हुए एक सेल्फी लेकर कक्षा शिक्षण समूह पर प्रेषित करेंगे। इस मौके पर भारी संख्या में कालेज की भैया बहनें मौजूद रहीं।



## सीडीओ की अध्यक्षता में हुआ टीडीएस-जीएसटी सेमिनार



- डीडीओ ने समझे टीडीएस कटौती व जीएसटी के कायदे कानून

लखीमपुर,खीरी। बुधवार को सीडीओ अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सभी विभागों के आहरण वितरण अधिकारियों की टीडीएस, जीएसटी पर एक कार्यशाला आहूत हुई। बैठक का संचालन राज्य कर के सहायक आयुक्त अरुण यादव ने किया। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने टीडीएस कटौती की गम्भीरता को बताते हुए आहरण वितरण अधिकारियों (डीडीओ) को नियमानुसार प्रत्येक माह टीडीएस कटौती करने एवं रिटर्न जीएसटी आर–07 दाखिल करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में सरकारी विभागों, संस्थानों, निकायों जो आपूर्ति सामानों पर टीडीएस कटौती (श्रोत पर कर की कटौती) के पश्चात जीएसटी पोर्टल पर रिर्टन जीएसटीआर–7 दाखिल करने के संबंध में जानकारी दी। प्रत्येक सरकारी विभाग जो आपूर्ति प्राप्त करते हैं, आपूर्ति के सापेक्ष देय भुगतान पर दो प्रतिशत टीडीएस कटौती अनिवार्य है।

इसे विभाग/ निकाय आहरण वितरण अधिकारी द्वारा कटौती किया जाना है। टीडीएस कटौती बाद रिटर्न दाखिल करने पर इसकी सूचना व्यापारी व जीएसटी विभाग दोनों को हो जाती है। उपस्थित अधिकारियों के प्रश्नों का निराकरण राज्यकर के अफसरों ने किया। कार्यशाला में सभी डीडीओ को टीडीएस कटौती, जीएसटी में पंजीयन, रिटर्न की सभी जरूरी जानकारियां दी। डीडीओ के सभी सवाल जवाब का राज्य कर के अफसरों ने एक–एक करके उत्तर, जवाब दिए। बैठक में एसटीओ आनंद कुमार, डिप्टी कमिश्नर राज्य कर केके वर्मा, एमपी सिंह यादव, सहायक आयुक्त सुरेम कुमार, अरुण यादव, ललित उपाध्याय, राज्य कर निरीक्षक अरुण बाजपेई ने भी अपने सारगर्भित विचार रखें। बैठक में सभी विभागों के आहरण वितरण अधिकारी (डीडीओ) एवं लेखाकार मौजूद रहे।

## कक्षावाचक ने सुनाई वाणासुर संग्राम कथा

लखीमपुर,खीरी। निघासन के देवीदीनपुरवा में चल रहे ग्यारह दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में शुक्रवार को पं. उत्तम कुमार द्वारा वाणासुर संग्राम कथा का बखान करते हुए कहा कि महाभारत का युद्ध समाप्त होने के बाद भगवान श्रीकृष्ण परिवार सहित द्वारिका रहने लगे। श्रीकृष्ण के पुत्र थे प्रद्युम्न और प्रद्युम्न के पुत्र थे अनिरुद्ध। इसलिए अनिरुद्ध को श्रीकृष्ण का पौत्र कहा जाता है। प्रद्युम्न की पत्नी का नाम उषा था। श्रीकृष्ण और शिवजी के बीच युद्ध की नींव यहीं से तैयार होती है। पौराणिक कथा के अनुसार, उषा और अनिरुद्ध एक–दूसरे से प्रेम करते थे, उषा शोणितपुर के राजा बाणासुर की कन्या थी। बाणासुर को शिवजी का वरदान प्राप्त था कि जब भी कोई संकट आएगा तो वह उसकी रक्षा करेंगे। एक दिन उषा ने अनिरुद्ध से मिलने की, इच्छा में अनिरुद्ध का अपहरण कर लिया और ओखीमठ जो वर्तमान सयम में केदारनाथ ज्योतिर्लिंग के पास मौजूद वहां पर सुरक्षित कर दिया। माना जाता है कि यहीं पर दोनों ने गंधर्व विवाह कर लिया था। बाणासुर को शिवजी का वरदान प्राप्त था कि जब भी कोई संकट आएगा तो वह उसकी रक्षा करेंगे। इस दौरान जजमान आयोजक रामकुमार उर्फ रामू, राम कृपाल, सोहन मौर्य, चित्रकुमार मौर्य, कृष्णा, रतीराम लोधी, राम लखन, रामचन्द्र, राम मूर्ति, हीरा लाल, हरपाल, सेवक राम, आदि काफी क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।



## सम्पादकीय....

## आओ अपनी पृथ्वी मां को बचाएं अपने कर्तव्यों को निभाए

**प्रकृति और उसके संसाधनों को बचाने वाले मानव प्यार और सम्मान के पात्र हैं**

प्राकृतिक संसाधनों के अथक मानव अति दोहन से प्राकृतिक मौसम पैटर्न अति असामान्य,जैव विविधता को नुकसान, वन्यजीवों के आवासों का विनाश, जीवो की जातियों प्रजातियों की विविलुप्ता, भूस्खलन, तूफान, जंगलों में आग, ज्वालामुखी जैसी अनेकों घटाएं आज के प्राकृतिक मौसम पैटर्न परिपेपक्ष में भारी बदलाव दिखता है जिसका मुख्य कारण मां पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों का मानवीय जीव द्वारा अति दोहन है। इसलिए आज विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस 28 जुलाई 2022 के उपलक्ष में हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि आओ अपनी मां पृथ्वी को बचाएं,अपने कर्तव्यों को निभाए, सरकारों द्वारा बनाए गए अधिनियमों नियमों विनियमों अंतरराष्ट्रीय संधियों का कड़ाई से पालन करें।

साथियों बात अगर हम प्रकृति के संरक्षण की करें तो आज समय आ गया है कि हर मानव जीव को तात्कालिक इसके संरक्षण रूपी यज्ञ में अपने सहयोग रूपीआहुति देनी ही होगी क्योंकि यह सिर्फ पर्व या उत्सव मनाने, भाषण देने, वार्तालाप करने से नहीं बल्कि हमें इसके आचरण में उतरना होगा प्रकृति प्रेम तभी हो सकेगा जब पर्यावरणका संरक्षण होगा आइए, एक संकल्प लें कि अपनी ओर से पर्यावरण को संरक्षित करें। न केवल नए पौधे लगाएं बल्कि पुराने पेड़ों के संरक्षण का भी प्रयास करें। जलस्त्रोतों को संरक्षित करने में आगे आएं। विदेशों में आप देखेंगे कि सड़क के दोनों ओर हरियाली नजर आती है लेकिन अपने देश में सड़क के दोनों ओर पॉलीथिन उड़ते नजर आ जाएगी। सड़क पर दौड़ती कार के शीशे से चिप्स के रैपर, पॉलीथिन फेंकने वाले लोग भी हम ही हैं। वन्यजीवों के प्रति भी हमारे कान बंद हो गए हैं। चिड़िया पानी के बगैर तड़प रही हैं। पर्यावरण में पेड़ लगाने के साथ–साथ पारिस्थिति तंत्र को सुरक्षित रखने के लिए आगे आएं। घर के बाहर चिड़ियों के लिए पानी रखें। यह कितना बड़ा दुर्भाग्य है कि गोवंश पानी के लिए तड़प रहे हैं, अगर हम उन्हें पानी पिला लें तो यह भी पर्यावरण के प्रति हमारा योगदान होगा।साथियों बात अगर हम प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए भारत सरकार द्वारा बनाए गए अधिनियमों नियमों विनियमों कार्यक्रमों की करें तो राष्ट्रीय आर्द्रभूमि (वेटलेंड) संरक्षण कार्यक्रम,नगर वाहन उद्यान योजना,प्रोजेक्ट टाइगरस्वच्छ भारत अभियान,मगरमच्छ संरक्षण परियोजना,यूएनडीपी समुद्री कछुआपरियोजना,प्रोजेक्ट हाथी,मत्स्य पालन अधिनियम 1897,भारतीय वन अधिनियम 1927खनन और खनिज विकास विनियमन अधिनियम 1957 पशुओं के प्रति क्रूरता कीरोकथाम 1960, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972, जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम 1974, वन संरक्षण अधिनियम 1980, वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम 1981, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 जैविक विविधता अधिनियम 2002, आर्द्रभूमि संरक्षण और प्रबंधन नियम 2010 इत्यादि बनें हैं।

साथियों बात अगर हम मां पृथ्वी की करें तो, पृथ्वी ने हमें पानी, हवा, मिट्टी, खनिज, पेड़, जानवर, भोजन आदि जैसी जीने के लिए बुनियादी आवश्यकताएं प्रदान की हैं, इसलिए हमें प्रकृति को स्वच्छ और स्वस्थ रखना चाहिए। औद्योगिक विकास और कई अन्य कारक भी प्रकृति की बिगड़ती स्थिति के लिए जिम्मेदार हैं। हम जो भी करते हैं, वह दुनिया को प्रभावित करता है, क्योंकि दुनिया एक है और किसी तरह एक साथ जुड़ी हुई है, इसलिए जरूरी है पर्यावरण संरक्षणरू प्रकृति का संरक्षण बहुत आवश्यक है। यहां तक कि वैज्ञानिकों ने भी हमें निकट भविष्य में बड़े पैमाने पर विलुप्ति को लेकर चेतावनी दी है। प्रकृति के बारे में कई शोधों से पता चला है कि संसाधन बर्बाद हो रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण दिन–प्रतिदिन तापमान में वृद्धि हो रही है। तूफान और समुद्र का स्तर भी बढ़ रहा है और मीठे पानी के ग्लेशियर पिघल रहे हैं, जिससे जान का खतरा है। हम प्राकृतिक संसाधनों के साथ एक–दूसरे से जुड़े हुए हैं। ऐसे में दिन प्रतिदिन बिगड़ते पर्यावरण को लेकर चुनौती यह है कि सतत विकास को प्राप्त करने के लिए प्रकृति को कैसे संरक्षित किया जाए।

साथियों बात अगर हम प्रकृति संरक्षण के अर्थ की करें तो गिफोर्ड पिंचोट के अनुसार, संरक्षण का अर्थ मानव संसाधन की स्थायी भलाई के लिए पृथ्वी और उसके संसाधनों का बुद्धिमानी से उपयोग से हैं। पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों में हवा, खनिज, पौधे, मिट्टी, पानी और वन्यजीव शामिल हैं।संरक्षण इन संसाधनों की देखभाल और सुरक्षा है ताकि इन्हें आने वाली पीढ़ी के लिए संरक्षित किया जा सके।

साथियों इस दिन का उद्देश्य विश्व को स्वस्थ रखने के लिए पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जागरूकता पैदा करना है। साथ ही पौधों और जानवरों को बचाना, जो विलुप्त होने के कगार पर हैं। प्रकृति के विभिन्न घटकों जैसे वनस्पतियों और जीवों, ऊर्जा संसाधनों, मिट्टी के पानी और हवा को बरकरार रखना है।

साथियों बात अगर हम प्रकृति के संरक्षण के महत्व की करें तो, प्रकृति हमें हमारी दैनिक जरूरतों के लिए सभी आवश्यक चीजें प्रदान करती है।अधिक जनसंख्या और मानवीय लापरवाही के कारण हम अपने संसाधनों का अत्यधिक दोहन करने लगे। अगर ऐसा ही चलता रहा तो हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए कोई संसाधन नहीं बचेगा संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता है पारिस्थितिक संतुलन का समर्थन करके जीवन का समर्थन करना यह सुनिश्चित करने के लिए कि आने वाली पीढ़ियां संसाधनों तक पहुंच सकें, जैव विविधता के संरक्षण के लिए मानव जाति के जीवित रहने को सुनिश्चित करने के लिए जरूरी हैं।

साथियों बात अगर हम वर्ष 2022 के थीम की करें तो, केवल एक पृथ्वी है। इस मुहिम का नारा है प्रकृति के साथ सद्भावना में रहना। 50 साल बाद एक बार फिर श्केवल पृथ्वीश का नारा जो कि 1972 के स्टॉकहोम सम्मेलन में सबसे पहले दिया गया था, उसे आज फिर अपनाया गया है।

साथियों बात अगर हम विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के इतिहास की करें, पिछली शताब्दी के दौरान मानवीय गतिविधियों का प्राकृतिक वनस्पति और अन्य संसाधनों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ा है। तेजी से बढ़ते औद्योगीकरण की तलाश और लगातार बढ़ती आबादी के लिए जगह बनाने के लिए वनों के आवरण को काटने से जलवायु परिवर्तन और अन्य पर्यावरणीय प्रभाव पैदा हुए हैं। अफसोस की बात है कि यह दुनिया भर में प्रकृति संरक्षण के लिए इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर जैसे संगठन महत्वपूर्ण हैं लेकिन उसके बावजूद भी हम प्रकृति को संरक्षित करने में सफल नहीं हो पाए हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन करउसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे की विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस 28 जुलाई 2022 पर विशेष है। आओ अपनी मां पृथ्वी को बचाएं, अपने कर्तव्यों को निभाएं। प्रकृति और उसके संसाधनों को बचाने वाले मानव प्यार और सम्मान के पात्र हैं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए बनाए गए अधिनियमों नियमों विनियमों अंतरराष्ट्रीय संधियों का पालन अपनी मां पृथ्वी को बचाने के लिए करना तात्कालिक जरूरी है।

–संकलनकर्ताः स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

## मानसून में आई केयर: कैसे करें अपनी आंखों की देखभाल मानसून में

गर्मी की चिलचिलाती गर्मी हो या मॉनसून की नमी, हमारी आंखें अक्सर मौसम की अनिश्चितताओं का शिकार हो जाती हैं, खासकर आज के बढ़ते हुए स्क्रीन उपयोग की दुनिया में। इसलिए, उन्हें इस दौरान अतिरिक्त देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता होती है। कुछ सामान्य नेत्र रोग जो इस मौसम में लोगों को प्रभावित करते हैं।

कंजक्टिवाइटिस :

नेत्र फ्लू नेत्रगोलक की बाहरी झिल्ली का एक संक्रमण है जो लालिमा, जलन, निर्वहन और पानी का कारण बनता है।

स्टाई :

यह पलक में तेल ग्रंथियों का एक जीवाणु संक्रमण है जो पलक के किनारे के पास दर्दनाक गांठ का कारण बनता है जो फोड़ा या मुर्गी जैसा दिख सकता है।

आंखों की एलजी :

इन्हें खुजली, सूजी हुई पलकों, खराश, जलन और प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता के साथ लाल, चिड़चिड़ी, फटी या बहने वाली आंखों से पहचाना जाता है।

मानसून के लिए आंखों की देखभाल के उपायः अपने हाथों को साबुन और पानी से धोएं या दिन में दो बार हैंड सैनिटाइजर का उपयोग करें।

दूषित हाथों से संक्रमण से बचने के लिए अपनी आंखों को सीधे उंगलियों से न छुएं।

चकाचौंध से बचने के लिए धूप का चश्मा पहनें।

तैरते समय स्विमिंग गॉगल्स पहनें।

स्क्रीन से बार–बार आई ब्रेक लें (20/20/20 नियम का पालन करें हर 20 मिनट में, 20 सेकंड के लिए अपनी आंखें बंद करें या 20 फीट दूर देखें। आंखों के संक्रमण के लिए नेत्र विशेषज्ञ द्वारा बताए अनुसार एंटीबायोटिक और सूजन–रोधी आई ड्रॉप का उपयोग किया जाना चाहिए। परामर्श के बिना स्वयं दवा न लें या स्टेरॉयड आई ड्रॉप न डालें।

नेत्र श्लेष्मला शोथ या अन्य नेत्र संक्रमण वाले व्यक्तियों से खुद को अलग करें – कपड़े, तौलिये या बेडशीट साझा न करें। विशेष रूप से मौसमी बदलावों के दौरान, उचित स्वच्छता बनाए रखने और नियमित जांच करवाकर अपनी आंखों की उचित देखभाल करना महत्वपूर्ण है।



डॉ. पारुल एम शर्मा
निदेशक और हेड ऑफ डिपार्टमेंट ऑप्थल्मोलॉजी, मैक्स हॉस्पिटल गुडगांव

## बिहार में अयोध्या टाइम्स संवाददाताओं की संख्या हुई 100 के पार, पाठक हुए हजारो-हजार, रवि कुमार भार्गव का पुकार, प्रधान संपादक ब्रजेश कुमार मौर्य का प्यार

(बिहार में अयोध्या टाइम्स अखबार के पाठक हुए ढाई लाख के पार)

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स जब बिहार में आई थी तो मात्र एक ही व्यक्ति अयोध्या टाइम्स के प्रति आस्था जताते हुए 19 दिसंबर 2021 को भार्गव भवन सिरहाकोठी में हमारी योजना बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के अध्यक्ष रवि कुमार भार्गव की अध्यक्षता में मात्र छह व्यक्तियों की बैठक की गई थी। उस बैठक में रवि कुमार भार्गव ने उपस्थित जनों का फेस को बड़े गंभीरता पूर्वक अध्ययन किया था। उस बैठक में यही आभास हुआ की अयोध्या टाइम्स के प्रति एक श्रद्धावान और समर्पणवान निष्ठावान संचालक की आवश्यकता है, जिसे बैठक में उपस्थित जनों के बीच अध्ययन के क्रम में नहीं पाया गया था। बैठक में अंतर्मन से अखबार की गरिमा को समझते हुए हमारी योजना बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की अध्यक्ष रवि कुमार भार्गव यह संकल्प लिया बिहार की इस पावन धरती पर अयोध्या टाइम्स अखबार आने वाले दिनों में हर द्वार पर पहुंचेगी। इसी संकल्प के साथ रवि कुमार भार्गव ने अपनी कदम को बढ़ाते चले।

अयोध्या टाइम्स में कुछ ऐसे व्यक्तियों की प्रवेश हो चुकी थी जिनसे रवि कुमार भार्गव को कोई सहयोग की भावना नहीं दिखाई दे रही थी। फिर भी रवि कुमार भार्गव ने हार नहीं मानी। अपनी कदम को अपनी सोच के अनुरूप बढ़ाते रहें और जन जन की आवाज ढूंढ ढूंढ कर रवि कुमार भार्गव ने प्रकाशित करना शुरू किया।

01–रवि कुमार भार्गव राज्य को–आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार के बढ़ते कदम में कदम मिलाने वालों में 02–आदर्श राज आनंद मोतिहारी संवाददाता, 03–सुपौल जिला ब्यूरो चीफ आलोक बादल, 04–मुजफ्फरपुर ब्यूरो चीफ सुश्री डॉक्टर आभा कुमारी सिंह,05– केसरिया संवाददाता अभिषेक कुमार, 06–पिपराकोठी संवादाता अभिषेक कुमार सिंह 07–पश्चिमी चंपारण ब्यूरो चीफ अकाश वर्मा 08–खगरिया ब्यूरो चीफ आलोक कुमार 09चोरौट संवादाता अमन कुमार 10– पंडारक संवाददाता अमित कुमार 11–सिवान जिला के दरौली संवाददाता आनंद सुमन 12–पूर्वी चंपारण जिला के हरसिद्धि संवादाता अनिल कुमार 13–मुजफ्फरपुर जिला के मीनापुर प्रखंड संवाददाता अंकित कुमार 14–सीतामढ़ी बोखरा के संवादाता अंशु कुमार 15–पूर्वी चंपारण के कोटवा संवाददाता अर्जुन राय 16– पश्चिमी चंपारण जिला के प्रखंड संवाददाता अर्जुन सिंह 17– गोगरी प्रखंड संवादाता मोहम्मद अरशद,18– समस्तीपुर जिला के पटोरी अनुमंडल के ब्यूरो चीफ अश्विनी कुमार पाण्डेय 19–खगड़िया के प्रखंड संवादाता बंटी कुमार 20–पूर्वी चंपारण जिला के ढाका प्रखंड संवाददाता बिपिन बिहारी मौर्य, 21–सीतामढ़ी जिला के ब्यूरो चीफ वीरेंद्र कुमार सिंह 22–पश्चिमी चंपारण जिला के नौतन संवाददाता चंदन कुमार, 23–भागलपुर जिला के देव कांत मिश्र दिव्य 24–पटना जिला के बाढ़ अनुमंडल के ब्यूरो चीफ देवेंद्र कुमार, 25–पटना जिला के अथमलगोला प्रखंड के संवाददाता धानवंती कुमारी,26– पटना बख्तियारपुर के प्रखंड संवाददाता धर्मेंद्र कुमार सिंह, 27–चकिया के मंडल के ब्यूरो चीफ धीरज कुमार राम 28–पटना जिला के ब्यूरो चीफ धीरज सिंह चौहान, 29–पिपरा प्रखंड के संवाददाता धीरेंद्र कुमार,30– पकड़ीदयाल प्रखंड के संवादाता हीरा पंडित, 31–पश्चिमी चंपारण जिला के नरकटियागंज अनुमंडल ब्यूरो चीफ दीपू साह, 32–मोतिहारी प्रखंड के संवादाता डॉ मनीष कुमार सिंह 33–निर्मली प्रखंड के संवादाता दुर्गानंद मेहता 34–मोतिहारी एवं छौड़ादानों के संवादाता इंजीनियर अशोक कुमार, 35–सिवान जिला के ब्यूरो चीफ गगन कुमार पांडे,36– शिवहर जिला के ब्यूरो चीफ गोपाल कुमार ठाकुर, 37–बक्सर जिला के ब्यूरो चीफ गोविंद जयसवाल, 38–सीतामढ़ी जिला के बोखरा प्रखंड संवादाता गौतम कुमार, 39–छपरा सारण जिला के ब्यूरो चीफ हरीकिशोर सिंह,40– कैमूर जिला के ब्यूरो चीफ अधिवक्ता हरिओम कुमार, 41–अतिरिक्त सहयोगी गया निवासी जयप्रकाश कुमार,42– मुजफ्फरपुर जिला के साहिबगंज प्रखंड संवाददाता जितेंद्र कुमार राय, 43–मधुबनी जिला के ब्यूरो चीफ कैलाश चंद्र झा, 44–पूर्वी चंपारण जिला के घोड़ासहन प्रखंड संवाददाता कन्हैया कुमार 45–सीतामढ़ी सोनबरसा के प्रखंड संवाददाता किशन राज, 46–किशनपुर संवाददाता कृष्ण कुमार धीरज, 47–खगरिया संवाददाता कुमार राकेश, 48–मुजफ्फरपुर पश्चिमी अनुमंडल के ब्यूरो चीफ कुंजेश कुमार 49–पूर्वी चंपारण पताही प्रखंड के संवाददाता मुरारी कुमार 50–नालंदा जिला के बिहार शरीफ अनुमंडल ब्यूरो चीफ नागेंद्र कुमार राजा 51–रोहतास जिले के ब्यूरो चीफ नवल किशोर सिंह 52–अनुमंडल ब्यूरो चीफ नीरज कुमार सिन्हा 53–समस्तीपुर ब्यूरो चीफ निरंजन कुमार जयसवाल 54–नालंदा जिला ब्यूरो चीफ निर्भय कुमार सिंह 55–मोतिहारी सदर अनुमंडल सहायक ब्यूरो चीफ नितेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह 56–पूर्वी चंपारण जिला के चिरैया प्रखंड संवाददाता ओमप्रकाश सिंह 57– पश्चिमी चंपारण जिला के बगहा संवाददाता पंचानन सिंह,58– गया जिला के ब्यूरो चीफ प्रभात रंजन शर्मा, 59–पटना जिला के बाढ़ संवाददाता पायल कुमारी 60–पूर्वी चंपारण सुगौली प्रखंड संवाददाता पिंटू कुमार 61–पटना जिला के पटना अनुमंडल ब्यूरो चीफ प्रमोद कुमार त्रिवेदी 62–पूर्वी चंपारण जिला के तुरकौलिया प्रखंड संवाददाता प्रदीप कुमार सिंह 63– पश्चिमी चंपारण में प्रखंड के संवाददाता प्रेमचंद साह, 64–पूर्वी चंपारण कल्याणपुर प्रखंड के संवाददाता प्रिंस कुमार पाठक 65–खगरिया जिला के मानसी प्रखंड संवाददाता राम दिवाकर कुमार 66–पूर्वी चंपारण जिला के ढाका प्रखंड संवादाता राधा कृष्ण सिंह 67–सदर मोतिहारी अनुमंडल के ब्यूरो चीफ रजनीश कुमार, 68–मधुबन प्रखंड के संवाददाता राकेश कुमार सिंह 69–पश्चिमी चंपारण जिला के बेतिया अनुमंडल ब्यूरो चीफ रवि रंजन कुमार 70– मगध प्रमंडल के ब्यूरो चीफ रोहित कुमार, 71–रोहतास जिला करगहर प्रखंड के संवाददाता ऋषि कांत कुमार 72–पटना जिला के बेलछी प्रखंड संवाददाता रूपेश कुमार 73–मधेपुरा जिला के ब्यूरो चीफ मोहम्मद सद्दाम हुसैन 74–पटना जिला के बेलसंड प्रखंड संवाददाता साकेत राज 75–पश्चिमी चंपारण जिला के लौरिया प्रखंड संवाददाता संदीप कुमार दुबे 76– पूर्वी चंपारण मेहसी प्रखंड के संवादाता संजय कुमार साह,77–सहरसा जिला के सोनबरसा राज प्रखंड संवाददाता मृत्युंजय कुमार 78–पूर्वी चंपारण जिला के अनुमंडल रक्सौल ब्यूरो चीफ संजय कुमार कुशवाहा 79– सीतामढ़ी बाजपट्टी प्रखंड संवाददाता संजय राय, 80–मोतिहारी सिटी संवाददाता संजीव कुमार गुप्ता 81–समस्तीपुर के विद्यापति नगर प्रखंड संवादाता संजीव कुमार,82– सुपौल जिला के सरायगढ़ भपटियाही प्रखंड संवादाता संतोष कुमार राम 83– सुपौल जिला के सुपौल अनुमंडल ब्यूरो चीफ सतनारायण कामत,84– कटिहार जिला के ब्यूरो चीफ साहिल कुमार सिंह 85–मोतिहारी जिला के बंजरिया प्रखंड संवादाता शशिकांत कुमार, 86–पूर्वी चंपारण केसरिया के प्रखंड संवाददाता शशि भूषण कुमार सिंह 87–पूर्वी चंपारण जिला के अरेराज अनुमंडल ब्यूरो चीफ शशी रंजन, 88–पटना जिला के घोसवारी प्रखंड संवाददाता शशि भूषण कुमार 89–नालंदा जिला के बिहारशरीफ अनुमंडल ब्यूरो चीफ शैलेंद्र कुमार चंचल 90–पूर्वी चंपारण जिला के कोटवा प्रखंड संवाददाता शुभम कुमार–91 रोहतास जिला के सुवेश राज अनुमंडल ब्यूरो चीफ सुपौल,92–सासाराम प्रखंड संवादाता सत्यजीत कुमार, 93–सहरसा जिला के ब्यूरो चीफ सुभाष राम 94–सिवान जिला के महाराजगंज संवाददाता सुजीत कुमार 95–खगरिया प्रखंड के संवाददाता सुमन कुमार 96–शिवहर जिला के शिवहर अनुमंडल ब्यूरो चीफ सुमित कुमार 97–समस्तीपुर जिला के दलसिंहसराय प्रखंड संवाददाता तारकेश्वर प्रसाद सिंह 98– पश्चिमी चंपारण जिला के प्रखंड उज्जवल कुमार पांडे 99– शिवहर जिला के प्रखंड संवाददाता उत्कर्ष कुमार सिंह मोनू, 100–शिवहर जिला के पुरनहिया प्रखंड संवाददाता विजय बैठा, 101–समस्तीपुर जिला के दलसिंह सराय अनुमंडल के ब्यूरो चीफ विकास कुमार पांडे 102–सिवान जिला के महाराजगंज अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पांडे 103–पश्चिमी चंपारण जिला के चनपटिया प्रखंड संवाददाता विशाल कुमार, ने अपनी जीवन का कीमती पल अयोध्या टाइम्स को बिहार के जन जन तक पहुंचाने में रवि कुमार भार्गव के कदमों के साथ अपनी कदम मिलाकर चलते रहे और आज बिहार के 20 जिलों में पहुंच चुके हैं।

अयोध्या टाइम्स के प्रधान संपादक महामहिम श्री ब्रजेश कुमार मौर्य के द्वारा दिन में आराम किया गया और ना ही 12रू00 बजे रात तक मेहनत करने से बाज आए, जिस तपस्या का फल आज बिहार के 20 जिलों में करीब ढाई लाख पाठक अयोध्या टाइम्स अखबार को अपनी हिर्दय से नित दिन पढ़ाई करते हैं।

19 दिसंबर 2021 की बैठक में 7 नंबर पर बिहार को दिया गया था, इधर हाल ही में 4 जुलाई 2022 को हमारे प्रधान संपादक महामहिम ब्रजेश कुमार मौर्य द्वारा बिहार के बढ़ते कदम को देखते हुए एक और पेंज दे दी गई। राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स 8 पेज की अखबार प्रतिदिन निकलती है जो राष्ट्र स्तर पर जाती है उसने बिहार का दो पेज मिलना बिहार के लिए गौरव की बात है।

आज राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार में हर बुद्धिजीवियों के दिमाग में आत्मा में हृदय में अपने घर बना चुकी है। इतनी कम अवधि में बिहार की धरती पर हिंदुस्तान जैसे दैनिक जागरण जैसे प्रभात खबर जैसे दैनिक भास्कर जैसे अखबार अपनी पहचान नहीं बना पाई थी। उनको भी काफी समय मेहनत करने पड़े थे। किंतु बिहार में ब्रजेश कुमार के प्यार ने, रवि कुमार भार्गव की पुकार ने, रवि कुमार भार्गव की मेहनत और तपस्या ने बिहार की धरती पर शतक को पार करते हुए सौ की संख्या पार कर गई है।

अयोध्या टाइम्स बिहार के 38 जिला में अपनी मुकाम बनाने में निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करेगी। अयोध्या टाइम्स परिवार में गुटबाजी करने वाली जैसी भावना से प्रेरित रहने वाले व्यक्तियों की, बात बनाने वाले जैसे व्यक्तियों की, गुमरा और धोखा देने वाले जैसे व्यक्तियों की, ना प्रवेश हुई है, ना प्रवेश होगी, यह कड़वी सत्य है।

अयोध्या टाइम्स बिहार परिवार में मेहनत करने वाले ब्यूरो चीफ हो या अनुमंडल ब्यूरो चीफ हो या प्रखंड संवाददाता गण हो उनके मेहनत के अनुरूप समय–समय पर बिहार राज्य कार्यालय भार्गव भवन सिरहाकोठी उन्हें सम्मानित करती रहेगी यहां तक कि करती आ रही भी है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अयोध्या टाइम्स बिहार परिवार के जिन सदस्यों द्वारा अपने जिला के सभी अनुमंडल और सभी प्रखंडों में संवाददाताओं की नियुक्ति करने वाले अपने परिवार के सदस्य को टेलीविजन और अंग वस्त्र से सम्मानित करेगी।

तो आइए हम सभी अपने गार्जियन अपने प्रधान संपादक श्री ब्रजेश कुमार मौर्य साहब के सपनों को रवि कुमार भार्गव के तपस्या और मेहनत को बिहार की हर दरवाजे तक पहुंचाने में अपनी योगदान करने का संकल्प लें, और इसी संकल्प के साथ अयोध्या टाइम्स अखबार को जन जन तक पहुंचाते हुए बिहार के सभी जिलों में अयोध्या टाइम्स के पताका को फहराने का कार्य करेंगे।

इस शतक के पूरे होने के अवसर पर बारे प्रधान संपादक महोदय और बिहार के राज्य कोऑर्डिनेटर रवि कुमार भार्गव के द्वारा अपने परिवार के सदस्यों को स्पष्ट रूप से संकेत दी जा रही है आप अयोध्या टाइम्स के लिए समर्पित रहे अयोध्या टाइम्स आपके लिए और आपके परिवार के लिए समर्पित रहेगी।

शतक के अवसर पर यह घोषणा किया गया कि बिहार के अंदर चल रहे हर पत्रकार संगठन से अलग हटकर अयोध्या टाइम्स के पत्रकार संगठन में एक सुरक्षित कोष का गठन किया जाएगा जिसमें परिवार के सदस्य अपनी पेट भरने की मजदूरी से प्रत्येक महीने मात्र 200 की राशि बचत कर सुरक्षित कोष में जमा करेंगे।

सुरक्षित कोष की राशि हमारे परिवार के किसी भी सदस्य पर विपत पड़ने पर,आकस्मिक दुर्घटना होने पर, उन पर या उनके परिवार को अनुग्रह के रूप में सहायता दी जाएगी।

बिहार के वैसे व्यक्तियों की जरूरत अयोध्या टाइम्स के लिए है जो अपने विचार सत्यवादी की ओर और पत्रकारिता जगत को बदनामी की ओर से मुक्त कराने के लिए स्वच्छ पत्रकारिता करने की भावना को लेकर आना चाहते हैं उनके लिए अयोध्या टाइम्स बिहार परिवार का दरवाजा खुला है भविष्य में भी खुला रहेगा।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284
Email:dainikayodhyatimes@gmail.com www.dainikayodhyatimes.page
Reg. Office : R-132 CTI Sanjay Nagar, Govind Nagar, Kanpur, Uttar Pradesh
STATE CO-ORDINATOR : RAVI KUMAR BHARGAV
Bihar Head Office: BHARGAV BHAVAN Siraha Chaita Pakridayal East Champaran (Bihar)
Email: dainikayodhyatimesbihar3@gmail.com Mob.: 8709720326, 8294297333(w)

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

### आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

### : प्रसारित :

**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/तिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

# संक्षिप्त समाचार

## उजनेड़ी गांव में लगा गंदगी का अम्बार

(दिनेश कुमार सविता) दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर (सुमेरपुर)। प्रदेश सरकार गांव और शहरो को स्वच्छ बनाने के लिए करोड़ो रुपए पानी की तरह बहा रही है। लेकिन सरकार के उन तमाम मंसूबों पर जिले के जिम्मेदार पानी फेरते नजर आ रहे है। ताजा मामला सुमेरपुर विकास खण्ड क्षेत्र के उजनेड़ी गांव से निकलकर सामने आया है जहा गांव में जगह जगह गंदगी का अम्बार लगा हुआ है। दलदल भरी गलियों से लोग निकलने को मजबूर है। मिली जानकारी के मुताबिक गांव में गंदगी का आलम कुछ इस कदर है की स्थानीय बसिंदो को सांस लेने में भी तकलीफ होती है। बजबजाती नालियां खुलेआम बीमारियों को न्योता देती हुई दिखाई दे रही है। रास्ते से निकलने के दौरान बच्चे बूढ़े आए दिन गिरकर चुटहिल होते रहते है। जिम्मेदार मौन धारण किए हुए हैं।

## समिति गठित कर होगी जांच : बीडीओ

दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर। मौदहा विकास खण्ड के ग्राम करहिया निवासी ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर आरोप लगाते हुए बताया था ग्राम पंचायत में मनरेगा के कार्यों में जेसीबी का उपयोग किया जा रहा है। रात के अंधेरे में तालाबों के साथ अन्य जगहो पर मशीन से कार्य करवाया जाता है। जिसका विडियो ग्रामीणों ने बनाकर वायरल भी किया है। जानकारी के मुताबिक प्रधान और सचिव द्वारा मनरेगा कार्यों में जमकर धांधली की जा रही है। आरोप है की जेसीबी से खुदाई कर मिट्टी ट्रैक्टरो में भरकर कही और पहुचाई जाती है जिसका विडियो भी मौजूद है। खंड विकास अधिकारी मौदहा भैरो प्रसाद ने बताया की जांच कमेटी गठित कर एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी गई है।

## घर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए भाजपा ने कसी कमर

दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान की तैयारी को लेकर भाजपा जिला कार्यालय हमीरपुर में बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत मनाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान में सफल बनाए जाने के लिए पदाधिकारियों जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई बैठक को संबोधित करते



हुए भाजपा जिला अध्यक्ष ब्रजकिशोर गुप्ता ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान को राष्ट्रीय स्वाभिमान के रूप में मनाया जाना है कार्यक्रम में सांसद विधायक जिला पंचायत ब्लाक प्रमुख सहित पार्टी के सभी जिला पदाधिकारी प्रकोष्ठ व विभागों के पदाधिकारी के साथ मंडल शक्ति केंद्र स्तर पर कार्यों का बंटवारा किया गया है उन्होंने कहा कि 13 अगस्त से 15 अगस्त को हर घर में राष्ट्रीय झंडा लगाना है इससे पूर्व 11 अगस्त को जनप्रतिनिधियों कार्यकर्ताओं द्वारा महापुरुषों की मूर्तियों की साफ–सफाई व माल्यार्पण किया जाएगा किस जिला बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष विजय पांडे जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी देवी सिंह तोमर रामदेव सिंह कल्लू भैया किशन व्यास अरविंद श्रीवास्तव शकुंतला निषाद पुष्पराज सोनी संतराम गुप्ता आराधना राजपूत राजेश सिंह चक्रवर्ती शुक्ला गीता ओमर नीलम बाजपेई सीमा वर्मा राधा चौरसिया लक्ष्मी रतन साहू पुष्पराज सोनी शिवेंद्र प्रेम नारायण प्रेमी राजीव आप जितेंद्र पाल संजय गुप्ता इत्यादि सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रेलवे मंडल प्रबंधक ने किया स्थलीय निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर (राठ)। झांसी रेलवे के मण्डल प्रबंधक सहित उनकी टीम ने विधायक के साथ रेलवे लाइन निकालने वाले मार्ग का सर्वे किया।जिसमें महोबा से भिंड तक



बनने वाले 217 किमी रेलवे मार्ग में तीन जंगशन सहित 20 स्टेशन होंगे। रेलवे के झांसी मण्डल प्रबंधक आशुतोष कुमार ने बताया कि वर्ष 2011–12 में हुई सर्वे को वरीयता में रखकर कार्य किया जायेगा। जो महोबा से भिंड तक 217 किमी बनाई जायेगी। वैकल्पिक रूप में बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे की पट्टी के किनारे से भी रेलवे लाइन निकाली जा सकतीए है।क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी ने बताया कि उक्त रेलवे लाइन में महोबा, भिंड व उरई जंगसन के अलावा चतरथ, उमरी, नयागांव, बोनापुरा, माधौगढ़, बंगरा, जालौन, वीरपुरा, सरसोकी, डकोर, रिहुँटा, गौहाण्ड, राठ, धमना, सबुआ, चरखारी, कुरारा कलां आदि स्टेशन बनाये जायेंगे। जिसका आज रेलवे के अधिकारियों से स्थलीय सर्वे कराया गया। अधिकारियों ने सर्वे कार्य पूर्ण करने के बाद इसका बजट बना जल्द ही काम प्रारम्भ कराने की बात कही। इस दौरान रेलवे के वरिष्ठ मंडल अभियंता समन्वय झांसी आशुतोष चौरसिया, उपमुख्य अभियंता निर्माण सोमनाथ व उनकी टीम के अलावा विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी, स्वर्णकार धर्मशाला के अध्यक्ष ब्रजभूषण दाऊ, पूर्व मंत्री चौ0 राजेन्द्र सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमरचंद्र अनुरागी,भाजपा नगर महामंत्री मुकेश गुप्ता,दीपू मुंशी,संतोष अनुरागी,रामऔतार साहू,सुरेश गिरी,प्रेमचंद्र अनुरागी, अमरसिंह बाबा,पूर्व प्रधान खिलाड़ी लाल आदि मौजूद रहे।


## सूचना

मैंने अपने पुत्र मो. अमन पुत्रवधू रुखसार को घर के लोगों से गलत व्यवहार व चाल–चलन से परेशान होकर सम्बन्ध विच्छेद करती हूँ। व चल –अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में पुत्र व पुत्रवधू द्वारा वैध/अवैध कोई कार्य किया जाता है तो पूर्ण जिम्मेदारी उनकी होगी हमसे व हमारे परिवार का कोई लेना देना नहीं होगा।

शपथिनी
जलीसा पत्नी तसलीम आरिफ
निवासिनी ग्राम व पोस्ट बेलामऊ सरैया,
परगना व तहसील तिर्वा, थाना इन्दरगढ़ जिला कन्नौज


## ट्रक चालकों के लिए चल रहे नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर एवं चश्मा वितरण का चौथा दिन

लखनऊ। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान आजाद वेलफेयर एन्ड एजुकेशनल सोसाइटी लखनऊ द्वारा आयोजित ट्रक चालकों के लिए निरूशुल्क आंखो की जांच एवं चश्मा वितरण का सात दिवसीय शिविर शेर ए पंजाब ढावा एन. एच.24 पर चल रहा है जिसका आज 5 दिन है लगातार चारो दिनों से ट्रक चालकों की नेत्र परीक्षण करके निशुल्क चश्मा वितरित किया जा रहा है। ट्रक चालकों न बताया कि माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी की योजना निश्चित ही हम लोगों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी तथा आने वाले दिनों में चश्मा मिल जाने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लगेगा क्योंकि ट्रक चालकों को रात्रि में बगैर चश्मे के साफ नहीं दिखाई पड़ता है चश्मा मिलने से रात में भी उनको साफ दिखाई देगा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। संस्था कोऑर्डिनेटर नूर आलम ने बताया कि यह शिविर 7 दिनों तक चलेगा। साथ ही बताया कि ट्रक ड्राइवर अपना लाइसेंस साथ लेकर आएं और कुशल नेत्र चिकित्सक के द्वारा अपना नेत्र परीक्षण करवाये एवं जिनको चश्मे की जरूरत है वो चश्मा भी निरूशुल्क लेकर जाये। इस मौके पर कंचन लता, डॉ रजा पंकज वर्मा ,अमित वर्मा, शोभित मिश्रा, विपिन वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम योजना के तहत जनपद स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी

- प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत परिषदीय विद्यालयों में आवश्यकता के अनुरूप होंगे विकास कार्य



श्रावस्ती। माननीय विधायक राम फेरन पाण्डेय, माननीय विधायक इंद्राणी वर्मा तथा जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह की अध्यक्षता में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम योजना की जनपद स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी देवेंद्र राम ने बताया कि सरकार द्वारा ये निर्देश दिया गया है कि जिले के ऐसे 25 प्रतिशत अल्पसंख्यक आबादी वाले परिषदीय विद्यालय जहां पर छात्र छात्राओं को पीने हेतु पेय जल की व्यवस्था नही है विद्यालय में चाहर दिवारी नही है, फर्नीचर उपकरण की कमी है, शौचालय नही है, का चिन्हांकन कर के उन कार्यो को कराया जाना है इसके अलावा बच्चों के लिए ऑडिटोरियम का निर्माण, विज्ञान प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास रूम एवं लाइब्रेरी आदि की भी स्थापना कराया जाना है। ऐसे स्कूलों का चिन्हांकन कर प्रस्ताव भेजा जाना है। माननीय विधायक श्रावस्ती ने कहा कि जिलाधिकारी के अगुवाई में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारा जनपद निरंतर आगे बढ़ रहा है। जो प्रशंसनीय है फिर भी हम लोगों को टीम भावना के साथ कार्य कर के जिले की विकास के पहिया को निरंतर आगे बढ़ाते रहना। माननीय विधायक भिनगा ने कहा कि इस योजना से निश्चित ही जिले के चिन्हित विद्यालयों का विकास होगा। बैठक जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित इस योजना से परिषदीय विद्यालयों में आवश्यता के अनुरूप विकास कार्य कराये जाएंगे। उन्होंने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि विद्यालयों को चिन्हांकन के दौरान माननीय जनप्रतिनिधिगणो से भी राय लेकर कार्यो के सूची को अंतिम रूप दिया जाए। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक संत प्रकाश, जिला समन्वयक अजीत उपाध्याय, सेब द चिल्ड्रेन के प्रतिनिधि सहित कमेटी के सदस्यगण एवं विनय कुमार तिवारी, अवधेश पाण्डेय, अरमान वर्मा मौजूद रहे।

## 28 जुलाई को जनपद में आयेंगे मा0 सदस्य अल्पसंख्यक आयोग

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। माननीय सदस्य अल्पसंख्यक आयोग, उत्तर प्रदेश, सम्मान अफरोज खान दिनाक 28 जुलाई 2022 को 5.00 बजे निरीक्षण भवन कटरा पहुंचेंगे 5.30 कटरा बाजार स्थित मृतक पौदर राम साहू , राकेश पाण्डेय खरगूपुर निवासी मृतक राजू एवं दिनेश के परिजनों से मुलाकात करेंगे और अपरान्ह 7.00 बजे निरीक्षण भवन कटरा में रात्रि विश्राम करेंगे दिनाक 29 जुलाई 2022 को निरीक्षण भवन कटरा में पूर्वान्ह 09 बजे से 10–30 बजे तक जनता दर्शन करेंगे तदोपरान्त अपरान्ह 12.15 ,बजे सिरसिया स्थित त्र्यंबकेस्वर इण्टर कालेज में शिक्षा के महत्व पर आयोजित गोष्ठी में शिरकत करेंगे तथा अपरान्ह 04 बजे विशुनापुर वीरपुर निवासी आशिफ चौधरी के आवास पर आयोजित अल्पसंख्यक कल्याण जागरूकता कार्यक्रम में शिरकत करेंगे तत्पश्चात 5.30 बजे जय चन्द्रपुर कटघरा पहुंच कर पूर्व जिला अध्यक्ष शंकर दयाल पाण्डेय से मुलाकात करेंगे और निरीक्षण भवन कटरा में रात्रि विश्राम के उपरान्त दिनाक 30 जुलाई लखनऊ को प्रस्थान करेंगे। उक्त जानकारी प्रभारी अधिकारी प्रोटोकाल रोहित ने दी है।


## कार्यालय- नगर पंचायत तिर्वागंज, कन्नौज

पत्रांक : मीमो/न0पं0ति0/2021–22 दिनांक : 25.07.2022

नोटिस अन्तर्गत धारा 147 म्यू0एक्ट 1916 सूचना पत्र

नामान्तरण हेतु एक प्रर्थना पत्र प्राप्त हुआ है। जिसका विवरण निम्न है। 1.आवेदक प्रार्थी का नाम–श्रीमती सुमित्रा देवी 2.पति का नाम– सन्तोष कुमार 3.भवन सं0/सम्पत्ति सं0–आवासीय प्लाट, 4. नि0– 31 स्टार कालोनी पटेलनगर,निकट सेक्टर–9 इन्द्रानगर,लखनऊ। 5. वर्तमान में पंचायत अभिलेख में उक्त भवन पर अंकित अध्याशी का नाम– श्री अरमुगान वारसी पिता का नाम औसाफ वारसी 6. मोहल्ला– लोहिया नगर,तिर्वा,कन्नौज। 7. नामान्तरण का आधार– क्रय विक्रय पत्र– बैनामा की छायाप्रति सलंग्न, विरासतन.......,आदेश न्यायालय.......,पंजीकृत वसीयत....., अन्य......, एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है। कि 30 दिवस के भीतर उक्त के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति हो तो उसके समर्थन में साक्ष्य संहित इस कार्यालय को उपलब्ध करा दें। निर्धारित समय व्यतीत होने के पश्चात् नामान्तरण/नाम संशोधन की कार्यवाही कर दी जायेगी। जिसका विवरण वर्तमान अभिलेख में अंकित/विवरण की प्रविष्टि के स्थान पर पंचायत के प्रस्तुत पत्र में अंकित विवरण की प्रविष्टि कर दी जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तिर्वागंज कन्नौज


## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान/दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न



ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। संचारी रोग नियंत्रण अभियान/दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होने अभियान से जुड़े जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन के आदेशानुसार विशेष संचारी रोग नियत्रंण अभियान व दस्तक अभियान द्वारा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने के साथ अभियान की सफलता शत–प्रतिशत सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने पाथ यूनीसेफ, डब्ल्यू एचओ द्वारा मॉनिटरिंग रिपोर्टिंग समीक्षा की पंचायती राज एव पशुपालन विभाग प्रगति समीक्षा के दौरान स्टेट एवरेज लक्ष्य के सापेक्ष कम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने तत्काल प्रगति लाने के निर्देश दिए और कृषि विभाग को सुधार करने हेतु निर्देशित किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के समस्त विकास खण्डों में आवंटित फागिंग मशीन द्वारा सही ढंग से कार्य करने का निर्देश दिया। ग्राम सभाओं में खराब हैण्डपम्प का पानी पीने से भविष्य में संक्रमण फैलने का खतरा अधिक रहता है। इसलिए उन्होने पंचायती राज विभाग को निर्देशित किया कि खराब हैण्डपम्पों को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए। उन्होने यह भी निर्देश दिया आई0ई0सी0 मद से कार्यक्रम सम्बन्धी प्रचार–प्रसार सामग्री उपलब्ध कराकर ग्राम सभाओं में अनिवार्य रूप से किया जाए। जनपद में सुअरवाड़ों की स्थिति खराब है इसे प्रत्येक मालिक से मिलकर उनको संवेदीकृत करें एंव छिड़काव कार्य कराया जाए। ग्राम सभाओं में झाड़ियों, तालाबों आदि की साफ–सफाई अभियान चलाकर की जाए। तथा प्रत्येक विद्यालय में हैण्ड वाश की जानकारी दी जाए तथा उनके परिवार को भी इसके प्रति जागरूक किया जाए।

उन्होने कहा कि अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतिदिन आशाओं के माध्यम से वीएचएनडी सत्रों पर संचारी रोग संबंधी बैठक, टीकाकरण, दिमागी बुखार केस की निगरानी, उपचार एवं रोगियों हेतु निःशुल्क 108/102 की व्यवस्था की जाये और मलेरिया विभाग द्वारा लार्वारोधी गतिविधियां चलाई जाये तथा आवश्यकतानुसार फागिंग करायी जाये।

नगरीय निकायों द्वारा समस्त वार्डो में प्रतिदिन नाली, नालों की सफाई, कचरा निस्तारण फागिंग आदि कराने के साथ सभी वार्डो में विशेष सफाई अभियान चलाकर पूर्व की भांति सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाये और वार्डवासियों को संचारी रोग के बचाव के लिए घर व आस–पास सफाई रखने के प्रति जागरूक भी करें। पंचायती राज विभाग द्वारा अभियान के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में फागिंगधछिड़काव एवं गांवों में विशेष सफाई अभियान के दौरान गलियों, नालियों आदि की सफाई, झाड़ियों की कटाई, संचारी रोग से बचाव हेतु ग्रामवासियों के साथ बैठक, प्रभात फेरी, जागरूकता रैली आदि का आयोजन किया जाये तथा पशु पालन विभाग द्वारा सूकर पालकों का चिन्हींकरण कर आबादी से दूर स्थापित करने हेतु प्रेरित करना और पोल्ट्री व्यवसाय के लोगों को संचारी रोग से बचाव तथा सफाई आदि के बारे में सूचितध्संवेदीकृत किया जाये। इस अवसर पर चौधरी एवं जमुनहा सौरभ शुक्ला, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 शारदा प्रसाद तिवारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 मुकेश मातन हेलिया, परियोजना निदेशक इन्द्रपाल सिंह जिला पूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वार्ष्णेय जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी अभय प्रताप, यूनिसेफ के प्रतिनिधि, सहित समस्त प्रभारी चिकित्सा धिकारीगण उपस्थित रहे।

## बेहतर कार्य करने वाले ग्राम प्रधान,खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं गुरुजन हुए सम्मानित

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त विद्यालयों को 19 पैरामीटर से संतृप्त किए जाने का कार्य निरंतर जारी है इसी के क्रम में 19 पैरामीटर से संतृप्तिकरण के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत जनपद के 10 विद्यालयों का चयन स्वच्छ विद्यालय के अंतर्गत किया गया है जिनमें से ऐसे पांच विद्यालय हैं जिनके ग्राम प्रधानों ने अपने सहयोग से विद्यालयों को सर्वश्रेष्ठ बनाया है तथा पांच ऐसे विद्यालयों का भी चयन किया गया जिन्होंने ग्राम पंचायत के सहयोग से अपने विद्यालय को सर्वश्रेष्ठ बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया है। इसके अतिरिक्त विद्यालयों को स्वच्छ बनाए जाने के लिए किए जा रहे प्रयास में जनपद के 30 विद्यालयों का चयन किया गया जिन्होंने अपने प्रयास से विद्यालय को प्रत्येक प्रकार से स्वच्छ एवं सुंदर बनाया। उक्त विद्यालयों का चयन भी ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया एवं उन विद्यालय के अध्यापकों को उनके प्रयास के लिए पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी ने सभी अध्यापकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस बात का आश्वासन दिया कि भविष्य में जनपद के समस्त विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत निर्धारित 19 पैरामीटर से संतृप्तिकरण का कार्य किया जाएगा साथ ही विद्यालयों की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए सभी विद्यालयों में स्वच्छता के कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी अध्यापकों से यह अपील की कि उनके न्याय पंचायत में जितने भी विद्यालय हैं वह सभी अध्यापकों को इसी प्रकार से अपने विद्यालयों को कायाकल्पित करने एवं विद्यालयों को स्वच्छ रखने के संबंध में प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि यह मेरी प्राथमिकता का कार्य है कि हमारे जनपद के समस्त विद्यालय प्रत्येक प्रकार से सुव्यवस्थित हो। कार्यक्रम में



जिला सपना सोनी, फरहान सिद्दीकी, ज्ञानेंद्र तिवारी सहित समस्त शिक्षा विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक अजीत कुमार उपाध्याय ने किया।

## तेजी से फैल रहा मंकीपाक्स संक्रमण, रहे सावधान : सीएमओ

- मंकीपाक्स से निपटने के लिए जिला अस्पताल में सभी इंतजाम : डा.शक्ति वसु

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। विश्व मे मंकीपाक्स तेजी से फैल रहा है। इसके बढ़ते मामलों को देखते हुए विश्व स्वास्थ संगठन द्वारा मंकीपाक्स को ग्लोबल इमरजेंसी घोषित कर दिया गया है। इसे देखते हुए जनपद में स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया हैं।मुख्य चिकित्साधिकारी डा.विनोद कुमार ने बताया कि जिले के सभी सरकारी और निजी चिकित्सालयों की ओपीडी में आने वाले मरीजों की गहनता से जांच करने के निर्देश दिए हैं। सीएमओ ने बताया कि मंकीपाक्स एक आर्थोपाक्स वायरस है। जो चेचक के समान होता है। यह वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में घाव,शरीर से निकलने वाले पदार्थ,खांसने– छींकने से मुंह से निकलने वाली बुदों, बिस्तर व कपड़े को साझा करने व संक्रमित व्यक्ति से संबंध बनाने व छुने से फैलता है। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ संगठन के मुताबिक इस वायरस के सबसे ज्यादा मामले उन पुरुषों में देखे जा रहे हैं जो एक दूसरे से संबंध बनाते हैं। जिला अस्पताल के चिकित्साधीक्षक डा.शक्ति वसु ने विश्व स्वास्थ संगठन द्वारा दी गई जानकारी को लोगों के साथ साझा करते हुए स्वास्थ्य केन्द्र में मंकीपाक्स के लिए निगरानी और सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों को और मजबूत करने आब्हान किया। उन्होंने कहा कि मंकीपाक्स से निपटने के लिए जिला अस्पताल में सभी इंतजाम किए





गए है।चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश देने के साथ ही 8 बेड का मंकीपाक्स आइसोलेटेड वार्ड भी बनाया गया है।

डा.वसु ने कहा कि मंकीपाक्स एक से दूसरे में फैलने वाली संक्रामक बीमारी है। इसका संक्रमण दो–चार सप्ताह तक रहता है। मंकीपाक्स से संक्रमित को व्यक्ति बुखार के साथ–साथ मांसपेशियों,बदन व सरदर्द, थकान,व लिम्फ्स नोड्स में सुजन आ जाती है। इसके साथ ही चेहरे पर लाल रंग के दाने निकलते या शरीर में छाले निकलने लगते हैं।जो धीरे–धीरे पूरे शरीर में फैलने लगते है। अगर किसी में इस तरह की परेशानी हो तो घबराएं नहीं बल्कि तुरंत अस्पताल जाकर बचाव व इलाज पर ध्यान दें।

उन्होंने बताया कि इस बीमारी सेबचने के लिए जरूरी है कि मरीज को तुरन्त आइसोलेट करें, गन्दे व संक्रमित कपड़ो से भी दूरी बनाएं। हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोएं। मास्क का इस्तेमाल करें और भीड़ भाड़ वाली जगह पर शारीरिक दूरी बनाएं रखें।

## जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे ने दीप प्रज्वलित व माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया







दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र(डायट), फतेहपुर के डायट ऑडिटोरियम में ष्योग प्रशिक्षण में प्रमाणन पाठ्यक्रमष का जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे ने दीप प्रज्वलित व माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि योग से शरीरिक व मानसिक विकास के साथ–साथ सामाजिक विकास में सहायक होता है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयो के छात्राओ को योग का प्रशिक्षण दिए जाने के लिए शारीरिक शिक्षा(पीटी शिक्षक) को एन्जेल नेचर क्योर संस्थान द्वारा एक माह का योग का प्रशिक्षण देकर योग के लिए प्रशिक्षण किया जाएगा, प्रशिक्षित योग अध्यापक/अध्यापिका कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के छात्राओ को योग शिखायेंगे। योग के लिए छः माह का प्रशिक्षण कक्षा–06 से 08 तक के छात्राओ को दिया जाएगा, के बाद परीक्षा भी करायी जाएगी, परीक्षा में सफल छात्राओ को योग प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र एन्जेल नेचर क्योर संस्थान द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षित योग अध्यापक छात्राओ को योग सिखाकर आत्मनिर्भर बनाने की एक पहल है , जो उनके जीवन में सार्थक साबित होगा। योग शिक्षा के साथ ही व्यवसाय से जुड़ने का एक माध्यम बनेगा, जो उनके जीवन में व्यक्तित्व निर्माण में सहायक होगा।

नीति आयोग द्वारा दी गयी धनराशि से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण करके आच्छादित किया गया है। बालिकाओं के जीवन स्तर में सकारात्मक सोच पैदा करने के लिए शिक्षा के साथ ही योग भी एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। छात्राओ के ह्रदय में शिक्षा के प्रति एक अलख आरोपित करने का कार्य करें, जिससे कि शत प्रतिशत छात्राएं शिक्षा से जुड़कर अपने जीवन को संवार सके। योग का प्रशिक्षण चयनित अध्यापक पूरी इच्छा शक्ति से योग का प्रशिक्षण ले और पूरे मनोयोग के साथ छात्राओ को योग सिखाकर पुण्य के भागीदार बने। एन्जेल नेचर क्योर के पदाधिकारी श्री अंगद सिंह द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री सत्य प्रकाश, डायट प्राचार्य श्री नजीरुद्दीन अंसारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री संजय कुमार कुशवाहा सहित सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## नगर पंचायत परिसर मे जी एस टी पंजीयन जागरूक लगा शिविर

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट तंबौर सीतापुर। नगर पँचायत कार्यालय परिसर में जीएसटी पंजीयन जागरूकता शिविर का आयोजन उपयुक्त राज्य कर भूपाल बहादुर सिंह की अध्यक्षता में किया गया।सहायक आयुक्त राज्य कर नीरज शुक्ला ने व्यापारियों को जीएसटी से होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी।इस




दौरान व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना,समाधान योजना,रिटर्न फाइलिंग आदि के बारे में विस्तार से जानकारियां दी गयी।तथा अपंजीकृत व्यापारियों को जीएसटी में पंजीयन लेने हेतु प्रेरित किया गया।इस दौरान रिटर्न दाखिल करने के बारे में भी विस्तार से बताया गया।आने वाले 6 जुलाई को प्रदेश के मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश जारी किए है जिससे बिना जी एस टी मे बिना पंजीकरण के कोई भी ब्यापार करना ब्यापारियो के लिए समस्या बन सकता है जिसकी जिम्मेदारी वाणिज्य कर अधिकारी सियाराम जी को सौपी गई है इस शिविर आयोजित मे उपस्थित रहे ब्यापार मंडल अध्यक्ष खुर्शीद गौरी दिलीप रस्तोगी राजू पोरवाल मोहम्मद शमीम आदि लोग मौजूद रहे।

## महिला बंदियों के साथ रह रहे सभी बच्चों को सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें

ओंकार नाथ चौधरी बलरामपुर। जनपद बलरामपुर माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्रधिकरण, बलरामपुर द्वारा जिला जेल, बलरामपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला बलरामपुर द्वारा महिला वैरिक का निरीक्षण किया गया निरीक्षण गया तथा महिला बन्दियों से उनकी समस्याओं के बारे मे पूछा गया । पुरूष बैरिकों का निरीक्षण किया गया तथा पुरूष बन्दियों से उनकी समस्याओं के बार में पूछा गया तथा बन्दियों के पास अपने मामलें के पैरवी हेतु अधिवक्ताओं की उपलब्धता/ पैरवी के संबंध में भी पूछताछ की गई। यदि किसी बन्दी के पास अपने मुकदमें के पैरवी हेतु अधिवक्ता न हो तो जेल अधीक्षक के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलरामपुर को प्रेषित कर सकते है। पाकशाला का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान जेल मैनुअल के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया है। जेल अधीक्षक कारागार की समुचित साफ सफाई बन्दियों को पीने के पानी की उपलब्धता एवं मच्छरों से बचने हेतु नियमित



फागिंग कराये जाने तथा जिला जेल में संचालित अस्पताल का निरीक्षण किया गया जिसमें कुल 04 बीमार बन्दी भर्ती मिले उनको समुचित इलाज उपलब्ध कराने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। माननीच उच्चतम न्यायालय एवं माननीच उच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों के अनुसार महिला बन्दियों के साथ रह रहे सभी बच्चों को सुविधाए उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। जिला कारागार में स्थापित लीगल एड क्लीनिक में नामित पी०एल०वी० द्वारा सभी बन्दियों को डाटा कम्प्यूटर पर अपलोड कराने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया जिससे समय पर सूचना मिल सके। निरीक्षण के दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जेल अधीक्षक एवं उपकारपाल उपस्थित रहे।

## पुलिस उपमहानिरीक्षक पद पर प्रमोशन होने पर किला मजदूर यूनियन के पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई ने दयानंद मिश्रा को साथियों संग पुष्प गुच्छ व माता पार्वती संग महादेव की अलौकिक मूर्ति भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करी

कानपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस की फूड सेल शाखा लखनऊ में पुलिस अधीक्षक पद पर कार्यरत श्री दयानंद मिश्रा का उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक(डीआईजी) पद पर पिछले सप्ताह प्रमोशन करते हुए फूड सेल शाखा लखनऊ में ही तैनाती दी गई है। जिस पर आर्डिनेंस इक्विपमेंट फैक्ट्री फूलबाग कानपुर की किला मजदूर यूनियन के कार्यकारणी सदस्य एवं पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई ने हर्ष व्यक्त करते हुए बुधवार



दिनांक 27/7/2022 को लखनऊ स्थित इंदिरा भवन में श्री दयानंद मिश्रा से साथियों संग मुलाकात करी। इस दौरान पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई ने साथियों के साथ पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) पद पर प्रमोशन होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करी। साथ ही सावन के पवित्र मास के अवसर पर माता पार्वती संग महादेव की अलौकिक मूर्ति भी उन्हें भेंट करी। इस दौरान पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई ने कहा कि श्री दयानंद मिश्रा जी बहुमुखी प्रतिभा के और मिलनसार पुलिस अधिकारी हैं। पूर्व में वर्ष 2007 से लगभग 4 वर्षों तक इनकी तैनाती कानपुर नगर में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिम के तौर पर रही है । जिस दौरान उन्होंने अपने पश्चिम क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था बनाने के साथ अपराधो पर अंकुश लगाने का काम किया और जनता के बीच में एक लोकप्रिय और ईमानदार छवि के अधिकारी के रूप में अपनी पहचान बनाई। जिसके लिए इनके कार्यकाल को सेवानिवृत्ति के बाद भी हमेशा याद किया जाएगा। लखनऊ शुभकामनाएं देने के लिए पुलिस उपमहा निरीक्षक श्री दयानंद मिश्रा ने किला मजदूर यूनियन के पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई सहित सभी का आभार जताते हुए धन्यवाद कहा और भगवान महादेव से सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई, अनुराग अग्निहोत्री, ऋषि महेश्वरी, पूर्व प्रचार मंत्री हरिश्चंद्र, जयप्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## लगातार तीसरे दिन निशुल्क ट्रक ड्राइवर का शिविर का आयोजन

सीतापुर। जनपद सीतापुर के खैराबाद टोल प्लाजा एन0 एच024 पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम निशुल्क ट्रक ड्राइवर हेतु आंख की जांच एवं चश्मा वितरण सात दिवसीय शिविर का चौथा दिन भी डॉ आफताब रजा द्वारा ड्रावर की नि0 शुल्क आँख की जांच की गई संस्था के डॉक्टर आफताब राजा वह कर्मचारी कंचन असलम मोनू ने ड्राइवरों को कैम्प पर बुलाकर आंख की जांच निशुल्क कर उनको उनके नंबर द्वारा चश्मा उपलब्ध कराया गया ड्राइवर मनोज धर्म सिंह पवन यादव योगेंद्र कुमार विनय कुमार ने अपनी आंख जांच करा कर संस्था एकेडमी ऑफ मास्स कम्युनिकेशन लखनऊ के भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ ट्रक चालकों को मिल



रहा है ट्रक चालक मनोज ने संस्था द्वारा चयनित जगह की तारीफ की संस्था ने जनता ढावा पर एन0एच0 24 पर पूरे उत्तर प्रदेश की गाड़ी का आना जाना रहता है जिसे अधिक से अधिक ट्रक चालक को लाभ मिल रहा है सराहनीय उसे हुए धन्यवाद प्रकट किया सरकार द्वारा चलाई गई इस योजना का लाभ उन ड्रावरो को मिल रहा है जो समय के अभव के कारण अपनी आंख की जांच नही कर पाते और हादसो का कारण बनते है संस्था द्वारा कार्यक्रम 7 दिवसीय तक खैराबाद के टोल प्लाजा जनता ढावा जनपद सीतापुर में संचालित रहेगा।

## करंट लगने से युवक की मौत,परिवार में छाया मातम





औरैया। गांव के गढ़ा कासदा में सुबह के करीब आठ बजे घर की साफ सफाई कर रहा था युवक। अचानक हाथ बढ़ाया तो घर में लगी तार की बायर हाथ में छूते ही बिजली के करंट लगने से युवक जमीन पर गिर पडा।अचानक गिरते देख घर में मौजूद भाई ने उठाकर गंभीर हालत में सीएससी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने युवक को देखते ही मृत घोषित कर दिया ।भाई की अचानक मौत से दोनों भाइयों समेत अन्य परिवारी जनों का रो–रो कर बुरा हाल हो रहा था। परिवारी जनों ने मौत की सूचना पुलिस को फोन से दी ।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर शव को पीएम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक गांव के मनोज कुमार पुत्र प्रमोद कुमार उम्र 25 वर्ष सुबह के समय साफ सफाई कर रहा था। करंट की चपेट में आने से युवक मौत के मुंह में समा गया। मृतक के दो भाई हे।जो अपना जीवन यापन करते है। वही मनोज कुमार की बिजली करंट से मौतहो गई ।जबकि दो दिन बाद उसने विदेश जाने का टिकट बुक किया था। सूचना पुलिस प्रशासन को दी मौके पर पहूचा पुलिस प्रसाशन। इस संबंध में कोतवाल प्रभारी हरिगोविंद्र वर्मा ने बताया की युबक की मौत बिजली का करेंट लगने होने की सूचना मिली है पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## विभाग द्वारा नहीं हुई सोसल ऑडिट की गई सिर्फ खाना पूर्ति

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर अशोक वर्मा(लम्भुआ सुल्तानपुर)। खबर है लम्भुआ ब्लॉक से नहीं हुई सोसल ऑडिट 5 ग्राम पंचायतों में होनी थी खुली बैठक कारण पता किया गया तो खण्ड विकास अधिकारी लम्भुआ ने अनभिज्ञता जताई कि मुझे कोई जानकारी नहीं है किन किन गाँव में होनी है, जबकि सोसल निदेशालय द्वारा ग्राम सभाओं की ऑडिट के क्रम में 25 जुलाई से 10 अक्टूबर तक का कलेण्डर जारी किया गया था जिसमें अहिरौला, बड़ागांव,अवसानपुर ,वैनी, अर्जुनपुर में होनी थी जबकि जनताजनार्दन के सामने लेखा जोखा प्रस्तुत करना था जिससे ग्रामसभा में बिना काम कराए ही भ्रष्टाचार की चादर ओढ़ कर सबकुछ इतश्री करते हुए विना गामीणों को भनक भी नहीं लगी।जब इसकी जानकारी चाही गई तो कुछ प्रधानों को तो जानकारी ही नहीं तो किसीने 5 से 7 लोगों की उपस्थिति दर्ज बताया।समाचार लिखे जाने तक खण्ड विकास अधिकारी लम्भुआ से बात चीत के दौरानजरिये दूरभाष पर अनभिज्ञता जाहिर की मुझे जानकारी नहीं है में ग्रामप्रधान, ग्रामविकास अधिकारी से बात करके बतादेगें दुर्भाग्यपूर्ण है कि बताना भी मुनाशिब नहीं समझा कार्यों का विवरण प्रपत्र ठ एवं ब तथा प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना प्रपत्र । तथा कार्यो के सातों रजिस्टरों तथा कार्यो की पत्रावली एवम सम्बंधित अभिलेखों की प्रतियां सम्बन्धित कार्यदाई संस्थाओं की होनी थी,इन प्रपत्रों की जाँच सोसल ऑडिट द्वारा होनी थी, परन्तु सिर्फ खाना पूर्ति मात्र की गई।शेष सभी समाचार कल पूरी जानकारी के साथ बताया जाएगा।

## एसपी ने सात उप निरीक्षकों को लगाया पदोन्नति बैज

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर सोमेन बर्मा ने पुलिस कार्यालय पर निरीक्षक पद पर प्रोन्नति पाये 1–शिवाकान्त त्रिपाठी पीआरओ पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर 2–रवि कुमार सिंह थानाध्यक्ष चांदा 3– अमरेन्द्र बहादुर सिंह थानाध्यक्ष बल्दीराय 4– श्रीराम पाण्डेय थानाध्यक्ष धनपतगंज 5–रामपाल प्रभारी विधि विज्ञान प्रयोगशाला 6–चन्द्रभान वर्मा चौकी इंचार्ज बेलवाई थाना अखण्डनगर 7–अनिरुद्ध सिंह पुलिस लाइन सुलतानपुर को



उपनिरीक्षक के पद से निरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर निरीक्षक का बैज लगाया गया तथा बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई । इस अवसर पर अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे। यह उपनिरीक्षक कई थानों पर अब तक तैनात रहे जिसे कामयाबी का रास्ता मिलते हुए आखिरकार पदोन्नत हो ही गई।

## बैठक कर ई रिक्शा चालकों ने रखी अपनी अपनी समस्या

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई। शहर के ई रिक्शा चालकों ने बैठक कर अपनी समस्याएं बताई ई रिक्शा चालकों ने कहा कि शहर में किराया कम मिलता है। नगर पालिका अधिकारियों से मांग की है कि शहर सीमा में किराए के रेट बढ़ाए जाए। रेट सूची शहर के सभी स्थानों पर लगाई जाए। व पुलिस द्वारा चालकों का उत्पीड़न रोका जाए। ई रिक्शा एसोसिएशन कॉमाछा देवी के अध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में बुधवार को शहर के मोहल्ला लहारिया पुरवा स्थित ग्राउंड में ई रिक्शा चालकों की बैठक हुई। जिसमें उनकी समस्याएं सुनी गई। ई रिक्शा चालकों ने बताया कि शहर में ट्रैफिक पुलिस कम होमगार्ड व अन्य पुलिस कर्मी चौराहों पर उन लोगों को न तो खड़ा होने देते है। न ही सवारियां उतारने व चढ़ाने देते है। अक्सर रिक्शे वालों के साथ मारपीट कर अभद्रता करते है। कई पुलिस कम रिक्स में बैठने के बाद किराया भी नहीं देते तो वहीं बैठक में किराया बढ़ाए जाने की माग भी चालकों में रखी। चालक का कहना है कि कई स्थानों पर आने में अभी भी उन्हें पांच रुपये मिलते है। जिससे उसका कोई ना नहीं हो पा रहा है। रिक्ता चालकों ने कहा कि नगर पालिका सीमा क्षेत्र में ई रिक्शा व चालकों के लिए किराए का विचार कर रेट सूची रेलवे स्टेशन बस स्टैंड सहित शहर के सभी चीज पर लगाए। इस दौरान अजय कुमार नितिन बाथम माया शंकर खालिद मंसूरी सोनू यादव सोनू यादव अमन अकरम सत्येंद्र सिंह आशिक साए राकेश सिंह साकिर गोपाल उमेश दयानंद नितिन बृजेश जगमोहन आदि उपस्थित रहे।

## डीएम की सख्ती के बाद भी धड़ल्ले से निकाले जा रहे ओवरलोड ट्रक पुलिस और लोकशन माफियाओं की सक्रियता नहीं हुई कम

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। जिलाधिकारी चांदनी सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने मिल रही सूचनाओं के आधार पर गत दिनों रात के समय मध्यप्रदेश की सीमा से सटे माधौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुरा पर औचक निरीक्षण कर एसडीएम माधौगढ़ एवं थानाध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से हटाये जाने का काम किया था। इसके बाद भी ओवरलोड ट्रकों को निकलवाने में पुलिस और लोकेशन माफियाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। सूत्रों की मानें तो रात के समय पुलिस और लोकेशन माफियाओं की मिली भगत के चलते माधौगढ़ थाने की चर्चित बंगरा पुलिस चौकी के अलावा रेढ़र थाना क्षेत्र से अभी भी जारी है रात्रि के समय ओवरलोडिंग का खेल जिसको पुलिस और लोकेशन माफिया अंजाम देने का काम रात्रि के समय करते हुए देखे जा सकते हैं।जबकि जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने ओवरलोडिंग एवं लोकेशन माफियाओं पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है जिसका असर जनपद में कुछ दिखाई भी देने लगा है। फिर भी लुकेछिपे ओवरलोडिंग एवं लोकेशन माफिया का खेल पूरी तरह से बंद नहीं हुआ है यह लोकेशन माफिया पुलिस की मदद से रात्रि के समय अपनी गतिविधियों को अंजाम देने से अभी भी नहीं चूक रहे है।

## डीएम ने नया पटेलनगर, ठड़ेश्वरी मंदिर, कोंच बस स्टैंड पर अमृत योजना के तहत बनाये जा रहे पार्कों काकिया निरीक्षण

- जनपद में अभियान के तहत स्वच्छ रखा जायेगा जिसके ठोस प्रबन्धा कार्ययोजना बनाये जाने के निर्देश दिये

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने नया पटेल नगर ठड़ेश्वरी मन्दिर पार्क व कोंच बस स्टेण्ड स्थित सुमित पार्क अमृत योजना के तहत बनाये जा रहे पार्को की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही उन्होने जनपद में अभियान के तहत स्वच्छ रखा जायेगा जिसके ठोस प्रबन्धा कार्ययोजना बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होने निरीक्षण के दौरान पार्को की स्थिति सही न पाये जाने पर संबंधित अधिकारी तथा कार्यदायी संस्था को जमकर फटकार लगायी। उन्होने निर्देशित किया कि उक्त कार्यदायी संस्था को जल्द से जल्द उक्त पार्को को पूर्ण कराये। साथ ही संबंधित कार्यदायी संस्था को कोई भी भुगतान बिना जानकारी के न दिये जाये। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि अमृत योजना के तहत बनाये जा रहे पार्को का मानक के अनुसार कार्य कराया जाये। उन्होने जनपद में स्वच्छता के प्रति अभियान चलाकर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने निरीक्षण के दौरान जेल रोड के किनारे




कूड़ा डम्प न करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि कूड़ा प्रबन्धन के लिये जनपद की बेहतर कार्ययोजना बनाकर कूड़ा डम्पिंग ग्राउण्ड चिन्हित कर उक्त ग्राउण्ड पर ही कूड़ा डम्प किया जाये। उन्होने कहा कि साफ–सफाई के लिये प्राथमिकता पर कार्य करें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही क्षम्य नही होगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(वि./रा.) पूनम निगम, सिटी मजिस्ट्रेट कुंवर वीरेन्द्र मौर्य सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम व एसपी को शिकायती पत्र भेंट कर जांच की निष्पक्ष मांग उठाई दर्ज मुकदमें की जांच निष्पक्षता के साथ करवाये जाने की मांग

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। 2 मार्च को 2022 को कोंच कोतवाली में संगीन धारा फर्जी मुकदमा में फंसाये जाने की निष्पक्ष जांच करवाये जाने की मांग को लेकर आज बुधवार को मोहिनी राजावत पुत्री रविन्द्र सिंह राजावत निवासी ग्राम सिकरीराजा कोतवाली जालौन ने ग्राम प्रधान आलोक वर्मा, क्षेत्र पंचायत सदस्य लालसिंह, श्रीपाल, छोटे लाल, राजू आदि ग्रामीणों के साथ मिलकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देते बताया कि वह बीए की छात्रा है। बताया है कि 01 मार्च 2022 को कोंच थाना क्षेत्र के ग्राम भेड़ की पुलिस चौकी में तैनात का. ओमप्रकाश पुत्र गुरुदयाल जाटव ने एक मुकदमा 02 मार्च को धारा 147, 332, 353, 323, 504, 506, 427, 3 (1) (द) 3 (1) के अंर्तगत श्यामरामू पुत्र घनश्याम निवासी ग्राम भेड़, मनु उरफ सौरभ पुत्र सुरेन्द्र उरफ छुना निवासी ग्राम उदोतपुरा थाना जालौन तथा पंकज पुत्र स्व. चरन सिंह निवासी ग्राम देवरी थाना जालौन व रामजी पटेल पुत्र मंगल सिंह निवासी ग्राम धनौरा थाना कोंच जनपद जालौन व 3–4 अज्ञात लोगों के विरुद्ध उपरोक्त धाराओं में थाना कोंच कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें सभी नामदर्ज लोगों पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

पीड़ित मोहिनी राजावत ने बताया कि मुकदमा में दो अज्ञात ब्यक्तियों में से श्यामजी निवासी ग्राम सिकरीराजा कोतवाली जालौन व भददू पुत्र बुद्ध सिंह निवासी ग्राम सिकरीराजा ने जनपद न्यायालय में आत्म समर्पण कर लिया था जो जमानत करवा कर जेल से बाहर आ गये है। जबकि मेरे भाई का इस घटना से कोई लेना देना नहीं है और न ही मेरा भाई घटना में शामिल था।शिकायत कर्ता मोहिनी राजावत का कहना है कि षड़यंत्र के तहत मेरे भाई



को घटना से जोड़ा जा रहा है जिसके ऊपर आज तक जनपद के किसी भी थाने में अभियोग पंजीकृत नहीं है फिर भी स्थानीय पुलिस द्वारा बराबर मेरे घर पर आकर परिजनों को परेशान कर रही है। इस मामले में पूरा गांव मेरे पक्ष में गवाह के रूप में साथ है।पीड़ित ने डीएम व एसपी से निष्पक्ष जांच करवाये जाने की मांग उठाई है जिससे निर्दोष को न्याय मिल सकें।

## खंड शिक्षा अधिकारी मनोजित राव को जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन सुल्तानपुर। जिले के बल्दीराय क्षेत्र के खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोजीत राव को बेहतर शिक्षण व्यवस्था ,समन्वय ,शैक्षिक उन्नयन को लेकर जिला अधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।बल्दीराय के खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोजीत राव के द्वारा वर्तमान सत्र में सतत कार्य मूल्यांकन, बेहतरीन विद्यालय कायाकल्प ,बेहतर समन्वय, शैक्षिक उन्नयन के साथ सरकार के द्वारा जारी निर्देशों का कुशल संचालन करते हुए परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जिला अधिकारी रवीश कुमार गुप्ता , मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी के द्वारा बीओ. मनोजीत राव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसे लेकर सभी शिक्षकों में खुशी व्याप्त है वही बीओ. बल्दीराय ने बताया कि परिषदीय विद्यालय के हमारे शिक्षक पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने कार्यों का अंजाम दे रहे हैं। जैसे कम्पोजिट विद्यालय गोविंदपुर, कम्पोजिट विद्यालय गौहनिया ,पूर्व माध्यमिक विद्यालय पांडेयपुर, डेहरियावा, प्राथमिक विद्यालय इसौली, कम्पोजिट विद्यालय चक शिवपुर सहित अनेकों विद्यालय के द्वारा एक बेहतर शिक्षा का माहौल बनाया जा रहा है जिसके लिए सभी शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक का आभार व्यक्त करता हूं कि जो बल्दीराय पूरे जनपद में प्रथम आकर सम्मानित हुआ इसका श्रेय हमारे सभी परिषदीय शिक्षकों को जाता है। एआरपी रामधर यादव, व्यायाम शिक्षक हीरालाल यादव, वेद प्रताप सिंह ,शारदा प्रसाद, सन्तभुवाल गुप्ता ,संदीप पांडेय, राम करन साहू, कृष्ण कुमार सिंह, अखिलेश सिंह ,जितेंद्र बहादुर सिंह ,चंद्रपाल पाठक ,जहीर आलम ,अशोक यादव ,शकील अहमद ,मो. असलम ,अमरेंद्र कुमार सहित अनेकों शिक्षकों ने खुशी का इजहार किया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन हेतु बैठक हुई संपन्न

कानपुर। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर नगर श्री सुशील कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक–13 अगस्त 2022 को किया जा रहा है। 'माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष,' जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर नगर 'श्री मयंक कुमार जैन' द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की गई उक्त बैठक में पुलिस कमिश्नर, जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, प्रभारी अधिकारी मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों से यह अपेक्षा की गई कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक रेवेन्यू वादों का निस्तारण किया जाए एवं पुलिस के माध्यम से शत–प्रतिशत तमिला सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु आश्वासन दिया गया। इसी क्रम में श्री प्रथम कान्त, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश /नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा लीड बैंक के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। उक्त बैठक में बैंक ऑफ बड़ौदा (लीड बैंक) के पदाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर नगर भी उपस्थित रहे। उक्त बैठक में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा लीड बैंक के अधिकारियों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किए जाने एवं प्रत्येक बैंक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी हेतु बैनर व पैम्पलेट्स चस्पा कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे आम जनमानस को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ प्राप्त हो सके। लीड बैंक के अधिकारियों द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया।

## कारगिल दिवस के अवसर पर एसएसबी के जवानों के कलाई पर राखी बांध पर उनके सलामती का किया कामना

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी रक्सौल। कारगिल दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रक्सौल द्वारा उनके शहादत पर बोर्डर पर तैनात एसएसबी के जवानों और



अधिकारियों के कलाई पर राखी बांधकर उनके सलामती की कामना किया।महिला सम्मेलन के अध्यक्षा बीणा गोयल के नेतृत्व में सम्मेलन के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने एसएसबी 47वीं बटालियन हवाईअड्डा कैम्प पहूंच कर एसएसबी के उप कमांडेंट मनोज कुमार,सब इन्स्पेक्टर रमेशचन्द्र नेगी, सहायक उप निरीक्षक हुकुमचंद, कुलदीप सिंह, मुख्य आरक्षी रवी दास सहित कई एसएसबी जवानों को रक्षा बांध कर गिफ्ट प्रदान कर उनके दिर्घायु जीवन और सलामती की कामना किया।इस अवसर पर उप कमांडेंट मनोज कुमार ने कहा कि बहुत अच्छा लगा मुझे इस सरहद पर भी हमारी चिन्ता करने वाली इतनी सारी बहने हैं जो हमारी रक्षा के लिए राखी बांधी है।इसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं।वहीं इस अवसर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के अध्यक्षा बीणा गोयल ने कहा कि कारगिल दिवस के अवसर पर भारत में शहीद हुए उन शहीदो को याद करते हुए भारत नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी के अधिकारियों व जवानों को हमलोग अपने हांथ से बनाए गए राखी को उनके कलाई पर बांध कर उनके सलामती और उनके दिर्घायु जीवन की कामना किए। क्योंकि उन्हीं लोगों के कारण आज हमलोग सुरक्षित है। इस अवसर पर एसएसबी हवाई अड्डा के सब इन्स्पेक्टर रमेशचन्द्र नेगी ने कहा कि सरहद की रक्षा करने के लिए हमलोग अपने घर से काफी दूर है। रक्षा पर्व पर भी हम घर नहीं जा पाते हैं राखी बंधवाने। लेकिन आपलोगों ने राखी बांधकर बहन के इस कमी को भी पूरा कर दिया।आपलोगों ने इतना स्नेह प्यार दिया कि मुझे नहीं महसूस होता कि मैं घर से बाहर हूं।मैं आपलोगो के रक्षा के लिए सदैव खड़ा रहूंगा।इस अवसर पर अध्यक्षा वीणा गोयल, सचिव सोनू काबरा, कोषाध्यक्ष संगीता धनोटिया, सारिका अग्रवाल, शिखा रंजन, संगीता रुंगटा, बबीता रुंगटा, रेनू रुंगटा, सुनीता शाह, अनुराधा शर्मा, मधु अग्रवाल, बबली अग्रवाल और डॉ निशा रुंगटा उपस्थित थीं।

## दस्त नियंत्रण पखवाड़ा अब 13 अगस्त तक 36 हजार ओआरएस पैकेट का हो चुका वितरण समयावधि बढ़ी



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) वैशाली। डायरिया से बचाव के लिए जिले में चलाए जा रहे दस्त नियंत्रण पखवाड़ा लोगों को डायरिया पर जागरूक तो कर ही रहा है, ओआरएस पैकेट का वितरण भी खूब किया जा रहा है। जिले मे अभी तक कुल 36 हजार ओआरएस के पैकेट का वितरण हो चुका है। जिले में कुल 2 लाख 82 हजार 59 ओआरएस के पैकेट का वितरण होना है। डीसीएम निभा कुमारी सिन्हा ने बताया कि 15 जुलाई को दस्त नियंत्रण पखवाड़े की शुरूआत हुई थी जिसे 30 जुलाई तक चलाना था। डीसीएम निभा कुमारी सिन्हा ने बताया कि दस्त नियंत्रण पखवाड़े को 30 जुलाई के बाद भी दो सप्ताह (13 अगस्त तक) के लिए बढ़ाया गया है। जिससे शत प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति की जा सके। दस्त नियंत्रण पखवाड़े में आशा कार्यकर्ता व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के अलावा विभिन्न विभागों के समन्वय से कार्य को पूरा किया जा रहा है। निभा सिन्हा ने बताया कि दस्त नियंत्रण पखवाड़ा के दौरान जिले के सभी पांच वर्ष तक के बच्चों को लक्षित किया गया है। अभियान के तहत स्वास्थ्य केंद्रो, अतिसंवेदनशील क्षेत्रों, शहरी झुग्गी–झोपड़ी, निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के परिवार, ईंट–भट्ठे के निर्माण वाले क्षेत्र, अनाथालय और ऐसे चिह्नित क्षेत्र जहां दो तीन वर्ष पूर्व तक दस्त के मामले अधिक पाये गये हों, छोटे गांव व टोले जहां साफ सफाई और पानी की आपूर्ति एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी हो, ऐसी जगहों को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में रखा गया है। डीसीएम ने बताया कि सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा का लक्ष्य जिले के 5 वर्ष तक के बच्चे तक ओआरएस पैकेट पहुंचाना भी है। साथ ही डायरिया से बचाव को लेकर ओआरएस और जिंक टेबलेट देने लिए प्रेरित करने के साथ

## शम्स ने किया पूर्व राष्ट्रपति कलाम के पुण्य तिथि पर मदरसा के बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण

वीरेन्द्र कु. सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढ़ी। पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथी पर सीतामढ़ी जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष शम्स शाहनवाज ने शिमरा स्थित मदरसा फैजाने मुस्तफा में बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस अध्यक्ष शम्स शाहनवाज ने कहा कि डॉ. अब्दुल कलाम ने भारत को विश्व शक्ति बनाने में अहम भूमिका निभाई। भारतीय बैलिस्टिक मिसाइल और पोखरण प्रक्षेपण वाहन टेक्नोलॉजी का विकास उनके नेतृत्व में किया गया। यही वजह है कि डॉ. कलाम को विश्व के प्रख्यात मिसाइल मैन के रूप में जाना जाता है। एक वैज्ञानिक और एक राष्ट्रपति के रूप में अपना अतुल्य योगदान देकर देश की सेवा की। उनके विचार युवाओं को हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। इससे पूर्व छात्रों ने डॉ.कलाम की मगफिरत की दुआ की। मौके पर मौलाना जहांगीर, जिला कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुशवाहा, तनवीर खान, अख्तर रजा खान, अब्दुल कयूम, मौलाना इजराइल, वैदेही शरण यादव, रंजीत कुमार, राजा राम, भरत कुमार, मो.मंसूर, मो.नेयाज, मो. मोजस्सिम आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।



## जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंडर-17 (बालिका) का 1अगस्त 2022 एवं बालक का 2 अगस्त 2022 को ट्रायल जानकी स्टेडियम डुमरा, सीतामढ़ी में की जाएगी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंडर–17 (बालिका) का 1अगस्त 2022 एवं (बालक) का 2 अगस्त 2022 को ट्रायल जानकी स्टेडियम डुमरा, सीतामढ़ी में की जाएगी। उक्त जानकारी सीतामढ़ी जिला खेल पदाधिकारी जयनारायण कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी को बिहार राज्य अंतर्गत मान्यता प्राप्त विद्यालय का नियमित छात्र होना अनिवार्य है। जिले के माध्यमिक विद्यालय, उच्च माध्यमिक विद्यालय,मध्य विद्यालय, एवं निजी विद्यालय (सीबीएसई आईसीएसई) से मान्यता प्राप्त नियमित छात्र भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिनकी उम्र 31 दिसंबर 2022 को 17 वर्ष से कम होगी। सभी खिलाड़ी को योग्यता प्रमाण–पत्र के साथ सक्षम प्राधिकार से निर्गत जन्म प्रमाण पत्र,आधार कार्ड, विगत वर्ष उतीर्ण परीक्षा का अभिप्रमाणित अंक पत्र, विद्यालय परिचय पत्र तथा विद्यालय की उपस्थिति पंजी की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। इस प्रतियोगिता में विजेता फुटबॉल दल को राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंडर 17 (बालकध्बालिका) प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजा जाएगा जो 2 अगस्त से पटना में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 31 जुलाई 2022 तक विद्यालय अपने फुटबॉल दल का पंजीकरण जिला खेल पदाधिकारी के कार्यालय इंडोर स्टेडियम डुमरा सीतामढ़ी में करा सकते हैं।



## विकासात्मक योजनाओं का निरीक्षण के साथ संबंधित स्थलों पर लोगों से फीडबैक भी लिया गया



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। मुख्य सचिव बिहार पटना के आदेशानुसार सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के त्वरित एवं प्रभावी ढंग से लागू करने एवं इनके सतत अनुश्रवण तथा राज्य में न्याय के साथ विकास को सुनिश्चित करने के साथ–साथ प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ एवं संवेदनशील बनाने के उद्देश्य आज जिले के सभी वरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी द्वारा जिले के अलग–अलग प्रखण्डों के पंचायतों में हर घर नल का जल योजना की स्थिति और उसके रख–रखाव एवं ग्रामीणों से नल जल योजना के सफल संचालन के संबंध में फीडबैक लेना, घर तक पक्की गली नाली योजना में उसके रखरखाव नाली एवं सोक पीट की स्थिति, सड़क की स्थिति, पंचायतों में प्राथमिक माध्यमिक, उच्च विद्यालय में छात्रों शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यालय के भवन की स्थिति छात्र छात्राओं के शौचालय पेयजल बिजली आदि की व्यवस्था, मध्यान भोजन की गुणवत्ता, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक छात्रावास भवन का निरीक्षण भवन में बिजली कनेक्शन ,बेड शौचालय, रसोई कक्ष, पुस्तकालय एवं अन्य सुविधाओं का निरीक्षण, स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उप स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक पैरामेडिकल स्टाफ आशा कार्यकर्ता की रोस्टववार उपस्थिति, स्वास्थ्य केंद्र में दवाएं उपकरण बेड, शौचालय भवन की स्थिति बिजली कनेक्शन पेयजल की स्थिति का निरीक्षण, आंगनबाड़ी केंद्र पर स्टाफ एवं बच्चों की उपस्थिति केंद्र पर पोषाहार कार्यक्रम, कुपोषित एवं कम वजन के बच्चों के लिए पूरक पोषाहार की स्थिति सामाजिक सुरक्षा से सभी पेंशन योजनाओं में लाभुकों के खातों में वितरण किए जा रहे ।

राशि की स्थिति, खाद्यान्न भंडारण का निरीक्षण खाद्यान्न की गुणवत्ता, मनरेगा के तहत मनरेगा योजनाओं के अद्दतन स्थिति, प्रधानमंत्री आवास योजना की अद्दतन स्थिति, पंचायत सरकार भवन की स्थिति, राजस्व के क्षेत्र में म्यूटेशन, जमाबंदी, लगान रसीद, बंदोबस्त डाटा रिकॉर्ड की प्रविष्टि, ग्रामीणों द्वारा भू राजस्व मामले से संबंधित मुद्दे पर कोई शिकायत के साथ सरकार के अन्य विकासात्मक योजनाओं का निरीक्षण के साथ संबंधित स्थलों पर लोगों से फीडबैक भी लिया गया।

## जिले में कोविड टीकाकरण का महाअभियान आज

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स)

☒ महाअभियान में टीकाकरण से वंचित लोगों को वैक्सीन देकर लाभान्वित किया जाएगा

☒ जिले में अभी तक लगा 40 लाख 25 हजार 927 लोगों को कोविड का टीका

सीतामढ़ी। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग जिले में टीकाकरण की रफ्तार बढ़ा रहा है। टीकाकरण के लक्ष्य को शत–प्रतिशत हासिल करने के लिए विभिन्न स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। टीकाकरण की गति को रफ्तार देने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार (28 जुलाई) को भी जिले भर में कोविड–19 टीकाकरण को लेकर महाअभियान का आयोजन किया जाएगा। इसमें टीकाकरण से वंचित लोगों को वैक्सीन देकर लाभान्वित किया जाएगा। खासकर 12–14 साल के आयु वर्ग के किशोरधकिशोरी व योग्य लाभुकों को प्रीकॉशन डोज व वंचित बच्चों के टीकाकरण पर विशेष जोर रहेगा। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एके झा ने बताया कि जिले में अभी तक 40 लाख 25 हजार 927 लोगों को कोविड का टीका लगाया गया है। इसमें 20 लाख 59 हजार 179 लाभार्थियों को पहला, 17 लाख 80 हजार 161 को दूसरा, जबकि 1 लाख 86 हजार 587 को प्रिकॉशन डोज दिया गया है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एके झा ने बताया कहा कि अभियान के तहत बेहतर उपलब्धि प्राप्त करने के उद्देश्य से पर्याप्त संख्या में टीकाकरण सत्र आयोजित किये जायेंगे। ड्यू लिस्ट के आधार पर अधिक से अधिक लाभुकों का टीकाकरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सत्र संचालन की जानकारी पूर्व में ही संबंधित आशा व एएनएम को उपलब्ध करा दी गई है। प्रखंड व अंचल कार्यालय के आसपास विशेष रूप से सत्र संचालित करने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एके झा ने बताया कि अभियान की सफलता को लेकर संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये गये हैं। सभी आशा व एएनएम को अपने पोषक क्षेत्र में टीका के निर्धारित डोज से वंचित लोगों को चिह्नित करते हुए विशेष अभियान के तहत उनका टीकाकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने अपील की कि जिन्होंने टीका की कोई भी डोज नहीं ली है, वे अपना पहला डोज जरूर ले लें। पहला डोज प्राप्त कर चुके लोग समय पर दूसरी डोज लें और दूसरी डोज ले चुके लोग छह माह बाद ससमय प्रीकॉशनरी डोज अवश्य ले लें। कोविड के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए टीकाकरण लेने में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतें।



## रसोईया के हत्या के विरोध में रसोईया संघ का धरना प्रदर्शन

वीरेन्द्र कु. सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढ़ी। रमेश मंडल रसोईया के हत्यारे को गिरफ्तार कर स्पीडी ट्रायल चलाकर अविलंब सजा देने, आश्रितों को सरकारी अनुदान का भुगतान करने, रसोईया का मानदेय प्रतिमाह 18000 रु करने, विद्यालय में चपरासी, गार्ड,स्वीपर,एवं शिक्षक की बहाली में रसोईया को प्राथमिकता देने,भुमिहीन एवं आवासवीहीन रसोईया को 5 डिसमिल जमीन एवं आवास देने सहित 11 सूत्री मांगों के समर्थन में मध्याह्न भोजन रसोईया संघ सीतामढ़ी ने अम्बेडकर स्थल डुमरा पर एकदिवसीय प्रदर्शन किया। धरना की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष श्यामनंदन चौधरी ने किया। धरना को रसोईया के सभी मांगों का समर्थन करते हुए फेकन मंडल, को आर्डिनेटर, आर्थिक आजादी आन्दोलन सह व मृतक के परिजन ने कहा कि,रमेश मंडल जिले के बथनाहा प्रखंड के म वि मझौलिया में रसोईया के पद पर कार्यरत था।वह बहुत सीधा साधा एवं सहनशील इंसान था। अपने कमाई को हमेशा बटुआ में ही रखता था। उसका बटुआ छीनने एवं ईलाके में खौफ पैदा करने के लिए गांव के ही मनबढू अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी। लेकिन जिला प्रशासन की अकर्मण्यता एवं गरीब रसोईया के प्रति संवेदनहीनता के कारण हत्या के साथ दिन बाद भी अपराधियों को गिरफ्तार नहीं करना, पुलिस प्रशासन की विफलता दिखाई पड़ती है। अपराधियों द्वारा पूर्व में भी खौफ पैदा करने के लिए हत्या का अंजाम दिया जा चुका है। उन्होंने रमेश मंडल के हत्यारे को अविलंब गिरफ्तार कर स्पीडी ट्रायल चलाकर अविलंब सजा देने की मांग की।

प्रदीप राय, जिला प्रभारी, रसोईया संघ ने कहा कि सीतामढ़ी में कानून का राज समाप्त हो चुका है। यहां अपराधियों का राज है। गरीबों एवं असहायों को न्याय मिलने में देरी हो रही है।एक सप्ताह के अन्दर हत्यारे की गिरफ्तारी नहीं होती है,तो रसोईया संघ आमरण अनशन करेगा। प्रमीला देवी ने कहा कि, रसोईया को विभिन्न राज्यों अरूणाचल प्रदेश में 15000 ,केरल में 9000 , दिल्ली एवं हरियाणा में 5000 रूपया प्रतिमाह मानदेय मिलता है, जबकि बिहार में 12 महीने में 10 महीने का ही 1650 रू प्रतिमाह की दर से मानदेय मिलता है,। जिसका दैनिक मजदूरी 45 रू से भी कम आता है। उन्होंने रसोईया को कुशल मजदूर की तरह प्रतिमाह 18000 रू मानदेय राशि देने की मांग की। रेणु देवी ने कहा कि, विभाग की निष्क्रियता के कारण, दर्जनों सेवाकाल में मृत रसोईया के परिजनों को मुख्यमंत्री सहायता से चार लाख की राशि एंव विभिन्न कारणों से जिले के सैकड़ों रसोइया के महीनों से बकाये मानदेय की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। उन्हों ने सभी तरह के बकाया राशि रसोइया के खाते मे भुगतान करने की मांग की



अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ सीतामढ़ी के जिलाध्यक्ष बिनोद बिहारी मंडल एवं जिला सचिव दिलीप कुमार शाही ने रसोईया की हत्या की निन्दा करते हुए रसोईया के सभी मांगों का समर्थन करते हुए रसोईया को न्याय देने की मांग प्रशासन एवं सरकार से की।

धरना मे शामिल नागेश्वर राय, नवल मंडल, मनोज राउत राम पुकार महतो, प्रमोद प्रसाद, मिथिलेश राय, बीबी गुप्ता, ममता देवी, राम शकीला देवी, उमेश राव, चंदा देवी, लीला देवी, सिता देवी, महेदर पासबान, सुखिया देवी, मंजु देवी के साथ सैकड़ों रसोइया संघ कर्मचारी धरना को संबोधित किए।

मिरित्क रमेश मंडल के परिजन शिव संकर मंडल, हिशचंदर मंडल, महेश मंडल, व मुनू मंडल के साथ काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

# संक्षिप्त समाचार

## मिथिला में धूमधाम से मनाया जा रहा है मधुश्रावणी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) दरभंगा। मिथिला में धूमधाम से मनाया जा रहा है मधुश्रावणी का त्यौहार। दरभंगा मैथिलानी समूह की संचालिका लक्ष्मी अरविन्द पाठक ने आज यहां बताया कि इस दौरान नव विवाहिता पखवाड़े भर सज धज कर पूरे विधि विधान से फूल लोढती है और भगवान शिव सहित उनके सभी गनों की आराधना करती है,ताकि उनकी कृपा बनी रहे।इस दौरान वे रोज कथा सुनती हैं। श्रीमती पाठक ने कहा कि इस पुनीत पर्व में समूह से जुडी प्रमुख महिलाएं गुड्डी राजेश झा,ममता झा,मंजू झा,बबीता झा,चंचल,अपर्णा झा,बबीता मिश्रा,शांता झा,कल्याणी झा,वीणा झा,निधि प्रिया झा,शिवानी झा,बिंदिया झा,अपर्णा पाठक, ब्रम्वादिनी मिश्रा एवं सोनी झा आदि सक्रियता से लगी हुई हैं।एल.एस।



दरभंगा से सारिका झा पत्रकार की रिपोर्ट।

## अवैध रूप से संचालित आरा मिलों के विरुद्ध कारवाई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)



सीतामढ़ी। वन प्रमंडल पदाधिकारी सीतामढ़ी के नेतृत्व में वनों के क्षेत्र पदाधिकारी वनपाल एवं वनरक्षी तथा महिंदवारा थाना के सहयोग से अवैध रूप से संचालित आरा मिलों के विरुद्ध कारवाई किया गया जिसमें तीन आरा मिल रुन्नीसैदपुर प्रखंड के राम रेखा राय, गिधा धार पंचायत गिद्धा फुलवरिया, नंदलाल साहनी नगौरा पंचायत महिन्दवारा एवं बचु ठाकुर फुलवरिया पंचायत गिद्धा फुलवरिया को गुप्त सूचना के आधार पर आरा मशीन की जब्ती की कार्रवाई की गई हैं।

## पकड़ीदयाल चोरमा रोड में ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा,बाइक सवार महिला की मौके पर हुई मौत

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)



पकड़ीदयाल। पानावति देवी पति बशराज सहनी ग्राम पंचायत बरदाहा पोस्ट मधुबनी घाट थाना मोतिहारी जिला पुर्वी चम्पारण जो पकड़ीदयाल में स्थित डा उमेश प्रसाद के क्लिनिक पर इलाज कराने जा रही थी।उसके पहले ही चोरमा की ओर से आ रही ट्रक की चपेट मे बाइक आ गई, बाइक पर बैठी महिला पानवती देवी ट्रक के नीचे आ गई। जिसकी मृत्यु ट्रक की ठोकर से घटना स्थल पर ही हो गई। घटना के क्रम में उनकी एक बेटा और एक पतोह घायल हो गई है। जिसका इलाज सदर अस्पताल मोतिहारी में चल रहा है।

## बिजली करंट की चपेट में आने से हुई मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार

जिले के बनगांव थाना क्षेत्र के चौनपुर भरना गांव , वार्ड नंबर 5 निवासी राजेश मुखिया की मौत बिजली करंट लगने से हो गई। वे मंगलवार को सुख रहे मखाना खेत में पटवन करने गए थे। बिजली से मोटर चला कर खेत में पटवन कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें करंट लग गई। उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजन भरत मुखिया एवं ग्रामीण तरुण ठाकुर ने बताया कि राजेश बिजली विभाग से मोटर चलाने का मीटर ले रखा है। लेकिन उनके खेत तक पोल नहीं लगाई गई है। बांस के सहारे ही खेत तक बिजली का तार पहुंचा है। जो झुक कर काफी नीची हो गई है। जहां मोटर लगाकर सूख रहे मखाना खेत को बचाने के लिए राजेश गए थे। झुकी तार से उन्हें करंट लग गई और मौत हो गई है। बनगांव थाना अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि करंट लगने से किसान की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया हैं।



## उमानाथ गंगा घाट पर 4 लोग डूबे, 2 को बचाया

रूपेश कुमार की रीपोर्ट बाढ़। उमानाथ गंगा घाट पर स्नान करने के दौरान चार लोग गंगा नदी में डूबने के बाद लापता हो गए हैं ,वही दो लोगों को बचा लिया गया है। सभी एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं ।मिली जानकारी के अनुसार शेखपुरा जिले के बरबीघा के रिजौना गांव निवासी मुकेश कुमार के परिजन अपने परिवार में हुई एक महिला के श्राद्ध कर्म के बाद शुद्धीकरण स्नान करने के लिए बाढ़ के उमानाथ घाट में परिवार के साथ स्नान करने पहुंचे थे। इसी दौरान परिवार का एक बच्चा गंगा नदी के तेज धारा में बहने लगा जिसके बाद उसे बचाने के लिए एक–एक कर 5 लोगो ने छलांग लगा दी। काफी मशक्कत के बाद आसपास के लोगों ने दो लोगों को बचाया।



जबकि 4 लोग लापता हो गए हैं। लापता लोगों में दो महिला तथा दो पुरुष बताया जा रहा है। खबर लिखे जाने तक अभी तक लापता लोगों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है ।लापता लोगों की खोजबीन के लिए गोताखोर को लगाया है।

## बिना लाइसेंस के जुलूस निकालने वालों पर होगी कार्रवाई : थानाध्यक्ष

ब्योरो चीफ अयोध्या टाइम्स प० चम्पारण। महावीरी झंडा व मुहर्रम को लेकर साठी थाना परिसर में बुधवार की शाम थानाध्यक्ष उदय कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित



लोगों को निर्देश देते हुए थानाध्यक्ष ने कहा की महावीरी झंडा व मुहर्रम का जुलूस निकालने और मेला का आयोजन करने के लिए लाइसेंस लेना जरूरी है। जुलूस में शस्त्र और डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील किया कि शांति और सद्भाव के साथ त्यौहार मनाए। अफवाह पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। साथ ही पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग करें। अगर कोई व्यक्ति संप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर जिला परिषद कलीम गफार, मुखिया नवीन कुमार उर्फ गोरख ठाकुर, सनी दुबे, इमदादुलाह, पूर्व मुखिया शौकत अली, सरपंच कन्हैया लाल साहनी, गुड्डू पटेल, शोएब कमाल, एकरामुल हक, गंगा प्रसाद वर्मा ,अजय कुशवाहा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि वह गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय कार्यक्रम को लेकर शिवहर भाजपा ने किया रूपरेखा तैयार

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रामनाथ सुमन के अध्यक्षता में आयोजित आगामी दो दिवसीय कार्यक्रम 28 एवं 29 जुलाई 2022 का होना है , इस बाबत प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई है। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव कुमार पांडे, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य व पूर्व विधायक ठाकुर रत्नाकर राणा, रविंद्र कुमार सिंह उपाध्यक्ष जिला किसान मोर्चा, पंकज पांडे महामंत्री जिला किसान मोर्चा, उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, नंद किशोर चौधरी, अति पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष राम स्वार्थ साह आदि मौजूद थे। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामनाथ सुमन ने बताया है कि 3 प्रदेशों के दो दिन के प्रवास पर किसान मोर्चा के राष्ट्रिय पदाधिकारी आ रहें हैं, ग्यारह कार्यक्रम होना है ,लाभार्थी सम्मेलन, जनप्रतिनिधि सम्मेलन, किसान मोर्चा के मंडल पदाधिकारी जिला पदाधिकारी कार्यकारणी सदस्य शामिल होंगे। कारगिल शहीद मेजर चन्द्र भूषण द्विवेदी के परिवार जनों से मिलना है, सामाजिक सम्मेलन, धार्मिक स्थल भ्रमण एवम बृक्षारोपण कार्यक्रम होना है। भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव कुमार पाण्डेय ने बताया की हम सभी कार्यकर्ता के सौभाग्य की बात है जम्मू कश्मीर, दिल्ली, यूपी से राष्ट्रीय पदाधिकारी शिवहर आ रहें हैं, सफल कार्यक्रम करना है किसान मोर्चा के लिए सुनहरा मौका मिला है। यह कार्यक्रम पूरे बिहार में शिवहर का कार्यक्रम अब्बल होने का



प्रयास किया जाएगा। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य व पूर्व विधायक ठाकुर रत्नाकर राणा ने बताया है कि देश में सबसे पहले बिहार में यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। भाजपा के सभी मोर्चा के द्वारा इतिहास में पहली बार संयुक्त राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक पटना में आयोजित की गई है, इस संयुक्त राष्ट्रीय मोर्चा कार्यसमिति का उद्घघाटन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के द्वारा 30 जुलाई को किया जाएगा, तथा समापन 31 जुलाई को पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह जी के संबोधन से होगा। जिले के 11 स्थानों पर 2 दिनों के अंदर कार्यक्रम किया गया जाएगा। पार्टी मजबूती को लेकर कार्यकर्ताओं के बीच रखा जाएगा, –सबका विकास सबका साथ– कार्यक्रम के तहत सरकार की उपलब्धियों को रखी जाएगी।

## समस्तीपुर की जीविका के 22 महिला को अपना हुनर दिखाने के लिए DDU -GKY के तरफ से भेजा गया चेन्नई

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल। बिहार के समस्तीपुर जिले की महिला अब गांवों की प्रतिभा को देश के अन्य हिस्सों में जाकर आपने हुनर का प्रदर्शन करेगी। यह अवसर दिया है जीविका ने समस्तीपुर की महिलाओं को । जिले के विभिन्न ग्रामीण हिस्सों से 22 महिला अभ्यर्थियों का चयन बतौर असिस्टेंट ऑपरेटर के पद पर स्पार्क मिंडा कंपनी में किया गया है। ये सभी चयनित 22 अभ्यर्थी कंपनी में योगदान करने के लिए 26 जुलाई को चेन्नई के लिए रवाना हुईं। ज्ञात हो कि जीविका द्वारा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत 3 केंद्रों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी प्रशिक्षण केंद्र में से एक कलेक्सेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड से प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण उपरांत स्पार्क मिडा कंपनी द्वारा विद्यापति नगर में आयोजित रोजगार सह मार्गदर्शन मेला में असिस्टेंट ऑपरेटर के रूप में चुना गया। चयनित सभी 22 महिला अभ्यर्थी योगदान के लिए 26 जुलाई को चेन्नई के लिए रवाना हो गयीं। जीविका के रोजगार प्रबंधक अभिषेक आनन्द ने बताया हैं कि जीविका अपने समूह की दीदियों को रोजगार एवं स्वरोजगार दिलाने के लिए निरन्तर गतिशील है। उन्होंने बताया कि जिले में डीडीयूजीकेवाई के तहत कुल 3 कंपनियां कार्य कर रही हैं, जो अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के साथ–साथ उनका प्लेसमेंट भी



करती है। जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक गणेश पासवान ने बताया कि समस्तीपुर की लड़कियां भी देश के अन्य हुनरमंद लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगी। अपने तथा अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधारने में सहयोग प्रदान करेंगी।

डीपीएम ने बताया कि डीडीयूजीकेवाई के तहत अभी तक जिले में 4700 से ज्यादा अभ्यर्थियों ने अलग–अलग ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त किया है, जिसमें से 2700 से ज्यादा नियोजित हो चुके हैं।

## जिले में जागरूकता के लिए मनाया जा रहा डेंगू व चिकनगुनिया माह छह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर बुधवार को हुआ आयोजन



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) बेतिया। बरसात के आते ही डेंगू, चिकुनगुनिया एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों का प्रकोप बढ़ने लगता है। लोग इस बीमारी से बचें, इसके लिए पूरे जिले में डेंगू और चिकनगुनिया माह मनाया जा रहा है। जिला भीबीडीसी पदाधिकारी हरेंद्र कुमार ने बताया कि मच्छरों के काटने से मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और जेई की बीमारी हो सकती है। इन बीमारियों के लक्षण, उपचार और बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग सतर्क है।

डीवीडीएस डॉ सुजीत कुमार वर्मा ने बताया कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है। ये मच्छर साफ पानी में पनपते हैं तथा दिन में ही काटते हैं। इससे बचाव के लिए घर के आस–पास टूटे–फूटे बर्तन, टायर या ड्रम इत्यादि नहीं रखना चाहिए। इसमें बारिश का पानी जमा हो जाता है जो खतरनाक है। कूलर या रेफ्रिजरेटर का पानी प्रतिदिन बदलना चाहिए। फूलों के गमलों में भी पानी जमा नहीं होने देना चाहिए। घर के आस. –पास सफाई रखनी चाहिए। बुखार होने पर एस्प्रिन या ब्रूफेन ग्रूप की दवा नहीं लेनी चाहिए। साथ ही चिकित्सकीय परामर्श शीघ्र लेनी चाहिए। डॉ सुजीत कुमार वर्मा ने बताया कि लोगों को जागरूक करने के लिए जागरुकता वाहन के साथ लोगों के बीच हैंड बिल और पैंपलेट बांटा जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्रों पर फ्लैक्स और बैनर लगाए गए हैं। इसके अलावा आशा द्वारा भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बारिश का मौसम डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया जैसी वेक्टर जनित बीमारियों के लिए सबसे अनुकूल होता है। बरसात में इन बीमारियों के फैलने की संभावना अधिक रहती है। ऐसे में इससे बचाव के लिए जागरूकता आवश्यक है। डीवीडीएस अरूण कुमार ने बताया कि जिले के बेतिया, सिकटा, योगापट्टी, बगहा, लौरिया, बैरिया, मझौलिया, नरकटियागंज आदि स्वास्थ्य केंद्रों में डेंगू चिकनगुनिया माह मना कर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। डेंगू के लक्षण–तेज बुखार।– आंखों के पीछे तेज दर्द।–मतली या उल्टी आना। –मांसपेशियों व हड्डियों और जोड़ों में दर्द। डेंगू के रोगियों के लिए मच्छरदानी का उपयोग अवश्य करें ताकि उन्हें मच्छर के काटने एवं बीमारी के फैलाने से बचाया जा सके। घरों के आसपास पूर्ण साफ–सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें। कचरे को अपने आवास से दूर फेंके। घरों के कूलर, टेंकर, ड्रम, बाल्टी आदि में पानी नहीं जमने दें।

## माननीय उप मुख्यमंत्री बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। माननीय उप मुख्यमंत्री बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी सरकारी योजनाएं के0सी0सी0 कृषि गब्य, पशुपालन, मत्स्य से संबंधित बैंकों के स्तर से लंबित आवेदन को कैंप लगाकर निष्पादन करने का निर्देश एलडीएम को दिया गया। स्व निधि योजना के तहत योजना मेला का आयोजन कर शहरी क्षेत्रों में लोगों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया। पंचायत सरकार भवन में बैंक शाखा खोलने का निर्देश दिया गया। लो परफॉर्मेंस वाले बैंकों एवं उसके शाखाओं को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। नीलाम वाद से संबंधित वादों में अभीरूचि नहीं लेने वाले बैंकों एवं उसकी शाखाओं को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। सीतामढ़ी जिला अंतर्गत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में राज्य स्तरीय लक्ष्य के विरुद्ध 106 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की गई है एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में राज्य स्तरीय लक्ष्य के विरुद्ध 100 प्रतिशत उपलब्धि को प्राप्त कर लिया गया है। उक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला



पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा, अपर समाहर्ता विभागीय जांच कृष्ण प्रसाद गुप्ता, वरीय उप समाहर्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी बैंकिंग शशि भूषण कुमार, एलडीएम लाल बहादुर पासवान नाबार्ड डीडीएम उपस्थित थे।

## मुक्तापुर में स्थित जूट मिल अब फिर से होगा चालू मिल का सायरन बजाकर दी गई जानकारी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल। समस्तीपुर जिले के मुक्तापुर में स्थित जूट मिल अब फिर से होगा चालू। बता दें कि श्रम अधीक्षक नेहा आर्या के समक्ष मिल प्रबंधन और मजदूर यूनियन के बीच हुई वार्ता के बाद गतिरोध को समाप्त कर फिर से मिल चालू करने की सहमति बनी। इसके बाद श्रम अधीक्षक ने मिल में पहुंचकर मजदूरों एवं मिल प्रबंधन की मौजूदगी में मिल का सायरन बजाकर फिर से मिल के चालू होने की घोषणा की। रामेश्वर जूट मिल मुक्तापुर को पिछले 23 जुलाई को प्रबंधक ने बंद कर दिया था। जिससे मजदूरों की आर्थिक स्थिति खराब होने लगी थी। मिल प्रबंधन के द्वारा उत्पादन लक्ष्य बढाने को लेकर यह विवाद हुआ था। मजदूर यूनियन ने इसका विरोध किया। जिसके बाद नो वर्क नो पे के आधार पर मिल को बंद कर दिया गया था। मंगलवार को श्रम अधीक्षक कार्यालय में जूट मिल प्रबंधन और मजदूर यूनियन की बैठक हुई। श्रम अधीक्षक नेहा आर्या की मौजूदगी में हुई बैठक में 2 अगस्त से मिल को फिर से चालू करने पर सहमति बनी। वहीं श्रम अधीक्षक ने बताया कि मिल प्रबंधन ने वार्ता के दौरान कहा कि मिल में उत्पादन कम हो रहा था। जिस कारण मिल को बंद किया गया था। लेकिन अब दोनों पक्षों की मौजूदगी में यह समझौता हुआ कि कोलकाता से 5 से 7 मजदूर आएंगे और यहां के मजदूरों को उत्पादन कैसे बढ़े, इसकी जानकारी देंगे। अगर सही रहा




तो कोलकाता की तरह यहां भी उत्पादन को बढ़ाया जाएगा। इसी आधार पर मिल को चालू करने का फैसला लिया गया है। यही बात मजदूर यूनियन के अध्यक्ष नौशाद आलम भी कही है। इसके बाद श्रम अधीक्षक रामेश्वर जुट मिल मुक्तापुर पहुंची। मिल प्रबंधक पीके पांडेय समेत अन्य की मौजूदगी में मिल का सायरन बजाकर फिर से मिल के चालू होने की घोषणा की गई। इस जूट मिल को 1926 में स्थापित किया गया था यह मिल उत्तर बिहार की इकलौती रामेश्वर जूट मिल के नाम से मुक्तापुर में है।

## मनोज कुमार अपर महाप्रबंधक एनटीपीसी एवं तुषार कुमार सिन्हा प्रबंधक एनटीपीसी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। विद्युत मंत्रालय,भारत सरकार एवम जिला प्रशासन किशनगंज के संयुक्त तत्वाव धान में टाउन हॉल, किशनगंज में ष्उज्ज्वल भारत, उज्ज्वल भविष्य पावर/2047 उत्सव कार्यक्रम का जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक इनामुल हक मेंगनू, पूर्व विधायक मास्टर मुजाहिद आलम, नगर परिषद अध्यक्षा नुदरत महजबीन, विद्युत अधीक्षण अभियंता, किशनगंज श्री केवल विकास चंद्र , श्री मनोज कुमार अपर महाप्रबंधक , एनटीपीसी एवं तुषार कुमार सिन्हा प्रबंधक एनटीपीसी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बिजली विभाग द्वारा उल्लेखनीय रूप से उपलब्धियां हासिल की गई हैं।' हम सभी ने अपने बचपन में देखा है कि जब लोकप्रिय टीवी सीरियल देखते थे और अचानक बिजली चली जाती थी,उन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में चौबीस घंटे बिजली की बात कोई सोच भी नहीं पाते थे। परंतु ,अब हर शहर, हर गांव में बिजली पंहुच चुकी है। अब सभी लोगों को चौबीस घंटे बिजली की आदत हो चली है। अब इन उपलब्धियों को क्वालिटी मेंटेनेंस के द्वारा आगे बढ़ाने की चुनौती है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को स्मार्ट मीटर के द्वारा दिए जाने वाले बिल को लेकर आशंकाएं हैं, उनकी शिकायतों को कैंप लगाकर दूर किया जा सकता है। उन्होंने इस प्रकार के आयोजन को विद्युत मंत्रालय की उपलब्धियों को हर गांव, हर शहर तक पहुंचाने की दिशा में मिल का पत्थर बताया। पुलिस अधीक्षक ने भी स्मार्ट मीटर की उपयोगिता का वर्णन किया तथा लोगों से अपनाने की अपील की। उन्होंने बिजली चोरी से बचने और समय पर बिजली बिल जमा करने की जरूरत पर बल दिया। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक मास्टर मुजाहिद आलम ने भी लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए जिला नोडल अधिकारी एनटीपीसी के श्री तुषार कुमार सिन्हा ने केंद्र तथा राज्य सरकार की उपलब्धियों एवं योजनाओं के बारे में जानकारी दी। श्री केवल विकास चंद्र ,अधीक्षण अभियंता, विद्युत प्रमंडल, किशनगंज ने विभाग की उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान एनटीपीसी की उपलब्धियों और बिहार में विद्युत मंत्रालय के विकास कार्यों को समर्पित शॉर्ट फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया, जिसे उपस्थित लोगों द्वारा खूब सराहा गया। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक बिजली पर आधारित बच्चों का भाषण का सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत किया गया एवं पुरस्कार वितरण किया गया।

कार्यक्रम का धन्यवाद अपर महाप्रबंधक एनटीपीसी श्री मनोज कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर एनबीपीडीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी एवम कई लाभुक बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

### पटना समेत बिहार के इन जिलों में अगले कुछ घंटों में बदलेगा मौसम, तेज बारिश के साथ वज्रपात का अलर्ट जारी

अमित कुमार संवाददाता पंडारक दैनिक अयोध्या टाइम्स
पटना। बिहार मौसम विभाग ने अपना ताजा पूर्वानुमान जारी कर लोगों को सचेत रहने की चेतावनी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बारिश हल्की से मध्यम होगी लेकिन मेघगर्जन तेज भी हो सकता है। कल 11 लोगों की मौत हुई थी। बिहार में अगले 3–4 घंटों में मौसम में बड़े बदलाव की संभावना है। मौसम विभाग ने अपना ताजा पुर्वानूमान जारी कर लोगों को सचेत रहने की चेतावनी दी है। विभाग के ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि राजधानी पटना समेत, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, भोजपुर, बक्सर, अरवल, जहानाबाद, सीतामढ़ी और समस्तीपुर में तेज मेघगर्जन के साथ बारिश होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि बारिश हल्की से मध्यम होगी लेकिन मेघगर्जन तेज भी हो सकता है। इसके साथ ही आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से भी लोगों को सावधान किया गया है। खासकर किसानों को चेतावनी दी गई है जो खुले खेतों में काम करते रहते हैं। अन्य लोगों से कहा गया है कि यथा संभव घरों में रहें और बाहर हैं तो मौमस के अनुकूल व्यवहार करें। वही मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर बिहार के कुछ जिलों में मंगलवार को बारिश हो सकती है। हालांकि अन्य जगहों पर मौसम सामान्य रहने के आसार हैं। इससे गर्मी और उमस झेलनी पड़ सकती है। अच्छी बारिश नहीं होने से किसानों की धान की रोपनी प्रभावित हो रही है।

### राष्ट्र के पतन का कारण रूभ्रष्टाचार प्रस्तुत सारांश : पत्रकार सुमित सिंह ने लिखा

दैनिक अयोध्या टाइम्स गोपाल कुमार ठाकुर चीफ ब्यूरो।
भारत जैसे सोने की चिड़िया कहलाने वाले देश में भ्रष्टाचार अपनी जड़े फैला रहा है। आज भारत में ऐसे कई व्यक्ति मौजूद हैं जो भ्रष्टाचारी है। आज पूरी दुनिया में भारत भ्रष्टाचार के मामले में 94वें स्थान पर है। भ्रष्टाचार के कई रंग–रूप है जैसे रिश्वत, काला–बाजारी, जान–बूझकर दाम बढ़ाना, पैसा लेकर काम करना, सस्ता सामान लाकर महंगा बेचना आदि। भ्रष्टाचार के कई कारण है। जानिए.



भ्रष्टाचार में मुख्य घूस यानी रिश्वत, चुनाव में धांधली, ब्लैकमेल करना, टैक्स चोरी, झूठी गवाही, झूठा मुकदमा, परीक्षा में नकल, परीक्षार्थी का गलत मूल्यांकन, हफ्ता वसूली, जबरन चंदा लेना, न्यायाधीशों द्वारा पक्षपातपूर्ण निर्णय, पैसे लेकर वोट देना, वोट के लिए पैसा और शराब आदि बांटना, पैसे लेकर रिपोर्ट छापना, अपने कार्यों को करवाने के लिए नकद राशि देना यह सब भ्रष्टाचार ही है। जब किसी को अभाव के कारण कष्ट होता है तो वह भ्रष्ट आचरण करने के लिए विवश हो जाता है। असमानता, आर्थिक, सामाजिक या सम्मान, पद –प्रतिष्ठा के कारण भी व्यक्ति अपने आपको भ्रष्ट बना लेता है। हीनता और ईर्ष्या की भावना से शिकार हुआ व्यक्ति भ्रष्टाचार को अपनाने के लिए विवश हो जाता है। साथ ही रिश्वतखोरी, भाई–भतीजावाद आदि भी भ्रष्टाचार को जन्म देते हैं। भारत मे बढ़ता भ्रष्टाचार एक बीमारी की तरह है।पूरे भारत देश में भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ रहा है। इसकी जड़े तेजी से फैल रही है। यदि समय रहते इसे नहीं रोका गया तो यह पूरे देश को अपनी चपेट में ले लेगा। भ्रष्टाचार का प्रभाव अत्यंत व्यापक जीवन का कोई भी क्षेत्र इसके प्रभाव से मुक्त नहीं है। यदि हम इस वर्ष की ही बात करें तो ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं जो कि भ्रष्टाचार के बढ़ते प्रभाव को दर्शाते हैं। जैसे आईपील में खिलाड़ियों की स्पॉट फिक्सिंग, नौकरियों में अच्छी पोस्ट पाने की लालसा में कई लोग रिश्वत देने से भी नहीं चूकते हैं। आज भारत का हर तबका इस बीमारी से ग्रस्त है।

यह एक संक्रामक रोग की तरह है। समाज में विभिन्न स्तरों पर फैले भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कठोर दंड–व्यवस्था की जानी चाहिए। आज भ्रष्टाचार की स्थिति यह है कि व्यक्ति रिश्वत के मामले में पकड़ा जाता है और रिश्वत देकर ही छूट जाता है। जब तक इस अपराध के लिए को कड़ा दंड नही दिया जाएगा तब तक यह बीमारी दीमक की तरह पूरे देश को खा जाएगी। लोगों को स्वयं में ईमानदारी विकसित करना होगी। आने वाली पीढ़ी तक सुआचरण के फायदे पहुंचाने होंगे भ्रष्टाचार हमारे नैतिक जीवन मूल्यों पर सबसे बड़ा प्रहार है। भ्रष्टाचार से जुड़े लोग अपने स्वार्थ में अंधे होकर राष्ट्र का नाम बदनाम कर रहे हैं।

### नल-जल की बिजली चोरी कर मुर्गा फर्शर्म में उपयोग करते पाया गया आरोपियों के द्वारा, बिजली विभाग के अधिकारियों को पीटा गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ निरंजन जायसवाल
समस्तीपुर,अंगारघाट। अंगारघाट थाना क्षेत्र के चौता उत्तरी गांव में बिजली चोरी की सूचना पर छापेमारी करने के लिए पहुंचे बिजली विभाग के अधिकारियों को कुछ लोगों ने जमकर पीटा। बताया गया कि हमलावरों ने उन्हें गाड़ी से खींच कर पीटा है। इस दौरान बिजली विभाग के ग्रामीण एसडीओ अब्बुल खालिद अल, बिशनपुर प्रशाखा के जेई शाल्यानंद साहू गंभीर रूप से जख्मी हो गये। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले को लेकर जेई के आवेदन पर अंगारघाट पुलिस ने गांव के सुजीत पांडेय, अनमोल पांडेय, सुनील पांडेय उर्फ कारी, अमरजीत पांडेय के अलावा 10 अज्ञात पर प्राथमिकी




दर्ज की है। जेई ने बताया कि एसडीओ उमाशंकर राय एवं स्थानीय बिजली मिस्त्री के दल के साथ वे बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी करने गये थे। इस दौरान चौता उत्तरी के वार्ड संख्या–6 स्थित नल–जल की बिजली चोरी कर के एक मुर्गा फॉर्म में उपयोग करते पाया गया। इसके बाद उक्त फॉर्म की बिजली काट कर टीम जैसे ही वापस लौटने के लिए चली कुछ दूरी पर ही आरोपियों ने उनके वाहन को घेर लिया। एसडीओ और जेई को वाहन से खींचकर पिटाई की। जेई ने बताया कि पिटाई से एसडीओ की आंख में गंभीर चोट लगी है, जबकि उनके सिर में चोटें लगी हैं। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पुलिस को आवेदन दिया गया है। इस मामले में दलसिंहसराय डीएसपी दिनेश कुमार पांडेय ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर छानबीन की जा रही है, जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी भी होगी।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# संक्षिप्त समाचार

## उज्जवल भारत योजना के तहत दस विद्युत सखियों को सम्मानित

बुढ़नपुर तहसील संवाददाता अमित यादव एडवोकेट!!

अतरौलिया!! अच्छा कार्य करने वाली दस विद्युत सखियों को सम्मानित किया गया वही आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार को



नेहरू हाल के सभागार में बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस के अवसर पर उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य पावर 2047 के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया वहीं डीएम विशाल भारद्वाज ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत दस विद्युत सखी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसमें अतरौलिया विकास खंड कि पूनम यादव, लालगंज की सुमन पांडे, आदि लोग शामिल रहे वहीं जिलाधिकारी ने कहां की बिजली की बचत ही बिजली का उत्पादन है जो कि उन्होंने बताया कि आज ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत सखी भी कार्य कर रही है जो विद्युत देय के भुगतान के लिए जागरूक कर रही हैं इस अवसर पर मुख्य अभियंता अधीक्षक अभियंता एवं बीजेपी जिला अध्यक्ष ध्रुव सिंह आदि लोग मौजूद रहे हैं।

## एपीजे अब्दुल कलाम को किया याद

जैतपुर। बुधवार के दिन जेनिथ कोचिंग सेंटर पर कार्यक्रम का आयोजन कर पुण्यतिथि पर पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम को पुष्प माला अर्पित कर याद किया गया इस दौरान मुख्य अतिथि रमेश कटारा ने मौजूद बच्चों को कलाम से जुडे प्रेरक प्रसंग सुनाए और उनके जीवन परिचय के बारे में जानकारी दी इस दौरान नरेन्द्र भारतीय, अजय कुमार, अमित नरवरिया, अनूप तिवारी रवी वर्मा नीशू पंकज रिषी पाराशर अजय एवं उमंग सेवा समिति की टीम मौजूद रही।

## बस में महिला के साथ छेड़खानी करने वाले 01 आरोपी को थाना मुलमुला पुलिस ने किया गया गिरफ्तार

जिला जांजगीर चाम्पा छत्तीसगढ़ के में प्रार्थिया ने थाना मुलमुला में रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 25ध07ध2022 को अपने घर से सिटी बस में चंडीपारा जा रही थी तो उसके बगल में बैठे लड़के द्वारा प्रार्थीया को बेईज्जत करने की नियम से उसके हाथ बांह को पकड़ रहा था बस पकरिया नहर पुल के पास रुकने पर उक्त व्यक्ति के द्वारा पीड़िता को अपने साथ चलने के लिये जबरदस्ती करने लगा जिसको देखकर बस कंडेक्टर आकर आरोपी को रोकने की कोशिश किया गया किन्तु आरोपी द्वारा कंडेक्टर को हाथ मुक्का से मारपीट किया



गया प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना मुलमुला में अपराध क्रमांक 187ध2022 धारा 354 , 323 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये प्रर्थिया के बताये अनुसार एवं गवाहों के कथन के आधार पर श्रवण नायक उम्र 32 वर्ष निवासी पकरिया को गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने पर दिनांक 26ध07ध2022 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक के, सी , मोहले , उपनिरीक्षक संतोष शर्मा, सह उपनिरीक्षक कपिल साहू, प्रधान आरक्षक सरोज पाटले , आरक्षक राजा रात्रे , राजेंद्र राठौर एवं महिला आरक्षक बबिता निषाद का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## अब्दुल कलाम सोसायटी ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा। समाजसेवी संगठन अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसाइटी ने भारत रत्न, मिसाइल मैन,पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम साहब की जयंती पर मेधावी छात्र–छात्राओं को प्रतीक चिन्ह सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। शहर के अंजुमन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में इस्लामियां इंटर कालेज के प्रवक्ता अतीक अहमद रहे,विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार जैन, अध्यक्षता हाजी मुईन उद्दीन साहब ने की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समाजसेवी



संस्था के प्रवक्ता इकरार अहमद ने किया। मुख्य अतिथि अतीक अहमद प्रवक्ता ने कलाम साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हमें उनसे प्रेरणा लेते हुए अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए कल यही बच्चे देश का भविष्य होंगे। विशिष्ट अतिथि धर्मेंद्र कुमार जैन ने कहा कि कलाम साहब से प्रेरणा लेकर भारत की छवि को विश्व पटल पर नंबर एक पर लाया जा सकता है आप जैसे लोग शताब्दी में एक बार जन्म लेते हैं आप संपूर्ण विश्व के प्रेरणा स्रोत हैं हम सब को उन्ही के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रदेश प्रवक्ता इकरार अहमद ने कहा कि संगठन का उद्देश्य हमेशा ही देश हित के कामों के लिए हमेशा अग्रसर रहेगा।

## संयुक्त किसान मोर्चा के द्वारा आवारा पशुओ के लिए सौंपा ज्ञापन

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट आज । सीतापुर आवारा पशुओं के लिए विकास खण्ड ऐलिया मुख्यालय का घेराव संयुक्त किसान मोर्चा प्रदेश के मा०मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा किसानों के हित में खुलेआम घूम रहे आवारा पशुओं



से निजात दिलाने हेतु गौशालाओं का निर्माण कराया गया है!और गौशाला निर्माण चल भी रहा है!परंतु जिला प्रशासन द्वारा की जा रही लापरवाही के चलते इस ज्वलंत समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा!समस्या निराकरण के लिए इकट्ठा लोगों से खंड विकास अधिकारी विकास सिंह ने तल्ख भाषा में बात की,किसानों से बहस के बाद उन्होंने अपनी गलती स्वीकार की और माफी मांगी,यह बात संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू ने आज वि०ख० ऐलिया मुख्यालय पर इस मुद्दे पर धरने पर बैठे किसानों को संबोधित करते हुए कही! किसान मंच प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि धरना स्थल पर समस्या निराकरण हेतु उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर सीतापुर व उपस्थित खंड विकास अधिकारी ऐलिया द्वारा समस्या निराकरण हेतु वि०ख० में चल रहे गौशाला निर्माण में तेजी लाने के अलावा संचालित गौशालाओं में की जा रही लापरवाही पर अंकुश लगाने का वादा किया है!सिख संगठन जिला अध्यक्ष गुरुपाल सिंह ने कहा बम्हौरा क्षेत्र के गांवों में घूम रहे सांडों से आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर रोक के लिए तुरंत कार्रवाई की जाए और उन्हें संचालित गौशालाओं में भेजा जाए! बी डी ओ एलिया ने तीन दिनों का समय मांगा,जिसे धरना स्थल पर बैठे किसानों ने स्वीकार कर लिया! धरना स्थल पर पूर्व ब्लाक प्रमुख एलिया सुरेन्द्र विक्रम सिंह, किसान मंच महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह,बलजिंदर सिंह, धर्मेन्द्र दीक्षित, बलवंत सिंह,अर्जुन सिंह, किसान मंच युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दिव्य सिंह, शुगर पाल सिंह, दलजीत सिंह, सर्वजीत सिंह, सुखदेव सिंह, इरफान,हरी सिंह, अमृत पाल सिंह, सीताराम, रामहेत, महेश, सुरेश,उदय राज सिंह सहित किसान भाई उपस्थित थे!

## अहिंसा यात्रा से आगामी 100 दिन में 1 करोड़ जनता को जोड़ने का लक्ष्य - लुनिया

इंदौर । गौ वंश को राष्ट्रीय पशु घोषित करो अभियान के तहत देश भर के 4980 विधायक एवं 788 सांसदों से समर्थन पत्र मांगने के लिए निकाले जाने वाली अहिंसा यात्रा से 1 करोड़ जनता को आगामी 100 दिन में जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

अहिंसा यात्रा के मुख्य संयोजक गौ रक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार विनायक अशोक लुनिया ने बुधवार को मुख्य यात्रा प्रबंध समिति की वर्चुअल रूप से हुई बैठक में पदाधिकारियों को कहा की हमें अहिंसा यात्रा के प्रथम 100 दिन में 1 करोड़ जनता को यात्रा से जोड़ना है। लुनिया ने कहा की 17 माह की यात्रा में करोडो देश वासियों को अभियान से जोड़ा जायेगा किन्तु प्रथम 100 दिन में हमें 1 करोड़ जनता को अभियान से जोड़ने का लक्ष्य पूरा करना है। बैठक में यात्रा के सम्बन्ध में अन्य कई विषयों पर चर्चा की गयी।

ज्ञातव्य रहे की गौ वंश को राष्ट्रीय पशु घोषित करो अभियान के तहत देश भर के 4980 विधायक एवं 788 सांसदों से समर्थन पत्र मांगने के लिए निकाले जाने वाली अहिंसा यात्रा 18 अगस्त 2022 को सबसे स्वच्छ शहर इंदौर से प्रारम्भ किया जायेगा जो की 17 माह में विधायकों एवं सांसदों से मुलाकात कर जनवरी 2024 में दिल्ली में यात्रा का समापन किया जायेगा।

## कारगिल शहीदों की याद में रोटरी ने किया दीपदान

### वृद्धाआश्रम में हुआ सहभोज, लिया गया समाजसेवा का संकल्प

कानपुर।देश के बहादुर सैनिकों द्वारा दिखाए गए अदम्य साहस, वीरता और सर्वोच्च बलिदान की याद में मंगलवार शाम रोटरी क्लब



कुशीनगर द्वारा कसया स्थित वृद्धाश्रम में दीपदान एवं दो मिनट का मौन धारण कर कारगिल विजय दिवस मनाया गया। साथ ही कारगिल की जंग में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों के चित्र पर पुष्पांजलि कर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। विजय दिवस पर वृद्धाश्रम के वृद्धजनों के साथ सहभोज का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज का दिन देशसेवा के लिए संकल्प लेने का दिन है..अशिक्षा, भेदभाव, पर्यावरण प्रदूषण,सामाजिक कुरीतियों से लड़ाई लड़ना भी देशसेवा है।सामाजिक सद्भाव के लिए हम सभी को आगे आना होगा।

इस अवसर पर संरक्षक राकेश जायसवाल, अध्यक्ष डॉ एम एच खान, सचिव वाहिद अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप रौनियार, उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्त, उपाध्यक्ष साहिल अहमद, उपाध्यक्ष अंजली खरवार, कोषाध्यक्ष विजय कृष्ण द्विवेदी, पूर्व अध्यक्ष अनिल जायसवाल, सह सचिव दिनेश कुमार यादव, सह सचिव अरूण कुमार वर्मा, सह कोषाध्यक्ष डॉ सुनील सिंह, निदेशक राजीव जायसवाल, निदेशक अंकुर तुलस्यान, निदेशक शैलेंद्र त्रिपाठी, गौरव मद्धेशिया, विशाल शर्मा, दुर्गेश चतुर्वेदी, अश्विनी जायसवाल, शम्भू कुशवाहा, आदिल, दिनेश तिवारी एवं पुनीत श्रीवास्तव, उमेश चंद्र जायसवाल, उदयभान यादव एडवोकेट, प्रबंधक रज्जू राजा बुंदेला, विकास श्रीवास्तव, मनोज पांडेय, रमा प्रजापति, आलोक यादव (साईकलिस्ट) , वशिष्ठ पांडेय, सुजीत दास आदि मौजूद रहे।

## न्यायिक एसडीएम के आते ही जीयनपुर कस्बे में पशलियीन पर चला अभियान वसूला गया जुर्माना।

सगड़ी– आजमगढ़– सगड़ी तहसील क्षेत्र के जीयनपुर नगर पंचायत में उपजिलाधिकारी सगड़ी संतरजन के नेतृत्व में पॉलिथीन के विरुद्ध चला अभियान 1 किलो पॉलिथीन बरामद 30000 जुर्माना की हुई वसूली वहीं सड़क किनारे पटरी दुकानदारों को दी गई चेतावनी अतिक्रमण हटाया गया। सोमवार की बुधवार की शाम 5 रू00 बजे



उपजिलाधिकारी सगड़ी संत रंजन ने जीयनपुर नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी अखिलेश कुमार व क्षेत्राधिकारी सगड़ी महेंद्र शुक्ला जीयनपुर थाना प्रभारी यादवेंद्र पांडेय के साथ पॉलिथीन के विरुद्ध अभियान चलाकर कस्बा के लगभग तीन दर्जन से अधिक दुकानदारों के यहां पहुंचकर जांच की इस दौरान दुकानदारों से 1 किलो पॉलिथीन बरामद की गई वही 30000 जुर्माना लगाया गया दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी गई कि यदि दोबारा पॉलिथीन का प्रयोग करते हुए पाया गया तो जुर्माना के साथ–साथ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाएगा वही नगर पंचायत के मुख्य मार्ग पर पटरी दुकानदारों को चेतावनी दी गई की नाली के पीछे दुकान लगाएं सड़क पर दुकान लगाने पर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी वही आधा दर्जन दुकानदार जिनकी सड़क पर दुकान लगाई गई थी उनके सामान को भी नगर पंचायत के द्वारा जप्त कर अतिक्रमण हटाया गया जीयनपुर कस्बा में चलाए गए अभियान से दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा इस दौरान नगर पंचायत के कर्मचारी व जीयनपुर पुलिस बल के साथ उपजिलाधिकारी सगड़ी संतरंजन क्षेत्राधिकारी महेंद्र शुक्ला मौजूद रहे।

## कारगिल युद्ध में शहीद वीर जवानों को संस्था पदाधिकारियों ने कैंडल जलाकर हल्द्वानी नैनीताल रोड स्थित शहीद चंद्रशेखर मिश्रा पार्क में श्रद्धांजलि दी

नैनीताल। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू संरक्षक हरीश चन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से कारगिल विजय दिवस पर कारगिल युद्ध में शहीद वीर जवानों को संस्था पदाधिकारियों ने कैंडल जलाकर हल्द्वानी नैनीताल रोड स्थित शहीद चंद्रशेखर मिश्रा पार्क में श्रद्धांजलि दी।



इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था मार्गदर्शक रेनू शरण सदस्य रितिक साहू ने संयुक्त रूप से कहा कि विश्व इतिहास में भारतीय सशस्त्र बलों के अद्भुत पराक्रम उत्कृष्ट रण कौशल और अटूट कर्तव्यनिष्ठा के महान प्रतीक कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है क्योंकि भारतीय सेना ने अपने अदम्य साहस पराक्रम से 3 मई 1999 को शुरू हुए कारगिल युद्ध में 26 जुलाई 1999 को विजय प्राप्त कर विश्व विजयी भारतीय तिरंगा लहरा दिया लेकिन इस युद्ध में शहीद जवानों के बलिदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता क्योंकि भारतीय सेना के जवान हजारों फुट की ऊंचाई पर अपनी हड्डियाँ गलाकर दुश्मनों की हर हरकत पर पैनी निगाह रखते हुए दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देकर दुश्मनों को संभलने का मौका भी नहीं देते हैं तब जाकर हम अपने अपने गांवों शहरों और घरों में सुरक्षित रहते हैं तभी हम अपने सारे त्यौहार पूरी खुशी के साथ मना पाते हैं इसलिए हम भारतीयों का यह फर्ज है कि भारत देश को सुरक्षित रखने के लिए शहीद हुए भारतीय सेना जवानों के प्रति हमेशा भक्ति भाव प्रकट करना चाहिए।

इस दौरान श्रद्धांजलि देने में संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू संरक्षक हरीश चन्द्र पाण्डेय रुपेन्द्र नागर उपाध्यक्ष लोकेश कुमार साहू सचिव नन्दकिशोर आर्या कोषाध्यक्ष बलराम हालदार मार्गदर्शक पूजा लटवाल रेनू शरण पवन शर्मा ममता लटवाल काजल खत्री गीता साहू रितिक साहू संदीप यादव अमन कुमार मनोज साहू सूरज मिस्त्री अरुण कुमार मुन्ना पोखरियाल गौरव सनवाल दीपक पलाडिया सूरज भट्ट प्रकाश सम्मल मनीष दफौटी मुकेश सिंह कुलेरा भारत केसरवानी मोहिनी देवी धीरज शरण साहिल राज निर्मल चम्याल विनोद आर्या अशोक कुमार वाल्मीकि दीपक प्रजापति सुशील राय प्रियांशु आर्या मुकेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय लुहन्ना में आयोजित हुआ सर्पदंश जागरुकता कार्यक्रम

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा। मुख्य विकास अधिकारी के दिशा निर्देशन व बेसिक शिक्षा अधिकारी के सगयोग से जनपद इटावा में पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के लिये कार्य कर रही संस्था ऑर्गनाइजेशन फॉर कंजर्वेशन ऑफ एनवायरनमेंट एंड नेचर (ओशन) द्वारा आयोजित स्कूल सेफ्टी (एसएस), एसडीएमपी स्कूल डिजास्टर मेंनेजमेंट प्लान के तहत राज्य आपदा विषयक सर्प पहचान,सर्पदंश उपचार व सर्पों का महत्व विषय पर आधारित एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम ब्लॉक बढ़पुरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय लुहन्ना में आयोजित हुआ। जिसमें कई बच्चों ने सहभागिता की। जागरूकता कार्यक्रम के संयोजक मिशन स्नेक बाइट डेथ फ्री इण्डिया के यूपी कोर्डिनेटर,नगर पालिका परिषद इटावा के स्वच्छता, पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के ब्रांड एम्बेसडर वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी ने बच्चों को पोस्टर के माध्यम से सर्पो से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ देते हुये बताया कि,सर्पदंश में ज्यादातर लोग सही समय से सही इलाज न मिलने से ही मरते है। उन्होंने कहा कि, हमे सर्पदंश में बिल्कुल भी घबराना नही है बस याद रखना है कि, सर्पदंश का इलाज झाड़ फूँक नही बल्कि सिर्फ एंटीवेनम ही है। डॉ आशीष ने कहा कि,सभी सर्प किसान मित्र भी होते है जो चूहों को खाकर पर्यावरण संतुलन बनाये रखने में अपनी अहम भूमिका भी निभाते है। कार्यक्रम में मौजूद स्टेट रिसोर्स पर्सन मीनाक्षी पांडेय ने कहा कि,इस प्रकार का महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम जनपद के सभी विद्यालयों में आयोजित होना चाहिये जिससे कि समाज मे सर्पदंश के सही इलाज एंटीवेनम के प्रति जागरूकता बढ़े व झाड फूँक




के प्रति ग्रामीणों का अंधविश्वास खत्म हो सके। संस्था ओशन के डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर व शिक्षाविद डॉ पीयूष दीक्षित ने प्रश्नोत्तरी पहर में सामाजिक अंधविश्वास विषय पर सभी शिक्षकों व छात्रों को जागरूक किया। प्रधानाध्यपिका राबिया बानो ने कहा कि,इस जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने आज सभी प्रकार के सर्पों को पहचानने के साथ साथ सर्पदंश के बाद का जरूरी प्राथमिक उपचार व पट्टी करना भी सीखा । जागरूकता कार्यक्रम में कई सैकड़ा बच्चों के साथ विद्यालय का समस्त शैक्षणिक स्टाफ भी मौजूद रहा।

## पति को मौत के घाट उतारने वाली पत्नी महिला आरोपी को थाना चाम्पा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया

जिला जांजगीर चाम्पा छत्तीसगढ़।

जिला जांजगीर चाम्पा छत्तीसगढ़ के में प्रार्थी छोटेलाल सूर्यवंशी द्वारा थाना चाम्पा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह आटो चलाने का काम करता हैं इन लोग 6 भाई एवं 3 बहन है इनके पैतृक जमीन मकान का हिस्सा बंटवारा संबंधी मामला तहसीलदार चाम्पा के न्यायालय में चल रहा हैं जिसकी पेशी में इनकी बहन लोग उपस्थित नहीं हो रहे थे उक्त मामले की पेशी दिनांक 25/07/2022 को था जिसमें इसका छोटा भाई विजय सूर्यवंशी पेशी पर तहसील न्यायालय चाम्पा गया था दोपहर करीबन 02रू30 बजे के आसपास प्रार्थी अपने घर में था उसी समय इसके भाई विजय सूर्यवंशी के घर झगड़ा होने की आवाज आने पर उसके घर गया तो इसका भाई नशे के हालत में अपने बेटे को गाली गलौच कर रहा था तब इसके द्वारा अपने भाई को समझाकर शांतकर वापस अपने घर आ गया और आटो चलाने चला गया था शाम करीबन 06रू00 बजे के आसपास आटो चलाकर अपने घर वापस आया तब देखा कि इसका भाई विजय सूर्यवंशी के घर के सामने भीड़ लगी थी जहाँ 112 की गाड़ी खड़ी थी जिसमें मेरे भाई को बिठाकर रखें थे उसके सिर में काफी गंभीर चोट लगी थी एवं खून बह रहा था जो बेहोश हो गया था प्रार्थी द्वारा घटना के संबंध में अपने भाई बहू फोटोबाई एवं भतीजा से पूछने पर उनके द्वारा पर्ची गुमा दिये हो कहकर गाली गुप्तार करने एवं चाकू लेकर मारने दौड़ने से गुस्से में आकर लोहे की बेड़ी से मारपीट करना जिससे चोट आना बताने पर इसके भाई विजय सूर्यवंशी एवं इसकी भाई बहू फोटो बाई तथा भतीजा को डायल 112 के वाहन में बीडीएम अस्पताल चाम्पा ले गये जहाँ ईलाज के दौरान इसके छोटे भाई विजय सूर्यवंशी की मृत्यु हो गई जिस पर थाना चाम्पा में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 317/2022 धारा 302 , 34 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया प्रकरण की आरोपी फोटोबाई




सूर्यवंशी को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर पति द्वारा आये दिन शराब पीकर मारपीट करने एवं चाकू लेकर मारने के लिये दौड़ने से आक्रोशित होकर घटना को अजाम देना स्वीकार करने पर घटना में प्रयुक्त टंगिया हसिया एवं बैट को बरामद कर आरोपी फोटोबाई सूर्यवंशी दिनांक 26/07/2022 को न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया आरोपी को गिरफ्तार करने में उपनिरीक्षक नागेश तिवारी, भुवनेश्वर तिवारी, प्रधान आरक्षक राकेश तिवारी, अजय चतुर्वेदी, प्रकाश राठौर, महिला प्रधान आरक्षक श्यामा जायसवाल,आरक्षक माखन साहू, ईश्वरी राठौर, गौरीशंकर राय एवं उमेश वैष्णव का विशेष योगदान रहा।

## आवारा पशुओं के लिए वि0 ख0 ऐलिया मुख्यालय का घेराव : संयुक्तकिसान मोर्चा

दैनिक अयोध्या टाइम्स क्राइम ब्यूरो चीफ शिव गोविंद शुक्ला जनपद सीतापुर।

प्रदेश के मा०मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किसानों के हित में खुलेआम घूम रहे आवारा पशुओं से निजात दिलाने हेतु गौशालाओं का निर्माण कराया गया है!और गौशाला निर्माण चल भी रहा है!परंतु जिला प्रशासन द्वारा की जा रही लापरवाही के चलते इस ज्वलंत समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा!समस्या निराकरण के लिए इकट्ठा लोगों से खंड विकास अधिकारी विकास सिंह ने तल्ख भाषा में बात की,किसानों से बहस के बाद उन्होंने अपनी गलती स्वीकार की और माफी मांगी,यह बात संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू ने आज वि०ख० ऐलिया मुख्यालय पर इस मुद्दे पर



धरने पर बैठे किसानों को संबोधित करते हुए कही!

किसान मंच प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि धरना स्थल पर समस्या निराकरण हेतु उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर सीतापुर व उपस्थित खंड विकास अधिकारी ऐलिया द्वारा समस्या निराकरण हेतु वि०ख० में चल रहे गौशाला निर्माण में तेजी लाने के अलावा संचालित गौशालाओं में की जा रही लापरवाही पर अंकुश लगाने का वादा किया है!

सिख संगठन जिला अध्यक्ष गुरुपाल सिंह ने कहा बम्हौरा क्षेत्र के गांवों में घूम रहे सांडों से आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर रोक के लिए तुरंत कार्रवाई की जाए और उन्हें संचालित गौशालाओं में भेजा जाए! बी डी ओ एलिया ने तीन दिनों का समय मांगा,जिसे धरना स्थल पर बैठे किसानों ने स्वीकार कर लिया! धरना स्थल पर पूर्व ब्लाक प्रमुख एलिया सुरेन्द्र विक्रम सिंह, किसान मंच महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्षा अल्पना सिंह,बलजिंदर सिंह, धर्मेन्द्र दीक्षित, बलवंत सिंह,अर्जुन सिंह, किसान मंच युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दिव्य सिंह, शुगर पाल सिंह, दलजीत सिंह, सर्वजीत सिंह, सुखदेव सिंह, इरफान,हरी सिंह, अमृत पाल सिंह, सीताराम, रामहेत, महेश, सुरेश,उदय राज सिंह सहित किसान भाई उपस्थित थे!

## सिंगल यूज पालीथिन को लेकर जिलाधिकारी ने कही बड़ी बात साफ-सफाई को लेकर दिए दिशा निर्देश

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज । जब तक पॉलिथीन में सामान लेने से मना नहीं करोगे तब तक दुकानदार पॉलिथीन में सामान देता रहेगा। प्रयास यह किये जायें की बाजार जाते समय घर से कपड़े का थैला लेकर जाए। यह बात जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने नगर क्षेत्र, काजी टोला,कन्नौज सदर के निरीक्षण दौरान कही। इस अवसर पर उन्होंने नगर की साफ–सफाई व्यवस्था देखी तथा निर्देश दिया कि कूड़ा खुले में न डाले। सफाई कर्मचारियों द्वारा डोर टू डोर कूड़ा निस्तारण किया जाता है। उन्होंने कहा है कि नालियों में पॉलीथिन नही दिखनी चाहिए। कहा है कि वर्षा ऋतु का मौसम चल रहा है। ऐसे में अनेक प्रकार बीमारियां पनपती है। उन्होंने कहा है कि अपने घर, मुहल्लों को साफ सुथरा रखने के साथ ही साफ–सुथरे कपड़े पहने, जिससे वर्षा ऋतु में उत्तपन्न होने वाली बीमारियों से बचा जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा है कि शहर को साफ सुथरा रखने के लिया आपस मे एक दूसरे सहयोग करे। निरीक्षण के दौरान काजी टोला में सुरेश के घर के पास हैंडपम्प खराब मिलने ठीक कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक विद्यालय, काजी टोला का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ सफाई व्यवस्था देखी, जो सन्तोष जनक मिली। हेडमास्टर चुन्नी पाठक ने बताया कि विद्यायल में विद्यार्थियों की संख्या 62 है। उन्होंने विद्यालय की बाउंड्री वाल ऊँची कराने का अनुरोध किया जिसपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को निर्देश दिए कि विद्यालय की बाउंड्री ऊँची कराई जाए। जिलाधिकारी ने विद्यालय में पानी को टोंटी से पानी टपकता हुआ देख कर पानी लीकेज की समस्या दूर कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह भ्रमण निरंतर जारी रहेगा। इसलिए सभी क्षेत्रों में साफ सफाई व्यवस्था व



अन्य व्यवस्थये ठीक हो अन्यथा जिम्मेदारी तय की जाएगी।

जिलाधिकारी ने हर घर तिरंगा के अंतर्गत काजी टोल में आयोजित कार्यशाला के दौरान कहा है कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दिनाँक 13, 14, 15 अगस्त को हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय पर्व के अंतर्गत हर घर मे तिरंगा फहरेगा। उन्होंने कहा है कि हर घर तिरंगा का आयोजन हो जाने के उपरांत सभी नागरिकों का कर्तव्य बनता है कि तिरंगे को अपने घर सुरक्षित बॉक्स में रखे जिस प्रकार से घरों में महत्वपूर्ण सामग्री रखी जाती है। उन्होंने विशेष रूपसे इस ओर ध्यान आकर्षित किया है कि राष्ट्रीय ध्वज इधर उधर कूड़े अथवा खुले पड़ा हुआ नही दिखना चाहिए। झण्डा लगाते सयम यह भी देख ले कि कटा नही होना चाइये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गजेंद्र कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कन्नौज नीलम चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## मंच की कोई नियमावली बनाएं जिसके दायरे में हम सभी लोग रहे -अमृतलाल जी रायबरेली

ओंकार नाथ चौधरी। जनपद रायबरेली हम सभी अपने समाज के महापुरुषों के गौरवशाली इतिहास के पग चिन्हों को आगे बढ़ाना हैं। जिसका माध्यम संवाद है। हमारे संवाद में तर्क हो, बड़ी सोंच हो, बात प्रगतिशील हो। हम विचार करें कि हमारे समाज के लोग विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका में न के बराबर हैं। जब हम अपने समाज की भावी पीढ़ी को वहां पहुचाना चाहेंगे तो उसके लिए हमें इस मंच से ही बहुत कुछ जानने समझने को मिलेगा जो और कहीं नहीं मिलेगा। संवाद बहस में न बदले इसके लिए मंच की कोई नियमावली बना ले जिसके दायरे में हम सभी रहें।



# संक्षिप्त समाचार

## बिजली महोत्सव एवं उर्जा दिवस पर राजकीय बालिका इण्टर कालेज पीलीभीत परिसर में कार्यक्रम आयोजित

पीलीभीत।दिनांक 25.07.2022 से 31.07.2022 तक बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस पर आज दिनांक 27.07.2022 को राजकीय बालिका इण्टर कालेज पीलीभीत परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान परियोजना अधिकारी यूपीनेडा व अन्य द्वारा बिजली बचाओ अभियान पर छात्राओं को जानकारी दी गयी। जिसमें विद्युत उपकरण यथा सिलिंग फैन, कूलर, फ्रिज, एसी की स्टार रेटिंग एवं बिजली की खपत पर प्रकाश डालते हुये बिजली बचाने हेतु प्रेरित किया गया। यूपीनेडा लखनऊ द्वारा विकसित बेवसाइट ्.नचेंअमेमदमतहल.बवउ की छात्राओं को जानकारी देते हुये वैकल्पिक ऊर्जा संयंत्रों के विषय में छात्राओं को जानकारी दी गयी।

## अपने बहुमूल्य सुझाव व आपत्ति पंजी×त डाक के माध्यम से अथवा विनियमित क्षेत्र पीलीभीत कार्यालय में दे सकते हैं

पीलीभीत। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पीलीभीत महायोजना–2031 प्रारूप के प्राविधानों की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदर्शनी कार्यालय नियत प्राधिकारीध्नगर मजिस्ट्रेट, विनियमित क्षेत्र पीलीभीत कलेक्ट्रेट कम्पाउण्ड में दिनांक 01.08.2022 से दिनांक 31.08.2022 तक (कार्य दिवस) की अवधि हेतु नियत की गयी है। पीलीभीत महायोजना 2031 के प्रारूप की प्रति जनपद की एनआईसी बेवसाइट Pilibhit.nic.in पर उपलब्ध रहेगा। उपरोक्त महायोजना के सम्बन्ध में नगर में स्थित समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालय एवं जनसामान्य/हितबुद्ध व्यक्ति/संस्थाएं आदि पीलीभीत महायोजना –2031 प्रारूप के सम्बन्ध में अपने बहुमूल्य सुझाव व आपत्ति पंजीकृत डाक के माध्यम से अथवा विनियमित क्षेत्र पीलीभीत कार्यालय में दे सकते हैं।

## घुंघचाई पुलिस पर निर्दोष को जेल भेजने का आरोप

पूरनपुर।एक महिला ने घुंघचाई पुलिस पर उसके पुत्र को निर्दोष जेल भेजने का आरोप लगाते हुए पुलिस की शिकायत एसपी से की है।महिला का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों के कहने पर पुलिस ने जानबूझकर उसके पुत्र को जेल भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सिमरिया ता.अजीत बिल्हा निवासी धर्मवती ने बताया कि 24 जुलाई को सुबह पंखा चोरी के मामले में घुंघचाई पुलिस उसके पुत्र को पकड़ कर लाई थी।तीन दिन उसको चौकी पर यातनाएं दी गई।उसके बाद पुलिस ने उसके पुत्र को शराब भट्टी में बंद कर दिया।जबकि वह कहीं भी कोई भट्टी नहीं चलाता है।उसने बताया कि उसका पुत्र निर्दोष है।गांव सिमरिया के कुछ दलालों ने घुंघचाई पुलिस से सांठगांठ कर उसके पुत्र पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया।जबकि मुख्य आरोपी गांव के ही कुछ लोग हैं जो खुलेआम घूम कर आए दिन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पीड़ित के पुत्र के छोटे–छोटे बच्चे हैं। जिससे बच्चों के भरण पोषण में समस्या खड़ी हो गई है। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है।लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।इस पर पुलिस ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

## पुलिस प्रशासन ने मोहर्रम को लेकर मोर्चा संभाला ,ताजिया दारो से हुए रूबरू

अयोध्या टाइम्स संवाददाता ।

फरीदपु। सावन माह में जहां एक तरफ कावड़ यात्रा तो वहीं दूसरी तरफ मुस्लिम पर्व मुहर्रम को लेकर पुलिस प्रशासन ने मोर्चा संभाला है क्षेत्राधिकारी ने भारी फोर्स के साथ नगर के विभिन्न मार्गों पर फ्लैग मार्च करके प्रशासन की ताकत का एहसास दिलाया है और भाई चारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की!



सावन के दोनों सोमवार पर पुलिस ने अग्नि परीक्षा देकर आला अधिकारियों के सामने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए हैं जो काबिले तारीफ है वही मुस्लिम पर्व मुहर्रम को लेकर क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह कोतवाल राजेश कुमार ने भारी फोर्स के साथ नगर के तमाम मार्गो पर फ्लैग मार्च किया और जगह–जगह ताजिएदारों से रूबरू होकर ताजिया के पारंपरिक मार्ग की जानकारी लेकर शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने की अपील की दो टूक कहा शासन की मंशा के खिलाफ कदम उठाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी त्यौहार को भाईचारे और शांति से मनाएं खुराफातियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें और निडर होकर त्यौहार मनाए क्योंकि भारत त्योहारों का देश है जिसमें सभी धर्मों के लोग निवास करते हैं और अपने अपने त्योहारों को पारंपरिक रूप से खुशी खुशी मनाते हैं फरीदपुर भी बाबा फरीद की नगरी है जहां हमेशा से गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल कायम रही है!

इस दौरान उप निरीक्षक कस्बा इंचार्ज सत्येंद्र यादव, नवीन कुमार, राजकुमार ,सनुज कुमार के अलावा कोतवाली स्टाफ मौजूद रहा!

## तस्कर माफिया संपत्ति बेचने को बोर्ड लगाकर टटोल रहे ग्राहक, जमींदोज होने का सता रहा खौफ

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर इलाके के नशे का कारोबारी भले ही जेल में है लेकिन उनके गुर्गे और रिश्तेदार तस्कर माफियाओं की संपत्ति बेचने को लगातार हाईवे किनारे बोर्ड लगाकर ग्राहकों को टटोल रहे हैं माफियाओं के गुर्गों को मालूम था कि योगी सरकार के आते ही फिर से सरकारी बुलडोजर गरजने की उम्मीद है जिसके सदमे में रिश्तेदार संपत्ति बेचने को सफेदपोशो के साए में प्रॉपर्टी डीलरों की परिक्रमा लगा रहे हैं वही पुलिस अधिकारियों का मानना है कि तस्कर माफियाओं की संपत्ति की सूची तैयार है अंतिम रूप देना बाकी है !



बता दे 18 अगस्त की रात रामगंगा कटरी के गांव पढ़ेरा निवासी नशे के सौदागर प्रधान शहीद खान उर्फ छोटे भतीजे राजू को 20 किलो स्मैक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था जिसमें फरीदपुर फतेहगंज पूर्वी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई शामिल थी रिमांड पर पूछताछ के दौरान दो दर्जन तस्करों का भंडाफोड़ हुआ था प्रधान का साम्राज्य झारखंड राजस्थान दिल्ली हरियाणा मुंबई तक फैला हुआ था जिसमें सैकड़ों तस्कर शामिल बताए गए प्रधान की गिरफ्तारी के बाद दो दर्जन तस्करों की कुंडली सोशल मीडिया पर लहराई पुलिस ब प्रशासन ने ने 60 करोड़ संपत्ति की कुंडली तैयार कर कई संपत्तियों पर बुलडोजर चलवा दिया दर्जनों तस्कर जेल भेज दिए पुलिस तस्करों की गतिविधियों पर नजर रखने में नाकाम रही जिससे माफियाओं के गुर्गो ने संपत्ति बेचने का मन बना लिया फरीदपुर इलाके के तस्कर हाईवे किनारे बोर्ड लगाकर संपत्ति बेचने को ग्राहकों की टोहले रहे हैं लेकिन पुलिस ने माफियाओं की कुंडली तैयार कर प्रशासन को मुहैया कराने का फैसला लिया है सूत्रों के मुताबिक तस्कर पुलिस से बेखौफ हैं और अपने पुराने ढर्रे पर भी उतर आए हैं!

## फरीदपुर में बंदरों के आतंक से निजात नहीं

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर नगर मैं बंदरों का आतंक चरम पर है बंदरों के झुंड नगर में बेकाबू है जिससे नगर वासियों का छत के ऊपर जाना दूभर है खूंखार बंदर लोगों की जरूरतों का सामान तहस–नहस करने के अलावा बच्चों पर भी हावी होते हैं जिससे बंदरों का खौफ यहां के बाशिंदों ने दिल से दिमाग तक घर कर गया है हमले में लोग घायल भी हुए हैं फिर भी पालिका प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है लेकिन नगर वासियों को बंदरों के आतंक से राहत दिलाएगा कौन? बड़ा सवाल है जवाब कोई नहीं है बार अध्यक्ष ने उप जिलाधिकारी से बंदरों के आतंक पर कार्यवाही करने की गुहार की है !

## दीवार फांद कर घुसे चोरों ने उड़ाया हजारों का सामान नगर में किराने की दुकान का तोडा ताला,सामान समेटा

- नगर के दो अन्य घरों को भी चोरों ने बनाया निशाना

पूरनपुर।दीवार फांद कर घुसे चोरों ने नकदी सहित हजारों का सामान चोरी कर फरार हो गए।नगर में किराने की दुकान का ताला तोड़कर नगदी सहित हजारों रुपए का सामान चोर समेट लाए गए।दो अन्य घरों को भी चोरों ने निशाना बनाते हुए हजारों का सामान समेट ले गए।एक ही रात में तीन बारदातों से खलबली मच गई।पुलिस को मामले की तहरीर दी गई है।

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव मनहरिया में चोरों ने धावा बोल दिया।गांव निवासी केसर सिंह का टीनशेड घर है।उसी में वह अपने परिवार के साथ रहता है।बीती रात खाना खाने के बाद वह अपने परिवार के साथ सो रहा था।इसी दौरान पीछे की दीवार फांद कर अज्ञात चोर घर के अंदर घुस आए।चोरो ने घर में लखी 14 हजार की नगदी,सोने के कुंडल,दो जोड़ी चांदी की ज्वैलरी सहित हजारों रुपए का सामान चोर समेट ले गए। सुबह कमरे में जाकर देखा तो सारा सामान तितर–बितर पड़ा हुआ था।यह देखकर उसके होश उड़ गए।चोरी की वारदात को लेकर खलबली मच गई।बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए।मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंची लेकिन अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की।पुलिस ने बताया कि मामले की तहरीर पर जांच शुरू कर दी गई है।जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा। इसके अलावा नगर के मोहल्ला अहमदनगर निवासी अकरम की किराने की दुकान है।रोजाना की तरह वह मंगलवार की शाम दुकान बंद कर घर चला गया।बीती रात दुकान का ताला तोड़कर 3500 रुपये की नकदी व हजारों का सामान चोरी कर लिया।सुबह दुकान का ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए।मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई है।इसके अलावा नगर के अच्छन वेध वाले के घर से भी हजारों का सामान चोरी कर लिया गया।पड़ोस के रहने वाला एक परिवार जयपुर में रहता है बंद कर का ताला तोड़ दिया।चोर यहां भी हजारों का सामान समेट ले गए।एक ही रात में नगर में हुई वारदात से सनसनी फैल गई।पुलिस गश्त पर नगरवासी लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं।कोतवाल अशोक पाल ने बताया मामले की तहरीर पर जांच शुरू कर दी गई है। घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।

## पुलिस क्षेत्राधिकारी से धोखाधड़ी करने बाले आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

पीलीभीत पुरनपूर

कोतवाली क्षेत्र के घाटमपुर गांव के गरीब किसान के साथ एक युवक ने धोखाधड़ी कर पचास हजार रुपए



हड़प लिए। कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के गांव घाटमपुर निवासी मुश्ताक ने कोतवाली में तहरीर देकर धोखाधड़ी करने बाले आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर आरोपी कमलेश उर्फ राजू को हिरासत में लिया था। किसान से धोखाधड़ी कर पचास हजार रुपए हड़प करने की बात स्वीकार की और उसके बाद कोतवाली में पुलिस के समक्ष समझौता होने पर आरोपी ने दो किस्तों में रुपए वापस करने की बात की और मौके पर ही दोनों पक्षों में समझौता भी करा दिया गया। इधर पीड़ित ने बताया कि लगभग छह माह बीत जाने के बाद भी धोखाधड़ी करने वाले राजू ने कोई पैसा वापस नहीं किया। जिसको लेकर पीड़ित किसान मुश्ताक ने पूरनपुर क्षेत्राधिकारी से मामले की शिकायत कर रुपए दिलवाने तथा उक्त धोखाधड़ी करने वाले आरोपी पर कार्यवाही करने की मांग की है।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कानून/शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा की गई फुट पेट्रोलिंग

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी0 के निर्देशन में शांतिध्कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जनपद के समस्त राजपत्रित अधि0/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी द्वारा अपने–अपने थानाध्चौकी क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए पैदल गश्त सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पैदल गश्त के दौरान चौराहों, मार्केट आदि पर संदिग्ध व्यक्तियोंध्वाहनोंध्वस्तुओं की गहनता से चेकिंग की गई एवं आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।



## भुता इलाके में चोरों का आतंक दो घरों को निशाना बनाकर नगदी जेवर लेकर हुए फरार मुकदमा दर्ज

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। भुता क्षेत्र के गांव में अज्ञात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाकर लाखों की नगदी और जेवर उड़ा दिया सुबह लोगों ने जागने पर देखा तो उनके तरफ पैरों तले जमीन खिसक गई दोनों घटनाओं की तारीख पुलिस को देख कर मुकदमा दर्ज कराया गया है पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश करने में जुटी है !


पुलिस की सक्रियता के चलते अज्ञात चोर एक ही रात में ताबड़तोड़ 2 वारदातें कर गए और पुलिस गश्त करती रही जो पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हैं भुता क्षेत्र के ग्राम कोहनी में बीती रात अज्ञात चोर जब गृह स्वामी अपने घरों में सो रहे थे ,उसी समय सबसे पहले फरमान खान के यहां पीछे से दीवार में नकाब लगाकर भैंसों के बिक्री किए हुए संदूक में रखे 90हजार रुपए नकद सोने चांदी के आभूषण सहित लगभग डेढ़ लाख रुपए मूल्य का सामान उड़ा दिया उसके बाद इसी ग्राम निवासी मोबीन खान के यहां से भी अज्ञात चोर कमरे की दीवार में नकब लगाकर जेबरी तथा सोने की एक लोंग, 5 हजार रुपए नगदी समेटकर फरार हो गए। सुबह जब परिवार जनों की आंखें खुली और घर के कमरे में देखा तो संदूक का ताला टूटा और सामान कपड़े जमीन पर बिखरा पड़ा देखा नजारा देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई अज्ञात चोरों के आतंक से पीड़ित दोनों ग्रामीणों ने पुलिस को तहरीर दी है पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू की है अज्ञात चोरों ने पुलिस को चुनौती देकर इससे पहले भी कस्बा भुता बाजार के सामने ज्वेलर्स की दुकानों ब केसरपुर शेखापुर सहित कई ग्रामों में चोर लाखों रुपए मूल्य का माल जेवर चुरा ले जाने में सफल रहे थे लेकिन अभी तक चोरियों का खुलासा नहीं हो पाया है। जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं और वह चोरी करने के लिए पुलिस को भी चुनौती दे रहे हैं क्षेत्रवासियों ने हो रही इन चोरी की घटनाओं से चोरों से निजात दिलाए जाने के लिए पुलिस प्रशासन से मांग की है।

कार्यवाहक थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह का कहना है कि तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। और शीघ्र ही चोरी का खुलासा करके चोरों को जेल भेजा जाएगा।

## दरोगा से इंस्पेक्टर बने वीर बहादुर, एसएसपी ने स्टार लगाकर तमगा दिया

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। फतेहगंज पूर्वी फतेहगंज पूर्वी थाने में तैनात दरोगा वरिष्ठता सूची में आने पर इंस्पेक्टर बन गए बरेली एसएसपी ने स्टार लगा कर तमगा दिया जिससे उनके परिजनों में खुशी की लहर है बधाई देने वालों का भी तांता लगा हुआ है! फतेहगंज पूर्वी थाने मैं तैनात दरोगा वीरेंद्रबहादुर सिंह वरिष्ठता सूची और अच्छी कार्यकुशलता को देखकर विभाग द्वारा प्रोन्नति किये गए उत्तर प्रदेश के उपनिरीक्षकों की सूची में थाने में एक मात्र ही उपनिरीक्षक चुना गया है पहली प्रोन्नति सूची में नाम आने के बाद बुधवार को एसएसपी सत्यार्थ अनुरुद्ध



पंकज ने उपनिरीक्षक वीरेंद्र बहादुर सिंह को तीन स्टार लगाए तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा अब तक की सर्विस के दौरान हर जगह वीरेंद्र बहादुर सिंह का कार्यकाल और जनता के प्रति व्यवहार बहुत ही अच्छा रहा है।जब शाम को दरोगा से इंस्पेक्टर बने वीरेंद्रबहादुर सिंह फतेहगंज पूर्वी थाने पहुंचे तो थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ,उपनिरीक्षक दिनेश सिंह,अमित कुमार, अखिल कुमार,रविन्द्र सिंह, सौरभ सिंह ,कृष्णअवतर सहित समस्त स्टाफ ने बधाई दी और नगर के लोगों ने भी प्रमोशन होने की बधाई दी उनके इंस्पेक्टर बनने पर परिवार में भी खुशी की लहर है।

## पीलीभीत शाहजहांपुर की सीमा तक 16 ग्राम पंचायतों में 47 किमी0 की पदयात्रा कर कार्यों की गुणवत्ता का स्थलीय निरीक्षण किया गया

पीलीभीत। तहसील कलीनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम माधौटांडा के सपीम स्थित ग्राम हरिपुर फुलहर में मॉ गोमती उद्गम स्थल से गोमती नदी की अविरल धारा जनपद की 16 ग्राम पंचायतों से होकर लगभग 47 किमी की दूरी तय करने के उपरान्त जनपद शाहजहॉपुर की सीमा में प्रवेश करती है। पिछले 02 माह में मनरेगा योजना के अन्तर्गत गोमती नदी के पुर्नद्वधार एवं पुर्नजीवन का कार्य किया गया है। जिलाधिकारी के द्वारा स्वयं उद्गम स्थल से लकर जनपद शाहजहॉपुर की सीमा तक 16 ग्राम पंचायतों में 47 किमी0 की पदयात्रा कर कार्यों की गुणवत्ता का स्थलीय निरीक्षण किया गया। मॉ गोमती के किनारे 16 ग्राम पंचायतों म आरती हेतु घाट का निर्माण कराया जा चुका है।

जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा मुख्य विकास अधिकारी निर्देशित किया गया कि सभी 16 घाटों पर प्रतिदिन नियमित रूप से सांयकाल में मॉ गोमती की आरती हो तथा प्रातःकाल में योग–अभ्यास कराया जाये।

उक्त घाटों पर प्रतिदिन मॉ गोमती की आरती एवं योगाभ्यास कराये जाने हेतु सम्बन्धित ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जाये, जिसमें ग्राम विकासध्पंचायत अधिकारी पदेन सचिव एवं अन्य समस्त ग्राम स्तरीय अधिकारी सदस्य होगें, उक्त गठित समिति का दायित्व होगा कि वह अधिक से अधिक ग्रामवासियों को आयोजन से जोड़ते हुए प्रतिदिन समस्त घाटों पर मॉ गोमती की आरती कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया मॉ गोमती के दोनों तटों से सटे हुये समस्त खेतों में रासायनिक खाद एवं कीटनाशक के प्रयोग पर निषेध लगाया जाये और सम्बन्धित किसानों के साथ निरन्तर गोष्ठियों एवं प्रशिक्षण के माध्यम से जागरूक कर फसलों हेतु, जैविकध्प्राकृतिक खेती का प्रयोग कराया जाये, जिससे रसायनों से होने वाला नदी का प्रदूषण नियंत्रित होगा। मॉ गोमती नदी दोनों ओर तट से लगभग 1000मी0 तक पानी समर सेविलध्पम्प को चलाने से हतोत्साहित किया जाये, जिससे गोमती नदी के जल का दोहन एवं होने वाले प्रदूषण पर रोक लग सके। मॉ गोमती नदी में मछली पकड़ने को निषेध किया जाये, जिससे जैव–विविधता पर्यावरण संतुलन हेतु बनी रहें, मॉ गोमती नदी से सटे सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में खुले में शौच पर रोक लगाई जाये।

इससे संक्रामक बीमारियों पर रोक लगेगी तथा नदी का जल स्वच्छ रहेगा। मॉ गोमती नदी के किनारे स्थित ग्राम पंचायतों में गन्दे पानी एवं अपशिष्ट पदार्थो के नदी में विसर्जन पर पूर्णतया रोक लगाई जाये। नदी के दोनो ओर खेतों में मिट्टी खनन पर पूर्णतया रोक लगाई जाये।

## अब मोहब्बतपुर गांव में चोरों का धावा,दहशत शोर-शराबा करने पर वाइक छोंड फरार हुए चोर

- दो दिनों से देखी जा रही चोरो की चहलकदमी

पीलीभीत पूरनपुर।बीती रात मोहब्बतपुर गांव में फिर चोरो की चहल कदमी देखी गई।मामले को लेकर हड़कंप मच गया।शोर शराबा करने पर चोर वारदात को अंजाम नहीं दे सके।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।लेकिन तब तक चोर फरार हो चुके थे।गांव से कुछ ही दूरी पर खडी बाइक को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया है।

घुंघचाई चौकी क्षेत्र मैं बीते दो दिनों से मोहब्बतपुर गांव के अलावा आस–पड़ोस में चोरों की चहल कदमी देखी जा रही है।सूचना के बावजूद पुलिस गश्त में खानापूरी कर रही है।बीती रात फिर मोहब्बतपुर गांव में ढाटा बांधे चोरों ने धावा बोल दिया।चोर बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में गांव के आसपास काफी देर तक घूमते रहे।इस दौरान चोरों की चहलकदमी लोगों ने देख ली,तो उन्होंने एकजुट होकर शोर–शराबा करना शुरु कर दिया।इस पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए।काफी देर तक ग्रामीण हो हल्ला मचाते रहे।मामले की सूचना पुलिस को दी गई।इस पर घुंघचाई पुलिस मौके पर पहुंची।लेकिन तब तक चोर फरार हो चुके थे।गांव के कुछ ही दूरी पर कच्चे रोड पर यूपी 53 बी 1502 एक संदिग्ध बाइक खड़ी देखी गई।रात में तो पुलिस ने उसके कब्जे में नहीं लिया।बुधवार को कई घंटे बाद पुलिस ने गांव पहुंच कर लाइक को अपने कब्जे में लिया।उसका नंबर निकालने पर बाइक गोरखपुर जिले की होना पाई गई।दो दिन पहले भी गांव के आस–पास चोरों की चहल कदमी देखी गई थी।जिसकी सूचना भी पुलिस को दी गई।लगातार चोरों की चहल कदमी से ग्रामीण रात जागकर काटने को मजबूर हो रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि चोर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है।चौकी प्रभारी मंगल सिंह ने बताया मामले की सूचना पर मौके पर गया था।एक बाइक चकरोड पर खड़ी पाई गई है। जिसको कब्जे में ले लिया गया है।बाइक गोरखपुर जिले की है।यह बाइक किसकी है।इसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## पीलीभीत मिड डे मील मामले की शिकायत में दूध न बंटने की हुई पुष्टि

पीलीभीत पूरनपुर। सिरसा में बच्चों को मिड–डे मील की सामग्री वितरित न किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रधानपति सहित ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत खंड विकास अधिकारी को पत्र देकर जांच कराए जाने की मांग की थी। इस मामले की खण्ड शिक्षा अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर जांच की जिसमे दूध न बाटने की शिकायत सही पाई गई। बकौल बीइओ बाकी सारे आरोप निराधार हैं। ज्ञात हो कि तहसील क्षेत्र के गांव सिरसा निवासी विजय पाल प्रधान पति है। बताया जाता है कि शनिवार को वह गांव के कुछ लोगों के साथ प्राथमिक विद्यालय में गए थे।स्कूल में तैनात प्रधानाध्यापक मोहम्मद कौसर से मिड डे मील की जानकारी ली गई तो प्रधानाध्यापक ने मिड डे मील की जानकारी देने से इंकार कर दिया। जब उन्होंने स्कूल के बच्चों व रसोईयों से मिड डे मील में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा तो बच्चों ने बताया कि स्कूल में कोई भी सामग्री नई बांटी जाती है, जबकि स्कूल के अध्यापक मनमानी तरीके से रजिस्टर में सामग्री बांटना दर्शा रहे हैं। यही नहीं शनिवार को विद्यालय में बनाई गई सब्जी में कई कमियां पाई गई। बच्चों को मिलने वाली सभी सामग्री को अध्यापक ने अपने रजिस्टर में चढ़ा दिया। स्कूल के शौचालय में ताला लटका हुआ है। इसके चलते स्कूली बच्चों को शौच के लिए बाहर जाना पड़ रहा है। आरोप था कि बच्चों को मिलने वाली सामग्री अध्यापक डकार रहे हैं। सामग्री का नियमानुसार वितरण न कर उसका बंदरबांट किया जा रहा है। यही नहीं विरोध करने पर अभद्रता कर अध्यापक मारपीट पर उतारू हो जाता है। शिकायतकर्ताओं गांव के विजयपाल, जसवीर सिंह, राजेंद्र, संजय, महेश, मदन सिंह, जगबीर, राम सिंह, राम प्रसाद सहित दर्जनों ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को पत्र देकर अध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। बीते दिन इस मामले की खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह जांच करने विद्यालय पहुंचे। जांच के बाबत पूछे जाने पर बीईओ ने बताया एक शिकायत सही पाई गई कि बुधवार को दूध का वितरण नही किया गया जबकि अभिलेखों में दूध वितरण अंकित किया गया है। बाकी सारे आरोप निराधार पाए गए हैं। इस संबंध में ग्राम प्रधानपति का कहना है कि जांच के नाम पर फर्जीवाड़ा किया गया है। शिकायत के निस्तारण में शिकायतकर्ताओं को सुने बिना फर्जी अंगूठा हस्ताक्षर लगाकर शिकायत निपटा दी गई है। इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की जाएगी। फिलहाल बताते चलें कि पूरी जांच प्रक्रिया संदिग्ध है क्योंकि दूध वितरण न कर कागजों में चढ़ाए जाने मामले में क्या कार्यवाही होगी यह तक स्पष्ट नहीं किया गया है।

## कूड़ा घर में खाना तलाश रहा गोवंश का साम्राज्य योगी सरकार के अरमानों पर लगा पलीता

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर योगी सरकार का फरमान आवारा गोवंश का गौशाला में करो इंतजाम लेकिन पालिका प्रशासन की लापरवाही आवारा गोवंश को नासूर बनी है हाईवे के कूड़ा घरऔर नगर की गलियों में आवारा गोवंश खाना तलाशने को मजबूर योगी सरकार ने जिलाधिकारी को गोवंश का जिम्मा दिया जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को गौशाला की राह दिखा दी लेकिन धरी रह गई नहीं बनी गौशाला नहीं पहुंचे गोवंश सैकड़ों गोवंश कूड़ा घर में खाना तलाशने को मजबूर हैं!

बता दे आवारा गोवंश को लेकर योगी सरकार संजीदा हो गई है शासन ने जिले से लेकर तहसील तक करोड़ों खर्च कर गौशाला निर्माण करा दिया रक्षक भी लगा दिए फिर भी गोवंश को संभाल नहीं पाए रजऊ परसपुर से लेकर फतेहगंज पूर्वी तक आवारा गोवंश का हाईवे से लेकर खेतों तक साम्राज्य है जो वाहन चालकों और किसानों को नासूर बने हुए हैं गोवंश का कुनबा जब खेतों में उतरता है समूचे खेत मटिया मेट कर देता है जिसे देखकर किसानों के पैरों तले जमीन खिसक जाती है क्योंकि दिन रात मेहनत से पैदा की हुई फसल को आवारा गोवंश रातों–रात चट कर जाते हैं नजारा देखकर किसान बेसुध हो जाते हैं गोवंश का साम्राज्यआए दिन हाइवे से गुजरने वाले वाहनों या निर्माणाधीन फ्लाईओवर पर विचरण करते हुए हादसे का शिकार होते हैं पालिका प्रशासन के सफाई कर्मियों द्वारा नगर के मोहल्ला से उठाए जाने वाला कूड़ा हाईवे स्टेशन रोड पुराना बीसलपुर रोड पर डाला जाता है जिसने आवारा गोवंश का साम्राज्य भूख मिटाने के लिए खाने की तलाश करता है और कागज पन्नी कागज खाकर सर्द मौसम में बीमार होकर मौत की नींद सो जाता है जिन्हें हरे भरे खाने के दर्शन नहीं होते हैं रुखा



सुखा खाकर जीवन जीने को मजबूर हैं जिन्हें गौशाला भिजवाना अति आवश्यक है विगत महा ही फतेहगंज पूर्वी मैं निकट हनुमान मंदिर के निकट रात के दौरान दर्जनों गोवंश अज्ञात वाहन ने रौंद दिए जिनकी मौके पर मौत हो गई सुबह गौ रक्षक दल के कार्यकर्ताओं और पुलिस की लंबी नोकझोंक हुई पुलिस को भी भारी मशक्कत उठानी पड़ी हादसे के शिकार गोवंश को जेसीबी मंगानी पड़ी तब कहीं दूर ले जाकर उनके शवों को दफनाया गया जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने उप जिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय को गौशाला निरीक्षण और गोवंश साम्राज्य की व्यवस्था करने का जिम्मा दिया है उप जिलाधिकारी ने फतेहगंज पूर्वी के गांव चठिया फैजू गौशाला में व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे लेकिन फिर भी आवारा गोवंश सड़कों पर भटकने को मजबूर हो रहे हैं!

## रेलवे क्रासिंग पर तैनात सिपाही मोबाइल फोन पर मशगूल, जाम से निजात के आसार नहीं

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

सुबोध शर्मा फरीदपुर। रामगंगा कटरी के इलाके को नगर से जोड़ने वाली रेलवे क्रॉसिंग राहगीर और नगर वासियों को दिन प्रतिदिन घातक होती जा रही है कभी जाम का झाम तो कभी दुर्घटनाओं से मौत का पैगामजारी है रेलवे क्रॉसिंग प्रतिवर्ष दर्जनों लोगों को मौत की नींद सुला देता है फिर भी जनप्रतिनिधि की नींद नहीं खुली समाजसेवियों की पहल पर रेलवे क्रॉसिंग पर सिपाही तैनात किए गए लेकिन भयंकर जाम के दौरान भी वह मोबाइल फोन पर मशगूल रहते हैं क्रॉसिंग के जाम को जाते हैं भूल!

जिला बरेली के तहसील फरीदपुर की रेलवे स्टेशन पितांबरपुर के नाम से मशहूर है जिसकी रेलवे क्रॉसिंग संख्या 343 सी नगर वासियों और राहगीरों के लिए नासूर है रेलवे क्रॉसिंग का जाम और हादसों से मौतों का सिलसिला सुर्खियों में रहा है रेलवे क्रॉसिंग से कटरी इलाके के सिसैया रमपुरिया, अमरेख, बेहरा, नगरिया कला के अलावा बुखारा रोड के सैकड़ों गांव के लोगों का इसी रेलवे क्रॉसिंग से आना जाना होता है हजारों वाहन गुजरते हैं ट्रेन आने पर क्रॉसिंग बंद होती है तो कई किलोमीटर तक लंबा जाम लग जाता है स्कूली बच्चे मरीजों की एंबुलेंस के अलावा माननीय भी जाम के झाम की चपेट में आते हैं मजे की बात है समाजसेवी और लोगों की पहल पर रेलवे क्रॉसिंग पर सिपाहियों को तैनात किया गया है जो जाम से निजात दिलाने में कारगर साबित होते लेकिन तैनात सिपाही पूरे दिन मोबाइल फोन पर मजबूर रहते हैं उन्हें लोगों की समस्या से क्या लेना देना रेलवे क्रॉसिंग की समस्या भी नजर नहीं आती और जाम के झाम का आनंद लेते हैं क्रॉसिंग बंद करने के दौरान पैदल और बाइक सवार जल्दबाजी के चक्कर में फाटक के बूम के नीचे से गुजरते हैं और ट्रेन की चपेट में आने से मौत के मुंह में समा जाते हैं वाहनों के परखच्चे उड़ जाते हैं कई घंटे छत बिछत सब रेलवे ट्रैक पर पड़े रहते हैं गाड़ियां गुजरती रहती है जीआरपी पुलिस की हीला हवाली ट्रैक पर पड़े शवों को नासूर बनती है यहां तक की मानव के अंग कुत्ते खाते हैं जो मानवता के लिए शर्मनाक है सूचना पर थाना पुलिस सब को बटोर कर पोस्टमार्टम भेजती है लाइनपार मठिया के सैकड़ों बुजुर्ग और नौजवान कस्बे के बीचो बीच से गुजरने वाले रेलवे ट्रैक पर गुजरने वाली गाड़ियों के नीचे आकर यमराज के पास चले गए प्रतिवर्ष ट्रेन हादसे लोगों के घरों में कोहराम मचा देते हैं फिर भी रेलवे प्रशासन ध्यान नहीं देता जाम के झाम से निजात पाने के लिए समाजसेवी संस्था ने रेलवे फाटक संघर्ष समिति बनाई समिति ने धरना प्रदर्शन करते हुए रेल मंडल मुरादाबाद से लेकर रेल मंत्री तक को ज्ञापन भेजा लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ समाजसेवी संस्थाएं भी जनप्रतिनिधियों एवं रेलवे प्रशासन से आहत हैं भाजपा के आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप की पहल रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास बनाने के लिए रंग तो लाई लेकिन उसके निर्माण के लिए राहगीरों को अभी लंबा इंतजार करना होगा!

## जिलाधिकारी श्री पुलकित खरे जी के आदेश पर गोमती के त्रिवेणी घाट पर संध्या आरती कराई गई



पीलीभीत। जिलाधिकारी श्री पुलकित खरे जी के आदेश पर गोमती के त्रिवेणी घाट पर संध्या आरती कराई गई। एसडीएम आशुतोष गुप्ता व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आशुतोष दीक्षित राजू, संघ के प्रान्त घोष प्रमुख ललित जी, लक्ष्मण प्रसाद वर्मा, देवी माता मराठी ग्राम प्रधान पौथीराम कुशवाहा, ग्राम प्रधान परमजीत सिंह, विपिन मिश्रा बच्चूलाल सहित काफी संख्या में गोमती भक्त शामिल हुए। इसी तरह अन्य घाटों पर भी संध्या आरती हुई। एसडीएम ने गोष्ठी में बोलते हुए घाटों को स्वच्छ व सुंदर बनाने और नियमित आरती व योग कराने की सलाह दी। प्रत्येक घाट पर इस हेतु कमेटियां भी बनेंगी। डीएम पुलकित खरे ने नियमित आरती व योगाभ्यास हेतु कल नया आदेश जारी किया गया है। डीएम के 11 जुलाई के गोमती को लेकर जारी आदेश का अनुपालन कराने हेतु पुलिस व प्रशासन के अफसरों की जिम्मेदारी तय की गई है।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# संक्षिप्त समाचार

## पैतृक मकान को लेकर बहन भाई में विवादः युवती का फटा सिर

किरतपुर। दैनिक अयोध्या टाइम्स शरीफ मलिक। पैतृक मकान को लेकर भाई बहन के झगड़े में एक युवती का सिर फट गया। पीड़िता का आरोप है कि उसका भाई 15 साल बाद घर लौटा तथा कब्जा करने की नीयत से घर के ताले तोड़ दिए, और उसकी पुत्रियों के साथ मारपीट की। पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़िता कविता शर्मा पुत्री सत्यपाल शर्मा निवासी टीचर कालोनी किरतपुर ने कहा है कि वह अपने पैतृक मकान में पिछले 24 वर्षों से अपनी दो पुत्रियों के साथ रहती है।



बुधवार की सुबह लगभग 11 बजे उसका भाई विकास शर्मा 15 वर्ष बाद घर का कब्जा लेने की नीयत से गेट के ताले तोड़कर घर में घुस गया उसके साथ उसकी पत्नि और तीन पुत्र भी थे। उन्होंने मेरी दोनों पुत्रियों के साथ मारपीट की जिसमे उनके कपड़े फट गए। यही नही झगड़े में मेरी पुत्री दीक्षा शर्मा के सिर में सरिये से प्रहार भी कर दिया। जिससे उसका सिर फट गया और वह लहुलुहान हो गई। उसके सिर में सात टाके लगे। पीड़िता का कहना है कि उन्होंने डायल 112 को फोन किया पुलिस आई परन्तु हमारी उन्होंने कोई मदद नही की। हम किरतपुर थाने पहुंचे परन्तु वहां पर भी हमारे साथ कोई इंसाफ नही हुआ। पीड़िता ने अपने भाई विकास उसकी पत्नि व पुत्रो के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की।

## 8 साल की बच्ची की बिच्छू के काटने से हुई मौत

नगीना । नगीना क्षेत्र के गांव मेदपूरा में घर के आंगन में खेल रहे 8 साल की बच्ची की बिच्छू के काटने से हुई मौत घटना से मृतक बच्ची के परिजनों ने मचा कोहराम आपको बता दें पूरा मामला नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम मेदपूरा पवन कुमार सैनी की 8 वर्षीय बच्ची घर के आंगन में खेल रही थी उसी दौरान बच्ची को बिच्छू ने काट लिया बिच्छू के काटने के बाद बच्ची को प्राथमिक उपचार हेतु डॉक्टर के पास ले जाया गया लेकिन जब तक बच्ची की मौत हो गई घटना से मृतक बच्ची के परिजनों में कोहराम मच गया।



## नगीना में भाजपा नेत्री सीमा जावेद सदस्य उत्तराखंड अल्प संख्यक आयोग को फूल माला पहनाकर किया स्वागत

नगीना दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी नगीना ।भाजपा नेत्री सीमा जावेद सदस्य उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग सीमा जावेद पश्चिम एवं मध्य उत्तर प्रदेश में संगठन के विस्तार हेतु नगीना पहुंची इसी कार्यक्रम के क्रम में भाजपा नेता रोहित रवि के आवास पर सीमा जावेद एवं इमरान अहमद सदस्य शिक्षा परिषद मदरसा बोर्ड उ.प्र. सरकार का पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। स्वागतकर्ताओं में मुख्यतः पूर्व विधायक सतीश गौतम,भाजपा नेता रोहित रवि, डॉक्टर इमरान अहमद, बिलाल चौधरी क्षेत्रीय मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा, कयूम राइन, शेख जमीलउद्दीन मंडल अध्यक्ष अ स मोर्चा, डॉ मुस्तेहसन जहूर, इमरान इदरीसी, रियासत, संदीप कुमार, बाबूराम, अमन सिंह, अमूल नंदा आदि उपस्थित रहे।



## बाईको की भिड़ंत मे मासूम बच्चे सहित चार की मौत

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।

दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत मासूम बच्चे सहित चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा थानाभवन क्षेत्र के गांव यारपुर,खेड़ा पुल के पास गंग नहर की पटरी पर दो बाइकों की आमने–सामने की भिड़ंत में एक मासूम बच्चे सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया बताया जा रहा है कि की कैराना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी मुरसलीन पुत्र जमीन अपने पाँच वर्षीय भांजे इब्राहिम के साथ बाइक पर सवार होकर थानाभवन क्षेत्र के गांव पलठेडी अपनी बहन के यहाँ रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही वह यारपुर, खेड़ा नहर पुल से आगे गंग नहर की पटरी पर पहुंचा तो तभी सामने से भनेड़ा उद्दा की ओर से आ रहे। गाँव ढहकी थाना नकुड जनपद सहारनपुर निवासी तरसपाल पुत्र नानू अपने दोस्त संदीप पुत्र यशपाल उर्फ नाथी से आमने–सामने भिड़ंत हो गयी। भयंकर टक्कर होने से चारों बाइक सवार टक्कर लगते ही सड़क पर जा गिरे और चारो की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाने मे तहरीर देते हुये मृतक तरसपाल के पुत्र प्रशांत ने बताया की उसके पिता अपने दोस्त के साथ घर सें एक लाख रुपये लेकर हरियाणा भैस खरीदने जा रहे थे। वही मूरसलीन के परिजनो ने भी तहरीर दी ।घटना सूचना पर संज्ञान लेते हुये अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिह ने थाने पहुचकर मृतको के परिजनो सें जानकारी करते हुये कार्यवाही के आदेश दिये।

## महिला को मारपीट कर तलाक देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।

मिली जानकारी के अनुसार दिलशाद पुत्र इब्राहिम मोहल्ला करीमबक्श कस्बा जलालाबाद थाना थानाभवन तहसील व जिला शामली का निवासी है ।दिलशाद ने स्थानीय पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि चार–पांच साल पहले उसने अपनी लड़की शीबा की शादी अब्दुल्ला पुत्र अब्दुलवासे खॉ मोहल्ला नानू कस्बा जलालाबाद के साथ की थी ।आरोप है कि शीबा अपनी छोटी बहन की शादी में घर आई हुई थीं। 22 जुलाई को घर में कोई पुरूष नही था। उस समय शीबा का पति अब्दुल्लाह अपने एक साथी असद पुत्र समद निवासी नानौता जिला सहारनपुर घर मे घुस आये और शीबा के साथ गाली गलौच व मारपीट करने लगे शीबा के शोर की आवाज पर पड़ोस के ही हासिम पुत्र शरीफ व फारूख पुत्र अय्यूब व इंकराम पुत्र शरीफ व सलीम पुत्र अजीज आये जिन्हे आता देख अब्दुल्ला ने तीन बार तलाक बोलकर शिबा को तलाक दे दिया और अपने साथी असद के साथ फरार हो गया ।पीड़ित दिलशाद ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

## बाईको की भिड़ंत मे मासूम बच्चे सहित चार की मौत

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।

दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत मासूम बच्चे सहित चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।थानाभवन क्षेत्र के गांव यारपुर,खेड़ा पुल के पास गंग नहर की पटरी पर दो बाइकों की आमने–सामने की भिड़ंत में एक मासूम बच्चे सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया बताया जा रहा है कि की कैराना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी मुरसलीन पुत्र जमीन अपने पाँच वर्षीय भांजे इब्राहिम के साथ बाइक पर सवार होकर थानाभवन क्षेत्र के गांव पलठेडी अपनी बहन के यहाँ रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही वह यारपुर, खेड़ा नहर पुल से आगे गंग नहर की पटरी पर पहुंचा तो तभी सामने से भनेड़ा उद्दा की ओर से आ रहे। गाँव ढहकी थाना नकुड जनपद सहारनपुर निवासी तरसपाल पुत्र नानू अपने दोस्त संदीप पुत्र यशपाल उर्फ नाथी से आमने–सामने भिड़ंत हो गयी। भयंकर टक्कर होने से चारों बाइक सवार टक्कर लगते ही सड़क पर जा गिरे और चारो की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाने मे तहरीर देते हुये मृतक तरसपाल के पुत्र प्रशांत ने बताया की उसके पिता अपने दोस्त के साथ घर सें एक लाख रुपये लेकर हरियाणा भैस खरीदने जा रहे थे।

वही मूरसलीन के परिजनो ने भी तहरीर दी। घटना सूचना पर संज्ञान लेते हुये अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिह ने थाने पहुचकर मृतको के परिजनो सें जानकारी करते हुये कार्यवाही के आदेश दिये।

# मोहर्रम को लेकर आयोजित हुई शांति समिति की बैठक

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता हैदर राजा नूरपुर ।बुद्धवार को थाना परिषद नूरपुर में मोहर्रम को लेकर आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए नूरपुर थाना अध्यक्ष धीरज सिंह सोलंकी ने कहा कि मोहर्रम का पर्व भी हमें शान्ति का संदेश देता है। सभी त्योहार हमें आपसी भाई चारे का संदेश देते हैं। इन त्योहारों का आनन्द तब बढ़ जाता है जब इन्हें सौहार्द व शान्तिपूर्ण ढंग से मनाया जाय। ऐसे में सभी का कर्तव्य बनता है कि इन्हें हम शान्तिपूर्ण ढंग से मनाने में एक दूसरे का सहयोग करे । क्षेत्र के दर्जनों गांवों के ताजियादारों व मुस्लिम समुदाय के सम्भ्रांत लोगों के साथ त्योहार आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि ताजिया उठाने के दौरान अचानक कोई समस्या आती है तो धैर्य का परिचय देते हुए किसी प्रकार का समाज में विवाद उत्पन्न न करें। कानून हाथ में न लें पुलिस को तत्काल सूचित करे। कहा कि आप सभी लोगों की समस्या को यथा सम्भव दूर करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर ,क्राइम इंस्पेक्टर सतीश कुमार राय ,स्पेक्टर राजेश कुमार सिंह ,एसआई दीपक कुमार, एसआई अजय कुमार ,कस्बा इंचार्ज रविंद्र कुमार, साहब सिंह, मेहताब दाना ,धर्मेंद्र जोशी ,आफाक अंसारी ,शमशाद प्रधान, हैदर राजा,आदि लोग मौजूद रहे।



## पति द्वारा प्रताड़ित करने पर पत्नी ने लगाई न्याय की गुहार

नूरपुर ।पति द्वारा प्रताड़ित करने पत्नी ने न्यायालय से न्याय की गुहार लगाई है ।ब्लॉक जलीलपुर निवासी रुखसार अपनी आप बीती सुनाते हुए कहा की ।उसका निकाह दिनांक 21/9/2021 मुस्लिम रीति–रिवाज के अनुसार मोहम्मद आजाद पुत्र सिराज निवासी फतियापाडा चाँदपुर के साथ हुआ था। उसके निकाह होने के कुछ समय बाद से ही सुसराल वाले तंग व प्रताड़ित करने लगे ।ओर रुपयो की मांग करने लगे ।कहते है उसके ससुराल वाले जमीन घर बिकवा कर 5 लाख रुपये लाकर देने को कहते है। ।पीड़ित रुखसार ने बताया की यह लोग अपराधी किस्म के हैं। वह आए दिन कोई ना कोई वारदात करने के लिए तैयार रहते हैं ।उसने बताया की उसका पति उससे 30 वर्ष वड़ा है। वह कहता हैं कि तुझे मेरे साथ साथ मेरे जीजा ओर मेरे मामा को भी खुश रखना होगा ।पीड़ित महिला ने बताया की उसकी आयु अभी 18 वर्ष है ।और उसके पति की आयु 48 वर्ष है। मेरी सास और नन्द भी मुझ पर दबाव वनाती है। कि जैसा मेरा भाई मोहम्मद आजाद और मामा सरताज अहमद और जीजा जावेद और चार लोगों को मे नहीं जानती हूँ ।उसने आरोप लगाया है की उसका पति मोहम्मद आजाद मेरे पास नये लोगों को अपने साथ लेकर आता है ।ओर उससे गंदी हरकत करवाता है। वह कहता है कि मे जेसा कहता हूँ करती जा नही तो तुझे तीन तलाक लिखकर भेजकर तुझे घोखे से तलाक दे दूंगा। पीड़ित आपबीती सुनाते हुए कहा कि मोहम्मद आजाद दोखेवाज,चालाक,शरकश, शातिर किस्म का व्यक्ति है। जो पेपरो मे हेर फेर करके कुटरितिक षड्यंत्र रचकर मेरे साथ छल पूर्वक मुझे व मेरे परिवार को किसी झूठे मुकदमे मे फसाने कि फिराक में है। मेरे पास न्यायालय में जाने के शिवाय कोई और रास्ता नहीं है। पीड़ित रुखसार ने न्यायालय मे न्याय की गुहार लगाई है।



## लाला प्यारेलाल सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित

चांदपुर दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी राधा रानी । चांदपुर में लाला प्यारेलाल सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। मंगलवार को लाला प्यारेलाल सरस्वती शिशु मंदिर चांदपुर में मातृ सम्मेलन कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें प्रधानाचार्य सत्येंद्र सिंह के निर्देशन में कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती आभा सिंह समाजसेवी, मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता दहिया पुलिस क्षेत्राधिकारी चांदपुर, श्रीमती उर्वशी कर्णवाल, ललित जिला प्रमुख विद्या भारती ने संयुक्त रूप से मां शारदा के सम्मुख पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बहन कृतिका, आराध्या, परिधि, पारवी, मानवी, छवि, अक्षरा कौशिक, कात्या, राधिका, कनिका, परी वर्मा, श्रीयांशी गर्ग ने सरस्वती वंदना, देश भक्ति गीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उर्वशी कर्णवाल ने बालक बालिका के विकास में माता की भूमिका को सर्वोपरि बताया। रितुबाला ने बालक की आदर्श दिनचर्या पर विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि सुनीता दहिया सीओ ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यातायात के नियमों का पालन करें, अपने बच्चों को मोबाइल का अनावश्यक प्रयोग ना करने दें, बिना है हेलमेट के घर से बाहर ना निकले, अभिभावक संपर्क का महत्व पर विकास त्यागी, शिक्षा का माध्यम हिंदी ही क्यों, नामक विषय पर श्वेता त्यागी ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में अनेक अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन रामबहादुर शर्मा ने किया। प्रधानाचार्य सत्येंद्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। एवं शिशु तथा विद्यालय के विकास में सहयोग की अपील की।



## प्रधानाचार्य अदीब अहमद खान को जिलाधिकारी शामली द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।

विगत दिनों संपन्न विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए नेशनल पब्लिक इण्टर कॉलेज जलालाबाद के प्रधानाचार्य अदीब अहमद खान को जिलाधिकारी शामली द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।मिली जानकारी के अनुसार विगत दिनों संपन्न हुए विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में सहयोग देकर विधानसभा चुनाव कर्तव्य निष्ठा परिश्रम एवं लगन के साथ सकुशल संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नेशनल पब्लिक इंटर कॉलेज जलालाबाद के प्रधानाचार्य अदीब अहमद खान को जिलाधिकारी शामली जसजीत कौर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।प्रधानाचार्य अदीब अहमद खान को विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। प्रधानाचार्य अदीब अहमद खान को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए जाने पर स्कूल के अध्यापकों व छात्र–छात्राओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया है।



# कांग्रेसियों का सत्याग्रह 27 जुलाई 2022

(रिपोर्ट जिला संवाददाता) दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली जिला कांग्रेस कमेटी अपने कांग्रेस कैप कार्यालय बडीआल शामली पर बैठे सत्याग्रह पर नेशनल हेराल्ड के झुठे केस मे बार–बार हमारी राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी जी को परेशान करना जबकि उनकी तबीयत खराब चल रही है भाजपा सरकार अपनी तानाशाह करने से नही थक रही है जब भी सोनिया जी राहुल जी जनता–जनार्दन की आवाज उठाने को बढते तभी भाजपा सरकार आवाज दबाने का काम करती है हमारे पूर्वजों ने लोकतंत्र तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं को इसलिए बनाया ताकि हम अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सकें स लोगों के बीच असमानता भेदभाव को खत्म कर सकेंस राजनीति लोगों को जोड़ने और उन लोगों के कल्याण करने के लिए होती है परंतु भाजपा सरकार राजनीति विपक्ष और जनता की आवाज को दबाने के लिए करती है।

लेकिन वर्तमान सरकार जिस तरह से जनता के वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए बार–बार नए पैंतरे खोज रही है वह निंदनीय है स यंग इंडिया एक नॉनप्रॉफिट कंपनी है यह बात सभी जानते हैं फिर भी बदले की भावना से प्रेरित होकर तथा विपक्ष और जनता का आवाज को दबाने के लिए भाजपा सरकार ने जिस तरह से कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी जी को तबीयत खराब होने के बावजूद भी लगातार ईडी ऑफिस बुला रही जो बेहद निंदनीय है स इस राजनीतिक दुर्भावनापूर्ण कृत का कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है स कांग्रेस पार्टी संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के खिलाफ हमेशा लड़ती रहेगी ।

सत्याग्रह पर बैठने वाले दीपक सैनी कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रवीण तरार जिला उपाध्यक्ष शैखरपाल प्रदेश महासचिव निर्भय सिंह प्रदेश महासचिव अश्वनी शर्मा प्रदेश महासचिव अरविंद झझोट जिला सचिव पकज शर्मा जिला महासचिव रिजवान जिलाध्यक्ष सेवादल राजिंदर गोल्डी जिला उपाध्यक्ष युवा महाबीर सैनी वरिष्ठ कांग्रेस अरविंद कश्यप निनना अंसारी विनोद सेन रामपाल पांचाल गयुर अली सुरेश सैनी आदि शामिल हुए निवेदन दीपक सैनी कांग्रेस जिला अध्यक्ष शामली।



# पीएसी मोड़ स्थित दुकान में छापा, दो क्विंटल पालीथिन जब्त,लगा जुर्माना

अयोध्या टाइम संवाददाता हरी ओम द्विवेदी कानपुर कानपुर नगर निगम के नगर आयुक्त श्री शिव शरणप्पा जीएन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के संबंध में दिए जा रहे निरंतर निर्देश वह अभियान के तहत आज दिनांक 27 जुलाई, नगर निगम के प्रवर्तन अधिकारी कर्नल आलोक नारायण ने अपने प्रवर्तन दल के साथ पीएसी मोड़ स्थित राजू गुप्ता की डिस्पोजल सामान की दुकान एवं गोदाम में अचानक छापा मारा।



तीन मंजिल की बिल्डिंग में नीचे डिस्पोजल की दुकान है जहां दिखावे के लिए कागज के ग्लास रखे थे। तीसरी मंजिल में एक कमरे में गोदाम था जिसमें ताला बंद था। पहले राजू गुप्ता ने बोला कि कमरे में किरायेदार रहता है, लेकिन जब सख्ती की तो ताला खोल दिया। गोदाम में प्रतिबंधित प्लास्टिक के स्ट्रॉ, कटोरी, चम्मच, कांटे, ग्लास, पॉलिथीन के कैरीबैग इत्यादि भरी मात्रा में मौजूद थे जिनको प्रवर्तन दल द्वारा जब्त कर लिया गया। जब्त की गई सामग्री का कुल वजन 208 किलो है।

राजस्व निरीक्षक दिग्विजय नाथ द्वारा 25,000 रुपए का चेक जुर्माने के रूप में लिया गया। जब्त किए माल को जोन 2 के ट्रक में दुकान से सीधे पनकी कूड़ा प्लांट निस्तारण हेतु भेज दिया गया।

इस दुकान पर पहले भी प्रवर्तन दल छापा मार कर एक ट्रक पॉलीथिन जब्त कर चुका है ।अभियान के दौरान राजू गुप्ता के परिवार की महिलाओं और स्थानीय व्यापार मंडल के सदस्यों द्वारा विरोध का प्रयास किया गया किंतु प्रवर्तन दल के सख्त रवैए के चलते स्तिथि काबू में रही। एक हफ्ते में प्रवर्तन दल द्वारा पॉलीथिन के खिलाफ यह दूसरा बड़ा छापा है। इससे पहले 22 जुलाई को केशवपुरम स्थित गोदाम से साढ़े पांच क्विंटल पॉलीथिन जब्त की थी।

इस अभियान में प्रमुख रूप से प्रवर्तन दल के सूबेदार अवधेश सिंह, लक्ष्मण, वीरेंद्र स्वरूप, रामेंद्र, हवलदार राज नारायण, जितेंद्र बहादुर, राम नरेश, राजेश, इंद्रजीत, धनंजय, जितेंद्र, भूपेंद्र इत्यादि शामिल रहे।

इस संबंध में नगर आयुक्त द्वारा कर्नल आलोक नारायण व उनकी टीम द्वारा की गई कार्रवाई की भूल प्रशंसा करते हुए निर्देशित किया है कि यह अभियान सतत चलता रहेगा एवं इससे यदि और भी किसी उपकरणों की आवश्यकता हो तो तत्काल अवगत कराया जाए।

# कैसे जूनियर इंजीनियर शैलेंद्र ने अपने ही हाथों अपनी पत्नी व बच्ची के साथ किया आत्महत्या

दैनिक अयोध्या टाईम्स संवाददाता अंकित तिवारी राजधानी उप्र।

राजधानी के जानकीपुरम के सुल्तानपुर गांव में रहने वाले जूनियर इंजीनियर शैलेंद्र ने अपनी पत्नी गीता व 16 वर्षीय बेटी के साथ जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी पर उन्हें आनन फानन ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया जहां पत्नी की हालत गंभीर थी कुछ देर बाद उसकी भी मौत हो गई ।तीनों के खुदकुशी करने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस को घर में सुसाइड नोट मिला है जिसके आधार पर कहा जा रहा है कि आत्महत्या का कारण लेन–देन है। शैलेंद्र नलकूप विभाग में जेई थे प्रभारी निरीक्षक जानकीपुरम छत्रपाल सिंह के मुताबिक शैलेंद्र जानकीपुरम विस्तार इलाके के सुल्तानपुर गांव में परिवार सहित रहते थे। परिवार में पत्नी गीता और 16 साल की बेटी प्राची थी ।तीनों ने बुधवार सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया। ऐसे में हालत बिगड़ गई। आनन–फानन आसपास के लोगों ने रिश्तेदारों को सूचना दी और ट्रामा सेंटर लेकर गए जहां शैलेंद्र और प्राची की मौत हो गई। पत्नी की गीता की हालत गंभीर बनी हुई थी हालांकि, कुछ देर बाद उसकी भी मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक सूचना मिलने पर टीम उनके घर गई थी लेकिन सभी ट्रामा सेंटर में थे पुलिस की एक टीम ट्रामा सेंटर पहुंची। जहां परिजनों से पूछताछ की जा रही है ।सुसाइड नोट मिला है जिसमें लेन–देन की बात सामने आई प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के मुताबिक घर के अंदर छानबीन की गई तो एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें लेनदेन की बात सामने आ रही है। पुलिस संबंधित व्यक्ति को पूछताछ करने के लिए तलाश कर रही है। पुलिस ने शैलेंद्र का मोबाइल भी अपने कब्जे में ले लिया है। जिसकी पड़ताल की जा रही है।



# भारत सरकार के वोकल फार लोकल विजन को मिलेगा बढ़ावा-सांसद पचौरी

–– रेलवे स्टेशनो पर सजेगी स्थानीय/स्वदेशी वस्तुओं की बाजार...

–– अब हर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को भारत की समृद्ध विरासत का मिलेगा अनुभव....

–– स्थानीय लघु उद्यमियों व कम आय वर्ग के लिए अतिरिक्त आय का मिलेगा अवसर....दलाली प्रथा का होगा अंत...

कानपुर नगर। अब रेल का सफर करने वाले यात्रियों को भारत की समृद्ध विरासत का अनुभव कराने व एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के तहत भारत में प्रत्येक राज्य के प्रत्येक जनपदों में स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प, हस्तकारघा सामग्री उत्पादों जैसे लकड़ी के खिलौने हैंडलूम शोपीस साड़ियां के स्टाल प्रत्येक रेलवे स्टेशनों पर प्रदर्शनी व सह स्टाल संचालित करने साथ साथ एरिओं के प्रचलित स्थानीय उत्पाद के व्यवसाय को बढ़ावा देने व आत्मनिर्भर भारत के उदेश्य से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री ने वर्ष के अप्रेल माह में ही इसकी शुरूआत की है इस योजना का उद्देश्य रेलवे परिसर का उपयोग करके स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना है वही रेलवे के सराहनीय प्रयास से स्थानीय उत्पाद हस्तशिल्प हथकरघा व्यवसाय से जुड़े उद्योगों के लिए बेहतर अवसर विकसित होगा साथ ही रेलवे यात्रियों के लिए भी स्थानीय उत्पाद की जानकारी होने के साथ उन्हें सहजता से उपलब्ध भी हो सकेगा इसे संपूर्ण भारत में संचालित किया जाना है। भारत सरकार की इस योजना को संचालित करने हेतु उत्तर मध्य रेलवे की ओर से कानपुर में इस योजना के क्रियान्वयन हेतु आये पत्र पर नगर सांसद सत्यदेव पचौरी ने शहर में स्थानीय उत्पादित लोकप्रिय वस्तुओं की बिक्री हेतु स्थानीय कारीगरों कुम्हारों, बुनकरो, हथकरघा बुनकरों, शिल्पकारों को कौशल विकास का अवसर प्रदान की जाने वाली भारत सरकार की योजना की प्रशंसा करते हुये कहा है की.... इस योजना के तहत गरीब हुनरमंदो को अब दलालो का सामना नहीं करना होगा ओर स्टेशन से गुजरने वालों यात्रियों के जरिये स्थानीय उत्पादों के उचित मूल्य पर बिक्री व उपलब्धता में सहजता होंगी। ओर पूरे देश में लघु उधम को बढ़ावे के साथ स्थानीय उत्पाद को पहचान भी मिलेगी। जिसके लिये उन्होंने कौशल विकाश तहत शहर के हस्तशिल्प कारो, बुनकर लघु उधमियों से इस योजना हेतु आवेदन की अपील की है। सांसद पचौरी ने बताया की प्रत्येक जिले इसके लिये आवेदन किया जाना जिसके लिये स्थनीय स्टेशन मास्टर को इसका आवेदन देकर अपना स्टाल बुक करवाना होगा। उन्होंने कहा की सभी स्टेशनो पर स्थान सिमित होता है इसलिए पहले आओ पहले पाओ के आधार पर आगामी एक माह के अंतर्गत अपना स्थान बुक करवा ले साथ उन्होंने कहा की यदि इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत व शिकायत होती है तो आवेदन कर्ता सांसद कैम्प कार्यालय से सम्पर्क कार्य सकता है।

- इंक्षुक इस तरह कर सकते है आवेदन.....

आवेदन कर्ता की पात्रता

1– शिल्पकार व बुनकरों के आईडी कार्ड धारक जिसको विकास आयुक्त हैंडीक्राफ्ट/ हैंडलूम य राज्य /केंद्रीय सरकार के प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया हो।

2– व्यक्तिगत कारीगर शिल्पकार बुनकर जोकि ज्त्थ्म्क ध्छभ्क्ब्ढ्ढाटप्ढ में पंजीकृत हों।

3– स्वयं सहायता समूह जो कि पीएमईजीपी योजना में पंजीकृत हों।

4– समाज के कम आय वर्ग या कमजोर वर्ग के व्यक्ति भी आवेदन कर सकते हैं।

एक स्टेशन एक प्रोडक्ट स्कीम के तहत बेचे जाने वाली वस्तुएं व उत्पाद

1– इस स्कीम में संबंधित स्टेशन की स्थानीय व स्वदेशी वस्तुएं होनी चाहिए

2– जिसमें निम्न श्रेणियों को शामिल किया गया है.....

(अ)– हैंडीक्राफ्ट, शिल्पकृति, कलाकृति

(ब)– टेक्सटाइल व हथकरघा

(स)– पारंपरिक परिधान

(द)– स्थानीय कृषि उत्पादध्प्रोसेश्ड /रोमी प्रोसेश्ड फूड....

3– रेलवे स्टेशनों पर खान–पान व अन्य बैंडिंग इकाइयों पर बेचे जाने वाले उत्पादों को इस स्कीम में शामिल नहीं किया जाएगा तथा इस स्कीम में अनुमोदित होने वाले उत्पाद यदि स्टेशन पर पहले से ही बेचे जा रहे हैं तो ऐसे उत्पादों की अनुमति भी प्रदान नहीं की जाएगी।

- प्रारूप अनुसार आवेदन करने की यह है प्रक्रिया..

1– पात्रता रखने वाले आवेदक स्थिति स्टेशन के स्टेशन मास्टर कार्यालय में प्रातः 10रू00 बजे से शाम 5.00 बजे तक आवेदन कर सकते हैं

आवेदन किए जाने वाले फॉर्म की अन्य प्रति आवेदक प्रस्तुत करने की प्राप्ति यानी रिसीविंग ले सकते हैं

स्टेशन पर उपलब्ध ड्राफ्ट बॉक्स में आवेदन कर्ताओं को अपना आवेदन पत्र डालाना होगा

2– आवेदन पत्र के साथ उपरोक्त पात्रता में वर्णित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे साथ ही कम आय वर्ग वर्ग कमजोर वर्ग के व्यक्ति का पंजीयन/ नगर निगम ध्नगर परिषद /में कम आय वर्ग का प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा३।

3– इस योजना के उद्देश्य राजस्व अर्जित करना नहीं है यद्यपि नाम मात्र का रजिस्ट्रेशन फीस का प्रावधान किया गया है आवेदन पत्र के साथ 1000 मात्र जीएसटी सहित संबंधित स्टेशन मास्टर के पास ड्राफ्ट जमा कराना होगा इसके लिए स्टेशन से एक एमआर जारी होगा।



## आजकल संगठित रहना ही विकास का सबसे बड़ा साधन है - शिवराम रावत उन्नाव

ओंकार नाथ चौधरी। सबका साथ सबका विकास के संदर्भ में बोलते हुए शिव राम रावत साहब ने कहा कि प्राचीन काल से संगठित रहने का महत्व है, लोग संगठित रहकर अपना शासन सत्ता स्थापित करते थे, इस लोकतंत्र में संगठित लोगों द्वारा ही शासन सत्ता हासिल की जा रही है।

जो घर परिवार समाज एक साथ एक जुट एकता के सूत्र में बंधे हुए हैं उनका निरंतर विकास हो रहा है।

जो आपस में बंटे हैं उनका विकास सम्भव नहीं हो पा रहा है। आज कल संगठित रहना विकास का सबसे बड़ा साधन है।



# संक्षिप्त समाचार

## सभी बैंक शाखाओं पर किसान क्रेडिट कार्ड वितरण हेतु ऋण शिविर का आयोजन 29 जुलाई को

- माह अगस्त से प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ बुधवार को किसान क्रेडिट कार्ड वितरण हेतु बैंको द्वारा ऋण शिविर का होगा आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

'देवरिया ' अग्रणी जिला प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया है कि 29 जुलाई (दिन शुक्रवार) को जनपद के सभी बैंक शाखाओं पर किसान क्रेडिट कार्ड वितरण हेतु ऋण शिविर का आयोजन किया जाएगा एवं इसके बाद प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ बुधवार को किसान क्रेडिट कार्ड वितरण हेतु बैंको द्वारा ऋण शिविर का आयोजन किया जाना है।

जिला कृषि अधिकारी मो0मुजम्मिल ने यह जानकारी देते हुए समस्त सहायक विकास अधिकारी (कृषि) को निर्देश दिया है कि वे जनपद के कृषक, जिनके पास किसान क्रेडिट कार्ड नही है उनका आवेदन अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से पूर्ण कराकर प्राथमिकता के आधार पर अधिक से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड बनवाना सुनिश्चित करे, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही होगी।

## अधिशासी अभियंता जल निगम तथा सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी का वेतन बाधित

### उच्च न्यायालय के निर्देशों का समय से अनुपालन न करने पर डीएम ने की कार्रवाई

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया।

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा रिट संख्या 6221/2022 पवन कुमार मिश्रा बनाम उत्तर प्रदेश राज्य में दिए गए निर्देशों का अनुपालन में विलंब करने पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने अधिशासी अभियंता जल निगम तथा सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी का वेतन बाधित करने के साथ ही स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के निर्देशों का ससमय अनुपालन प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। इसमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया की माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में प्रतिवेदन निस्तारण में विलंब करने के लिए सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी एसए अब्बास तथा अधिशासी अभियंता जल निगम प्रमोद कुमार गौतम का जुलाई माह का वेतन बाधित किया गया है। साथ ही इनसे स्पष्टीकरण भी तलब किया गया है। जवाब संतोषजनक न होने की स्थिति में अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

## पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में मनाई गई पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डा.एपीजे. अब्दुलकलाम की पुण्यतिथि

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा। पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में आज मिसाइल मैन डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर प्रबंधक कैलाश चंद यादव एवं अध्यापकों ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम



के चित्र पर पुष्पांजलि की एवं इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में बोलते हुए डॉ कैलाश चंद यादव ने बताया कि देश के 11वें राष्ट्रपति रहे और महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने 27 जुलाई 2015 को इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। उसके बाद से 27 जुलाई को हर साल डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के दिन उन्हें याद किया जाता है। मिसाइल मैन के नाम से दुनियाभर में मशहूर डॉ. कलाम का जन्म 15 अक्टूबर, 1931 को रामेश्वरम में हुआ था। डॉ. कलाम बचपन में एक पायलट बनना चाहते थे। हालांकि बाद में उन्होंने वैज्ञानिक बनने की ठानी। डॉ कलाम एक ऐसे वैज्ञानिक बनकर सामने आए, जो पूरी दुनिया में मशहूर हुए। वह जितने ज्ञानी थे, उतने ही विनम्र थे। अपने काम और व्यवहार की बदौलत डॉ एपीजे अब्दुल कलाम करोड़ों युवाओं के प्रेरणा स्रोत बन गए।

## पारिवारिक विवाद में दो भाइयों में हुआ खूनी संघर्ष

देवबंद! थाना देवबंद क्षेत्र के अंतर्गत दो भाइयों में खूनी संघर्ष हो गया जिसमें सुनील पुत्र सुखराम व उसकी पुत्रियां प्रीति, अंजलि व बिंदी को गंभीर चोट आई ! जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया! थाना देवबंद क्षेत्र के ग्राम बचींटी में दो भाइयों के बीच



पारिवारिक झगड़े में सुनील व उसके पुत्रियों को गंभीर चोट आई! पीड़ित सुनील पुत्र सुखराम ने बताया कि शुभम पुत्र रविंद्र ने कहासुनी के बाद घर में घुसकर मेरे व मेरे परिवार के ऊपर हमला कर दिया जिस कारण मुझे वह मेरी पुत्रियों प्रीति अंजली व बिंदी को गंभीर चोट आई तथा कुछ समय बाद दीपक पुत्र रविंद्र, सोनू पुत्र सुखराम, सत्यवान पुत्र सुखराम, तथा उनके अन्य साथी भी हमारे घर पर आए और उन्होंने हम पर हमला कर दिया जिस कारण मैं और मेरे परिवार को काफी गंभीर चोट आई ! पीड़ित सुनील ने बताया कि पुलिस को घटना की सूचना देने के बाद अभी तक केवल सोनू पुत्र सुखराम की ही गिरफ्तारी हुई है! तथा अन्य की गिरफ्तारी नहीं हुई है! पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है अब देखना यह है की पुलिस पीड़ितों को कब तक न्याय दिला पाएगी?

## समाज में सभी लोगों को एक साथ आने की जरूरत है और एक दूसरे की बातों का समर्थन भी करना है जरूरी है - राम कुमार पासी जबलपुर

ओंकार नाथ चौधरी। बलरामपुर जनपद सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम का आन लाइन आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख ओंकार नाथ चौधरी द्वारा आयोजित किया गया बलरामपुर, लखनऊ,उन्नाव,श्रावस्ती, प्रतापगढ़ सीतापुर रायबरेली,प्रयागराज,इलाहाबाद, हरदोई,वाराणसी, लखीमपुर भदोही, फतेहपुर, कानपुर, बाराबंकी, पंजाब , विहार, प्रदेशों व जनपदों से पासी समाज के साथी ने अपने अपने विचारों को प्रस्तुत किया।



इस कार्यक्रम का संचालन श्री शिवराम रावत उन्नाव से व श्रीमती रीता चौधरी श्रावस्ती द्वारा किया गया। श्री रामहित भारती प्रयागराज ने कहा कि हमें बुद्धिजीवियों को सोचना चाहिए कि जहां जैसा देश वैसा भेष हो और हम लोगों को अपने समाज के राजा महाराजाओं के साथ अभिवादन करना चाहिए यह हमारे समाज का विचारधारा होना चाहिए तभी समाज एक साथ होगा। श्री शिवराम रावत उन्नाव जी ने कहा कि हमें एक दूसरे के बातों पर ध्यान देकर समर्थन करना चाहिए एवं हमें अपने समाज के महापुरुषों को भी याद करना चाहिए क्योंकि हमारे पासी समाज में जितने राजा महाराजा हुए हैं शायद किसी भी समाज में उतने राजा महाराजा ना हुए हों।

श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ ने कहा कि सबका साथ सबका विकास से ही समाज का कल्याण हो सकता है एवं हम सब को एक दूसरे के बातों को मानना चाहिए। तभी समाज का विकास हो सकता है।

इस कार्यक्रम में, श्री अमृत लाल जी रायबरेली, श्री बालकराम जी हरदोई,श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ, श्री शिवराम रावत उन्नाव, श्री रामहित भारती प्रयागराज, श्री डॉक्टर सुभाष चंद्र प्रयागराज, श्री जोगराज जी दिल्ली,राम कुमार पासी जबलपुर मध्य प्रदेश ,श्री पवन पासी इलाहाबाद आदि स्वाजाति बन्धु प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम का समापन श्री अमृत लाल जी रायबरेली ने किया।

## डा. अरविंद सहाय ने इंटरमीडिएट परीक्षा में गोरखपुर मंडल में संयुक्त टापर श्रुति गुप्ता को किया सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम तहसील संवाददाता चंदन कुमार गुप्ता

भाटपार रानी (देवरिया )भाटपार रानी उपनगर के आर्य चौक निवासी मिथिलेश गुप्ता मानसरोवर वस्त्रालय की दुकान पर जो उपनगर की प्रसिद्ध दुकान है पर आईसीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा में



गोरखपुर मंडल में संयुक्त एवं जिला में टॉपर छात्रा श्रुति गुप्ता पुत्री मिथिलेश गुप्ता को स्मृति चिन्ह एवं मिठाई खिलाकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्राचार्य डॉ अरविंद सहाय ने भाटपार रानी व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बधाई दी। उक्त अवसर पर भाजपा नेता डॉ अरविंद सहाय ने कहां की श्रुति गुप्ता ने आईसीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा में गोरखपुर मंडल में संयुक्त रूप से टाप करके भाटपार रानी क्षेत्र का नाम रोशन किया है इसके लिए श्रुति गुप्ता और उनके माता पिता बधाई के पात्र हैं। हम सभी श्रुति गुप्ता के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं कि भविष्य में वह आगे भी भाटपार रानी क्षेत्र का नाम रोशन करती रहे। श्रुति गुप्ता सलेमपुर के लिटिल फ्लावर एकेडमी स्कूल की कक्षा 12 की छात्रा है ज्ञातव्य है कि श्रुति गुप्ता ने हाई स्कूल की परीक्षा में भी इसी स्कूल से 96 .6: अंक पाकर 2020 में भी हाई स्कूल में जिला टॉपर रही थी । जब श्रुति गुप्ता से पूछा गया कि वह भविष्य में क्या करना चाहती है किस क्षेत्र में जाना चाहती हैं तो श्रुति गुप्ता ने बताया कि वह आईएएस अधिकारी बनना चाहती हैं अपने इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों एवं माता पिता एवं दादी को देती है। उनके इस उपलब्धि पर भाटपार रानी व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भी श्रुति गुप्ता को बधाई दी। उक्त अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ अरविंद सहाय भाजपा के मंडल अध्यक्ष राजेंद्र जयसवाल व्यापार मंडल के तहसील अध्यक्ष संजय कुमार जयसवाल व्यापार मंडल के तहसील महामंत्री पवन कुमार गुप्ता जिला संगठन मंत्री देवेश गुप्ता पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जयसवाल पत्रकार चंदन कुमार गुप्ता शैलेश गुप्ता भाटपार रानी उपनगर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ दिलीप मिश्रा हिमांशु गुप्ता भाजयुमो के पूर्व नगर अध्यक्ष आनंद पियूष उपाध्याय राजकुमार गुप्ता कमलेश प्रजापति कुंदन जायसवाल विकास गुप्ता संजय गुप्ता अदालत सत्यदेव बरनवाल सहित व्यापारी नेताओं ने श्रुति गुप्ता को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पुलिस का दिखा मानवीय चेहरा

इटावा। जनपद के सिविल लाइन थाने के नवनियुक्त थाना प्रभारी मोहम्मद कामिल ने सिविल थाने का चार्ज संभालते ही उन्होंने सबसे पहले लोगों की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए इटावा जिला अस्पताल के मरीजों व झोपड़पट्टी में रह रहे असहाय लोगों और उनके बच्चों को बांटे फल। थाना सिविल लाइन की प्रभारी मोहम्मद कामिल ने अपने हमराहीओं के साथ जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को किए फल वितरित। प्रभारी सिविल लाइंस मोहम्मद कामिल ने जगह जगह पर रह रहे झोपड़पट्टी में गरीब असहाय लोगों व उनके बच्चों को भी किए फल वितरित। गरीब असहाय निर्वस्त्र बच्चों को देखकर मोहम्मद कामिल ने उन बच्चों को कपड़े दिलाने का आश्वासन दिया। और सभी लोगों से कहा पुलिस को वो अपना मित्र समझें। कोई भी समस्या



हो आप लोग मेरे पास कभी भी आकर अपनी समस्या मुझे बता सकते हैं और समस्या का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाएगा।

## नगरपालिका परिषर में आयोजित हुई शोक सभा

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा। नगर पालिका परिषद के लिपिक अवधेश कुमार की माताजी के आकस्मिक निधन पर नगर पालिका परिषद में कर्मचारी संघ राज्य स्वायत शासन कर्मचारी परिषद उत्तर प्रदेश जनपद शाखा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजीव यादव एंव महामंत्री सुनील वर्मा की



अध्यक्षता में शोक सभा की गई। शोक सभा में दो मिनट का मौन धारण कर मृतक आत्मा की ईश्वर से शांति की कामना की गई एंव परिवारजनों को संकट की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की भी ईश्वर से कामना की गई। शोक सभा में अनिल वाजपेई,आनंद शुक्ला,आकाश प्रताप सिंह,मो. अमजद,अनिल यादव,प्रशान्त गौड,जयन्त शुक्ला,रजनीश राठौर,वीरेन्द्र वर्मा,गोविन्द सिंह हेला,श्रवण वाजपई,मु.इरफान,मु. सादिक, जयकुमार,विशाल कुमार,शमशाद अहमद,रवि पटेल,नीरज शर्मा,लईक अहमद,समर कश्यप,इमरान अहमद,चंदन गोयल,मो आशुतोष त्रिपाठी,आनंद यादव,अमन कश्यप सहित पालिका के सैकड़ों कर्मचारी शामिल हुऐ।

## बरसात में बाहर रखे जूते मोजे देखकर ही पहने-सर्पमित डा. आशीष

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा। पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के लिये कार्य कर रही संस्था ऑर्गनाइजेशन फॉर कंजर्वेशन ऑफ एनवायरनमेंट एंड नेचर (ओशन) के महासचिव, नगर पालिका परिषद इटावा के स्वच्छता, पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के ब्रांड एम्बेसडर एवं मिशन स्नेक बाइट डेथ फ्री इण्डिया के यूपी कोर्डिनेटर, वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी ने जनपद के सभी लोगों से अपील करते हुये कहा है कि,एक बहुत बड़ा



सच यह भी है कि, पूरे भारत मे सर्पदंश से लगभग 50,000 लोग प्रत्येक वर्ष मर जाते है जिनमे से ज्यादातर लोग सही समय से सही इलाज न मिलने से व अज्ञात भय से या अत्यधिक घबराहट ही मरते है है और सबसे ज्यादा सर्पदंश से मौत उत्तर प्रदेश में ही देखी गई है। अतः कृपया बरसात के इस मौसम में वेहद ही सावधान रहें। घर के बैडरूम के बाहर रखे जूते मौजे देखकर ही पहने व यदि आप जमीन पर लेटते है तो लेटने से पहले अपना बिस्तर भी एक बार झाड़कर चौक अवश्य कर लें क्यों कि, अक्सर शाम को निकलने वाला बेहद जहरीला सर्प करैत (कोडिया गढ़ा) को ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में बिस्तर में देर रात्रि में बैठे देखा जा चुका है। वैसे तो छोटे बड़े सर्प अक्सर ही हमारे आस पास हमे कभी भी दिखाई दे ही जाते है लकिन यदि आपको कभी कोई साँप काट ले ऐसी स्थिति में बिल्कुल भी घबराना नही है क्यों कि, अब जिला अस्पताल इटावा के इमरजेंसी वार्ड में कोबरा करैत सहित सभी प्रकार के सर्पदंश का इलाज मौजूद है। साथ मे यह भी जान लीजिये कि, हमारे आपके आस पास दिखाई देने वाले सभी प्रकार के छोटे बड़े सर्प जहरीले भी नही होते है। हर एक साँप के काटने पर एंटीवेनम नही लगाया जाता है। बस इस समय कोबरा करैत रसल वाइपर से ही सावधान रहें जो की जनपद इटावा में मौजूद है। वैसे सभी सर्प किसान मित्र ही होते है जो चूहों को खाकर पर्यावरण संतुलन बनाये रखने में अपनी अहम भूमिका भी निभाते है। अतः हमे उन्हें देखते ही मारने के लिए भागना भी नहीं चाहिये। उन्हें भी जीने का पूरा हक है।

## जिलाधिकारी ने की निर्वाचन आयोग द्वारा आधार नंबर एकत्र करने के कार्यक्रम की समीक्षा

एक अगस्त से प्रारंभ होगा कार्यक्रम, घर–घर जाएंगे बीएलओ

- 7 अगस्त व 21 अगस्त को समस्त मतदेय स्थलों पर आयोजित होगा विशेष कैंप
- आधार नंबर देना पूर्णतया ऐच्छिक, डाटा रहेगा सुरक्षित

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

देवरिया जिलाधिकारीध् जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी 1 अगस्त से प्रारंभ होने वाले आधार नंबर एकत्रीकरण कार्यक्रम के तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने अभियान से जुड़े समस्त हितधारकों को निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप आधार नंबर एकत्रीकरण कार्यक्रम को सफल बनाने के संबन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में शामिल सभी मतदाताओं से आधार नंबर एकत्र किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए अभियान 1 अगस्त से प्रारंभ होगा, जिसमें बीएलओ घर–घर भ्रमण करके मतदाताओं का आधार नंबर एकत्र करेंगे। 7 अगस्त एवं 21 अगस्त को समस्त मतदेय स्थलों पर विशेष कैम्प का आयोजन किया जाएगा। डीएम ने बताया कि आधार नंबर एकत्रीकरण पूर्णतया स्वैच्छिक है और इस आधार पर किसी का नाम मतदाता सूची से हटाया नहीं जाएगा। आधार नंबर की गोपनीयता बनाए रखी जाएगी और उसे किसी भी परिस्थिति में सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। विशेष कैंप के दिन कोई मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में शामिल, विलोपित अथवा संशोधित कराना चाहता है अथवा नयाध्संशोधित मतदाता पहचान पत्र प्राप्त करना चाहता है तो उसे आयोग द्वारा नवीनतम फॉर्म 6, 7 व 8 उपलब्ध कराया जाएगा। संबंधित फार्म को भरने में उनकी सहायता भी की जाएगी।

जिलाधिकारी ने बीएलओ द्वारा आधार नंबर एकत्रीकरण कार्य का नियमित मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी मतदाता के आधारकार्ड पर पता किसी अन्य स्थान का अंकित है और मतदाता पहचान पत्र पर किसी अन्य जगह का पता है, तो भी उसे घबराने की जरूरत नहीं है। इससे मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक करने में किसी भी तरह की समस्या नहीं आएगी। मुख्य विकास अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी रवीन्द्र कुमार ने बताया कि आधार एकत्रीकरण के संबंध में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रत्येक गांव में मुनादी कराई जाएगी। युवक मंगल दल, व्यापार क्लब, रोटरी क्लब, नेहरू युवा केंद्र, एनएसएस, एनसीसी



जागरूकता अभियान चलाएंगे।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्एडीएम प्रशासन कुँवर पंकज, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मंजूर अहमद अंसारी, डीआईओएस विनोद कुमार राय, बीएसए हरिश्चंद्र नाथ, जिला युवा अधिकारी विकास तिवारी, भाजपा के मीडिया प्रभारी अंबिकेश पांडेय, समाजवादी पार्टी से अशोक यादव, बीएसपी के अशोक कुशवाहा, कांग्रेस से शिवशंकर सिंह, भाकपा से आनन्द प्रकाश चौरसिया, एनसीपी से विजय बहादुर सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## जिलें से आज सुबह अपहरण हुआ युवक बिहार से बरामद

देवरिया।उत्तर प्रदेश की देवरिया पुलिस ने आज सुबह अपहरण हुए युवक को बिहार से सकुशल बरामद कर लिया है. बता दे, अपहरण हुआ युवक कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के गांव का रहने वाला है. दिनदहाड़े हुए अपहरण का यह मामला कैबिनेट मंत्री के गांव का होने के नाते यह मामला हाई प्रोफाइल हो गया था. मौके पर गोरखपुर रेंज के डीआईजी जे रविन्द्र गौड़ भी पहुंच कर जांच की प्रगति का जायजा लिया।

- आज सुबह टहलने निकला था युवक, तभी हुआ था अपहरण.

देवरिया में रेडीमेड कपड़ा व्यवसाई का दिनदहाड़े अपहरण, अपहरण के बाद 2 बार व्यवसाई ने किया मां के पास फोन.

देवरिया जिलें के बघौचघाट थाना क्षेत्र के पकहां नौगांव के रहने वाले मनोज कुशवाहा पुत्र सुदर्शन कुशवाहा रेडीमेड कपड़ों के व्यवसाई है. वह बघौचघाट के पकहां मोड़ पर अनमोल रेडीमेड के नाम से दुकान चलाते है. बुधवार आज सुबह मनोज टहलने के लिए निकलें, लेकिन जब काफी समय बीत जाने के बाद भी घर वापस नहीं आये तो परिजनों ने उनके मोबाइल पर फोन किया. तो पता चला कि उनका मोबाइल स्विच ऑफ है. काफी देर बीत जाने के बाद अचानक मनोज ने अपने माता सुरसती के मोबाइल पर फोन किया तथा कहा कि उन्हें कुछ लोगों ने उठा लिया और किसी अज्ञात जगह पर ले गए है. इसके बाद फोन कट गया. अनहोनी की आशंका से भयभीत हो परिजन स्थानीय थाना पर गए तथा पुलिस को मामले से अवगत कराया। देवरिया में रेडीमेड




कपड़ा व्यवसाई का दिनदहाड़े अपहरण, अपहरण के बाद 2 बार व्यवसाई ने किया मां के पास फोन। मामला कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के गांव से जुड़ा हुआ था. लिहाजा पुरे देवरिया में हडकंप मच गया. पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए तत्काल युवक की तलाश में जुट गई. बिहार के सीमावर्ती गांवो में जहां हर आने–जाने वाली गाडी की सघन तलाशी ली जा रही थी. वही पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देश पर मनोज के मोबाइल को पुलिस ने सर्विलांस पर लगा दिया। सर्विलांस पर लगाए जाने के बाद मनोज के मोबाइल की लोकेशन बिहार के सिवान में मिली. जिसके बाद पुलिस, एसओजी टीम बिहार के सिवान पहुंची और मनोज को सकुशल बरामद कर लिया।

## ननिहाल आये तीन वर्षीय बालक का संदिग्ध परिस्थितियों में नहर के किनारे मिला शव

एस० बी० यादव ब्यूरो चीफ अयोध्या टाईम्स अमेठी।

बाजार शुकुल थानाक्षेत्र के सरैया पीरजादा की घटना। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा,जांच में जुटी। बाजार शुकुल,अमेठी। बीते मंगलवार की देर शाम ननिहाल आये एक तीन वर्षीय बालक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में नहर के किनारे गड्ढे में पाया गया।सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है और जांच में जुट गई है। थानाक्षेत्र के सरैया पीरजादा गांव के बगल स्थित बड़ी नहर के बगल गड्ढे में सबीना पुत्री मोहम्मद अली निवासी सरैया पीरजादा का तीन वर्षीय बालक रूहान पुत्र चांद बाबू निवासी कैथी सुबेहा हैदरगढ़ बाराबंकी जो कि ननिहाल आया था उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया।जानकारी होने पर हड़कम्प मच गया।सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है और जांच पड़ताल में जुट गई है।गौरतलब हो कि सरैया पीरजादा गांव निवासी मो0अली की पुत्री सबीना का विवाह कैथी सुबेहा हैदरगढ़ बाराबंकी निवासी चांद बाबू के साथ हुआ था जो अपने ससुराल से अभी कुछ दिनों पहले ही मायके सरैया पीरजादा गांव निवासी मो0 अली के घर अपने मायके तीन वर्षीय बालक रूहान को लेकर आई थी। बीते मंगलवार की देर शाम ननिहाल आये सबीना के तीन वर्षीय पुत्र रूहान का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सरैया पीरजादा गांव के बगल बड़ी नहर के बगल गड्ढे में पाया गया।स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच व अग्रिम कार्यवायी में जुट गई है।परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। इस सम्बंध में



थानाध्यक्ष अखिलेश गुप्ता ने बताया कि बालक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है।परिजनों द्वारा किसी पर कोई आरोप नही लगाया गया है और न ही शंका जताई गई है। जांच अग्रिम एवं विधिक कार्यवायी की जा रही है।

## जनपद में धूमधाम से मनाया गया बिजली महोत्सव

- नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्युत विभाग की योजनाओं की दी गयी जानकारी।
- विद्युत उपभोक्ता समय से विद्युत बिल जमा करें ताकि निर्बाध रूप से बिजली प्राप्त होती रहे........ सीडीओ।

एस० बी० यादव ब्यूरो चीफ अयोध्या टाईम्स अमेठी 27 जुलाई 2022, आजादी के 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर चल रहे अमृत महोत्सव के तहत जनपद में बिजली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन एच.ए.एल. के कल्याण मंडप में धूमधाम से किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रहरि व मुख्य विकास अधिकारी डा. अंकुर लाठर ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार विद्युत मंत्रालय द्वारा रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना) लागू की जा रही है जिसके




तहत 3 लाख 3758 करोड़ की धनराशि आवंटित की गयी है इसके अन्तर्गत पूरे भारत में 25 करोड़ नये कनेक्शन दिये जायेगें, स्मार्ट मीटर लगाये जायेगें और बिजली की आधारभूत समस्याओं को दूर किया जायेगा। कृषि फीडर को सौर ऊर्जा से संचालित किया जायेगा।

इस अवसर पर अधीक्षण अभियन्ता विद्युत ने बताया कि जनपद में दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना व सौभाग्य योजना के तहत गावों का विद्युतीकरण किया गया जिसमें



निःशुल्क विद्युत कनेक्शन दिये गये। अवशेष गांवों का विद्युतीकरण सौभाग्य योजना–तृतीय के अन्तर्गत विद्युतीकरण किया जायेगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रहरि ने



कहा कि भारत सरकार और उ0प्र0 सरकार ने विद्युत क्षेत्र को घर–घर पहुँचाने और आधारभूत संरचना मजबूत करने हेतु विभिन्न योजनायें संचालित कर रही है, गरीबों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन दिये जा रहे है, विद्युत विभाग की शिकायतों हेतु निःशुल्क टोल फ्री नम्बर 1912 चौबीस घंटे संचालित है। उन्होने लोगों से अपील करते हुये कहा कि समय से विद्युत बिल जमा करें ताकि निर्बाध रूप से बिजली प्राप्त होती रहे।

बिजली महोत्सव कार्यक्रम के दौरान विद्युत विभाग की उपलब्धियों एवं आगामी योजनाओं के सम्बन्ध में लघु फिल्म दिखायी गयी तथा संकल्प सेवा संस्थान इंद्रकुमार द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सहज, सरल शब्दों में विद्युत विभाग की उपलब्धियों, सेव एनर्जी इत्यादि के सम्बन्ध में नुक्कड़ नाटक की मनमोहक प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम के दौरान विद्युत विभाग द्वारा राजस्व वसूली, लाईन अनुरक्षण तथा सौभाग्य व पं दीनदयाल उपाध्याय विद्युती करण योजना के अंतर्गत कठिन परिश्रम व उत्कृष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक अमेठी प्रतिनिधि अरुण कुमार कश्यप, कार्यक्रम नोडल अधिकारी प्रदीप त्रिपाठी, अधिक्षण अभियंता, अधिशाषी अभियंता विद्युत, एसडीओ सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा सौभाग्य योजना के लाभार्थियों सहित विद्युत उपभोक्ता, विद्युत विभाग के अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 रमेश द्वारा किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## अधिवक्ता संघ उतरौला के नये कार्यकारिणी का चुनाव का मतदान 20 अगस्त को होगा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

उतरौला(बलरामपुर) अधिवक्ता संघ उतरौला के नये कार्यकारिणी का चुनाव का मतदान 20 अगस्त को होगा। इसकी जानकारी अधिवक्ता संघ उतरौला के मुख्य चुनाव आयुक्त शम्भू लाल ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बताया कि मतदाता सूची का प्रकाशन 26 जुलाई, मतदाता सूची का प्रकाशन 27 जुलाई, मतदाता सूची पर आपत्ति 28 जुलाई, मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन व मतपत्रों की बिक्री 29 जुलाई, विभिन्न पदों पर नामांकन 30 जुलाई को होगा। नामांकन पत्रों की वापसी व जांच 01 अगस्त को होगा। इस चुनाव में मतदान 20 अगस्त को होगा। मतदान होने के बाद तीन बजे से मतगणना व विजेता पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह होगा।

## ब्लाक संसाधन केंद्र उतरौला में सेल्फ स्टीम एण्ड बाड़ी कान्फिडेस प्रोजेक्ट का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

उतरौला(बलरामपुर) ।ब्लाक संसाधन केंद्र उतरौला में सेल्फ स्टीम एण्ड बाड़ी कान्फिडेस प्रोजेक्ट का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संचालित किया गया। इस कार्यशाला में बेसिक अध्यापकों को बच्चों के लिए संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में अध्यापकों को टूल किट व सन्दर्भिका के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। इसकी मानटरिग सीमैट प्रयागराज के अतिरिक्त अन्य जुड़ी इकाइयों द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से आदर्श मीडिया की भूमिका समेत अन्य बिंदुओं पर प्रशिक्षण प्रशिक्षकगणो द्वारा दी जा रही है। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी उतरौला सतीश कुमार ने प्रतिभागियों के मनोबल ६ दिशा निर्देश दिया। कार्यशाला के प्रशिक्षक राजेश शर्मा व अभियधर द्विवेदी के द्वारा जीवन कौशल प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बच्चों को विद्यालय जाकर विभिन्न विन्दुओं पर साझा किया जिससे बच्चों में सर्वांगीण विकास हो सके।

## वांछित व सक्रिय अपराधी गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता



उतरौला(बलरामपुर)बुधवार को थाना कोतवाली उतरौला प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक श्यामलाल यादव प्रभारी स्वाट व उ0नि0 गुरुसेन सिंह मय टीम के तलाश वांछित व सक्रिय अपराधी में ग्राम पिपरा रामचन्दर गांव की तरफ जाने वाली पक्की सड़क बहद ग्राम पिपरा रामचन्दर महदेइया से अभियुक्त हरीराम चौरसिया पुत्र स्व0 रमेश्वर चौरसिया निवासी बनगवा थाना को0 उतरौला जनपद बलरामपुर के कब्जे से 01 किलो 50 ग्राम अवैध नाजायज गांजा बरामद होने पर गिरफ्तार किया गया ।प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि अभियुक्त हरीराम चौरसिया उपरोक्त के विरुद्ध नियमानुसार अभियोज पंजीकृत कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया है।

## रामपुर में उपनिरीक्षक के पदों पर तैनात 16 पुलिस कर्मी निरीक्षक के पद पर पदोन्नत

दैनिक अयोध्या टाइम्स/ रामपुर। रामपुर में उपनिरीक्षक के पदों पर तैनात 16 पुलिस कर्मी निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला ने सभी 16 पदोन्नत निरीक्षकों को स्टार लगाकर शुभकानाएं दी।



एसपी अशोक कुमार शुक्ला ने बताया कि उप्र उप निरीक्षक और निरीक्षक सेवा नियमावली 2015 यथा संशोधन में किये गये प्रावधानों के अनुसार उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस को निरीक्षक पुलिस के पद पर अनुपयुक्तों को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर प्राधिकृत बोर्ड द्वारा पदोन्नति दी गई हैं जिसमें रामपुर जिले के 16 उपनिरीक्षकों को निरीक्षक बनाया गया हैं। एसपी ने बताया कि अजय कुमार, मुकुट लाल, अमरेश चन्द, आशाराम, अमरपाल सिंह, राकेश कुमार सिंह, सत्य विजय सिंह, राकेश कुमार योगेन्द्र सिंह, भानू सिंह, कोमल सिंह, राजेश कुमार, आदेश कुमार, शिव प्रभात सिंह, धर्मेन्द्र सिंह व हारून खां को निरीक्षक के पद पर पदोन्नति मिली हैं। सभी नवनियुक्त निरीक्षकों को स्टार लगाकर व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## 13 अगस्त को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स



रामपुर। जनपद न्यायाधीश के निर्देश पर 13 अगस्त को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना हैं। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु पूर्ण कालिक सचिव रमेश कुशवाहा द्वार बताया गया कि आम–जनमानस लोक अदालत में अपने वादों को लगवाकर उनका निस्तारण सुलह समझौता के आधार पर करवाये।

राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से बैंक मामले, धारा–138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, वसूली वाद आदि (लंबित एवं प्रि–लिटिगेशन मामले) संबंधित प्रकरणों के साथ–साथ सभी सुलह योग्य आपराधिक वादों, सिविल वादों, भूमि अधिग्रहण वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के वाद, पारिवारिक वादों, स्टाम्प वादों, उपभोक्ता फोरम वादों, राजस्व वादों, चकबंदी वादों, श्रम मामलों, नगर पालिका टैक्स वसूली मामलों, विद्युत अधिनियम के अन्तर्गत सुलह योग्य वाद, अन्तिम रिपोर्ट धारा 446 द0प्र0सं0 संबंधी मामले, पब्लिक प्रिविसेज एक्ट संबंधी मामले, उत्तराधिकार संबंधी मामले, आयुध अधिनियम के प्रकरण, बीमा संबंधी वाद, स्थानीय विधियों के अन्तर्गत शमनीय वाद, सेवा, वेतन संबंधी वाद, सेवानिवृत्ति परिलाभों से संबंधित प्रकरण, किरायेदारी वाद, वन अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा।

## हम सब का यही है नारा, हर घर में हो तिरंगा प्यारा

दैनिक अयोध्या टाइम्स। रामपुर आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर घर–घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 27 जुलाई 2022 दिन बुधवार को सैदनगर ब्लाक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में सुबह प्रार्थना सभा के बाद ग्राम हजरतपुर में घर–घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व कक्षा 3 का छात्र दिव्यांग छात्र वसीम कर रहा था, जिस के दोनों हाथ नहीं है और वह अपने कंधे और गर्दन के बीच में राष्ट्रीय ध्वज को फंसाकर पकड़े हुए था, रैली में बच्चे विभिन्न नारे लगा रहे थे जैसे



हम सब का यही है नारा,
हर घर में हो तिरंगा प्यारा।
यह तिरंगा जिसकी शान,
वह है प्यारा हिंदुस्तान।
राष्ट्रीय ध्वज का करें सम्मान,
इसी से हैं हम सब की पहचान।
सभी लोगों का एक ही नारा,
सबसे ऊंचा तिरंगा प्यारा।

बच्चों ने ग्राम हजरत पुर में रैली निकालकर ग्रामीणों व अभिभावकों को इस वर्ष आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर घर–घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच घर–घर तिरंगा लगाने के लिए जागरूक व प्रेरित किया। विद्यालय में प्रार्थना स्थल पर सभी बच्चे अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लिए हुए थे तथा उनके चेहरे पर एक अलग ही मुस्कान थी। तथा बच्चों ने विद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज को हाथ में लेकर विभिन्न आकृतियां बनाई जिसमें इंडिया लिखकर बनाई गई आकृति आकर्षक थी। प्रार्थना स्थल पर बच्चों को संबोधित करते हुए सहायक अध्यापक चिरंजीव कुमार ने कहा कि इस वर्ष 15 अगस्त पर आजादी के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं इसलिए आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर घर–घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सभी बच्चे अपने अपने घरों पर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा अवश्य लगाने के लिए अपने माता पिता को जरूर कहें। सभी बच्चे अपने घर पर तिरंगा लगाने के लिए अपने अपने माता–पिता को जागरूक व प्रेरित करें। इस अवसर पर मुजाहिद खान, चिरंजीव कुमार, सीमा गौहर, नसरीन बी, संगीता यादव, रजिया बी, रजनी गुप्ता, शहनाज फातिमा, शाजिया बी, अमरपाल यादव, मलखान सिंह आदि उपस्थित रहे।

# योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बने मुनीश चंद्र शर्मा

दैनिक अयोध्या टाइम्स



रामपुर जैन इण्टर कॉलेज के प्रवक्ता मुनीश चंद्र शर्मा को नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन से संबद्ध और युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार से मान्यता प्राप्त योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन रामपुर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।मुनीश चंद्र शर्मा विगत पंद्रह वर्षों पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से जुड़े हैं और भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी पद पर रहते हुए योग के प्रचार प्रसार में लगे हैं।अपनी ईमानदार और स्वच्छ छवि के लिए विख्यात मुनीश चंद्र शर्मा निरंतर समाज सेवा के के कार्यों में अनुरक्त हैं।शिक्षा के साथ साथ लोगों को योग आयुर्वेद और स्वदेशी के लिए प्रेरित करते रहते हैं।रक्तदान, वृक्षारोपण,जल संरक्षण,मतदाता जागरूकता जैसे अनेक राष्ट्रीय कार्यक्रमों से जुड़कर वह सरकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार में भी अपना योगदान दे रहे है।

मीनाक्षी रानी को सचिव और रवि मेहरा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।पूर्व शिक्षक विधायक रामबाबू शास्त्री,दिनेश जैन सेठी हरीश डूडेजा विजय अग्रवाल सीए को संरक्षक अशोक सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष,अभिलाष मिश्रा उपाध्यक्ष,सतीश कुमार संयुक्त सचिव, डॉ वंदना शर्मा,ओमकार सिंह,बृजेश कुमार और राहुल आर्य को सदस्य मनोनीत किया गया।सभी पदाधिकारियों को उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव रोहित कौशिक द्वारा मनोनीत किया गया।पतंजलि कार्यालय पर आयोजित एसोसिएशन की मीटिंग में सभी पदाधिकारियों ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मुनीश चंद्र शर्मा का स्वागत किया गया।

## विद्युत विभाग द्वारा जिला सहकारी बैंक के सभागार में आजादी का अमृत महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के मनाया

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। विद्युत विभाग द्वारा जिला सहकारी बैंक के सभागार में आजादी का अमृत महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के मनाया गया।



इस मौके पर सांसद घनश्याम सिंह लोधी व सीडीओ नंद किशोर कलाल द्वारा मां सरस्वती की वंदना व दीप प्रज्वलित कर महोत्सव की शुरूआत की गई। महोत्सव में विद्युत विभाग से संबंधित सौभाग्य योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, कुसुम योजना, वन नेशन वन ग्रिड, उपभोक्ताओं के अधिकार, सोलर रूफ आदि योजनाओं को विस्तृत रूप से बताया गया साथ ही सौभाग्य योजना में लाभांवित नागरिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव में जिले के विभिन्न स्कूलों से आये बच्चों द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया व नुक्कड़ नाटक के जरिये ऊर्जा के क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा विकास एवं भविष्य में प्राप्त होने वाली विकास संभावनाओं का कार्यक्रम आयोजित किये गये।

इस मौके पर नरेश कुमार, भीष्म कुमार, इमरान खां, कमरूद्दीन खां, दिनेश अग्रवाल, रवि कुमार गुप्ता, आशीष सिंह, राजेश कुमार गुप्ता, विनय कुमार, विशाल मलिक, विद्युत समन्वय समिति के अध्यक्ष फरहत अली खां, शेलेन्द्र शर्मा, सुरेश आर्या, नदीम खां आदि मौजूद थे।

# सर्पदंश से किशोर की मौत, परिवार में मचा कोहराम

सिकंदराराऊ

कोतवाली क्षेत्र के गांव के गिनौली किशनपुर में खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने गए एक किशोर को सर्प ने डस लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। किशोर की सर्पदंश से मौत होने के कारण परिवार में हाहाकार मच गया।



कोतवाली क्षेत्र के गांव गिनौली किशनपुर निवासी अभिषेक कुमार दिवाकर पुत्र जगदीश दिवाकर उम्र 15 वर्ष अपने खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने के लिए गया था। उसी दौरान जहरीले सर्प ने अभिषेक को डस लिया। सर्प के डसने से अभिषेक की हालत बिगड़ गई, उसकी चीख सुनकर ग्रामीण एवं परिजन मौके पर पहुंच गए। गांव में अफरा–तफरी मच गई। आनन–फानन में किशोर को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदराराऊ लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन अभिषेक को इलाज के लिए बायगीर के पास भी ले गए। लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## बीएएमएस एवं बीयूएमएस चिकित्सकों के एक प्रतिनिधि मंडल ने उपजिलाधिकारी से मुलाकात करके दी उत्तर प्रदेश इंडियन मेडिसिन संशोधन अधिनियम 2015 की जानकारी

सिकंदराराऊ । बीएएमएस एवं बीयूएमएस चिकित्सकों के एक प्रतिनिधि मंडल ने उपजिलाधिकारी अंकुर वर्मा से मुलाकात करके संविधान के अनुच्छेद 200 के अधीन उत्तर प्रदेश इंडियन मेडिसिन संशोधन अधिनियम 2015 के अनुसार प्रकाशित शासनादेश उपजिलाधिकारी को दिखाया। शासनादेश देखने के बाद उपजिलाधिकारी ने बीएएमएस एवं बीयूएमएस चिकित्सकों को शासनादेश के अनुसार चिकित्सा कार्य करने एवं हर संभव मदद का भरोसा दिया। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में आज भी नर्सिंग होम और क्लीनिक बंद रहे। जिसके कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



उपजिलाधिकारी अंकुर वर्मा से मुलाकात के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में डॉ नसीम अहमद, डॉ ललित प्रताप बघेल, डॉ अरविंद सारस्वत ने कहा कि उत्तर प्रदेश इंडियन मेडिसिन संशोधन विधेयक 2015 उत्तर प्रदेश विधान मंडल द्वारा पारित होने के बादपर 7 सितंबर 2015 को प्रदेश के राज्यपाल द्वारा बीएएमएस एवं बीयूएमएम चिकित्सकों को विभिन्न प्रकार की दवाएं लिखने की अनुमति प्रदान की थी और यह उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 10 सन 2015 के रूप में सर्वसाधारण की सूचनार्थ प्रकाशित भी किया गया था। शासनादेश के अनुसार विभिन्न प्रकार की एंटीबायोटिक, एंटासिड ी2 रिसेप्टर ब्लॉकर्स, प्रोटीन पंप, मलेरिया नाशक, अमीबा नाशक, एंटीवायरल, ब्रोंकोडाइलेटर, क्रमी नाशक कुष्ठ नाशक, टाइपिकल एंटीफंगल, एंटीमेटिक, ब्रोंकोडिलेटर, फोलिक एसिड आदि दवाएं मरीजों को लिखने का अधिकार प्राप्त है।

पत्रकार वार्ता के दौरान डॉ सी पी वर्मा, डॉ विजय प्रकाश गुप्ता, डॉ अजीम खान पुरदिलनगर, डॉ अंशुल सोनी, डॉ अरविंद सारस्वत, डॉ आसिम अंसारी, डॉ सीपी शर्मा, डॉ मुकेश कुमार, डॉ यतेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

## किसानों को नकली खाद नहीं खरीदना पड़े इसके लिए विभाग द्वारा पिछले दिनों ही कोतवाली क्षेत्र में पुलिस की मदद से एक गोदाम में छापामार कार्यवाही कर सौ कुंतल से अधिक नकली खाद बरामद कर तीन लोगों को गिरफ्तार कराया

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। रामपुर में नकली खाद बेचने वालों के खिलाफ कृषि विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा हैं ताकि किसानों को नकली खाद नहीं खरीदना पड़े इसके लिए विभाग द्वारा पिछले दिनों ही कोतवाली क्षेत्र में पुलिस की मदद से एक गोदाम में छापामार कार्यवाही कर सौ कुंतल से अधिक नकली खाद बरामद कर तीन लोगों को गिरफ्तार कराया हैं। जिला कृषि अधिकारी नरेन्द्र पाल ने कहा कि खरीफ मौसम की बुवाई लगभग समाप्त हो चुकी हैं जिसके बाद कृषकों में उर्वरकों की मांग अधिक हैं ऐसे में कुछ आसामाजिक तत्व नकली उर्वरकों को पैकिंग कर कृषकों को नकली खाद बेचकर मुनाफाखोरी करने का प्रयास करते हैं।

कृषकों से अपील हैं कि उर्वरक खरीदते समय बिल जरूर लें तथा उर्वरक लेते समय एक बार बैच नंबर एवं उर्वरक की मैन्यूफेक्चर डेट भी देख लें किसी भी प्रकार का संदेह होने पर तुरन्त कृषि विभाग के नंबर 9634062179, 9760076692 पर सूचित कर दें। कृषकों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग की टीमे प्रतिदिन निरीक्षण कर रहीं हैं। उन्होने पिछले दिनों ही कोतवाली क्षेत्र के सेंट्रल बैंक वाली गली में पुलिस की सहायता से छापामार कार्यवाही की गई थी जिसमें तीन लोगों को मौके पर ही नकली खाद बनाते समय गिरफ्तार कर लिया गया था जबकि तीन दुकानदारों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। कोतवाली पुलिस और नकली खाद बेचने वाले और दुकानदारों की भी तलाश कर रहीं हैं वहीं विभागीय टीम द्वारा भी खाद की दुकानों का निरीक्षण कर खाद दवाईयों के सेंपल लिये जा रहे हैं ताकि कृषकों को नकली खाद से बचाया जा सकें।

# रिठांगला बीर योध्दा स्मारक पर पहुँच कर देश के प्रथम परमवीर चक्र विजेता ब्रिगेडियर और शहीद प्लाटून को दी श्रद्धांजलि



सिकंदराराऊ। कारगिल विजय दिवस के पावन दिवस के अवसर पर व्यापरी नेता विपिन वार्ष्णेय एवं संयुक व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष जयपाल सिंह चौहान, अलीगढ़ के उद्योगपति ललित कुमार वार्ष्णेय ने अपने परिवार के साथ समुद्र तल से 15000 फीट की ऊँचाई पर स्थित रिठांगला बीर योध्दा स्मारक पर पहुँच कर देश के प्रथम परमवीर चक्र विजेता ब्रिगेडियर शैतान सिंह और उनकी पूरी शहीद प्लाटून को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उसके उपरांत स्मारक के अधिकारियों व उनके सहयोगियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर कारगिल विजय दिवस की बधाई दी । इस अवसर पर व्यापारी नेता विपिन वार्ष्णेय ने कहा कि हमारे देश में भारतीय जवानों की अनेक वीरगाथाएँ प्रचलित हैं। लेकिन कारगिल विजय दिवस के रूप में भारतीय जवानों ने अनूठी मिसाल प्रस्तुत की थी, वह बहुत ही अनूठी है।

जयपाल चौहान ने कहा कि देश आज यदि सुरक्षित है तो वह भारतीय सेना की बजह से है।

इस अवसर पर सभी भारतीय सेनिकों ने अपने स्वागत एवं सम्मान पर आभार व्यक्त किया व सभी को सुभकामनाएँ दी और अस्वस्त किया कि वे इसी तरह देश की सेवा करते रहेंगे । पूर्व चेयरमैन वर्षा वार्ष्णेय ने इस अवसर पर सभी का अभिनंदन किया। इस अबसर पर सेना की तरफ से श्री गुलाब चंद, हुकम चौन, धर्मपाल , फूल सिंह , रणजीत सिंह , गुलाब सिंह , हरीराम , धर्म सिंह , किरण सिंह, बीरेन्द्र सिंह, रामदेव , सूरजनाथ सिंह यादव आदि थे। अभिनंदन करने वालों में श्रीमती सुशीला सिंह चौहान, श्रीमती आशा वार्ष्णेय , मेघा वार्ष्णेय, आयुषी वार्ष्णेय आदि थे।

# पेड़ के नीचे आराम कर रहा मजदूर हाईटेंशन लाइन का करंट लगने से झुलसा, उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत



सिकंदराराऊ। कोतवाली क्षेत्र के गांव नावली लालपुर में बुधवार को पेड़ के नीचे बैठकर आराम कर रहा एक मजदूर की पेड़ में करंट आने से गंभीर रूप से झुलस गया और उपचार के लिए ले जाते समय उसकी मौत हो गई। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई आनन–फानन में झुलसे हुए मजदूर को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से चिकित्सकों ने उसे अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया । अलीगढ़ ले जाते समय रास्ते में मजदूर की मौत हो गई। इसके बाद लोग शव को वापस लेकर कोतवाली आ गए पुलिस ने सबको सीएचसी पर रखवा दिया ।जहां से पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया । युवक की मौत से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। सीएचसी पर ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी भी की।

बुधवार को दोपहर 12.00 बजे गरीब गांव नावली लालपुर में एक खेत में शीशम के पेड़ के नीचे बैठकर मुकेश पुत्र सोनेलाल निवासी ग्राम दतौली थाना मलावन जिला एटा आराम कर रहा था । उक्त पेड़ के ऊपर से हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है, जिसके चलते पेड़ में अचानक करंट उतर आया । करंट की चपेट में आकर मुकेश गंभीर रूप से झुलस गया। उसकी चीख सुनकर घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

गंभीर अवस्था में उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया ।अलीगढ़ ले जाते समय रास्ते में ही मुकेश की मौत हो गई। ग्रामीण मृतक के शव को लेकर सिकंदराराऊ आ गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रखवा दिया । जहां आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गुस्से का इजहार किया। पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि मृतक मुकेश पिछले कई दिन से गांव में मजदूरी कर रहा था।

# अब प्रयागराज से होकर नोर्थ-ईस्ट के राज्य त्रिपुरा तक जाएगी स्पेशल ट्रेन

प्रयागराज रिपोर्टर हिमाशू चौरसिया

दैनिक अयोध्या टाइम्स

प्रयागराज। रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए रानी कमलापति से त्रिपुरा की राजधानी अगरतला तक एक विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। इस ट्रेन का स्टॉपेज प्रयागराज के छिवकी स्टेशन में भी है।

यह स्पेशल ट्रेन साप्ताहिक गाड़ी के रूप में अगस्त से सितंबर तक चलेगी। इसका संचालन त्योहार विशेष गाड़ी के तौर पर होगा।

उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) के सीपीआरओ डा. शिवम शर्मा के अनुसार 01665/01666 रानी कमलापति–अगरतला विशेष गाड़ी रानी कमलापति से प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 3.30 बजे चलेगी। यह ट्रेन भोर में 3.35 बजे प्रयागराज के छिवकी रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी जबकि शनिवार को रात आठ बजे अगरतला पहुँचेगी। इस ट्रेन में कुल 24 कोच होंगे।




# सड़क हादसे में तीन लोग घायल

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी

दैनिक अयोध्या टाइम्स

प्रयागराज ।रहिमापुर झूंसी में दोपहर को बाइक सवार राम सागर विश्कर्मा 50 साल अपनी पत्नी शैल कुमारी 45 साल व अपने भांजे प्रदीप विश्वकर्मा 24 साल को अपने घर हेमापुर मुंगरा बादशाहपुर जौनपुर से एक ही बाइक से प्रयागराज की ओर जा रहा था और अभी वह रहिमापुर के पास ही पहुँचा ही था कि अचानक एक ऑटो रिक्शा चालक ने अचानक अपनी ऑटो रिक्शा दाहिनी ओर घुमा दिया जिससे राम सागर अनियंत्रित हो गया और ऑटो रिक्शा में पीछे से जा भिड़ा और तीनों लोग दूर छिटक कर गए जिससे बाइक सवार राम सागर, शैल कुमारी व प्रदीप गंभीर रूप से जख्मी हो गए और सड़क पर अफरा तफरी मच गई फिर राहगीरों ने सभी घायलों को उठा कर सड़क के किनारे बैठाया और ऑटो रिक्शा चालक को लोगों ने पकड़ लिया और फिर लोगों ने 108 एम्बुलेंस को फोन किया सूचना पर 108 एम्बुलेंस के ईएमटी संतोष भारतीया चालक इंद्रजीत के साथ मौके पर पहुंचे और तीनों घायलों को सीएचसी बनी अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ सभी का इलाज चल रहा है गनीमत रही कि रामसागर हेलमेट पहने हुआ था । रामसागर ने बताया कि मैं अपनी पत्नी शैल कुमारी को प्रयागराज शहर इलाज हेतु ले जा रहा था शैल कुमारी का इलाज चल रहा है जिसके चलते मैं हर महीने डॉक्टर को दिखाने जा रहा था । ऑटो रिक्शा चालक को पुलिस पकड़ कर ऑटो रिक्शा समेत झूसी थाने लेकर गई ।







# स्वास्थ्य सम्बंधी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी

दैनिक अयोध्या टाइम्स

प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। स्वास्थ्य से सम्बंधित जो योजनाएं संचालित है, उनका अच्छी तरह से क्रियान्वयन करते हुए लोगो को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अस्पतालों में साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के साथ–साथ नियमित अंतराल पर मेडिकल स्टॉफ का प्रशिक्षण भी कराते रहने का निर्देश दिए है। उन्होंने अस्पतालों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित बनाये रखने के भी निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने जेएसवाई, सुरक्षित मातृत्व अभियान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण, आरसीएच पोर्टल पर पंजीकरण एवं अपडेशन के कार्यों की समीक्षा की। जेएसवाई की समीक्षा करते हुए



मेजा, बहरिया, सैदाबाद, बहादुरपुर, सोरांव, हण्डिया की प्रगति खराब पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने सम्बंधित प्रभारी चिक्तिसाधिकारी को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाए जाने का निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं का शत–प्रतिशत रजिस्ट्रेशन कराये जाने का निर्देश दिया है। परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए उन्होंने कैम्प लगाकर लक्ष्य के सापेक्ष नसबंदी सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने बच्चों का शत–प्रतिशत पूर्ण टीकाकरण कराये जाने का भी निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी ने वीसीजी, डिफ्थेरिया, मीजल्स रूबेला का भी शत–प्रतिशत टीकाकरण कराये जाने के लिए कहा है। संस्थागत प्रसव की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने शत–प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत स्वास्थ्य टीम को स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों का शत–प्रतिशत स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने का निर्देश दिया है।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा धिकारी श्री नानक सरन सहित अपर मुख्य चिकित्साधिकारीगण तथा प्रभारी चिकित्साधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बी एस एफ भर्ती में दौड़ लगाते समय ग्राउंड में ही गाजीपुर के युवक की गिर कर हुई मौत

देवकली ( गाजीपुर) नंदगंज थाना क्षेत्र के महमूदपुर पाली ग्राम के निवासी निरकेवल प्रजापति उम्र 22 वर्ष बीएस एफ मे भर्ती के लिए गुड्गांव हरियाणा गया था।दौड्ते समय चौथे राउण्ड मे गिर जाने के बाद दम तोड् दिया मृतक तुलसी प्रजापति का पुत्र था जो पांच भाइयों मे तीसरे न० पर था।

प्राप्त सूचना के अनुसार मृतक प्रातः 9 बजे दौड् मे शामिल था।भोजपुरी गायक कलाकार रामकेवल प्रजापति का भाई था। सूचना मिलने पर परिवार के लोग लाश को लेने के लिए किराये पर एम्बूलेंस लेकर गुड्गांव रवाना हो गये है। मौत का समाचार मिलते ही पूरे ग्राम मे कुहराम मच गया।मां शकुंतला देवी का रो रो कर बुरा हाल है।लाश बुधवार को सुबह तक आ जाने की संभावना है।

### विद्यालयों के हाई स्कूल के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित

अंबेडकर नगर। कटेहरी विधानसभा में स्वर्गीय विकास वर्मा मेमोरियल मेघा सम्मान समारोह 2022 के अवसर पर कटेहरी विधानसभा के सभी



मान्यता प्राप्त विद्यालयों के हाई स्कूल के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री/कटेहरी के यशस्वी विधायक माननीय श्री लालजी वर्मा जी और साथ में अंबेडकर नगर अयोध्या के पूर्व एमएलसी माननीय श्री हीरालाल यादव जी, टांडा के पूर्व ब्लाक प्रमुख माननीय श्री लवकुश वर्मा जी, प्रमुख टांडा माननीय सुरजीत वर्मा जी, इल्तिफातगंज के लोकप्रिय चेयरमैन माननीय निजाम साहब ,सम्मानित गुरुजन मौजूद रहे। रिपोर्टर प्रतीक पटेल अंबेडकर नगर

### ग्राम सभा रामपुर कला में ब्लाक प्रमुख नें किया वृक्षारोपण



अंबेडकर नगर टांडा। आज टांडा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम सभा रामपुर कला में वृक्षारोपण करते हुए टांडा ब्लाक प्रमुख श्री सुरजीत वर्मा जी बीडियो अरुण कुमार पांडे जी ग्राम प्रधान अनिल वर्मा जी आदि मौजूद रहे।

रिपोर्टर प्रतीक पटेल अंबेडकर नगर

### विद्युत संविदा कर्मी को मारपीट कर किया घायल

सिकंदराराऊ। 33/11 केवी उपकेंद्र अल्लैहपुर पर तैनात एक संविदा कर्मी को नामजदों ने मारपीट करके घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में 2 नामजदों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। अल्लैहपुर बिजली घर पर तैनात संविदा कर्मी अमरपाल ने तहरीर में उल्लेख किया है कि वह विद्युत उपकेंद्र अल्लैहपुर पर संविदा कर्मी के रूप में तैनात है। मंगलवार की शाम करीब 4.30 बजे उसके मोबाइल पर सूचना दी गई कि गांव कोडरा पुल पर 11000 की लाइन का तार टूट गया है। जिससे कोई दुर्घटना घटित हो सकती है। सूचना पर वह अपने साथी के साथ कौडरा पुल पर पहुंचा तो वहां कोई भी तार टूटा हुआ नहीं था। वहां पहले से घात लगा कर दो नामजद खड़े थे, जिन्होंने पीड़ित को गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़ित द्वारा शोरगुल करने पर ग्रामीण मौके पर आ गए । ग्रामीणों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

### समाजवादी पार्टी के मंत्री गायत्री प्रजापति की मुश्किलें कम नहीं हो रही

प्रयागराज बीरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स

प्रयागराज समाजवादी पार्टी सरकार में कद्दावर मंत्री रहे गायत्री प्रजापति की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गायत्री प्रजापति की बेनामी जमीन को अटैच किया है। मोहनलालगंज के इंद्रजीत खेड़ा की जमीन को ईडी ने अपने कब्जे में लिया। यह जमीन गायत्री प्रजापति ने अपने नौकर राम सहाय के नाम पर ली थी।

गौरतलब है कि सोमवार को भी जमीन का बड़ा हिस्सा ईडी ने अपने कब्जे में लिया था। गायत्री प्रजापति की 90 करोड़ रुपये की संपत्ति ईडी अबतक अटैच कर चुकी है। ये संपत्तियां मुंबई, अमेठी, सुल्तानपुर, लखनऊ, कानपुर में थीं। गायत्री प्रजापति के खिलाफ यह कार्रवाई मनी लांड्रिंग के मामले में हो रही है। ईडी ने जमीन को कब्जे में लेकर नोटिस बोर्ड भी लगा दिया है।

### भीषण सड़क हादसे में दो बच्चियों सहित सात लोग हुए घायल

दैनिक अयोध्या टाइम्स। बाराबंकी। गोण्डा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भूलभूलिया गांव के निकट स्कूटी सहित आल्टो कार एव हाफड़ाला में आमने सामने हुई टक्कर में दो बच्चियों सहित सात लोग घायल हो गये जिन्हें सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया गया जहां पर



प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है जिसमे एक महिला की हालात गम्भीर है।बुधवार को कैसरगंज से बाराबंकी की जा रहा हाफड़ाला नम्बर यूपी 32 एलएम 5267 की टक्कर बाराबंकी से बहराईच जा रही आल्टो कार नम्बर यूपी 32 बीके 5210 की भूलभूलिया के निकट आमने सामने टक्कर हो गई इसी बीच पीछे से आ रही स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त वाहनों से टकरा गयी जिसमे हाफड़ाला चालक अमनजीत सिंह पुत्र बसन्त सिंह सहित आल्टो में सवार भाई बहन रवि त्रिपाठी एव रश्मि त्रिपाठी, स्कूटी सवार दम्पति मो0 शरीफ पुत्र जलील, पत्नी सलीमन व 6 वर्षीय पुत्री सना व ढाई वर्षीय शमैया घायल हो गयी है। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस से लाकर सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। दुर्घटना में रश्मि की हालात गम्भीर बतायी जा रही है। पुलिस ने तीनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

### संविदा कर्मियों के वेतन के भुगतान के संबंध में सामूहिक भूख हड़ताल प्रारंभ

दैनिक अयोध्या टाइम्स। बाराबंकी। जनपद के सभी संविदा कर्मियों को सूचित करना है कि आप लोगों के माह जून के वेतन भुगतान के संबंध में दिनांक 23,07,2022अधीक्षण अभियंता के साथ हुए समझौते के अनुरूप



26,07,2022 तक भुगतान न होने की विरोध में 27,07,2022 को संगठन के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री के के सिंह जी के नेतृत्व में शाम 3.00 बजे से 5.00 बजे तक सामूहिक भूख हड़ताल प्रारंभ कर दिया गया है फिर भी वेतन भुगतान ना होने की दशा में 28,07,2022 से जनपद के सभी संविदा कर्मियों द्वारा अपने अपने कार्यस्थल पर उपस्थित रहकर और उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने के उपरांत कार्य बहिष्कार करेंगे जिन् संविदा कर्मियों के वेतन का भुगतान हो गया है वे भी कार्य बहिष्कार में शामिल होंगे ।आप सभी लोग सहयोग करें और कार्य बहिष्कार को सफल बनाएं उत्तर प्रदेश बिजली मजदूर संगठन जिंदाबाद। सरोज कुमार संविदा जिला अध्यक्ष इकाई इस भूख हड़ताल में मुख्य रूप से प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष के के सिंह, संविदा जलाते सरोज कुमार, खण्डीय अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह, मंत्री मनीराम, अतिरिक्त मंत्री शेषरम, शिवम यादव, आदी लोग शामिल रहे।

## बाल संरक्षण समिति की सक्रियता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

कासिमाबाद/गाजीपुर । ग्रामीण विकास संस्थान और ब्रेक एफ के संयुक्त तत्वावधान में महाराणा प्रताप ब्लाक सभागार कासिमाबाद में क्लीनिक प्लस, मेरी बेटी स्ट्रांग कार्यक्रम के तहत ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति को सक्रिय करने के उद्देश्य से ग्राम प्रधानों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । उक्त अवसर पर परियोजना के प्रशिक्षक द्वारा ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति मे सदस्यों की चयन प्रक्रिया, बाल संरक्षण समिति की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां, आवश्यकता, ग्राम पंचायतों मे प्रधानों की भूमिका, पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा गांव को बाल मैत्री ग्राम पंचायत बनाना, गांव में किशोरियों के आवागमन वाले रास्ते को सुरक्षित करना आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा किया गया। मौके पर उपस्थित परियोजना



प्रबंधक मनोज तिवारी ने सभी प्रधानों को कार्यशाला में प्रतिभाग करने के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर कार्यशाला में 25 ग्राम पंचायत प्रधानों सहित सचिव, पवन कुमार, विमलेश तिवारी, सरिता पाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### गाजीपुर न्यायालय में पेश हुए पूर्व विधायक अजय राय, मोख्तार अंसारी पर दर्ज गैंगेस्टर एक्ट का मामला

गाजीपुर। माफिया मोख्तार अंसारी के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमे की तारीख पर आज पिंडरा के पूर्व विधायक अजय राय गाजीपुर



न्यायालय पहुचे। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्तार अंसारी पर गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज है। मुकदमे में आज जिरह थी, जिसमें हम न्यायालय में आए हुए थे। हम न्यायालय से यही चाहते हैं कि इस मामले में कठोर से कठोर दंड मिले। मीडिया द्वारा मुख्तार अंसारी और उनके परिवार पर की जा रही प्रशासन की कार्यवाही के बाबत सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। विधायक अब्बास अंसारी एवं उनके परिजनों को भगोड़ा घोषित किए जाने के मामले पर अजय राय ने कहा कि न्यायपालिका के पास जाना चाहिए, जो लोग भाग रहे हैं वो निश्चित ही कहीं न कहीं गलत है। पूर्व विधायक अजय राय की पेशी के दौरान न्यायालय परिसर के आसपास उनके समर्थकों की भारी भीड़ देखने को मिली। माफिया मुख्तार अंसारी के खिलाफ शहर कोतवाली में वर्ष 1996 में गैंगेस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया था।

### विश्व हिंदू परिषद की प्रखण्ड बैठक हुई सम्पन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। विश्व हिंदू परिषद की प्रखंड बैठक ग्राम तुरकानी में संपन्न हुई ।

जिसमे माननीय जिला अध्यक्ष महोदय एवम् जिला सह संयोजक जी ने दीप प्रज्ज्वलित एवम् एकात्मता मंत्र का उच्चारण कर कहा कि आप सभी को धर्म से जुड़ना चाहिए बैठक में विहिप जिला अध्यक्ष राकेश सिंह मुन्ना जी एवम् बजरंगदल जिला सह संयोजक विनय सिंह राजपूत जी विहिप जिला संयोजक अरविंद कुमार तिवारी जी प्रखंड संयोजक आयुष नाग जी प्रखंड अध्यक्ष अजय पाल पटेल जी



बैठक का शुभारंभ किया जिसमें माननीय जिला अध्यक्ष जी ने संगठन के विस्तार एवम आने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की ओर पद भी घोषित किया जिसमे आयुष नाग जी ने सभी हिंदू भाइयों से निवेदन करते हुए उपाध्यक्ष सुनील जी संदीप वर्मा जी प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख देवेंद्र मौर्य जी हिमांशु नाग जी अनुज वर्मा जी सहित अनेक पदाधिकारी एवम् कार्यकर्ता एवम् सैकड़ों सम्मानित ग्रामीण हिंदू भाई उपस्थित रहे।

### समस्त बैंक शाखा प्रबन्धक की बैठक ए.डी आर.भवन सिविल कोर्ट में आहूत की गई

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जनपद में 13 अगस्त 2022 को श्री रवीन्द्र नाथ दूबे माननीय जनपद न्यायाधीश–अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में अनिल कुमार शुक्ल नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक की अध्यक्षता में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु सम्मन तामिला समिति एवं जनपद बाराबंकी के समस्त बैंक शाखा प्रबन्धक की बैठक ए.डी आर.भवन सिविल कोर्ट में आहूत की गई बैठक में सम्मन तमिला समिति की ओर से श्री राकेश मुख्य



न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्री शम्भूशरण नोडल अधिकारी प्रशासन, श्री राजेश कुमार उपाध्याय सम्मन सेल प्रभारी एवं बैंक की ओर श्री विवेक कुमार अग्रणी बैंक प्रबन्धक के अतिरिक्त श्री राजकुमार मैनेजर आर्यावर्त बैंक, श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह केनरा बैंक, श्री साकेत कुमार जिला को–आर्डिनेटर, श्री रोशन रंजन जिला समन्वयक इण्डियन बैंक, श्री राघवेन्द्र सिंह नामित अधिवक्ता श्री राम ट्रांसपोर्ट फाइनेन्स, अरविन्द कुमार चीफ मैनेजर यूनियन बैंक आफ इंडिया, संतोष वर्मा इंडियन ओवरसीज बैंक, मनोज तिवारी मैनेजर भारतीय स्टेट बैंक, श्री अजय सिंह, सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, श्री अजय कुमार आई. डी.बी.आई. बैंक श्रीमती मिताली सहायक मैनेजर यूको बैंक उपस्थित आये हुए अनिल कुमार शुक्ल नोडल अधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक बैंकों के मामलों को चिन्हित कर उनका निस्तारण कराये जाने पर भी बल दिया गया। आज की बैठक में उन शाखा प्रबन्धकों को जिनके मामले काफी कम संख्या में चिन्हित एवं अत्यन्त न्यून अथवा शून्य निस्तारित होने वाले शाखा प्रबन्धकों से विशेष तौर पर रूचि लेते हुए लोक अदालतों में विशेष रूप से सफल बनाने हेतु भी निर्देशित किया गया है।सचिव श्री आदर्श श्रीवास्तव द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत 13 अगस्त 2022 के आयोजन पर प्रकाश डाला गया और इस सम्बन्ध में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी पत्रों पर चर्चा की गई। बैंक के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि नोटिस कार्यालय को प्राप्त करा दें जिससे प्राप्त कराई गई नोटिसों का तामीला पुलिस प्रशासन द्वारा कराया जा सके। बैंक के प्रतिनिधियों से इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि जारी की नोटिसों पर पता पूर्ण मय थाना स्पष्ट रूप से दर्ज किये जाये जिससे तामीला सुगमता से कराया जा सके।

## एक सप्ताह में मांगे पूरी नहीं हुई तो आंदोलन होगा तेज कर्मचारियों ने मांगो को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

गाजीपुर । उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के प्रांतीय आहवान पर मंगलवार को जनपद शाखा द्वारा 9 सूत्री मांगों को लेकर विकास भवन में धरना–प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मांगें पूरी होने तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। हम अंतिम दम तक इस लड़ाई को लडेंगे।उन्होंने कहा कि शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का शिक्षक पर पदोन्नत का प्रावधान है। राजकीय कर्मचारियों के समान 300 दिन का उपार्जित अवकाश दिया जाए, नकदीकरण चिकित्सा सुविधा व्यवस्था बहाल की जाए, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का लिपिक पद पर पदोन्नत किया जाए ट्रिपल सी का बाध्यता समाप्त किया जाए। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ की मांगों का समर्थन किया गया। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक से उपरोक्त जनपद स्तर पर लंबित मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करने का अपील की। कहा कि अगर एक सप्ताह के अंदर माध्यमिक शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ की मांगों को निस्तारित नहीं किया जाता है तो उपरोक्त के आंदोलन को मजबूती के साथ निर्णायक स्तर तक लड़ा जाएगा। अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक को माध्यमिक शिक्षा मंत्री को संबोधित 9 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सभा को आस्वस्थ किया गया कि मांग पत्र उचित माध्यम से शासन को प्रेषित कर दिया जाएगा। लंबित सभी मांगों को अति शीघ्र निस्तारित कर दिया जाएगा। इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, बालेंद्र त्रिपाठी, देवेंद्र मौर्य, कैलाश नाथ सिंह, रमेश यादव, परमेश, विशाल कुमार राय, लाल बहादुर सिंह, संतोष यादव, पराग श्रीवास्तव, यशवंत सिंह, नवीन राय, अब्दुल सिद्दीकी, सोनू कुमार, विश्वजीत, शिवम, सरफराज, रामाधार, आदि उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण कुमार श्रीवास्तव और संचालन राकेश पांडेय ने किया।

## जंगीपुर कांड : छात्रनेता विवेकानंद पाडेय सहित 69 लोगो का सरकार ने लिया मुकदमा वापस

गाजीपुर। बहुचर्चित 15 अगस्त 2015 जंगीपुर काण्ड के अन्दोलनकारियों का मुकदमा सरकार ने किया वापस। संविधान निर्माता डा0 भीमराव अम्बेडकर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के मूर्ति पर माल्यापर्ण कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खूशी का इजहार किया। छात्र नेता विवेकानन्द पाण्डेय सहित अन्य पर दर्ज किये गये थे। गैंगेस्टर, गुण्डा एक्ट सहित दो दर्जन गम्भीर आपराधिक धाराओं में मुकदमे। 15 अगस्त 2015 को जनहित की समस्याओ को लेकर जंगीपुर में हुआ था जबरदस्त विरोध प्रदर्शन और पुलिस ने लाठी चार्ज पर उग्र हो गयी थी जनता। समाजवादी पार्टी की सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने जंगीपुर काण्ड को बड़ा मुद्दा बनाया था। बर बर लाठी चार्ज व विवेकानन्द पाण्डेय सहित 69 लोगो को जेल मे डालने के प्रकरण में आन्दोलन कारियों से मिलकर तत्कालीन एम0एल0सी0 चेतनरायन सिंह व केदार नाथ सिंह ने मामले को सदन में उठाया था। उसके बाद पूर्ववर्ति भाजपा सरकार के कानूनमंत्री व वर्तमान सरकार में उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक से मिलकर सपा सरकार में निर्दोषो पर मंत्री के दबाव मे दर्ज मुकदमें वापस करने के लिये छात्र नेता विवेकानन्द पाण्डेय सहित अन्य लोगो द्वारा मांग किया गया था। तब उनके द्वारा आन्दोलनकारियों को ठोस आवश्वासन दिया गया था मुकदमा वापस होने पर उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्य मंत्री श्री ब्रजेश पाठक जी ने विवेकान्द पाण्डेय को फोन कर दिया बधाई और कहे कि हुई है सत्य की विजय। छात्र नेता विवेकान्द पाण्डेय ने उत्तर प्रदेश सरकार के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व उपमुख्य मंत्री जी ब्रजेश पाठक जी के प्रति कृत्यज्ञता ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया। श्री पाण्डेय ने सम्बन्धित सम्मानित न्यायालय को भी सिर झुकाकर प्रणाम किया और कहा कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नही। समाजवादी पार्टी सरकार द्वारा जंगीपुर वासियो पर किये गये उत्पीड़न को कभी भूला नही जा सकता। आज जंगीपुर की जनता को न्याय मिला है। ज्ञातब्य हो कि 12 अगस्त 2015 को सड़क, विजली, पानी व किसानों के मुआवजे सहित अन्य जनहित समस्याओ के लिए शान्तिपूर्ण तरीके से छात्र नेता विवेकानन्द पाण्डेय द्वारा आमरण अंशन किया जा रहा था। लेकिन चौथे दिन 15 अगस्त 2015 को जंगीपुर में सपा के मंत्री का कार्यक्रम प्रस्तावित था इसलिये सपा नेताओं द्वारा जबरन पुलिस पर दबाव बनाकर आन्दोलनकारियों पर लाठी चार्ज कर अंशन को खत्म करने का प्रयास किया गया जिस पर क्षेत्रीय जनता भड़क गयी पुलिस द्वारा लाठी चार्ज किया गया तो जनता द्वारा पथराव शुरु हो गया इस दौरान पुलिस द्वारा भीड़ को काबू करने के लिये कई राउण्ड गोलिया दागी गयी थी और अन्दोलनकारियों द्वारा कई दर्जन बसे व ट्रको को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। कई पुलिस कर्मियो को चोटे आयी जिसके बाद मामला इनता गम्भीर हो गया कि प्रशासन को 5 जिलो वाराणसी, बलिया, चन्दौली, मऊ व गाजीपुर से फोर्स बुलानी पड़ी तब जाकर मामला नियंत्रण में आया और इस दौरान छात्र नेता विवेकानन्द सहित 69 नामजद व 900 अज्ञात लोगो पर गम्भीर धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जेल में डाल दिया गया। जेल में रहने के दौरान आन्दोलनकारियों पर खूब पुलिसिया उत्पीड़न किया गया। लगभग 3 माह जेल में रहने के बाद विवेकान्द पाण्डेय व अन्य आन्दोलनकारियों को कोर्ट की जमानत पर रिहाई हुई। जेल मे रहने के दौरान विवेकानन्द पाण्डेय सहित 10 लोगो पर गैगेस्टर लगाया गया था। जेल से रिहा होने पर छात्र नेता विवेकानन्द पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाई कर छः माह के लिये जिला मजिस्ट्रेट गाजीपुर द्वारा



जिले से जिला बदर कर दिया गया। उक्त अवसर पर रमेश मिश्रा, मुक्तेश्वर तिवारी, ईमरान, हरिश्चन्द्र पाण्डेय, गोलू सिंह, मण्टू मिश्रा, संजय तिवारी, अप्पू कुशवाहा, सतीश मिश्रा, किशन गुप्ता, शिवम उपाध्याय, अभिषेक द्विवेदी सहित दर्जनो लोग उपस्थित रहे। मुकदमों का उक्त विवरण अपराध सं0–626/2015 धारा–3 (1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट, मुकदमा सं0–548/201 धारा–147, 148, 149, 188, 307, 323, 332, 333, 364, 365, 395, 436, 337, 338, 342, 353 भा0दं0सं0 एवं धारा 7 क्रिम0ला अमेंडमेंट एक्ट तथा = लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम व गुण्डा एक्ट थाना जंगीपुर जिला गाजीपुर में दर्ज हुआ।

## संजय सिंह बनाए गए मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विवेक बदलानी बने कोषाध्यक्ष

(दैनिक अयोध्या टाईम्स संवाददाता अंकित तिवारी राजधानी उप्र )

लखनऊ, ।उत्तर प्रदेश के लगभग जनपदों के मीडिया जगत में लगातार अपनी छवि को मजबूती से स्थापित करता हुआ 'लोक समाचार 24X7 के प्रधान संपादक संजय सिंह को मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह की संस्तुति पर उत्तर प्रदेश (युवा शाखा) का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया !

बताते चलें कि संजय सिंह मोहनलालगंज लखनऊ स्थित लोक समाचार के प्रधान कार्यालय में प्रधान संपादक का कार्यभार देखते हैं!

गत सप्ताह प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने अपने राजधानी दौरे के दौरान सम्मानित चौनल लोक समाचार के प्रधान कार्यालय पहुंचकर प्रधान संपादक संजय सिंह को मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश भारत का प्रदेश अध्यक्ष (युवा शाखा) नियुक्त किया !

संजय सिंह के प्रदेश अध्यक्ष (युवा शाखा) बनाए जाने पर लोक समाचार की संपूर्ण टीम में हर्ष की लहर दौड़ गई तथा मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के ऑफिशियल ग्रुप में संजय सिंह को प्रदेश अध्यक्ष (युवा शाखा) बनाए जाने पर बधाइयों का दौर चल पड़ा मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कुलभूषण शुक्ला जी ने संजय सिंह प्रधान संपादक लोक समाचार को प्रदेश अध्यक्ष (युवा शाखा) बनाए जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की तथा अपेक्षा की कि संजय सिंह के माध्यम से संपूर्ण उत्तर प्रदेश के प्रत्येक मंडल तथा प्रत्येक जनपद व तहसील की इकाइयों में संगठन के कार्य को विस्तार व प्रगति प्रदान की जाएगी!

प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह ने भी मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के ऑफिशियल ग्रुप पर संजय सिंह को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान करते हुए यह अपेक्षा की की संपूर्ण उत्तर प्रदेश में संजय सिंह के आ जाने के बाद युवा शाखा में प्रगति की एक लहर सी दौड़ जाएगी!

संजय सिंह ने अपने प्रदेश अध्यक्ष (युवा शाखा) बनाए जाने के तत्काल बाद लखनऊ के एक बहुत बड़े व्यवसाई तथा लोक समाचार के एमडी पद पर कार्यरत विवेक बदलानी को मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किए जाने की संस्तुति प्रदान की और शीघ्र ही सम्पूर्ण प्रदेश में युवा शाखा में तेजी से विस्तार करने का संकल्प भी लिया!

विवेक बदलानी को मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश



अध्यक्ष ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह के अनुमोदन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलभूषण शुक्ला ने विवेक बदलानी को प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किया! मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों ने नवनियुक्त संजय सिंह व विवेक बदलानी को हार्दिक बधाइयां व शुभकामनाएं प्रदान की!

## कृति पब्लिक स्कूल द्वारा निकाली गई वन महोत्सव रैली

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। कृति पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव और पर्यावरण संरक्षण जागरुकता रैली आयोजित।

कृति पब्लिक स्कूल भगवानपुर में जुलाई माह में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वन महोत्सव एवं पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों और शिक्षकों ने पौधारोपण अभियान में पांच सौ से अधिक पौधे लगाए। बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के द्वारा श्पेड लगाओ पर्यावरण बचाओ श और श्एकल यूज पालीथीन श का पूर्ण बहिष्कार करने का संदेश दिया।इसी क्रम में भगवानपुर गांव और उसके निकटवर्ती दस गांवों में




जागरूकता रैली निकाली गई। प्रधानाचार्या डा फरजाना शकील अली ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और सभी से पर्यावरण संरक्षण करने की अपील करी। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उपजिलाधिकारी विनय कुमार त्रिवेदी पुलिस उपाधीक्षक रघुवीर सिंह को और अन्य सरकारी दफ्तरों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में पौध वितरण किया।

क्षेत्रवासियों ने विद्यालय की इस मुहिम की प्रशंसा करी और अतिउत्तम शिक्षा प्रदान कर जिलास्तर पर बोर्ड परीक्षा परिणाम में मेरिट लिस्ट में दो स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी।

## न्यायमूर्ति ने मानसिक चिकित्सालय में, विभिन्न बिन्दुओं पर डा. के साथ की बैठक रोटरी क्लब आफ आगरा नार्थ के द्वारा राष्ट्रीय मानव अधिकार के अध्यक्ष ने वृक्षारोपण भी किया

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा, 27 जुलाई। मा0 अध्यक्ष राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग भारत सरकार न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा व मा0 सदस्य न्यायमूर्ति महेश मित्तल ने मानसिक स्वास्थ्य संस्थान एवं चिकित्सालय में विभिन्न बिन्दुओं पर सम्बन्धित डाक्टरों के साथ बैठक किया। तत्पश्चात मानसिक स्वास्थ्य संस्थान एवं चिकित्सालय का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड संख्या 20बी में मानसिक रोगियों से वार्तालाप के दौरान साफ सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया और महिला अतः रोगी विभाग में महिलाओं से उनके बारे में जानकारी लेते हुए व्यवसायिक चिकित्सा केंद्र में सिलाई, कढ़ाई, बुनाई आदि के बारे मे भी जानकारी प्राप्त की। साथ ही रोटरी क्लब ऑफ आगरा नार्थ के द्वारा राष्ट्रीय मानव अधिकार के अध्यक्ष ने वृक्षारोपण भी किया।

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के संयुक्त सचिव, श्री एच0सी0 चौधरी ने केंद्रीय कारागार आगरा के निरीक्षण के दौरान शचीन्द्र नाथ बक्शी द्वार कारागार चिकित्सालय में मरीजों से जानकारी प्राप्त की तथा उनके खाने–पीने व स्वास्थ्य सुविधाओं एवं दवाइयों का जायजा भी लिया।

वरिष्ठ जेल अधीक्षक श्री वी0के0 सिंह ने अवगत कराया कि काष्ठ कलाध्लौह उद्योग में कैदियों द्वारा विभिन्न तरह की वस्तुएं तैयार की जाती है। इसके साथ ही शहीद भगत सिंह द्वार में बैरक में बंद कैदियों से उनकी वास्तविक स्थिति की जानकारी लेते हुए कैदियों की रिहाई के संबंध में वार्तालाप किया गया, जिसमें पाया गया कि कुछ कैदियों की बेल मंजूर हो गई है फिर भी उनकी रिहाई अभी तक नहीं हो सकी है। कढी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि भविष्य में ऐसी परिस्थिति उत्पन्न नही होनी



चाहिए।

उक्त अवसर पर आयोग के सदस्य श्री राजीव जैन, मुख्य सचिव, श्री देवेन्द्र कुमार, श्री सुनील कुमार मीना, आयुक्त श्री अमित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी (प्रो0) श्री हिमांशु गौतम, चिकित्सा अधीक्षक डा0 दिनेश सिंह राठौर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।


# संक्षिप्त समाचार

## यूरिया खाद नहीं मिलने पर किसानों को धान की नर्सरी तैयार करने में हो रही परेशानी

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

०कीटनाशक दवाओं के मूल्य हुए दोगुने किसानों की जेब हो रही ढीली

औरैया। जिले में विलंब से हुई वर्षा की बाद किसानों ने धान की रोपाई शुरू कर दी है। नर्सरी को तैयार करने के लिए किसानों को यूरिया खाद की अति आवश्यकता होती है , लेकिन विकासखंड औरैया की कई सहकारी संघों पर यूरिया खाद नदारद है। जिससे किसान अपने धान की नर्सरी तैयार नहीं कर पा रहे हैं। वहीं धान रोपाई के बाद फसल में यूरिया खाद भी नहीं डाल पा रहे हैं। जिसके चलते किसान धान की उपज में गिरावट आने की चिंता को लेकर हतोत्साहित है। इसके अलावा बाजरा की बुवाई के लिए भी यूरिया खाद नहीं मिल रही है। इसके अलावा बीज की दुकानों पर बिकने वाली कीटनाशक दवाऐ भी दोगुने मूल्य पर मिल रही हैं। जिससे किसानों की जेब ढीली हो रही है। किसानों ने जनहित में यूरिया खाद उपलब्ध कराए जाने एवं बढ़ी हुई कीटनाशक दवाओं की कीमत कम किए जाने की गुहार जिला प्रशासन से लगाई है।



## समय से विद्यालय नहीं खुलने पर अभिभावकों में आक्रोश

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

०शिक्षकों की लापरवाही से अभिभावक व बच्चे हुए परेशान

रुरुगंज,औरैया। प्रदेश सरकार प्राथमिक विद्यालयों की व्यवस्था सुधारे जाने के लिए प्रयास कर रही है। सरकारी स्कूलों में दाखिलें बढ़ें इसके लिए सरकार हर वर्ष करोड़ों रुपए खर्च करती हैं, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। बिधूना विकासखंड क्षेत्र के कस्बा रुरुगंज के प्राथमिक द्वितीय विद्यालय में तैनात शिक्षक ही सर्वशिक्षा अभियान को पलीता लगा रहे हैं। बिधूना विकासखंड के कस्बा रुरुगंज में स्थित प्राथमिक द्वितीय विद्यालय में शिक्षकों की मनमानी के चलते बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। जिसके चलते अभिभावकों में शिक्षकों के प्रति आक्रोश व्याप्त है।



## लोकतंत्र रक्षक सेनानी का हुआ निधन शोक की लहर

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स। बिधूना,औरैया। कस्बे के किशोर गंज निवासी लोकतंत्र रक्षक सेनानी का लंबी बीमारी के चलते अपने आवास पर उनका निधन हो गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। निधन को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दी गयी। जानकारी पर पहुंचे अधिकारियों ने उन्हें अंतिम सलामी दी। उनका अंतिम संस्कार अरिंद नदी के भैरो घाट पर कर दिया गया। संगठन के प्रदेश महामंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली पर नाराजगी व्यक्त की है।



## निरीक्षण रिपोर्ट आते ही अनुपस्थित अध्यापकों का वेतन काटने के दिए निर्देश

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

०शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाए जाने के लिए बच्चों को हर विषय की दी जाये जानकारी

औरैया 27 जुलाई 2022– जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने निरीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होते ही विद्यालय में अनुपस्थित अध्यापकों का वेतन काटने तथा शिक्षा के स्तर में गुणात्मक सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों के मिलने वाला मध्यान भोजन (मिड डे मील) की गुणवत्ता तथा मात्रा में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जहां भी मिड डे मील में कमी पाई गई, उसको आगाह करते हुए चेतावनी दी की पुनरावृत्ति होने पर किसी प्रकार से बख्शा नहीं जाएगा।

## अपर जिलाधिकारी ने कैंसर पीड़ित का दर्द सुनकर बाबू को बुलाकर जमकर लगाई फटकार


संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

० अपर जिलाधिकारी ने पुष्पेंद्र को जल्द सहायता राशि दिलाने का आश्वासन दिया

० दर्द से कराहता कैंसर पीड़ित काट रहा दफ्तरों के चक्कर

० सदर विधायक की संस्तुति पर तीन माह बाद भी नहीं मिली सहायता, बाबु पर लगाया रिश्वत मांगने का आरोप

औरैया। कैंसर से जूझ रहे पुष्पेन्द्र से पूछो वह दर्द से कराहते कैसे रोज जिला मुख्यालय इस आस में जाता कि शासन से सहायता राशि मिल जाए। जिससे वह इलाज कराकर इस असहनीय दर्द से राहत पा सके। हर दिन वह निराश लौटता है । पुष्पेंद्र के हालात को देखकर दफ्तरों में बाबुओं का दिल नहीं पसीज रहा है। बाबु बिना रिश्वत के फाइल नहीं बढ़ा रहा। पुष्पेन्द्र को एहसास हो ही गया कैसर उसे ही नहीं बल्कि सिस्टम में भी है। बुधवार को वह एडीएम रेखा एस चौहान से मिला तो एडीएम को पुष्पेंद्र का दर्द समझ मे आ गया और उन्होंने बाबू की जमकर लताड़ लगाते हुए कार्रवाई की बात कही। जल्द से जल्द सहायता दिलवाने का भी आश्वासन दिया। चपटा गांव निवासी 47 वर्षीय पुष्पेंद्र सिंह पुत्र शदेवी सिंह मुख कैंसर से पीड़ित है। इलाज के लिए दर–दर की ठोकरें खा रहा है। इलाज के रुपये न होने के कारण उसने सदर विधायक गुड़िया कठेरिया से मदद की गुहार लगाई। विधायक गुड़िया कठेरिया ने बीमारी अनुदान से सहायता देने की संस्तुति कर दी। पुष्पेंद्र का इलाज कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट ग्वालियर में चल रहा है। अब पुष्पेंद्र संस्तुति का पत्र लिए तीन माह से दफ्तरों के चक्कर काट रहा है। चक्कर लगाकर थक गया है। पुष्पेंद्र का आरोप है कि बाबु उससे रुपये मांग रहे हैं। बुधवार को पुष्पेन्द्र ने जिला मुख्यालय पहुंचकर अपर जिलाधिकारी रेखा एस चौहान से मदद की गुहार लगाई और सारी जानकारी दी। एडीएम का दिल पसीज गया उसका दर्द सुनकर उन्होंने बाबू को बुलाकर जमकर लताड़ लगाई और कार्रवाई की भी बात कही। एडीएम ने पुष्पेंद्र को जल्द सहायता राशि दिलाने का आश्वासन दिया।



## घर से 3.28 लाख लेकर भागे युवक को जीआरपी ने पकड़ा

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

औरैया। यूपी के औरैया जिले में दिबियापुर के फफूंद रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने चेकिंग के दौरान एक युवक को संदिग्ध हालात में पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास तीन लाख 28 हजार रुपए बरामद हुए। पूछताछ में पता चला कि वह घर से नाराज होकर आया है। जीआरपी ने युवक को कैश समेत परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया। फफूंद स्टेशन पर चेकिंग के दौरान चौकी प्रभारी जीआरपी फफूंद जय किशोर गौतम ने संदिग्ध हालत में एक युवक को पकड़ लिया। पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम आदेश पुत्र रामप्रकाश निवासी नौसारा पसरा मऊ थाना इंदरगढ़ जनपल कन्नौज बताया। तलाशी में उसके पास से 3,28350 रुपए बरामद हुए। जीआरपी ने कमाने का सोर्स पूछा तो युवक हड़बड़ाने लगा और बोला रुपए मेरे हैं, और मैं मेहनत मजदूरी करके कमाकर लाया हूं। शक होने पर चौकी प्रभारी ने उसके ही फोन से उसके भाई रिंकू को कॉल लगा दी तो बातें सुनकर वह भी हैरान रह गए। फोन पर रिंकू के भाई ने बताया "यह मेरा छोटा भाई है, हम तीन भाई हैं और यह पैसा लेकर भाग गया है, हमारे खेत का एग्रीमेंट हो रखा है और यह पैसा हमने खेत का एग्रीमेंट वापस करने के लिए घर पर रखा हुआ था। आज हमें अपने खेत का एग्रीमेन्ट वापस करने के लिए यह पैसा एग्रीमेन्ट वाले को देना था। इसके बाद परिजन फफूंद स्टेशन आये और युवक को समझा बुझाकर घर ले गए। जीआरपी ने बरामद रुपया भी परिजनों को सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने जीआरपी पुलिस को धन्यवाद दिया।



# धोबवलिया बाजार पर हमलावरों का कहर मारपीट कर किया जख्मी, रेफर

दैनिक अयोध्या टाइम्स महाराजगंज प्रखंड संवाददाता रू सुजीत कुमार

महाराजगंज। थाना क्षेत्र के धोबवालिया बाजार पर कुछ हमलावरों ने थाना क्षेत्र के सुरबीर गांव के रामअवध के पुत्र 30 वर्षीय शैलेश कुमार उर्फ मुन्ना को संध्या में धारदार हथियार व लाठी डांटा रड से मारपीट कर जख्मी कर दिया . जिसको इलाज के लिए महाराजगंज पीएचसी लाया गया गम्भीर स्थिति देख डॉक्टरों ने सीवान सदर अस्पताल सीवान रेफर कर दिया . जहां जख्मी का इलाज चल रहा है . जख्मी के बयान पर महाराजगंज थाना में आवेदन दिया गया है . जिसमें जख्मी ने महाराजगंज थाना क्षेत्र के धोबवालिया गांव निवासी इब्राहिम मियां के पुत्र अफरोज 20 वर्ष, जगदीश महतो के पुत्र सन्नी महतो 20 वर्ष, अमरनाथ राम के पुत्र आनंदी राम उम्र 21 वर्ष ,स्व जगदीश महतो के पुत्र विकेश महतो 22 वर्ष को आरोपित किया है ,. जख्मी ने आरोपितों पर दो लाख रुपये छिनने का आरोप लगाया है . कहा है कि आरोपित लोग जानलेवा हमला कर बाइक भी क्षतिग्रत कर दिया . पुलिस मामले की जांच में लग गयी है .



# शिवहर एडीजी -वन ख्याति सिंह की कोर्ट ने 7 अभियुक्तों को 6 माह की सजा सुनाया

दैनिक अयोध्या टाइम्स । सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ।

- जातिसूचक शब्द एवं गाली गलौज करने तथा मारपीट करने पर मिली सजा

शिवहर/सीतामढी। आप सभी को इस जानकारी से अवगत करा दिया जाए कि व्यवहार न्यायालय के एडीजी–वन न्यायधीश ख्याति सिंह की कोर्ट ने जाति सूचक शब्द कह कर प्रताड़ित करने तथा गाली गलौज एवं मारपीट करने के 7 आरोपियों को साक्ष्य एवं गवाह के आधार पर 6 माह का साधारण सजा तथा प्रत्येक अभियुक्तों को एक –एक हजार रुपए जुर्माना लगाया है।

वही आप सभी को बता दिया जाए कि एडीजे 1 ख्याति सिंह की अदालत ने धारा 341 में 1 माह, धारा 323/34, धारा 504/34 में 6 माह साधारण कारावास, तथा एससी ध्एसटी एक्ट –3(1)(10) में 6 माह कारावास तथा प्रति अभियुक्तों को एक –एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

गौरतलब हो कि पिपराही थाना क्षेत्र के कुअमा निवासी हरीशचंद्र पासवान ने अनुसूचित जनजाति थाना में मुकदमा दायर कर थाना कांड संख्या 24६ 15 के तहत ग्रामीण विलास साहनी, प्रमोद साहनी, संजीव साहनी, नागा साहनी, हरेंद्र साहनी, भट्टू साहनी ,लक्ष्मी महतो को जातिसूचक शब्द कहकर गाली गलौज करने तथा मारपीट करने के लिए आरोपित किया था।

इस बाबत विशेष लोक अभियोजक सुरेश राय ने साक्ष्य प्रस्तुत करवा कर घटना सही साबित होने पर सभी दोषियों को सजा दिलवाने का न्यायालय से अनुरोध किया था। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार ने बहस की थी।

# रमन पोरवाल बनाये गये पोरवाल समाज सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

०समिति का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर श्री पोरवाल को मिल रही ढेर सारी बधाइयां

औरैया। गोपाल सेवा संस्थान गोपाल वाटिका के ऑनर रमन पोरवाल को पोरवाल समाज सेवा समिति (रजिस्टर्ड) दिल्ली के अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। मनोनीत किए जाने पर श्री पोरवाल को बधाइयां देने वालों का तांता लगा हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर श्री पोरवाल ने सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी तरह निष्ठा से निर्वहन करने का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को शिक्षा के महत्व को पहचानते हुए अपने बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा दिलानी चाहिए , जिससे वह अपने व अपने परिवार के अलावा समाज व देश हित में चिंतन मनन करते हुए समाज को कल्याणकारी पथ पर आगे बढ़ा सके। कहा कि समाज के लोगों को आत्मनिर्भर बनने के लिए हर संभव प्रयास करने की महती आवश्यकता है।



# एक सप्ताह से कंचौसी कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली वे पटरी

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

०15 घण्टे बाधित रही 12 गांवो की बिजली

कंचौसी,औरैया। लगभग एक सप्ताह से कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली बेपटरी है।अघोषित कटौती नासूर बनी हुई है, वहीं ट्रिपिंग व लो–वोल्टेज की समस्या भी बराबर बनी हुई है। असेनी पावर हाउस से जुड़े नोगवा फीडर की स्थिति यह है कि एक घंटा भी निर्बाध आपूर्ति नहीं मिल पाती। ऐसे में लोग भीषण उमस से परेशान है, घरों पर लगे वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोत जवाब दे चुके हैं। रात में लोग घर की छतों पर समय काट रहे हैं। सबसे अधिक समस्या बीमार, छोटे बच्चों व बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है।नोगवा फीडर की बिजली मंगलवार रात्रि 11 बजे से बुधवार दोपहर की दोपहर 3 बजे तक 15 घण्टे आपूर्ति बाधित रही। इससे लोगों में गुस्सा है। पुरवामहिपाल, नोगवा, अमरपुर ,बट्टहा, सुंदरपुर, रंजीतपुर,लछियामऊ, कनमऊ ,विजई पुरवा, सहित 12 गांवो के लोग बिजली की आंखमिचौली से खासे परेशान रहे।ग्रामीण रामसिंह, राजू ,कमलेश, अनुराग गौर, रिकू ,सोनू शर्मा आदि ने बताया एक सप्ताह कई बार घण्टो बिजली कटौती की जा रही है, हल्की बारिश में दस तक बिजली गायब हो जाती है, बिजली विभाग से कटौती की जानकारी के लिए फोन करते है तो अधिकारी फोन नही रिसीव करते हैं।बिजली कटने के बाद कोई पता नहीं रहता है कब आएगी।जबकि सरकार का आदेश ग्रामीण क्षेत्रों बिजली 18 घण्टे का आदेश है लेकिन बिजली 6 से 8 घण्टे ही मिल रही है।इस संबंध में जेई असेनी राजेश सिंह ने बताया फाल्ट के चलते समस्या उत्पन्न हुई थी।




## डीएम की अध्यक्षता में 29 जुलाई को जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन होगा

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

औरैया। जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 29 जुलाई 2022 को पूर्वाहन 11 बजे विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी– 2022 का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत जनपद के कृषकों की आधुनिक कृषि तकनीकी ज्ञान वर्धन एवं खरीफ फसलों की सघन तकनीकी की व्यावहारिक जानकारी, कृषि निवेशकों की सामाजिक व्यवस्था, फसल बीमा एवं सिंचाई संसाधनों के समुचित उपयोग की जानकारी कराने के उद्देश्य से कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनपद स्तरीय गोष्ठी में समस्त अद्यतन सूचनाओं सहित से समय उपस्थित होकर कृषकों को अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी देकर जनपद के कृषकों को लाभान्वित करें।

# त्योहार को मिलजुलकर सौहार्द पूर्ण भाव से मनाएं, एक दूसरे के त्यौहार का करें सम्मान

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

०त्योहार के पूर्व अवरोध उत्पन्न करने वाली अव्यवस्थाएं होंगी दूर

औरैया 27 जुलाई 2022– जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी मोहर्रम की तैयारियां को शांतिपूर्ण परंपरागत तरीके से मनाए जाने हेतु पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ताजियेदारों से ताजिएध जुलूस निकालने के दौरान आने वाली बाधाओंध समस्याओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई तथा जनपद के विभिन्न 10 थानों में उठने वाले ताजियों की भी जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर ताजिएदारों ने अवगत कराया कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रोंध नगरों में कुल 44 जुलूस तथा 65 ताजिए उठाए जाते हैं, जिनको भिन्न–भिन्न रास्तों से निकाला जाता है। इस दौरान साफ सफाई, पेयजल आपूर्ति, विद्युत तारों का लटकना, जलभराव जैसी समस्याएं उत्पन्न होने के साथ–साथ जाम आदि की भी समस्या पैदा होती है। इसके लिए समुचित व्यवस्था कराए जाने के लिए कहा गया।

पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने कहा कि निर्धारित रूट से अपने–अपने जुलूस ताजिए उठाएं जिससे पर्याप्त पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि पूर्व से ही स्थानों को चिन्हित कर लिखित में ड्यूटी लगा दी जाए, जिससे किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था न हो। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। पुलिस अधीक्षक ने ताजियेदारों से कहा कि प्रत्येक जुलूसध ताजिए में अपने लोगों को व्यवस्थापक के रूप में निर्धारित कर दें, जिससे कि वह अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए उसका संचालन करा सकें। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रेखा एस चौहान ने कहा कि समय रहते सभी रास्तों को ठीक करा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई कमी नजर आए तो समय रहते अवगत करा दें, जिससे उसका भी निदान किया जा सके और जुलूस ध्ताजिए निर्वाध रूप से अपने गंतव्य तक पहुंच सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अब्दुल बासित, उप जिलाधिकारी सदर मनोज कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी अजीतमल अखिलेश सिंह, उप जिलाधिकारी बिधूना लवगीत कौर, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, समस्त थानाध्यक्ष, समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पालिकाध नगर पंचायत सहित ताजियेदार आदि उपस्थित रहे।



# बिधूना में ग्राम पंचायत सचिवों को बांटा गया तिरंगा

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

० बीडीओ बोले– हर घर में फहराना चाहिए राष्ट्रीय झंडा न होने पाए कोई लापरवाही

औरैया। विकास खंड बिधूना में आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने पर जोर है। बुधवार को खंड विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिवों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए। बीडीओ ने कहा कि सभी सचिव कार्यालय से तिरंगा प्राप्त कर लें। उनकी पंचायत में 13 से 15 अगस्त तक हर घर में तिरंगा फहराना चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी। खंड विकास अधिकारी जितेन्द्र बाबू यादव और एडीओ पंचायत प्रवीन राजपूत ने बुधवार को ब्लाक कार्यालय में ग्राम पंचायत सचिवों को तिरंगे का वितरण किया। उन्होंने कहा कि उनकी पंचायत में कोई घर ऐसा नहीं छूटना चाहिए जिसमें 13 अगस्त से 15 अगस्त तक तिरंगा न लगा हो । बीडीओ ने सचिवों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत तिरंगा झंडा लगवाए जाने में कोई लापरवाही न बरती जाए। बीडीओ ने कहा कि सभी सचिव अपने–अपने इलाके में कितने घर हैं, इसकी जानकारी कर लें। इसके बाद घरों की संख्या के हिसाब से तिरंगा ले जाएं। कोई ऐसा घर न छूटने पाए जहां पर तिरंगा न लगा हो। इस राष्ट्रीय पर्व में सभी लोगों को सहभागिता करनी है। इलाके के लोगों को इसके लिए जागरूक करें। मौके पर शशिकान्त मिश्रा, मनोज गुप्ता, विवेक यादव, प्रवीण कुमार, परवेज अहमद, रोहित यादव सभी सचिव व विमलेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

- शिक्षकों ने छात्रों को झंडा फहराने के लिए किया प्रेरित

औरैया। प्राथमिक विद्यालय कुर्सी के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार गुप्ता एवम सहायक अध्यापक शरद व आंगनबाड़ी सहायिका रेखा द्वारा विद्यालय के छात्रों को आजादी की 75वीं बर्षगांठ पर आजादी महोत्सव को रूप में 11 से 17 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा झण्डा फहराने के लिए प्रेरित किया, जिसमें विद्यालय की रसोइया विमलादेवी , प्रीतीदेवी व श्रीराम भी उपस्थित रहे।




# देश के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के 7वे पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पण

दैनिक अयोध्या टाइम्स – सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ।

सपने वे नहीं होते, जो आपको रात में सोते समय नींद में आए बल्कि सपने वे होते हैं, जो रात में सोने ही न दें।

ऐसी बुलंद सोच रखने वाले शमिसाइलमैनश अवुल पकिर जैनुलाअबदीन अब्दुल कलाम (एपीजे अब्दुल कलाम) भारतीय मिसाइल प्रोग्राम के जनक कहे जाते हैं। जब कलाम ने देश के सर्वोच्च पद यानी 11वें राष्ट्रपति की शपथ ली थी तो देश के हर वैज्ञानिक का सर फख्र से ऊंचा हो गया था। वे शमिसाइलमैनश और शजनता के राष्ट्रपतिश के रूप में लोकप्रिय हुए। आसमान की ऊंचाइयों को छूने के लिए हवाई जहाज और अन्य साधनों से भी जरूरी चीज है हौसला। हौसला आपकी सोच को वह उड़ान देता है जिसका शिखर कामयाबी की चोटी पर है। कामयाबी के शिखर तक पहुंचने की आपने यूं तो हजारों कहानियां पढ़ी होंगी लेकिन ऐसी ही एक जीती–जागती कहानी है पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की। भारत के पूर्व राष्ट्रपति, जिन्हें दुनिया शमिसाइलमैनश के नाम से भी जानती है, का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को रामेश्वरम् (तमिलनाडु) में हुआ था। एपीजे अब्दुल कलाम का पूरा नाम डॉक्टर अबुल पाकिर जैनुलाअबदीन अब्दुल कलाम था।

आप सभी को उनके संदर्भ में बता दिया जाए

कलाम अपने परिवार में काफी लाड़ले थे, लेकिन उनका परिवार छोटी–बड़ी मुश्किलों से हमेशा ही जूझता रहता था। उन्हें बचपन में ही अपनी जिम्मेदारियों का एहसास हो गया था। उस वक्त उनके घर में बिजली नहीं हुआ करती थी और वे केरोसिन तेल का दीपक जलाकर पढ़ाई किया करते थे।

यही नही आप सभी इस जानकारी से अवगत होजाए

अब्दुल कलाम मदरसे में पढ़ने के बाद सुबह रामेश्वरम् के रेलवे स्टेशन और बस अड्डे पर जाकर समाचार पत्र एकत्र करते थे। अब्दुल कलाम अखबार लेने के बाद रामेश्वरम् शहर की सड़कों पर दौड़–दौड़कर सबसे पहले उसका वितरण करते थे। बचपन में ही आत्मनिर्भर बनने की तरफ उनका यह पहला कदम रहा। कलाम जब मात्र 19 वर्ष के थे, तब द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका को भी उन्होंने महसूस किया। युद्ध की आग रामेश्वरम् के द्वार तक पहुंच गई थी। इन परिस्थितियों में भोजन सहित सभी आवश्यक वस्तुओं का अभाव हो गया था।

कलाम एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी में आए, तो इसके पीछे उनके 5वीं कक्षा के अध्यापक सुब्रह्मण्यम अय्यर की प्रेरणा जरूर थी। अध्यापक की बातों ने उन्हें जीवन के लिए एक मंजिल और उद्देश्य भी प्रदान किया। अभियांत्रिकी की शिक्षा के लिए उन्होंने मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में दाखिला लिया। वहां इन्होंने एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में अध्ययन किया। वही कलाम मिसाइल क्रांति की तरफ कदम 1962 में वे शभारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठनश में आए। डॉक्टर अब्दुल कलाम को प्रोजेक्ट डायरेक्टर के रूप में भारत का पहला स्वदेशी उपग्रह (एसएलवी तृतीय) प्रक्षेपास्त्र बनाने का श्रेय हासिल है। अब्दुल कलाम भारत के मिसाइल कार्यक्रम के जनक माने जाते हैं।

राष्ट्रपति का सफर रू 18 जुलाई 2002 को कलाम भारत के 11वें राष्ट्रपति निर्वाचित हुए थे। इन्हें भारतीय जनता पार्टी समर्थित एनडीए घटक दलों ने अपना उम्मीदवार बनाया था जिसका वामदलों के अलावा समस्त दलों ने समर्थन किया था। 25 जुलाई 2002 को उन्होंने संसद भवन के अशोक कक्ष में राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। 25 जुलाई 2007 को उनका कार्यकाल समाप्त हो गया था।

ऐसे भारतीय मिसाइल प्रोग्राम के जनक और जनता के राष्ट्रपति के रूप में लोकप्रिय हुए पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का 27 जुलाई 2015 को शिलांग के आईआईएम में एक व्याख्यान देने के दौरान गिरने के बाद निधन हो गया। आज निधन के बाद भी कर रहे दिलो पर राज है !



# गुजरात में जहरीली शराब से 41 की मौत पर गरमाई सियासत दिल्ली में बीजेपी मुख्यालय का घेराव की आम आदमी पार्टी

दैनिक अयोध्या टाइम्स – सुमित सिंह ।

गुजरात के बटोदा में जहरीली शराब पीने की वजह से मरने वालों की संख्या बढ़कर 41 तक पहुंच गई है. पुलिस ने इस मामले में धर पकड़ तेज कर दी है, अब तक 14 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. जहरीली शराब से हुई मौतों की इस घटना से पूरे गुजरात में हड़कंप मचा दिया है. शराब कांड को लेकर पुलिस की थ्योरी है कि शराब बनाई नहीं गई बल्कि लोगों ने पानी मिलाकर केमिकल पी लिया. केमिकल सप्लाई करने वाले जयेश को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है.वही आप सभी को इस जानकारी से अवगत करा दिया जाए कि

इस मामले में राजनीति भी तेज हो गई है. गुजरात में विधानसभा चुनाव लड़ने का एलान कर चुकी आम आदमी पार्टी शराब कांड को लेकर बीजेपी पर हमलावर है. आम आदमी पार्टी आज दिल्ली में बीजेपी मुख्यालय का घेराव की है वहीं कतल गुजरात दौर पर पहुंचे दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने भी बीजेपी पर जमकर निशाना साधा. केजरीवाल ने आरोप गाया राज्य में शराबबंदी लागू है फिर भी अवैध शराब बची जा रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि अवैध शराबबेचने वाले लोग राजनीतिक संरक्षण का आनंद ले रहे हैं और उन्होंने शराब की बिक्री से अर्जित धन की जांच की मांग भी की. केजरीवाल ने मंगलवार को भावनगर के एक अस्पताल का दौरा भी किया और जहरीली शराब पीने के बाद बीमार लोगों से मुलाकात भी की।



# आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत उज्जवल भारत उज्जवल पावर 2047 महोत्सव का भव्य आयोजन आज स्थानीय एम एस कालेज, सभागार में संपन्न

(रवि कुमार भार्गव राज्य को–आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

दिनांक –27 जुलाई 2022

पूर्वी चम्पारण।–आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत उज्जवल भारत उज्जवल पावर /2047 महोत्सव का भव्य आयोजन आज स्थानीय एम एस कॉलेज, सभागार , मोतिहारी में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि श्री प्रमोद कुमार, माननीय मंत्री, गन्ना उद्योग एवं विधि विभाग, बिहार सरकार के द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया ।

इस अवसर पर श्री राणा रंधीर सिंह, माननीय विधायक मधुबन, भाजपा जिलाध्यक्ष, प्रकाश अस्थाना, ए डी एम पूर्वी चम्पारण पवन कुमार सिन्हा, श्री नीतेश कुमार, जिला नजारत शाखा पदाधिकारी ,श्रीमती पुष्पा कुमारी वरीय उप समाहर्ता , डीपीआरओ पूर्वी चम्पारण, गुप्तेश्वर कुमार, जिला नोडल अधिकारी उपेंद्र प्रसाद सुमन, अधीक्षण अभियंता गौतम गोविंदा, एवं विद्युत आपूर्ति अंचल, मोतिहारी तथा छज्ज्ब कॉंटी के अधिकारीगण मौजूद थे ।

माननीय मंत्री श्री प्रमोद कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार और बिहार सरकार के संयुक्त प्रयास से आज विद्युत के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन नजर आता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विद्युत विभाग की कई महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से करते हुए एक तरफ जहां आम लोगों के घरों में विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है वही किसानों एवं उद्यमियों के लिए निर्बाध विद्युत की आपूर्ति वरदान साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि जन हितैषी केंद्र व प्रदेश सरकार अपने विकासात्मक योजनाओं से जन–जन को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के संकल्प ष्हर घर बिजलीष की उपलब्धता की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ कार्य करते हुए जन आकांक्षाओं मूर्त रूप दिया गया है।उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मियों की भी भूरी–भूरी प्रशंसा की।

कार्यक्रम में उपस्थित, माननीय विधायक मधुबन श्री राणा रंधीर सिंह तथा अन्य वक्ताओं ने भी इस संबंध में अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में उपस्थित एडीएम, पवन कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि आज के तारीख में हर गांव अपनी तरक्की की कहानी स्वयं बयान करता है। आज भारत के हर ग्राम को विद्युतीकरण द्वारा रोशन किया गया है। उन्होंने कहा कि बिजली केवल एक ही नहीं अपितु सभी क्षेत्रों में अनिवार्य है।अगर बात जहां शिक्षा की हो या स्वास्थ्य की या चाहे उद्योग की तो सभी क्षेत्र को इससे लाभ मिला है।

अधीक्षण अभियंता गौतम गोविंदा एवं नोडल पदाधिकारी उपेंद्र प्रसाद सुमन ने अपने संबोधन में विधुत के क्षेत्र में जिले की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी बताया कि महोत्सव का उद्देश्य अधिक से अधिक जनभागीदारी एवं बिजली के क्षेत्र में हुए विकास को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लाभुकों ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार बिजली उनके जीवन में एक वरदान की तरह कार्य करती है। आज की जीवनशैली से जुड़ी हुई हर छोटी से छोटी बिजली के उपकरणों का इस्तेमाल करके हम अपने जीवन यापन को कितना सुगम बना सकते हैं। साथ ही हमारे बच्चे की शिक्षा में भी अब कोई बाधा नहीं होती है। उन्होंने कहा कि बिजली से हमारे गांव और घरों में खुशहाली का माहौल है।

कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के द्वारा विद्युत के महत्व , इसके उपयोग एवं विद्युत विभाग की विभिन्न उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। वहीं स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया।



## संक्षिप्त समाचार

### दस-दस हजार के ईनामी दो लुटेरों को किया पुलिस ने गिरफ्तार




मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी।,कुरावली पेट्रोल पंप के निकट दंपति के साथ लूटपाट करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 14 जुलाई को इन बदमाशों ने दंपति से तमंचे के बल पर लूटपाट की थी। आरोपियों से एक तमंचा और 3200 रुपये की नकदी बरामद की गई है। दोनों का आपराधिक इतिहास भी है। मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों पर 10–10 हजार रुपये का ईनाम घोषित था। सीओ संजय वर्मा ने बताया कि कुरावली थाना प्रभारी भोलू सिंह भाटी को मुखबिर से सूचना मिली कि लुटेरे आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए घूम रहे हैं। इन्हीं लुटेरों ने 14 जून को केसी पेट्रोल पंप के निकट लूटपाट की थी। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस इनकी तलाश में जुट गई लेकिन ये नहीं मिले। जांच में पता चला कि इस घटना को सोनू पुत्र सुघर सिंह तथा शिवम पुत्र जबर सिंह निवासीगण नगला कैल थाना एलाऊ ने अंजाम दिया था। पहचान होने के बाद एसपी कमलेश कुमार दीक्षित ने इनकी गिरफ्तारी पर 10–10 हजार रुपये का ईनाम घोषित कर दिया था। बुधवार को पुलिस ने कुरावली–जैथरा बॉर्डर पर बने पुल के निकट से घेराबंदी कर इन ईनामियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से तमंचा, कारतूस, 4840 रुपये बरामद कर लिए गए।

### जानवर चराने गए किसान की नदी में डूब कर मौत,किसान की मौत से परिजनों में मचा कोहराम

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नवादा निवासी जानवर चराने गए किसान की नदी में डूब कर मौत हो गई। किसान शाम तक घर नहीं आया तो परिजनों ने तलाश शुरू कर दी। लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। बुधवार की शाम ईसन नदी में तैरता हुआ शव बरामद हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नवादा निवासी 50 वर्षीय अजब सिंह पुत्र लटूरी सिंह मंगलवार की दोपहर ईसन नदी किनारे जानवर चराने गए थे। शाम को जानवर तो घर वापस आ गए लेकिन अजब सिंह का कोई पता नहीं लगा। घर वालों ने रात भर और बुधवार को दिनभर उनकी तलाश की। बुधवार को अपराह्न 3 बजे के लगभग अजब सिंह का शव ईसन नदी में तैरता हुआ बरामद हो गया। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि जानवर चराते समय पैर फिसलने से नदी में डूबकर उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मौत का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया है। किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक किसान के तीन पुत्रियां और एक छोटा पुत्र है। सभी का रो रो कर बुरा हाल है। घटना से गांव में भी शोक फैल गया है।

## 25 करोड़ की लागत से जनपद के सुप्रसिद्ध शीतला देवी मंदिर का होगा सौंदयीर्करण : जिलाधिकारी

- सजावटी, सुंदर लाइटें लगेंगी, भव्य द्वार बनेगा, 02 हवन कुंड का होगा निमार्ण, पूरा परिसर सी.सी.टी.वी. कैमरे की निगरानी में रहेगा : अविनाश



मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जनपद के ऐतिहासिक, सुप्रसिद्ध शीतला देवी मंदिर के कायाकल्प, मंदिर को भव्यता प्रदान करने के लिए काय ‘प्रारंभ कर दिया है, मंदिर के सौंदयीर्करण के लिए कायर्दायी संस्था यू.पी.पी.सी.एल. के माध्यम से नक्शा, डी.पी.आर., आगणन तैयार कराया जा चुका है, आज आकिर्टेक्ट द्वारा तैयार किए गए नक्शे का प्रस्तुतीकरण वरिष्ठ अधिकारियों, राजा साहब के उत्तराधिकारियों, मंदिर के पुजारियों की उपस्थिति में किया गया, लगभग 25 करोड़ की लागत से मंदिर के जीर्णोद्धार की काय ‘योजना तैयार की गई है, आराजी नंबर 56, 57, 58 एवं 59 में 4128 स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल में मंदिर का विस्तार होगा, मंदिर परिसर में 02 हवन कुंड बनेंग, जिसमें 01 हवन कुंड शतचण्डी महायज्ञ आदि के लिए होगा, दूसरे हवन कुंड पर आमजन यज्ञ, हवन कर सकेंगे, मंदिर पर अन्य जनपदों से आने वाले संतगणों के लिए रूकने की व्यवस्था रहेगी, पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगेंगे, जिससे निरतंर निगरानी होगी। श्री सिंह ने कायर्दायी संस्था के जनरल मैनेजर, आकिर्टेक्ट को निर्देशित करते हुए कहा कि मंदिर की ओर जाने वाले दोनों मार्गों पर इनर–आउटर साइड में भूमि की उपलब्धता के अनुसार पक्की दुकानों के निमार्ण का भी आगणन तैयार कर डीपीआर में शामिल किया जाए, कुरावली रोड से मंदिर तक जाने वाले माग ‘एवं देवी रोड श्रीदेवी मेला के मुख्य द्वार से मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते के चौड़ीकरण के साथ–साथ दोनों और भव्य लाइटें लगाई जाए, मुख्य द्वार का निमार्ण पूरी भव्यता के साथ कराया जाये, विकसित किए जाने वाले परिसर में ही श्रद्धालुओं के लिए महिला–पुरुष हेतु कम से कम 02–02 स्थानों पर अलग–अलग स्नानघर, शौचालयों का निमार्ण कराया जाए, मंदिर के साथ–साथ परिसर की भव्यता पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस दौरान राजा साहब के वंशज यशदीप सिंह एड., आदित्य सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, अपर जिलाधिकारी न्यायिक गणेश प्रसाद, उप जिलाधिकारी सदर नवोदिता शर्मा, डिप्टी कलेक्टर नरेंद्र सिंह, पयर्टन अधिकारी प्रदीप टम्टा, कायर्दायी संस्था यूपीपीसीएल के जनरल मैनेजर अवधेश शर्मा, डी.जी.सी. सिविल अजीत नारायण, डी.जी.सी. राजस्व सुधारकर मिश्रा, आकिर्टेक्ट राहुल जादौन आदि उपस्थित रहे।

## बिना नम्बर व रजिस्ट्रेशन के चल रहे ई रिक्शा के लिए ए आर टी ओ के खिलाफ न्यायालय में शिकायत



मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी। शहर में चल रहे ई रिक्शा जो बिना नम्बर ओर रजिस्ट्रेशन के चल रहे हैं जिन्हें अकसर नाबालिग लड़के चलाते है जिन पर कोई ड्राइविंग लाइसेंस नही हैं आये दिन हादसे होते रहते हैं नम्बर न होने के कारण बच जाते हैं इस पर जिला सत्र न्यायालय के अधिवक्ता देवेन्द्र सिंह कटारिया ने सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी मैनपुरी के खिलाफ शिकायत यह कह कर की हैं कि ई रिक्शा शहर में किस के आदेश से चल रहे है जब शहर में ट्रेफिक के अधिकारी हर चौराहे पर लगे हुए रहते है फिर भी इनका संचालन किस प्रकार से

रहा है जब कि ई रिक्शा बेचने वाले डीलर अक्सर विकास भवन रोड पर है इनकी भी जिम्मेदारी हैं कि बिना रजिस्ट्रेशन व इंश्योरेंस के रिक्शा न बेचे जब कि के इनको चलाने का कोई आदेश सरकार का नही हैं यदि ई रिक्शा चलाना हैं तो विधिवत आर टी ओ के यहाँ रजिस्ट्रेशन कराये व बीमा कराये इसके लिए अधिवक्ता देवेन्द्र सिंह कटारिया ने आर टी ओ से चल रहे बिना नम्बर व बीमा के ई रिक्शा के खिलाफ कार्यवाही करने व डीलर पर भी कार्यवाही करने की मांग की जिस पर विधिक सेवा प्राधिकरण में 08 अगस्त तारीख नियत की गई।

## सेवा आगरा और महाकाली धर्मार्थ ट्रस्ट ने किया इंटरमीडिएट की टॉपर छात्राओं का अभिनंदन

- ये मेधावी बेटियाँ निभाएंगी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिकारू मुरारी लाल गोयल पेंट इन बेटियों ने बढ़ाया आगरा का मान, बन गईं प्रेरणा स्रोतरू मनमोहन चावला

दै.अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। सामाजिक संस्था सेवा आगरा और महाकाली धर्मार्थ ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को बल्केश्वर स्थित संत रामकृष्ण कन्या महाविद्यालय में इस वर्ष इंटरमीडिएट की परीक्षा में अपनी मेधा का परचम लहराने वाली आगरा की टॉपर छात्राओं का अभिनंदन किया। यूपी बोर्ड से श्री नवल सिंह इंटर कॉलेज, सैयाँ की सोनम शर्मा, सीबीएसई बोर्ड से माउंट लिट्रा जी स्कूल की रितिका जैन और आईएससी बोर्ड से सेंट पैट्रिक्स की पलक सिंघल और काजल सिंघल सम्मान पाने वालों में शामिल रहीं। सम्मान की चमक उनके चेहरे पर साफ नजर आ रही थी। सेवा आगरा के संस्थापक–अध्यक्ष मुरारी लाल गोयल श्पेंटश, संस्थापक श्रीमती सुमन गोयल, महाकाली धर्मार्थ ट्रस्ट के मुख्य प्रबंधक और ट्रस्टी मनमोहन चावला, ट्रस्टी रविकांत चावला और संत रामकृष्ण कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मोहिनी तिवारी ने चारों छात्राओं को फूल माला व दुपट्टा पहनाकर और अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य के लिए अनेक शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान श्रीमती आशा चावला, प्रिया कपूर, अनु चावला, डॉ. एसपी सिंह और विजय वर्मा भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

डॉ. सुषमा सत्संगी ने संचालन किया। कवि कुमार ललित मीडिया समन्वयक रहे। यही बेटियाँ करेंगी कल राष्ट्र निर्माण, समारोह में छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए सेवा आगरा के संस्थापक–अध्यक्ष




मुरारी लाल गोयल पेंट ने कहा कि यही मेधावी बेटियाँ कल राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करेंगी। भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने में इन्हीं मेधावी बेटियों की शिक्षा और योग्यता मील का पत्थर साबित होगी। महाकाली धर्मार्थ ट्रस्ट के मुख्य प्रबंधक एवं ट्रस्टी मनमोहन चावला ने कहा कि इन बेटियों ने आगरा का मान बढ़ाया है। अब ये हजारों बेटियों और युवाओं की प्रेरणा स्रोत बन गई हैं। सेवा आगरा की संस्थापक श्रीमती सुमन गोयल ने कहा कि हमारा उद्देश्य बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहन देने के साथ मेधावी बेटियों का हौसला बढ़ाना है ताकि उनकी मेहनत और सफलता का क्रम यूँ ही सतत बना रहे।

## खाद, बीज की दुकानों पर छापेमारी अभियान चला, 45 दुकानों पर छापेमारी कर 18 नमूने लिए गए

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। अपर मुख्य सचिव के निर्देश पर मंगलवार को जनपद में खाद, बीज की दुकानों पर छापेमारी अभियान चलाया गया। जनपद की सभी छह तहसीलों में एसडीएम के साथ कृषि अधिकारी एवं उप कृषि निदेशक ने दुकानों पर छापेमारी की। कुल 45 दुकानों पर छापेमारी कर 18 नमूने लिए गए, तीन दुकानों को सील कर दिया गया। छापेमारी से दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। जिला कृषि अधिकारी डा. सूर्यप्रताप सिंह ने बताया कि डीएम के निर्देश पर छापेमारी हुई। जनपद की उर्वरक, बीज, कीटनाशक की दुकानों पर छापेमारी की गई। अधिकारियों द्वारा 45 छापे डाले गए जिसमें खाद के दो, कीटनाशी के सात और बीज के नौ कुल 18 नमूने जांच के लिए लिए गए। छापेमारी के दौरान शहर में एसडीएम नवोदिता शर्मा और उप कृषि निदेशक डीवी सिंह ने अमित बीज एजेंसी, शाक्य ट्रेडिंग कंपनी परिसर को सील कर दिया। सैनिक खाद भंडार बरनाहल को भी सील किया गया है। कार्रवाई में कुमार इंटरप्राइजेज, शाक्य खाद बीज भंडार कुरावली, अंशिका खाद बीज भंडार खिरिया पीपर, सोनम खाद बीज भंडार कुरावली के लाइसेंस सस्पेंड किए गए हैं। दो दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है।

## आगरा मंडल के 67 अधिकारियों पर 16 लाख का लगा जुर्माना

- मांगी गई सूचना का जवाब 30 सूचना आयुक्त

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता धर्मेंद्र पचौरी आगरा। मंडलायुक्त सभागार में मंडल के सभी विभागों के जन सूचना अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ राज्य सूचना आयुक्त अजय कुमार उप्रेती ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बैठक में राज्य सूचना आयुक्त ने सूचना से संबंधित सभी जन सूचना अधिकारियों को सूचना अधिनियम 2005 व सूचना नियमावली 2015 के बारे में बताया। सूचना के व्यावहारिक आदान–प्रदान में जन सूचना अधिकारियों की समस्याओं को जाना एवं जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि 30 दिन में, मांगी गई सूचना का जवाब अवश्य दें। उन्होंने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 4(1)(बी) के अंतर्गत सभी विभागों को जन सूचना अधिकारी तथा प्रथम अपीलीय अधिकारी का नाम कार्यालय में प्रदर्शित करना है। उन्होंने कहा कि कई विभाग ऐसा नहीं कर रहे हैं, जिनका भौतिक निरीक्षण कर उनके खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि सूचना छिपाना, नष्ट करना, जानबूझ कर भ्रामक सूचना देना दण्डनीय है। आयुक्त ने बताया कि आगरा मंडल में 67 जन सूचना अधिकारियों पर 16 लाख 75 हजार का दण्ड राज्य सूचना आयोग द्वारा लगाया गया है। यह स्थिति संतोषजनक नहीं है। उन्होंने उपस्थित सभी जन सूचना अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी मांगी गई सूचना के प्रति संवेदनशीलता से कार्यवाही क्रियान्वित करें। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि सूचना देते समय जनहित को बरीयता पर रखें। उन्होंने बताया कि आगरा में 26 व 27 जुलाई को आरटीआई से संबंधित 479 मामलों की सुनवाई की जाएगी।



बैठक में एक सत्र प्रश्नोत्तर का भी था जिसके अंतर्गत जन सूचना अधिकारियों द्वारा मा. राज्य सूचना आयुक्त से अनेक सूचना अधिनियम संबंधी समस्यायों के बारे में सवाल जवाब तथा विमर्श हुआ। उन्होंने बताया कि अगर सूचना, कार्यालय में उपलब्ध नहीं है तो जवाब में स्पष्ट लिखें,सिर्फ कार्यालय में उपलब्ध सूचना देनी है। सूचना का संकलन कर नहीं देना है। बैठक में अपर जिलाधिकारी हिमांशु गौतम, सिटी मजिस्ट्रेट प्रतिपाल सिंह एवं पुलिस अधीक्षक यातायात सहित 250 से ज्यादा मण्डल के विभिन्न विभागों के जन सूचना अधिकारी उपस्थित रहे ।

## अभाविप ने किया बी.एस.ए. डिग्री कॉलेज में वृक्षारोपण

आगरा। मथुरा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 75वें वर्ष में प्रवेश करने पर पूरे देशभर में एक करोड़ वृक्ष लगाए जाने का महाअभियान चलाया जा रहा है जिसके निम्मित बुद्धवार को अभाविप मथुरा के कार्यकर्ताओं द्वारा बी.एस.ए. डिग्री कॉलेज में वृक्षारोपण किया गया। महाविद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने अभाविप के इस महाअभियान की सराहना करते हुए कहा कि अभाविप द्वारा चलाया जा रहा वृक्षारोपण अभियान बहुत ही प्रशंसनीय है। वर्तमान समय में पर्यावरण की स्थिति को देखते हुए वृक्ष लगाना और उसकी देख–भाल करना हर व्यक्ति का कर्तव्य है । ब्रज प्रांत उपाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष विधिशास्त्र डॉ. एस. के. राय ने बताया कि अभाविप मथुरा तीन



हजार वृक्षमित्र बनाएगा और प्रत्येक वृक्षमित्र दस वृक्ष रोपित करेगा एवं एक मित्र की भांति उसकी देख भाल करेगा। उन्होंने कहा कि जिले के भिन्न भिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण कर वृक्षमित्र तैयार किए जाएंगे। अभियान में विभाग संगठन मंत्री दिव्य भारद्वाज, जिला विस्तारक गौरव यादव, महानगर विस्तारक निर्दोष यादव, बीएसए अध्यक्ष निशांत ठाकुर, बीएसए उपाध्यक्ष नयन शर्मा, नगर मंत्री कृष्णाचार्य, भावना शर्मा, गरिमा शर्मा, रवि प्रताप, गोपाल ठाकुर,राजीव चौधरी, चंचल, करिश्मा, निशा, हेमलता, अंजली, मोहिनी आदि कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

## सर्वेश चौहान बने भारतीय किसान यूनियन लोक शक्तिके जिला संयोजक

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ,मैनपुरी,एलाऊ। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्योराज सिंह के निर्देश पर ठाकुर सत्यभान चौहान राष्ट्रीय प्रधान महासचिव ने सर्वेश चौहान को जिला संयोजक मैनपुरी के पद पर नियुक्त कर नियुक्ति पत्र दिया गया। सर्वेश सिंह चौहान ने कहा यूनियन ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है। उसे वे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से पूरा करेंगे। तथा हमेशा किसानों की आवाज को उठाएंगे। यूनियन के मार्गदर्शन में किसानों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करेंगे। और कहा कि यूनियन का उददेश्य किसानों के हित की लड़ाई लड़ने का है



जहां भी किसानों की कोई समस्या होगी। उसके लिए यूनियन संघर्ष करेगी। यूनियन के पदाधिकारियों ने माला पहना व मिठाई खिलाकर बधाई दी। वही संचार के विभिन्न माध्यमों से बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष पवन सक्सेना, महिला अध्यक्ष पुष्पा राघव, दिनेश वर्मा, विपिन सिंह, आकाश चौहान, राखी सैनी, प्रीति राजपूत, अनुराग राजपूत आदि दर्जनों पदाधिकारी मौजूद थे।

## राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खैरागढ़ को मिली जमीन

- राजस्व विभाग की पुरानी तहसील भूमि माध्यमिक शिक्षा विभाग को स्थानांतरित करने स्वीकृति राज्यपाल महोदय ने दी

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता धर्मेंद्र पचौरी खेरागढ़। कस्बे के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज जर्जर पुराने तहसीलदार आवास में चल रहा था। जिसे तत्कालीन विधायक बाबूलाल गोयल द्वारा अपने कार्यकाल में एक निजी बिल्डिंग में स्थानांतरित कराया गया था। जिसकी भूमि लिखित रूप से माध्यमिक शिक्षा विभाग को स्थानांतरित नहीं हुई थी। जिसके लिए तत्कालीन विधायक रमेशकांत लवानिया ने भी प्रयास किए। उसके बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सचिन गोयल व उनकी टीम खेरागढ़ ओर समाज सेवी हरीश त्यागी की मेहनत रंग लाई। सचिन गोयल ने बताया अभाविप 2020 से लगातार राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खेरागढ़ की जमीन के लिए लगातार संघर्ष कर रही थी। समय समय विद्यालय के लिए अधिकारियों से मिल कर कॉलेज की समस्या व जमीन को लेकर चर्चा करती रही। लेकिन अब विद्यार्थी परिषद छात्राओं के प्रति कॉलेज की जमीन व समस्या को लेकर संघर्ष करने का सपना साकार हुआ। अपनी टीम के साथ 2020 में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के जीर्णोद्धार के लिए तत्कालीन विधायक महेश गोयल को अभाविप की ओर से मुख्यमंत्री, व राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया। जिसका विधायक जी ने तत्काल अधिकारियों से बात की साथ ही ज्ञापन को मुख्यमंत्री व राज्यपाल के समीप सौंपा। वही समाज सेवी हरीश त्यागी ने लंबे समय से कन्या इंटर कॉलेज के लिए संघर्ष करते रहे कॉलेज के मुद्दे को मीडिया के माध्यम से बड़ी जोर शोर से उठाया।

जिसका संज्ञान लेते हुए छात्राओं की समस्याओ को दृष्टिगत रखते हुए,पूर्व विधायक महेश गोयल के अथक प्रयासों से अब सम्भव हो पाया की उक्त पुराने तहसीलदार आवास की बिल्डिंग एवं पुराने तहसील परिसर को आखिर प्रदेश की राज्यपाल




आनंदी पटेल ने माध्यमिक विभाग को आवंटित करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस आशय के आदेश का पत्र सुधीर गर्ग प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश द्वारा अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा सचिव को जारी कर दिया गया है। अब राजकीय कन्या इंटर कॉलेज उक्त पुराने तहसीलदार भवन एवं पुराने तहसील परिसर में विद्यालय बनाने के रास्ता साफ हो चुका है। खैरागढ़ में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के लिए जमीन आवंटित होने पर छात्रोंओ ओर कस्बे वासियों में खुशी की लहर आ गई है। सभी के सहयोग से आज कॉलेज को जमीन मिल पाई है। सहयोग में हरीश त्यागी, धर्मेंद्र पचौरी, मनीष मिश्रा,सचिन गोयल, धर्मेंद्र वर्मा, सोनू सिंघल,सतेंद्र उपाध्याय, धर्मेंद्र शर्मा, पीयूष मित्तल, गिर्राज किशोर अग्रवाल, शंभू नाथ अग्रवाल, परमानंद पाराशर आदि।

### 5 पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक ने पद चिन्ह लगाकर दी बधाई

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने उपनिरीक्षक सुधीर सिंह, उप निरीक्षक सर्वजीत प्रसाद, उपनिरीक्षक लाल साहब सिंह, उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक जय प्रकाश सिंह को निर्धारित स्टार लगाकर निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान



क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे, प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, प्रधान लिपिक ज्ञान प्रकाश, उप निरीक्षक अजय कुमार पेशकार पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## दरोगा ने गरीब ग्रामीण को डरा धमका कर कराए सादा पेपर पर हस्ताक्षर

- पीड़ित की तबियत खराब होने परिजनों के साथ लगाई अधिकारियों से मदद की गुहार

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी अछनेरा। मामला थाना अछनेरा अंतर्गत कुकथला चौकी का है कुकथला गांव के निवासी सतीश पुत्र टुंडी ने विगत दिनों 16 जुलाई को संपूर्ण समाधान दिवस में एसपी ग्रामीण सत्यजीत गुप्ता से स्वयं और जोगिंदर पुत्र सुभाष चंद एवं अन्य ग्रामीणों के बिना संज्ञान में लिए विवेचना में गवाही दर्ज कर चार्जशीट लगाने की शिकायत विवेचक चौकी इंचार्ज कुकथला के विरुध्द की थी कि अपराध संख्या 408/2021 में झूठी गवाही अंकित कर दी है। जिसमे एसपी ग्रामीण पश्चिम द्वारा सीओ अछनेरा से आख्या मांगी गई थी। इसी क्रम में मंगलवार 26 जुलाई रात 8 बजे सतीश अपने किसी निजी कार्य से चौकी कुकथला के सामने से निकलकर अपने घर जा रहा था। तभी चौकी इंचार्ज कुकथला उसे पकड़ कर चौकी ले गए और चौकी पर दो–तीन घंटे बैठा रखा और डराया धमकाया और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी।

फिर कोरे कागज पर हस्ताक्षर करवा लिए तभी से सतीश की तबीयत ठीक नहीं है वह मानसिक तनाव में है जिसकी शिकायत सतीश पुत्र टुंडी ने अपने परिजनों के साथ क्षेत्राधिकारी अछनेरा को लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### पुलिस अधीक्षक ने थाना सोनवा का औचक निरीक्षण किया

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने थाना सोनवा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, परिसर, बैरक, मेस की साफ–सफाई पर विशेष ध्यान दिए। थाना कार्यालय के रजिस्टरों को चेक किया तथा उनके रख रखाव एवं उनमें पायी गई कमियों की सुधार व थाने पर चल रहे निर्माणाधीन कार्यों के संबंध में प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया। महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला कर्मचारियों से उनकी समस्याओं आदि के बारे में जानकारी ली गई तथा उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने हेतु बताया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक एस0के0 सिंह सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।



## विनियमित क्षेत्र में भवन निमार्ण कराने वाले व्यक्तियों को नक्शा 15 दिनों में पास कर उपलब्ध कराना होगा

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी। उप जिला निवार्चन अधिकारी, प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र नवोदिता शर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह के निर्देशानुसार अब विनियमित क्षेत्र में भवन निमार्ण कराने वाले व्यक्तियों को नक्शा प्रस्तुत करने के उपरांत 15 दिन में नियत प्राधिकारी कायार्लय द्वारा नक्शा पास कर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने विनियमित क्षेत्र के अंतगर्त निवास कर रहे लोगों से कहा है कि भवन निमार्ण कराने के लिए नक्शा बनवा कर नियत प्राधिकारी कायार्लय मे जमा कराएं, नक्शा पास कराने के



लिए बिचौलियों का सहारा न लें, और नाहीं किसी को अनाधिकृत रूप से धनराशि दें, बिना किसी असुविधा के नक्शा पास होकर 15 दिन के अंदर मिलेगा। उप जिलाधिकारी ने नक्शा बनाने वाले आकिर्टेक्ट के साथ आयोजित बैठक में कहा कि विनियमित क्षेत्र में उपलब्ध भूखंड का नक्शा बनाकर संबंधित व्यक्ति के माध्यम से अथवा आकिर्टेक्ट विनियमित कार्यालय में जमा करें और 15 दिन के अंदर नक्शा स्वीकृत होने के उपरांत प्राप्त करें।

## अमीर सिंह हत्याकांड में शमिल 25हजार का इनामी हत्यारोपी पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से हुआ घायल, गिरफ्तार

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। मैनपुरी में ग्राहक सेवा केंद्र संचालक अमीर सिंह की हत्या के मामले में वांछित चल रहे 25 हजार के इनामी आरोपी विनय और उसके साथी ने मंगलवार की देर शाम पीछा कर रही पुलिस टीम पर हमला कर दिया। सैनिक स्कूल के पास हुई मुठभेड़ में विनय पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसे तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। उसका साथी भाग गया। सोमवार को पुलिस ने हत्याकांड के तीन आरोपियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था।

ग्राहक सेवा केंद्र संचालक अमीर सिंह हत्या के मामले में वांछित चल रहे 25 हजार के इनामी विनय शाक्य से मंगलवार की देर शाम स्वॉट टीम व दन्नाहार पुलिस की मुठभेड़ हो गई। वांछित के एक साथी दीवान निवासी बरनाहल के साथ आगरा रोड पर मौजूद होने की सूचना मिलने के बाद स्वॉट प्रभारी विक्रम सिंह और उनकी टीम उसका पीछा कर रही थी। तभी दन्नाहार क्षेत्र में सैनिक भट्टा के पास विनय व दीवान ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। थाना घिरोर क्षेत्र के गांव बादशाहपुर निवासी ग्राहक सेवा केंद्र संचालक अमीर सिंह की चार दोस्तों ने बृहस्पतिवार को दो लाख की लालच में हत्या कर दी थी। स्वॉट टीम प्रभारी विक्रम सिंह ने हत्याकांड का खुलासा किया था। सोमवार की दोपहर गरगई मार्ग पर मुठभेड़ में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। एक हत्यारोपी राजू यादव पैर में गोली लगने से घायल हो गया था। दो हत्यारोपी 25–25 हजार के इनामी रतनवीर और सोनू भी गिरफ्तार हुए थे। कब्जा से तमंचा कारतूस, लूटे गए 1.10 लाख रुपये बरामद हुए थे।

मुठभेड़ के दौरान एक गोली थाना पुलिस की जीप में आग लगी। पुलिस की टीमें बदमाश का पीछा करने में जुट गई। इस दौरान विनय के भी पैर में गोली लग गई। इसके साथ ही ग्राहक सेवा केंद्र संचालक की हत्या में शामिल सभी चारों आरोपी पकड़े जा चुके हैं।



# पारले चीनी मिल द्वारा फेंकी गई गर्म राख से व्यक्तिझुलसा


- राख के उड़ने से फैल रही सांस की बीमारियां
- गर्म राख की चपेट में आने झुलस रहे मवेशी व लोग
- राहगीरों का निकलना व आसपास के लोगों का रहना दुश्वार

दैनिक अयोध्या टाइम्स फखरपुर बहराइच। पारले चीनी के व्यालर से निकली गर्म राख को बहराइच–लखनऊ मार्ग पर इंडियन बैंक के बगल में फेंक दिया गया। जिससे एक व्यक्ति बुरी तरह झुलस गया। थाना फखरपुर क्षेत्र के ग्राम कोठवल कला निवासी मल्लन पुत्र कर्ता लघुशंका करने लगा। जो पड़ी गर्म में गिर गया। चीखने चिल्लाने पर आसपास के लोग दौड़ कर उन्हें निकालते तब तक शरीर के नीचे का हिस्सा हाथ पैर बुरी तरह झुलस गया। घटना की सूचना 112 नं. पुलिस को दी गई। आसपास के लोग व पुलिसकर्मियों ने इलाज के लिए तत्काल समुदाय केंद्र फखरपुर ले गए। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया। झुलसे व्यक्ति के परिजनों ने घटना की तहरीर फखरपुर थाने में दी है। पारले चीनी मिल द्वारा निकली गर्म राख को आसपास के जगहों में फेंक दिया जाता है। जिससे आसपास के लोग व मवेशी झुलस जाते है। हवा के चलने से राख आसपास के क्षेत्रों में फैलती है। जिससे लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। राख के चलते लोगों में सांस की बीमारियां फैल रही है। हवा के चलने से राख आने जाने वाले राहगीरों के ऊपर पड़ती है। जिससे कपड़े खराब हो जाते है व राख आंख, नाक व कान में घुस जाती है।



## सांसद बहराइच ने उठाया बड़ा मुद्दा

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। सांसद बहराइच अक्षयबर लाल गोंड ने नई दिल्ली रेल भवन में रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं सीईओ, वी0के0 त्रिपाठी से मिलकर बहराइच से गोण्डा होते हुए बनारस–बिहार–लखनऊ–दिल्ली तक ट्रेन चलाने और बहराइच से मैलानी और मैलानी से बहराइच चलने वाली ट्रनों का समय परिवर्तन करने एवं बहराइच से जरवल तक बड़ी रेलवे लाइन बढ़ाने के लिए वार्ता किया और पत्र दिया हमे आशा नही पूर्ण विस्वास है बाबू जी के अथक प्रयासों से एक दिन बहराइच वासियों को



बहराइच से बनारस, विहार और दिल्ली जाने के लिए उनको उनकी ट्रेन जरूर मिलेगी।

## तीन विकास कार्यों का विधायक ने किया लोकार्पण

दैनिक अयोध्या टाइम्स महसी बहराइच। महसी ब्लाक क्षेत्र के औराही गांव में बुधवार देर शाम विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने तीन विकास कार्यों का लोकार्पण शिलापट से पर्दा हटाकर किया। साथ ही ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जमकर सराहना की वहीं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिए जा रहे अनुदान के बारे में बताया। विधायक श्री सिंह ने संबोधित करते हुए बताया की औराही ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर 25लाख 55 हजार 100 रुपए की लागत से व अंत्येष्टि स्थल 34 लाख 36 हजार रुपए की लागत से ,पुराने पंचायत भवन का मरम्मत कार्य 8 लाख 10 हजार की लागत से कराया



जा रहा है। आगे उन्होंने कहा की ग्राम पंचायत के कार्य को देखते हुए पड़ोस के गांव सिकंदर पुर में उत्तर प्रदेश सरकार ने अलग से 11लाख रुपए जबकि औराही गांव को 9 लाख की बजट आवंटित की है।इस दौरान बीडीओ हेमंत कुमार यादव,तकनीकी सहायक संजीव कुमार ,प्रधान प्रतिनिधि औराही रामपाल वर्मा,भाजपा जिला प्रतिनिधि अखंड प्रताप सिंह, दिवाकर पांडे, मदन मिश्रा, संजय त्रिवेदी, शिवाकांत शुक्ला, पिंटू सिंह , गुड्डू शुक्ला ,राहुल शुक्ला,सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## मथुरा गांव के पास बारिश के पानी के साथ बह गई सड़क, दर्जनों गांवों का आवागमन प्रभावित

दैनिक अयोध्या टाइम्स खैरीघाट बहराइच। मथुरा गांव के पास बारिश के पानी के साथ बह गई सड़क,दर्जनों गांवों का आवागमन प्रभावित।खबर के मुताबिक विकास खंड शिवपुर क्षेत्र अंतर्गत मथुरा गांव से अलीनगर जाने वाला संपर्क मार्ग बारिश के पानी के साथ बह गया है।बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह हुई बारिश के बाद पानी के तेज बहाव के साथ खडंजा रहित सड़क बह गई।जिससे दर्जनों गांव के लोगों का रास्ता अवरुद्ध हो गया है।दलवीर सिंह,मनोज,धर्मेन्द्र, पप्पू,विक्रम सहित दर्जनों गांव के लोगों ने जनप्रतिनिधि सहित ब्लाक के जिम्मेदारों से सड़क को अति शीघ्र दुरुस्त कराने की मांग की है।



## नगर पंचायत पयागपुर में स्थित भूपगंज बाजार में थोडी वारिस से सड़क तालाब में तब्दील

- नगर पंचायत प्रशासन की लापरवाही का नतीजा भुगत रहा भूप गंज बाजार



शास्त्र तिवारी ब्लॉक रिपोर्टर अयोध्या टाइम्स पयागपुर। भूपगंज बाजार में नालियों की स्थिति बेहद दयनीय है जिससे थोडी सी बरसात हो जाने पर बाजार की सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है जिससे यहां के लोग और स्थानीय दुकानदार सड़क पर पानी भर जाने से आजिज हो चुके हैं तथा भूपगंज बाजार में पीपल तिराहे पर स्थित हाई मास्क लाईट का जो टॉवर लगा हुआ है वो थोडी सी हवा चलने पर लहराने लगता है जिससे आस पास के स्थानीय दुकानदार भयभीत हो जाते हैं इसकी मुख्य वजह इसके बगल में नाली जो बनी हुई थी उसे तोड़कर तब इसका फाउंडेशन बनाया गया मगर नाली को दुबारा ना बनाकर वैसे ही छोड़ दिया गयाय ऐसी स्थिति को देखकर नगर पंचायत प्रशासन को लोग कोस रहे हैं क्योंकि नगर पंचायत बनने के बावजूद यहां की समस्या खत्म नहीं हुई है और जो नालियां पहले से बनी हुई थी वहीं नालियां बनी है कोई नई नाली नही बनी है जल निकास का कोई भी प्रबंध नहीं किया गया है जिससे आम जनमानस में भारी रोष है द्य जल निकासी करने की मांग करने वालों में हरी राम फल वाले, रामचंद्र किराना स्टोर ,रामधन गारमेंट्स ,सोनू गारमेंट ,कुलदीप बुक डिपो , निरंजन किराना आदि लोग शामिल रहे।

## मृतक बरनवाल परिवार को बरनवाल समाज द्वारा आर्थिक सहायता किया गया





दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता देवरिया,भटनी। विकास खण्ड के ग्राम पंचायत के बनकटा तिवारी गॉव निवासी मृतक वासदेव बरनवाल की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी थी,।वासदेव बरनवाल क्षेत्र के आसपास के गॉवो में जाकर लहसुन और हल्दी का फेरी कर अपने परिवार का भरणपोषण करते थे। बरनवाल समाज के पदाधिकारियों ने मृतक वासदेव के परिजनों को सहयोग राशि देकर परिजनों को सांत्वना दिया। प्रदेश व जिले के बरनवाल समाज के पदाधिकारियों ने उनके परिवार के प्रति मजबूती के साथ खड़ा होकर सहयोग राशि दिया। इस दौरान बरनवाल समाज के जिलाध्यक्ष सुनील बरनवाल ने आश्वासन दिया कि दो बच्चियों की शादी के लिए प्रदेश स्तर से बात कर दोनो बेटियों की शादी की जाएगी और पूरा खर्चा बरनवाल समाज उठाएगा। बताते चलें कि बनवाल समाज के जिला अध्यक्ष सुनील बरनवाल पीड़ित परिवार के घर जाकर सहयोग राशि के रूप में सहायता दिया उसके बाद जिले से खर्च के लिए टेंट व भोजन और हलुवाई का पूरा खर्चा का दिया गया।वहीं ब्रह्मभोज कार्यक्रम में बरनवाल समाज ने मृत वासुदेव बरनवाल के पत्नी को आर्थिक सहयोग राशि प्रदान किया है बनकटा तिवारी ग्राम प्रधान सुभाष यादव द्वारा आर्थिक सहायता दी गई इसी दौरान बरनवल समाज देवरिया जिलाध्यक्ष सुनील बरनवाल ,विद्यासागर बरनवाल जिलामंत्री, अमित बरनवाल बरनवाल,कृष्णा बरनवाल,मनोज बरनवाल,प्रमोद बरनवाल, राजू बरनवाल, धनंजय बरनवाल संतोष बरनवाल नरेंद्र बरनवाल,अनोज बरनवाल, आदि लोग उपस्थित रहे।

# बौंडी में बिजली महोत्सव का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स बौंडी बहराइच। आजादी के अमृत महोत्सव के उज्जवल भारत, उज्जवल भविष्य पॉवर एट 2047 महोत्सव के अंतर्गत विकास खंड फखरपुर के ग्राम पंचायत बौंडी स्थित रामलीला मैदान में बिजली महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महसी विधायक सुरेश्वर सिंह व विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी दिनेश चंद्र रहें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने कहा कि देश भर में उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य–पॉवर एट 2047 महोत्सव के तहत बिजली महोत्सव मनाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक जनभागीदारी हो और बिजली क्षेत्र के विकास को बड़े पैमाने पर नागरिकों तक पहुंचाया जा सके।बिजली महोत्सव का आयोजन राज्य और केंद्र सरकारों के बीच सहयोग का जश्न मनाने और बिजली क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियों को उजागर करने के लिए एक मंच के रूप में किया जा रहा है। फखरपुर के बौंडी में आयोजित बिजली महोत्सव में मुख्य अतिथि द्वारा केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं व विद्युत परियोजनाओं के साथ ही गत वर्षों में विद्युत क्षेत्र में हुए विकास कार्य और प्रगति के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि, नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग, बिजली (उपभोक्ताओं के अधिकार) नियम, 2020, सौर पंपों को अपनाने के लिए शुरू की गई योजना के तहत केंद्र और राज्य सरकार द्वारा देय सब्सिडी व ऋण सुविधा सहित विभिन्न योजनाओं व उपलब्धि के बारे में जानकारी दी गई। जिलाधिकारी दिनेश चंद्र ने नवीनीकरण ऊर्जा के बिजली के स्त्रोतों का अधिक से अधिक उपयोग में लेने के लिए आमजन को प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम,



नुक्कड़ नाटक और बिजली क्षेत्र पर लघु फिल्मों की स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए विशेष तौर दौर पर नियुक्त पावर ग्रिड के वरिष्ठ महाप्रबंधक एसके गुप्ता जिले के लिए नियुक्त पावर ग्रिड द्वारा जिला नोडल अधिकारी इंडियन रमेश रावत ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग व आंगनबाड़ी की ओर स्टाल भी लगाए गए। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी फखरपुर सुनील कुमार दुबे, अवर अभियंता विद्युत उपकेंद्र फखरपुर विजय तिवारी, एसडीएम महसी रामदास,बिलिंग प्रवेक्षक फखरपुर शैलेन्द्र विक्रम सिंह अजय सिंह,मंडल अध्यक्ष सर्वजीत सिंह,अंखड प्रताप सिंह, संतराम पांडेय आदि लोग मौजूद।

## केजीएमयू में कैनकिड्स संस्था ने कैंसर के प्रति मनाया पेरेंट्स सपोर्ट ग्रुप फोरम

दैनिक अयोध्या टाइम्स लखनऊ उत्तर प्रदेश। बुधवार को केजीएमयू के बाल विभाग सेमिनार हाल में कैनकिड्स संस्था ने मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ निशांत वर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर अरीशा, डॉक्टर विनय शुक्ला, डॉक्टर सोनाली सिंह व अन्य जूनियर डॉक्टरों की उपस्थिति में PSG फोरम का सफल आयोजन किया । इस मौके पर कैनकिड्स संस्था की सीनियर प्रोग्राम मैनेजर प्रीती रस्तोगी ,सीनियर सोशल वर्कर शशांक पटेल , हर्ष, स्वेता,संजीव यादव ,माधुरी , सुगंधा , आमिर मौजूद रहे । इस फोरम को करवाने का मुख्य उद्देश्य इलाज करवा रहे अभिभावकों में कैंसर से संबंधित जानकारियों का विस्तार करना व उनकी समस्याओं का उचित हल बताकर उन्हें जागरूक करना है।



इस दौरान सभी अभिभावकों ने अपनी समस्याएं डॉ निशांत वर्मा के समस्त रखी और डॉक्टर वर्मा ने धैर्य पूर्वक सभी की समस्याओं का निदान किया इसके अतिरिक्त कैनकिड्स संस्था में कार्यरत डाइटिशियन स्नेह रत्ना सिंह ने इलाज करवा रहे अभिभावकों को पोषण युक्त आहार व स्वच्छता के मध्य समझाया ।कैनकिड्स संस्था के सोशल वर्कर शशांक पटेल की उपस्थिति में फोरम का सफल आयोजन हुआ और आगे भी इस तरह के आयोजनों के करने की घोषणा हुई है।

## आपदा विशेषज्ञ पद के लिए 6 अगस्त तक करें आवेदन

रायबरेली। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने जनपद रायबरेली में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में आपदा प्रबंधन कार्य हेतु आपदा विशेषज्ञ के 01 पद नियत मानदेय 50,000 प्रतिमाह पर संविदा के आधार पर रखा जायेगा। जिसके क्रम में जनपद एनआईसी की वेबसाइट पर आवेदन पत्र अपलोड की गई है।

जिन अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र प्रस्तुत करना है वह उक्त वेबसाइट से आवेदन डाउनलोड कर 6 अगस्त 2022 तक आवेदन पंजीकृत डाक अथवा कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी के लिए अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) व कार्यालय के आपदा लिपिक रायबरेली से संपर्क कर सकते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## आबादी की जमीन को लेकर के दो पक्षों में हुआ खूब जमकर मारपीट

दैनिक अयोध्या टाइम्स कैसरगंज बहराइच। उत्तर प्रदेश जनपद बहराइच के तहसील कैसरगंज थाना फखरपुर के ग्राम पंचायत,तखवा जहां पर पीड़ित महिला रीता देवी पति माधव राज लगा रही न्याय की गुहार नहीं हो रही कोई सुनवाई यह पूरा मामला थाना फखरपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत तखवा का है जमीन की बात को लेकर के पीड़ित महिला को विपक्षियों ने जमकर मारा पीटा डायल 112 नंबर की पुलिस मौके पर आकर के चली गई पीड़ित महिला थाना फखरपुर में दीया एप्लीकेशन नहीं हुई कोई कार्रवाई उसके बाद क्षेत्राधिकारी कैसरगंज पुलिस अधीक्षक बहराइच को भी एप्लीकेशन देकर क्या कार्रवाई की मांग विपक्षी अली मर्द पुत्र हरीश चंद्र पारसनाथ पुत्र अली मर्द शादुल वर्मा,पुत्र हरिश्चंद्र उदित पुत्र सुनील इन लोगों के द्वारा पीड़ित महिला को मारा गया महिला का कहना है थाना फखरपुर में नहीं हो रही मेरी कोई सुनवाई। अब खबर वायरल होने के बाद उच्च अधिकारियों के द्वारा न्याय मिलेगा या नहीं या दर–दर भटकती रहेगी महिला।



## गावों में कैम्प लगाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम बच्चो व गर्भवती महिलाओं का कर रही टीकाकरण

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती ( दैनिक अयोध्या टाइम्स) श्रावस्ती जिले के विकास खंड जमुनहा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत शिकारी चौड़ा के मजरा बेचई पुरवा में एएनएम मिथलेश वर्मा व स्वास्थ कर्मियों द्वारा बच्चो व महिलाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। टीकाकरण के दौरान एएनएम मिथलेश वर्मा ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि महिला समेत बच्चो को जो टीका लगाया जा रहा उसमे खसरा,दिमागी बुखार, निमुनिया,काली खासी, टिटनेस व को वैकसिन भी लगाया गया है साथ ही गर्भवती महिलाओं को टिटनेस का टीका व आयरन एंड फौलिक एसिड टैबलेट आई पी, कैल्सियम देकर बीपी भी मापा गया। एएनएम मिथलेश वर्मा ने परिवार नियोजन खान पान के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। स्वास्थ से संबंधित यदि किसी भी प्रकार की



दिक्कत हो तो तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या नजदीकी चिकित्सक के पास जाकर परामर्श ले। इस टीकाकरण के मौके पर एएनएम मिथलेश वर्मा, ब्म्ब् आशा वर्मा, आशा सुनीता वर्मा, सहित अन्य स्वास्थ कर्मी सहित गांव की महिलाएं मौजूद रही।

## हथियारों का कारखाना चलाने वाले शातिर की संपत्ति पर जिला प्रशासन का चला हंटर, एक करोड़ 51 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। एलाऊ थाना क्षेत्र के ग्राम इलाबांस में हथियारों का कारखाना चलाने वाले शातिर की संपत्ति पर जिला प्रशासन का हंटर चला है। डीएम के निर्देश पर इस शातिर की एक करोड़ 51 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति सीज की गई है। तहसीलदार विशाल सिंह ने पुलिस बल के साथ आरोपी की संपत्ति सीज कराई तो गांव में हड़कंप मच गया। ये आरोपी गांव में ही लोहे की वस्तुएं तैयार कराने का कारखाना चला रहा था और इसी कारखाने में हथियार बनाए जा रहे थे। बुधवार को तहसीलदार मैनपुरी विशाल सिंह थाना प्रभारी एलाऊ सुनील भारद्वाज पुलिस बल के साथ इलाबांस गांव पहुंचे। टीम ने हिस्ट्रीशीटर तथा गैंगस्टर अफरोज खान पुत्र बशीर अहमद के घर संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई शुरू कराई।

हिस्ट्रीशीटर अफरोज इलाबांस गांव में लोहे की वस्तुओं का कारखाना चलाता था और हथियारों की तस्करी करता था। पिछले दिनों एलाऊ पुलिस ने छापेमारी कर इस कारखाने से बड़ी संख्या में हथियार और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए थे। इसके बाद से ही इस आरोपी पर शिकंजा कसना शुरू हो गया था। एलाऊ पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद जेल भेज दिया था।



## विधायक संग डीएम एसपी ने भरा देश भक्ति का जोश

- निकाली तिरंगा यात्रा भारत माता की जय वंदे मातरम से गुंजा इलाका

दैनिक अयोध्या टाइम्स महसी बहराइच। महसी तहसील क्षेत्र अंतर्गत बौंडी स्थित करिया बाबा आश्रम से रामलीला मैदान तक बुधवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महसी विधायक सुरेश्वर सिंह,जिला अधिकारी दिनेश चंद्र व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी की अगुवाई में बौंडी स्थित करिया बाबा आश्रम से तिरंगा यात्रा निकाली गई। युवाओं में देश भक्ति का जोश भरने के साथ ही राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत की। तिरंगा यात्रा में शामिल महिलाओं व युवाओं ने भारत माता की



जय व बंदे मातरम और देश की अखंडता के नारे लगाए। तिरंगा यात्रा को सम्बोधित करते हुए विधायक सुरेश्वर सिंह ने कहा कि सरकार वीर सेनानियों की स्मृति को संजोने का काम पूरे शिद्दत के साथ कर रही है। बौंडी स्थित ऐतिहासिक स्थल पर लगे कुमकुम के पेड़ को संरक्षित करके चबूतरा निर्माण कराने के लिए व ऐतिहासिक एवं पर्यटन विभाग को पत्राचार करने की बात कही।

## मिहींपुरवा को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने पर कस्बेवासियों ने बलहा विधायक एवं प्रतिनिधि का किया भव्य स्वागत

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता मोतीपुर रोशनी तिवारी। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत मिहींपुरवा कस्बे को नगर पंचायत बनाने की मांग सन 1980 से चल रही थी।जिसको लेकर काफी दिनों से मिहींपुरवा कस्बेवासी आस लगाए बैठे थे।काफी दिनों बाद मिहींपुरवा सम्पूर्ण क्षेत्र, मोतीपुर, परवानी गौढी, कुड़वा के आंशिक क्षेत्र को जोड़कर मिहींपुरवा को नगर पंचायत का दर्जा प्रदान कर दिया गया है। मिहींपुरवा कस्बेवासियों एवं व्यापारियों में काफी हर्ष का माहौल बना हुआ है। सोशल मीडिया पर शीर्ष नेतृत्व करने वाले सभी जनप्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही हैं। इसी क्रम में मिहींपुरवा को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने में अहम योगदान देने वाली बलहा विधायक सरोज सोनकर एवं प्रतिनिधि आलोक जिन्दल का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।इस सम्मान समारोह में कस्बेवासियों एवं सभी व्यापारियों द्वारा फूल मालाओं से जोरदार



स्वागत करते हुए समारोह में शामिल सभी को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया । सम्मान समारोह का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता हरगोविंद पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर रवींद्र अग्रवाल, राजेश गोयल, सोमवर्धन पाण्डेय, अरविंद मदेशिया, राम आशीष सोनी, अनूप रस्तोगी, राजेश अग्रवाल, रंजना विश्वकर्मा, किरन मौर्या, वीरेन्द्र शर्मा, युवा भाजपा नेता पीयूष मौर्या, सचिन सोनकर, मोहित सोनकर, जुगुल पोरवाल, नीरज श्रीवास्तव, अरविन्द मदेशिया, गोविन्द अग्रवाल, सरदार गुरमीत सिंह, भूटानी पोरवाल, सुधाकर मिश्रा, सुभाष बंगाली, पंकज पाठक, कुंवर सिंह सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्रीय सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

## 43 अभियोगो में बरामद 515 लीटर कच्ची शराब माननीय न्यायालय के आदेश के क्रम में विनष्टीकरण की कार्यवाही की गयी



दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी द्वारा दिये गये मालो के निस्तारण के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कुँवर ज्ञानन्जय सिंह व क्षेत्राधिकारी महोदय, कमलेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में मुझ प्रभारी निरीक्षक द्वारा मालो के निस्तारण हेतु गठित टीम द्वारा आज दिनांक 27.05.2022 को मुझ प्रभारी निरीक्षक मय टीम वरिष्ठ उप निरीक्षक श्री राम देव यादव हेड मोहर्रि रमाशंकर यादव का0 मो0 उत्तम शर्मा व आवकारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्र मय हमराह टीम हे0कां0 प्रेम प्रकाश हे0कां0 मो0 महमूद कां0 अमित कुमार को मौजूदगी में माननीय न्यायलय ए0सी0जे0एम0 महोदय, जनपद बहराइच द्वारा दिनांकित 25.05. 2022 के आदेश क्रम संख्या 1 से 43 तक समस्त मालो (43 अभियो में कुल 515 लीटर अवैध कच्ची शराब)का विनष्टीकरण व बीडियोग्राफी कराते हुए नियमानुसार नष्ट किया गया ।

------------------

दैनिक अयोध्या टाइम्स खैरीघाट बहराइच। थाना खैरीघाट के एकघरा गांव निवासी पिंटू पुत्र उत्तम कुमार की पूर्व पत्नी कि मौत करंट लगने से हो गयी थी वह अपने पीछे एक पुत्र और पुत्री छोड़कर गयी थी ।उसके कुछ अरसे के बाद डल्लापुरवा निवासी शिवपूजन पांडेय की पुत्री शशिकला 20 वर्ष के साथ पिंटू ने दूसरी शादी की थी।बीते मंगलवार को किसी बात को लेकर मृतका ने अपनी सौतन के बच्चों को डांट दिया था उसके कारण पति पत्नी में विवाद हो गया था।बुधवार की सुबह शशिकला फंदे से लटकी पाई गई।सूचना मिलने पर थाना खैरीघाट पुलिस ने मौके पर पहुच कर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# संक्षिप्त समाचार

## डीएम व एसपी ने लिया परिक्रमा मार्ग का जायजा

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने बुधवार को श्रावण मास की अमावस्या मेला में तीर्थ यात्रियों को कोई असुविधा न हो, को देखते हुए राम घाट परिक्रमा मार्ग का भ्रमण करके खोया पाया केंद्र आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई आशुतोष कुमार को निर्देश दिए कि रामघाट मां मंदाकिनी गंगा में घाट पर बैरिकेडिंग करा दे जो गोताखोर व नाव लगाई गई है, उसमें रात में भी गोताखोर रखे जाएं। कर्मचारियों के नाम, मोबाइल नंबर भी पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर को उपलब्ध करा दें। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी से कहा कि पूरे मेला क्षेत्र में अच्छी तरह से साफ–सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था रहे तथा प्रकाश व्यवस्था को चेक भी करा दिया जाए, जहां अगर लाइट खराब है तो तत्काल बदलवा दिया जाए तथा रामघाट में महिलाओं के कपड़े बदलने का सेट भी लगाया जाए। पंचायत भवन खोही के पास जो सड़क तथा नाली टूटी है, उसका एस्टीमेट बना लें तथा इस रास्ते को आज ही ठीक करा दिया जाए और खोया पाया केंद्र में एलाउंसमेंट शुरू कराएं तथा परिक्रमा पर अतिक्रमण न हो इसके लिए ही व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने उपजिलाधिकारी कर्वी से



कहा कि खोया पाया केंद्र रामघाट पर सभी मेला की ड्यूटी में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों के नाम, मोबाइल नंबर की सूची अवश्य रहे। चौकी प्रभारी सीतापुर प्रवीण सिंह से कहा कि नाव चलाने वाले नाविको की बैठक करके यह बताएं कि अधिक सवारी बैठाकर नाव न चलाएं। चौकी प्रभारी ने जिलाधिकारी को बताया कि रामघाट के मुख्य मार्गों पर नो पार्किंग का बोर्ड नहीं लगा है, जिसमें जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद से कहा कि तत्काल नो पार्किंग बोर्ड लगा दिए जाएं। जिला पंचायत राज अधिकारी तुलसीराम से कहा कि खोही पंचायत भवन को अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को मेले के बाद हैंड ओवर कराना सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियंता जल संस्थान से कहा कि पेयजल की व्यवस्था मेला क्षेत्र में टैंकरों आदि के माध्यम से आज ही सुनिश्चित करा दे ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी एवं चौकी प्रभारी सीतापुर एवं परिक्रमा मार्ग को निर्देश दिए की परिक्रमा मार्ग के अंदर दो पहिया वाहन तथा जो परिक्रमा पथ पर अवैध रूप से दुकानें लगा रहे हैं वह न लगाने पाए, इसके लिए पुलिस बल लगा दिया जाए तथा जो तीर्थयात्री, श्रद्धालु लेट कर परिक्रमा कर रहे हैं, उनके लिए जो लेट कर परिक्रमा लगाने की जगह बनी है वही से गाइड करके लगवाएं। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर शीतला प्रसाद पांडेय, जिला पंचायत राज अधिकारी तुलसीराम, अधिशासी अभियंता सिंचाई आशुतोष कुमार, जल संस्थान आर एस मिश्रा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी राम अचल कुरील, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी अशोक कुमार सिंह, चौकी प्रभारी सीतापुर प्रवीण सिंह आदि मौजूद रहे।

## ज्यादा से ज्यादा वाद निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को बनाएं सफल



चित्रकूट। राष्ट्रीय लोकअदालत की सफल आयोजन के उद्देष्य से जनपद न्यायाधीष विष्णु कुमार शर्मा के निर्देष पर बुधवार को तीन बैठकों का आयोजन किया गया। जजों ने सम्बधित अधिकारियों को सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक मामले निस्तारित करने को प्रेरित किया।

परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश रामकृपाल की अध्यक्षता में पारिवारिक वादों के अधिक से अधिक निस्तारण के लिए संबंधित अधिवक्ताओं के साथ तृतीय प्री–ट्रायल बैठक बुधवार को की गई। इसमें सुलह–समझौते के आधार पर मुकदमों का निस्तारण करने के लिए अधिवक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव विदुषी मेहा ने बताया कि आगामी 13 अगस्त को होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए निरंतर बैठकों का आयोजन किया जा रहा है।

इस मौके पर अधिवक्ता अनिल कुमार श्रीवास्तव, रामनरेश यादव, एपी विश्वकर्मा, दमयंती केषरवानी, राधा देवी काउंसलर आदि मौजूद रहे। इसके अलावा राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला जज दीपनारायण तिवारी ने प्री लिटिगेशन स्तर के वादों के निस्तारण के लिए नगर पालिका, जल संस्थान एवं वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। नोडल अधिकारी ने कहा कि लोक अदालत मामलों के निस्तारण का सर्वोत्तम माध्यम है, जिससे वादकारी का धन और समय दोनों बचता है। ऐसे में सभी अधिकारी आगामी लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण करने का प्रयास करें। पूर्णकालिक सचिव विदुषी मेहा ने बताया कि सम्बंधित पक्षकारों को सम्मन और नोटिस भेजकर राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के सम्बंध में सूचित किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। इस मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी आर के दीक्षित, नगर पालिका के अधिषासी अधिकारी राम अचल कुरील, अधिशासी अभियंता आर एस मिश्र आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी दिनेश चन्द द्वारा भी मोटर दुर्घटना के वादों के निस्तारण के लिए तृतीय प्री ट्रायल बैठक आहूत की गई। इस मौके पर सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवीन चंद्र त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## बैरक में बच्चों के लिए रखे जाएं आंगनवाड़ी टीचर्स : डीएम

- डीएम और एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने बुधवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने सर्वप्रथम स्कैनर मशीन का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने महिला बैरक में जाकर विभिन्न धाराओं में निरुद्ध महिलाओं से उनकी समस्याओं तथा खानपान आदि की जानकारी की एवं महिला विद्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा की महिला बैरक में 5 बच्चे हैं तो उनके लिए आंगनवाड़ी टीचर्स रखा जाए। उन्होंने कहा कि अगर सहमति बने तो बच्चों को बाहर उनके अभिभावक के पास जाने दिया जाए। उन्होंने महिला पीसीओ का भी निरीक्षण किया। इसके बाद कारागार के अस्पताल का निरीक्षण किया, जिसमें कोविड हेल्प डेस्क, दवा वितरण कक्ष को देखा तथा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशीष कंकोरिया से दवाओं आदि के बारे में जानकारी की तथा कहा कि समय–समय पर जिला कारागार में निरुद्ध कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते रहे। इसके बाद उन्होंने हाता नंबर 5 एवं हाता नंबर 4, पृथक वास दो का निरीक्षण किया। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि यहां पर खेलने की व्यवस्था एवं लाइब्रेरी की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि अग्निशमन यंत्र को चलाने वाले को ट्रेनिंग भी दिया जाए। इसके बाद उन्होंने पाकशाला का निरीक्षण किया जहां पर मीनू के अनुसार भोजन बनता पाया गया उन्होंने जेल अधीक्षक अशोक कुमार सागर को निर्देश दिए की प्रतिदिन जिला कारागार में निर्धारित मीनू के अनुसार गुणवत्ता युक्त भोजन कैदियों को दिया जाए किसी भी कैदी को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने जिला कारागार में निरुद्ध कैदियों से स्वास्थ्य एवं खानपान आदि के बारे में जानकारी की तथा खाना तलाशी भी कराई गई। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए की कैदियों को स्वास्थ्य लाभ को देखते हुए योगाभ्यास आदि भी कराते रहें। जिलाधिकारी ने प्रकाश की व्यवस्था एवं सीसीटीवी कंट्रोल रूम को भी देखें।

इस मौके पर जेलर संतोष कुमार, उपकारापाल आलोक कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी कर्वी शीतला प्रसाद पांडे, पीयूष पांडेय आदि मौजूद रहे।

## धात्री को सही स्तनपान की दी जाएगी जानकारी

- संभव अभियान में एक सप्ताह चलेगी यह गतिविधि

चित्रकूट : एक जुलाई से 30 सितम्बर तक जनपद में संभव पोषण संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जुलाई के चौथे सप्ताह में स्तनपान का सही तरीका, इससे जुड़ाव की स्थिति पर आधारित गतिविधि आयोजित की जा रही है। जबकि इसके पूर्व पहले सप्ताह में गर्भावस्था के आखिरी त्रैमास में स्तनपान प्रोत्साहन, द्वितीय सप्ताह में जन्म के समय कम वजन के बच्चों की देखभाल और तीसरे सप्ताह में कंगारू मदर केयर की गतिविधियाँ हो चुकी हैं। 25 से 30 जून के मध्य एक लाख से अधिक बच्चों का वजन लेते हुए उनकी लम्बाई और ऊंचाई भी मापी गयी। इसमे 952 सैम (अति गंभीर कुपोषित) बच्चे मिले। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने दी।

गौरतलब है कि संभव अभियान के तहत सैम (अति गंभीर अतिकुपोषित)–मैम (मध्यम गंभीर कुपोषित) तथा अल्प वजन वाले बच्चों को चिह्नित कर उन्हें स्वस्थ बनाने के प्रयास हो रहे हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि संभव अभियान में स्वास्थ्य विभाग सहित नौ अन्य विभाग सहयोग कर रहे हैं। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को इसका नोडल बनाया गया है।

सभी को अलग–अलग जिम्मेदारियां दी गयी हैं। उन्होंने बताया कि उपलब्ध कराई गयी सूची के अनुसार ग्राम्य विकास विभाग मनरेगा से कुपोषित बच्चों के परिवार के पास यदि जाबकार्ड नहीं है तो उन्हें उपलब्ध कराएंगे। कुपोषित बच्चों के परिवार के कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार प्राप्त होने का सत्यापन करेंगे। शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी है, अभियान के दौरान माह में कम से कम एक बार स्कूलों में पोषण परामर्श सत्रों का आयोजन कराएं। जनजागरूकता एवं पोषण साक्षरता को बढ़ाने के लिए विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों पर सहयोग करें। खाद्य एवं रसद विभाग को को चिन्हित कुपोषित बच्चों के परवारों की उपलब्ध कराई गयी सूची के मुताबिक पात्रता के आधार पर राशन कार्ड उपलब्ध कराना। चिन्हित कुपोषित बच्चों के परवारों को हर माह राशन उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें। पोषण वाटिका की स्थापना के लिए फलदार एवं सहजन के पौधे, बीज आदि की व्यवस्था करे। आयुष विभाग को एनीमिया से बचाव के लिए औषधीय पौधों के बारे में जागरूकता गतिविधियाँ एवं पोषण वाटिका स्थापन्न में सहयोग करने की जिम्मेदारी दी गयी है। पोषण पर जनजागरूकता एवं पोषण साक्षरता को बढ़ाने के लिए विभिन्न सामुदायिक गतिविधियां जैसे पोषण चौपाल, पंचायत एवं पोषण उत्सव का आयोजन, मोटे आनाज के फायदे व प्रयोग के लिए प्रोत्साहन गतिविधियाँ कराने और पोषण वाटिका निर्माण में सहयोग करने का दायित्व दिया गया है।

डीपीओ ने बताया कि जनपद में 25 से 30 जून के मध्य एक लाख से अधिक बच्चों का वजन लिया गया और उनकी लम्बाई और ऊंचाई भी मापी गयी। इसमे 952 सैम बच्चे मिले।

## बजरंग दल की बैठक में शौर्य यात्रा की तैयारियों पर चर्चा



चित्रकूट। बजरंग दल की जिला इकाई ने शौर्य यात्रा के संबंध में तैयारी बैठक की। जिले से भी इस यात्रा में लोग भाग लेंगे। जिला मंत्री रामशरण तिवारी ने बताया कि बजरंग दल की इस महत्वपूर्ण यात्रा को बूढ़ा अमरनाथ यात्रा के नाम से भी जाना जाता है। यह जम्मू–कश्मीर के पुंछ जिले में है, जहां सिर्फ दो फीसदी हिंदू हैं और अपने शौर्य से देश का नाम ऊंचा रखे हैं।

बताया कि कांग्रेस सरकार ने इस यात्रा को बंद रखने का निर्णय लिया था। तत्कालीन राष्ट्रीय संयोजक पंकज शर्मा आदि के दबाव में यह निर्णय वापस लेना पड़ा था। इस यात्रा में सेना का सहयोग भी होता है और संगठन की ओर से यात्रियों के लिए खाने और ठहरने की व्यवस्था निशुल्क की जाती है। यात्रा में जिले से भी बजरंग दल के कार्यकर्ता जाएंगे। इस संबंध में हुई बैठक में जिला संयोजक अजय यादव, सह संयोजक शिवेंद्र, सह मंत्री संदीप शुक्ला, मिलन केंद्र प्रमुख कपिल त्रिपाठी और नगर मंत्री धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने अपराध, कानून व्यवस्था, अभियोजन कार्यो को लेकर की बैठक



रायबरेली। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में अपराध, कानून व्यवस्था, अभियोजन कार्यो को लेकर सभी उप जिलाधिकारियों, पुलिस क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्षों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने भूमि विवाद निस्तारण, आपसी रंजिश, अपराध रोकथाम, विवेचना निस्तारण, अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबंदी की कार्यवाही, गुंडा एक्ट, जिला बदर एवं हिस्ट्रीशीटर आदि की समीक्षा किया तथा अपराधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न, पास्को एक्ट, हत्या, बलात्कार, अपहरण, दहेज प्रथा आदि प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पॉक्सो अधिनियम वाले मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए शीघ्र निस्तारित कराए। उन्होंने कहा कि आपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए जाएं साथ ही जिन व्यक्तियों के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं उनका शत प्रतिशत तामिला सुनिश्चित कराया जाए। जिलाधिकारी ने जनसमस्याओं के निस्तारण को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए, कहा कि शिकायतें लंबित ना रखी जाए शिकायतें प्राप्त होते ही तत्काल उनका निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में उन्होंने जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध संयुक्त रूप से अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने सभी सीओ व थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि जघन्य अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने कहा गैगेस्टर, महिला उत्पीड़न तथा अन्य अपराधिक मामलों को चिन्हित कर सजा दिलाने की कार्यवाही की जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, सयुक्त निदेशक अभियोजन, अभियोजन अधिकारी, एपीओ सहित शासकीय अधिवक्ता व अभियोजन से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम के तहत विकास खण्डों में समस्त योजनाओं के समवर्ती मूल्यांकन कार्य के लिए शोधार्थियों का होगा चयन : सीडीओ

रायबरेली। मा0 मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के 100 आकांक्षात्मक विकास खण्ड में केन्द्रध राज्य सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का समवर्ती मूल्यांकन कार्य के दृष्टिगत इच्छुक शोधार्थियों के चयन हेतु नियोजन विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कराने की अपेक्षा की गयी है।

मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार ने राजकीय महिला महाविद्यालयध्प्रभारी उच्च शिक्षा रायबरेली के प्राचार्य को तत्क्रम में अवगत करते हुए कहा है कि प्रदेश युवाओं को सरकार के साथ नीति, प्रबन्धान, क्रियान्वयन, अनुश्रवण के कार्यों में सहभागिता का विशिष्ट अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

फेलोशिप कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार किये जाने की अपेक्षा की गयी है, जिससे प्रदेश सरकार के विकास कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने के इच्छुक प्रतिभाशाली एवं ऊर्जावान युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। मुख्य विकास अधिकारी निर्देश दिये है कि जनपद रायबरेली में आकांक्षी विकास खण्ड चयनित नहीं हैं, इसलिए इच्छुक शोधार्थियों द्वारा सूची में अंकित जनपद के आकांक्षी विकास खाण्डों में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय करते हुये योजनाओं का सर्वेक्षण, अध्ययन, प्राथमिक आंकड़ों का संकलन एवं अनुश्रवण का कार्य किया जायेगा। फेलोशिप कार्यक्रम के दिशा – निर्देश नियोजन विभाग की वेबसाइट तथा सीएमआईएस पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

मुख्य विकास अधिकारी ने प्राचार्य राजकीय महिला महाविद्यालयध्प्रभारी उच्च शिक्षा रायबरेली को उक्त विषयक कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए जनपद के समस्त महाविद्यालयोंध्प्रमुख संस्थानों से समन्वय स्थापित कर इच्छुक शोधार्थियों को प्रदेश के आकांक्षी विकास खण्डों में संचालित समस्त योजनाओंध् विकास कार्यक्रमों में सहभागिता हेतु नियमानुसार आवेदन कराना सुनिश्चित करें के निर्देश दिये है।

## कागजातों के रखरखाव में लापरवाही बर्दाशत नहीं

मऊ, चित्रकूट : सीओ सुबोध गौतम ने बुधवार को मऊ थाने का निरीक्षण किया। सीओ ने कागजातों को देखा और रिकॉर्ड में कमी पाने पर अधीनस्थों को इसे दुरुस्त करने की हिदायत दी। मुआयने के दौरान सीओ ने थाना प्रभारी को परिसर की सफाई के संबंध में निर्देशित किया। सीओ ने कहा कि



परिसर में पुराने वाहनों को निस्तारित किया जाए। बैरिक में भी साफ –सफाई रखी जाए। मेस में कुछ कमियां मिलीं जिस पर इन्हें दूर करने को कहा गया। सीओ ने मुआयने के दौरान मिली कमियों को जल्द से जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों और कागजातों के रखरखाव में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर थाने के पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्टूडेंट पुलिस कैडेट की अनुश्रवण समिति की गई बैठक

- डीएम ने नोडल माध्यमिक अधिकारी एस0पी0सी0 का वेतन रोकने व स्पष्टीकरण प्राप्त करने के दिये निर्देश

रायबरेली। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बचत भवन सभागार में जनपद में स्टूडेंट पुलिस कैडेट (एस0पी0सी0) प्रोग्राम के प्रभावी क्रियान्वयन के हेतु अनुश्रवण समिति की बैठक की गई। जिलाधिकारी ने एस0पी0सी0 कार्यक्रम के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में सीओ सीटीध्नोडल अधिकारी एस0पी0सी0 वन्दना सिंह व जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा व चयनित 45 विद्यालयों के प्रधानाचार्यध्नोडल से एस0पी0सी0 प्रोग्राम के माध्यम से चयनित विद्यालयों के बच्चों को पुलिस द्वारा किये गये कार्यों के बारे में एवं अन्य अपराध एवं बुराइयों के प्रति जागरूकता करने तथा उनमें आत्मबल पैदा करने के लिए किये गये कार्यों के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने एस0पी0सी0 प्रोग्राम द्वारा किये गये कार्यक्रमों व गतिविधियों की स्पष्ट जानकारियों को कमेटी को उपलब्ध न कराने पर जीआईसी डीह प्रधानाचार्यध्नोडल माध्यमिक एस0पी0सी0 डॉ रजनीश प्रकाश तिवारी का स्पष्टीकरण प्राप्त व वेतन रोकने के लिए डीआईओएस को निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद के प्रत्येक माध्यमिक तथा बेसिक शिक्षा विद्यालयों में एस0पी0सी0 कार्यक्रम के तहत किये जाने वाले आयोजन व गतिविधियां का माइक्रो प्लान बनाकर कार्यवाही की जाये तथा एस0पी0सी0 कार्यक्रमों के आयोजन व गतिविधियों की सम्पूर्ण जानकारियां कमेटी को लिखित रूप व फोटोग्राफी के साथ बैठक में रखा जाए। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि एस0पी0सी0 के कार्यो के सफल संचालन के लिए माध्यमिक/बेसिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा विद्यालयों के नोडल अधिकारियों से सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित कर एस0पी0सी0 से सम्बन्धित इनडोर/आउटडोर कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक संचालन कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि एस0पी0सी0 से सम्बन्धित प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर के माध्यम से जनपद के विद्यालयों में जाकर बच्चों को स्टूडेण्ट पुलिस कैडेट्स एस0पी0सी0 प्रोग्राम के बारे में प्रशिक्षण प्रदान करें। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट पुलिस कैडेट्स को इनडोर/आउटडोर प्रोग्राम के दौरान निर्धारित गतिविधियों व पाठ्यक्रम के अनुसार जानकारी दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्हें नैतिक शिक्षा, स्वच्छ भारत मिशन व सामाजिक बुराइयों से दूर रहते हुए बिना किसी भेदभाव के समाज का अनुशासित नागरिक बनने के लिए जागरूक किया जाए।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, अपर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, सीओ सीटी/नोडल अधिकारी एस0पी0सी0 वन्दना सिंह, नगर मजिस्ट्रेट पल्लवी मिश्रा, डीआईओएस, बीएसए, सूचना विभाग से मो0 राशिद रहे।

## जहरीले जंतुओं का शिकार हुई मृतका लक्ष्मी

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य महराजगंज रायबरेली। थाना क्षेत्र के अशरफाबाद ग्राम में बीती रात चारपाई पर सो रही 12 वर्षीय बालिका को किसी जहरीले जंतु ने काट लिया वहीं पीड़िता को अधिक पीड़ा होने के बाद जब बालिका के शोर मचाने पर परिवार जन नींद से जागे और आनन–फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया जानकारी के अनुसार आपको बता दें कि अशरफाबाद गांव की घटना है देर रात अशरफाबाद निवासी बंसी लाल कहार की 12 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी चारपाई पर सो रही थी तभी देर रात अचानक किसी जहरीले जंतु ने उसे काट लिया। मृतिका के पिता के मुताबिक घटना रात 2:30 बजे की है जबकि वह उसे लेकर अस्पताल 5:00 बजे पहुंचे उसकी मौत किसी जहरीले जंतु के काटने से हुई।

## घरों में घुस रहा बारिश का पानी

चित्रकूट। बहिलपुरवा क्षेत्र के छीतूपुर कैलहा गांव के बाशिंदों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इनकी शिकायत थी कि गांव के दो सगे भाइयों ने सड़क पर मिट्टी डलवा दी है। इससे बरसात का पानी बस्ती में घुस रहा है। ग्रामीणों ने एडीएम को ज्ञापन देकर समस्या के निस्तारण की मांग की। गांव के रामप्रताप, शेषनारायण, नत्थू प्रसाद, संतोष कुमार, कैलाश, अजय कुमार, बच्चा, राजू, कल्लू, राजा भइया, भूरा प्रसाद, रामनाथ आदि ने बताया कि उनके घर सड़क के किनारे बने हैं। बरसात का




पानी सड़क से होकर बहता था। आरोप लगाया कि गांव के दो युवकों, जो आपस में सगे भाई हैं, ने सड़क पर मिट्टी डलवाकर पानी रुकवा दिया है। इसका विरोध करने पर ये लोग गालियां देते हैं और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देते हैं। बरसात का पानी घरों में घुस रहा है, जिससे इनके ढहने की आशंका है। थाने जाने पर भी किसी तरह की सुनवाई नहीं हुई। गांववालों ने एडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार की है।

## बेजुबान जीवो की रक्षा करते हैं गुड्डू खलीफा

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य, महराजगंज रायबरेली। महराजगंज थाना क्षेत्र के पहरे मऊ गांव के रहने वाले गुड्डू खलीफा 50 वर्षीय लगभग 20 सालों से बेजुबान जिओ की मदद करते आ रहे हैं गुड्डू खलीफा द्वारा बताया गया है कि खातरनाक और जहरीले जीव जैसे सांप बिच्छू अजगर आदि शामिल हैं यदि किसी प्रकार किसी जीव को चोट



लग जाती है तो उसकी मदद के लिए अपनी जान खतरे में डालकर उसकी मदद करते हैं गांव समाज में किसी के घर में कोई जहरीला सर्प निकलता है तो लोग उसे पकड़ कर जंगल में छोड़ने के लिए इन्हें ही बुलाते हैं बीते कुछ दिन पहले एक शर्त पर दो पहिया गाड़ी चल गई तो इन्होंने इसका इलाज कराकर जंगल में छोड़ दिया।वहीं क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## अैवध शराब निर्माण एवं बिक्री पर लगाई जाये रोक : डीएम

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा की उपस्थिति में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाए जाने के संबंध में बुधवार को समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। शासन के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी ने बैठक में अवैध बिक्री व मदिरा निर्माण पर जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र कुमार से कहा कि बिक्री एवं तस्करी की रोकथाम के लिए प्रशासन पुलिस तथा आबकारी की संयुक्त टीमों का गठन करते हुए कार्य किया जाए। इसके साथ ही शासन एवं आबकारी विभाग द्वारा समय समय पर प्रेषित परिपत्रों दिशा निर्देशों के माध्यम से तथा प्रत्येक माह राजस्व एवं परिवर्तन संबंधी विभागीय समीक्षा बैठक में निरंतर अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर रोक लगाते हुए निर्धारित राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत प्राप्ति कराई जाए, जिससे कि राजस्व पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े एवं दूसरी तरफ जनहानि की संभावना से भी बचे। जिलाधिकारी ने कहा कि दबिश की कार्रवाई एवं रिपोर्ट भी बनाते चले। उन्होंने कहा पहले जनपद में जिस प्रकार की घटनाएं हुई थी वह दोबारा नहीं होनी चाहिए। आप लोग लगातार छापामारी एवं दबिश देते रहें, शासन भी इसमें सतर्क है अगर कहीं पर लापरवाही आप लोगों द्वारा की गई तो तत्काल शासन कार्यवाही करेगा। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी कर्वी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर को निर्देश दिए कि टीम बनाकर आप सहयोग करते रहे, जिससे की घटनाएं कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि एक संयुक्त टीम बनाकर कार्य करें एवं दुकानों पर भी दबिश डालते रहें। चिन्हित स्थलों, व्यक्तियों की सूची उप जिलाधिकारियों की ग्रुप में डाल दें एवं अभियान चलाते रहें। उन्होंने कहा कि जो भी संदिग्ध गांव है वहां पर अभियान चलाकर दबिश दे। उन्होंने कहा कि संयुक्त रूप से टीमें लगी है, हमारी प्राथमिकता जहरीली शराब से संदिग्ध क्षेत्रों व व्यक्तियों के खिलाफ अभियान चलाकर कठोर से कठोर कार्यवाही कराएं। इस तरह की आम घटनाएं हुई तो शासन से कठोर कार्यवाही होगी। संबंधित अराजक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कराएं।

पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने कहा कि अवैध शराब निर्माण, तस्करी आदि की जो सूचना किसी भी स्तर से प्राप्त हो तो पूरी टीम के साथ छापेमारी की कार्रवाई करें। सभी शराब की दुकानों का निरीक्षण कर लें कि जहां पर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं वहां पर सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए जाएं।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा यादव, उप जिला अधिकारी मऊ नवदीप शुक्ला, उप जिलाधिकारी मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, उप जिला अधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा, पुलिस क्षेत्राधिकारी कर्वी शीतला प्रसाद पांडेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी मऊ मानिकपुर सुबोध गौतम आदि मौजूद रहे।

## ईडी का दुरूपयोग कर ही है भाजपा सरकार : जिलाध्यक्ष

चित्रकूट। जिला कांग्रेस कमेटी चित्रकूट के जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, केंद्रीय जांच एजेंसियों ईडी के दुरुपयोग के खिलाफ कचहरी प्रांगण के पास पार्क में सत्याग्रह किया। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा विपक्ष की आवाज दबाने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है, उसके खिलाफ कांग्रेस पार्टी सड़कों पर आंदोलन कर रही। कांग्रेस पार्टी के सांसद, नेता सदन में महंगाई, बेरोजगारी की चर्चा करना चाहते हैं। यह सरकार चर्चा न कर सांसदों को निलंबन करने का काम करती है और जब हमारे नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में सांसद संसद भवन से राष्ट्रपति भवन तक मार्च निकालना चाहते हैं तो उनको गिरफ्तार कर लिया जाता है। लोकतंत्र की सरेआम हत्या की जा रही है। अगर विपक्ष जनता की आवाज सदन में उठा नहीं सकते, शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन नहीं कर सकते तो इस तरह से पूरे विपक्ष की आवाज दबाने के लिए ईडी का दुरुपयोग किया जा रहा है। जिसको कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। आज हम सत्याग्रह कर रहे हैं अगर जरूरत पड़ी तो जेल भरने का काम भी करेंगे। कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी रंजना बराती लाल पाण्डेय ने कहा कि जब कांग्रेस पार्टी राजघाट पर सत्याग्रह के लिए दिल्ली पुलिस से अनुमति मांग की तो इस सरकार द्वारा अनुमति नहीं दी जाती। इस सरकार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी का आंदोलन जारी रहेगा। मोदी अपने उद्योगपति मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए काम कर रही है, जिस तरह से देश में आटा, दाल, चावल, दूध, दही खाद पदार्थों की सभी वस्तुओं पर जीएसटी लगाकर आम जनता को लूटने का काम कर रही है, अगर विपक्ष आम जनता के हितों के लिए सदन में चर्चा करना चाहता है तो



सरकार चर्चा से भाग रही है और अगर सड़कों में शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करना चाह रहा है तो पुलिस को आगे करके गिरफ्तार करने का काम करती है। ईडी का दुरुपयोग विपक्ष के नेताओं के ऊपर किया जा रहा है, उसके खिलाफ हमारा संघर्ष जारी रहेगा। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस के कार्यकर्ता सड़क से लेकर सदन तक विरोध करता रहेगा। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्रावण शुक्ला, त्रिजुगी नारायण शुक्ला, रामा दत्त मिश्र, जिला महासचिव कालीचरण राजपूत, विजय मणि त्रिपाठी, हेमराज त्रिपाठी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष लतीफ खान, ब्लॉक अध्यक्ष पहाड़ी कामता प्रसाद द्विवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर शिव शंकर खंगार, ब्लॉक अध्यक्ष मानिकपुर धर्मेंद्र वर्मा, सलमान सिद्धकी, अजय मौर्या, उदय नारायण पाल, लव यादव, कुलदीप मिश्रा, शिव गुलाम वर्मा, चुनवाद प्रसाद प्रजापति, अजय सिंह, धर्मेंद्र शुक्ला, धीरेंद्र शुक्ला, विवेक सिंह, रामू सिंह, अनिल यादव, महेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# जनपद में धूमधाम से मनाया गया बिजली महोत्सव

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

- नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्युत विभाग की योजनाओं की दी गयी जानकारी
- विद्युत उपभोक्ता समय से विद्युत बिल जमा करें ताकि निर्बाध रूप से बिजली प्राप्त होती रहे : सीडीओ

अमेठी। आजादी के 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर चल रहे अमृत महोत्सव के तहत जनपद में बिजली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन एच.ए.एल. के कल्याण मंडप में धूमधाम से किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रहरि व मुख्य विकास अधिकारी डा. अंकुर लाठर ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार विद्युत मंत्रालय द्वारा रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना) लागू की जा रही है जिसके तहत 3 लाख 3758 करोड़ की धनराशि आवंटित की गयी है इसके अन्तर्गत पूरे भारत में 25 करोड़ नये कनेक्शन दिये जायेगें, स्मार्ट मीटर लगाये जायेगें और बिजली की आधारभूत समस्याओं को दूर किया जायेगा। कृषि फीडर को सौर ऊर्जा से संचालित किया जायेगा। इस अवसर पर अधीक्षण अभियन्ता विद्युत ने बताया कि जनपद में दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना व सौभाग्य योजना के तहत गावों का विद्युतीकरण किया गया जिसमें निःशुल्क विद्युत कनेक्शन दिये गये।

अवशेष गांवों का विद्युतीकरण सौभाग्य योजना–तृतीय के अन्तर्गत विद्युतीकरण किया जायेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रहरि ने कहा कि भारत सरकार और उ0प्र0 सरकार ने विद्युत क्षेत्र को घर–घर पहॅुचाने और आधारभूत संरचना मजबूत करने हेतु विभिन्न योजनायें संचालित कर रही है, गरीबों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन दिये जा रहे है, विद्युत विभाग की शिकायतों हेतु निःशुल्क टोल फ्री नम्बर 1912 चौबीस घंटे संचालित है। उन्होने लोगों से अपील करते हुये कहा कि समय से विद्युत बिल जमा करें



ताकि निर्बाध रूप से बिजली प्राप्त होती रहे। बिजली महोत्सव कार्यक्रम के दौरान विद्युत विभाग की उपलब्धियों एवं आगामी योजनाओं के सम्बन्ध में लघु फिल्म दिखायी गयी तथा संकल्प सेवा संस्थान इंद्रकुमार द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सहज, सरल शब्दों में विद्युत विभाग की उपलब्धियों, सेव एनर्जी इत्यादि के सम्बन्ध में नुक्कड़ नाटक की मनमोहक प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम के दौरान विद्युत विभाग द्वारा राजस्व वसूली, लाईन अनुरक्षण तथा सौभाग्य व पं दीनदयाल उपाध्याय विद्युती करण योजना के अंतर्गत कठिन परिश्रम व उत्कृष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक अमेठी प्रतिनिधि अरुण कुमार कश्यप, कार्यक्रम नोडल अधिकारी प्रदीप त्रिपाठी, अधिक्षण अभियंता, अधिशाषी अभियंता विद्युत, एसडीओ सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा सौभाग्य योजना के लाभार्थियों सहित विद्युत उपभोक्ता, विद्युत विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 रमेश द्वारा किया गया।

## आबकारी विभाग अमेठी द्वारा निराश्रित गोवंशों हेतु दिया गया 50 बोरी पशु आहार

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

अमेठी। जिला आबकारी अधिकारी आर0के0 वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देशानुसार जनपद के निराश्रितध्बेसहारा गोवंशों के भरण पोषण हेतु आबकारी विभाग अमेठी द्वारा आज 50 बोरी पशु आहार दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जनपद के समस्त सरकारी विभागों/संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों, व्यापारियों, उद्यमियों से निराश्रित गोवंशों के भरण पोषण हेतु गौशालाओं पर अपनी क्षमता के अनुसार पशु आहार, भूसा, चारा इत्यादि दान करने की अपील की गई थी, जिसके क्रम में आज आबकारी विभाग



द्वारा 50 बोरी पशु आहार दान किया गया है।

## प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं मेरिट कम मींस की छात्रवृत्ति की ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथियां निर्धारित

- भारत सरकार की वेबसाइट पर छात्रवृत्ति हेतु छात्र–छात्राएं करें ऑनलाइन आवेदन

रायबरेली। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित अल्पसंख्यक समुदाय के (मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, जैन एवं पारसी) हेतु छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत प्री–मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं मेरिट कम मीन्स छात्रवृत्ति के लिए 20 जुलाई से ऑनलाइन आवेदन करने से लेकर अंतिम तिथियां निर्धारित कर दी गई है। जिसमें जिसमें प्री–मैट्रिक की 30 सितम्बर 2022 अंतिम तिथि, आवेदन के सत्यापन 16 अक्टूबर एवं द्वितीय सत्यापन 31 अक्टूबर 2022 तिथि निर्धारित है। इसी प्रकार पोस्ट मैट्रिक एवं मेरिट कम मीन्स छात्रवृत्ति की अन्तिम तिथि 31 अक्टूबर 2022, आवेदन सत्यापन 15 नवम्बर एवं द्वितीय सत्यापन 30 नवम्बर 2022 की तिथि निर्धारित की गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र–छात्राओं हेतु छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत भारत सरकार की वेबसाइट www-scholarships-gov-in पर नवीन/नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन करते हुए अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय रायबरेली को आवेदन पत्र ऑनलाइन एवं हार्ड कॉपी में उपलब्ध करायेंगे।

समस्त शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य अपने संस्था में अध्ययनरत समस्त पात्र छात्र–छात्राओं के आवेदन पत्रों को ऑनलाइन अग्रसारित करते हुए उनकी हार्ड कॉपी परीक्षणोंपरान्त सूचीबद्ध रूप में कार्यालय में ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

---

# अनुसूचित जातियों के लिए 4 योजनाएं संचालित सम्पर्क कर ले लाभ

- योजनाओं के लिए आवेदन पत्र 5 अगस्त तक आमंत्रित

रायबरेली। उ0प्र0 सरकार द्वारा अनुसूचित जातियों के आर्थिक उत्थान हेतु उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0 द्वारा अनु0 जाति के व्यक्तियोंध्परिवार जिनकी ग्रामीण क्षेत्र में वार्षिक आय–46080 रुपये एवं नगरीय क्षेत्र में वार्षिक आय 56460.00 रुपये से कम है, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु योजनाओं के आवेदन 05 अगस्त 2022 तक आमंत्रित किये जाते है। सभी योजनाओं में आधार कार्ड, पहचान पत्र, दो फोटो तथा तहसील स्तर से प्राप्त आय, निवास एवं जाति प्रमाण पत्र आवश्यक है।

निगम द्वारा संचालित योजनाएं पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना (स्वतः रोजगार योजना)– द्वारा अनु0 जाति के पात्र व्यक्तियों को उद्योगध्व्यवसाय संचालित करने हेतु राष्ट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से 2 लाख से लेकर 15 लाख रुपये तक की योजनाएं स्वीकृत कराई जाती हैं, जिसमें 10 हजार रुपये अनुदान के रूप में दिया जाता है। नगरीय क्षेत्र दुकान निर्माण योजना– द्वारा ऐसे अनुसूचित जाति के पात्र परिवार जिनके पास 13.32 वर्ग मीटर व्यवसायिक स्थल पर भूमि उपलब्ध हैं उन्हें स्वयं द्वारा दुकान निर्माण कराने हेतु दो किस्तों में (58500+19500) कुल 78000.00 रुपये उनके खाते में भुगतान कर दुकान का निर्माण कराया जाता है, जिसमें रूपये 10000 अनुदान एवं रुपये 68000 बिना ब्याज का ऋण होता है। जिसकी अदायगी 120 मासिक किस्तों में करनी होती है। लांड्री एवं ड्राई क्लीनिंग योजना– अनुसूचित जाति के आर्थिक उत्थान हेतु निगम द्वारा लांड्री एवं ड्राई क्लीनिंग योजना संचालित है, जिसकी योजना लागत–2 लाख 16 हजार रुपये तथा 1 लाख रुपये हैं। जिसमें क्रमशः रूपये 10 हजार अनुदान एवं रू0 2 लाख 6 हजार तथा रूपये 90 हजार बिना ब्याज का ऋण होता है। ऋण की अदायगी 60 समान मासिक किस्तों में करनी होती है।

सिलाई/टेलरिंग शॉप योजना– अनुसूचित जाति के युवक/युवतियों के आर्थिक उत्थान हेतु विभाग द्वारा सिलाई/टेलरिंग शॉप योजना संचालित है, जिसकी परियोजना लागत–20 हजार रुपये है जिसमे 10 हजार रुपये अनुदान धनराशि एवं 10 हजार रुपये बिना ब्याज का ऋण होता है।

उक्त समस्त योजनाओं में लाभ प्राप्त करने हेतु ग्रामीण क्षेत्र के पात्र व्यक्ति अपने विकास खण्ड में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी/ सहायक विकास अधिकारी (स0क0) अथवा खण्ड विकास अधिकारी से एवं नगरीय क्षेत्र के पात्र व्यक्ति जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)ध्पदेन जिला प्रबंधक, उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0, रायबरेली कार्यालय में सहायक प्रबंधक मो0नं0 7311159871 अथवा किसी कार्यालय सहायक से जानकारी प्राप्त कर उक्त योजनाओं में आवेदन कर सकते है।

# वर्चुअल वर्ल्ड ने की 2 फिल्मों की घोषणा

- फिल्म जुदा होके भी की सक्सेस मीट में महेश भट्ट, विक्रम भट्ट और सतीश पंचारिया की उपस्थिति

–अनिल बेदाग–

मुंबई। पूरी तरह से वर्चुअल प्रोडक्शन में बनी दुनिया की पहली फिल्म जुदा होके भी की सफलता का जश्न मुम्बई में मनाया गया जहां महेश भट्ट, विक्रम भट्ट और के सेरा सेरा के चेयरमैन सतीश पंचारिया मौजूद थे।

इस अवसर पर वर्चुअल वर्ल्ड द्वारा बनाई जा रही दो और फिल्मों का भी एलान किया गया। उनमें से एक फिल्म खिलौने होगी जो हिंदी के साथ अंग्रेजी में भी बनाई जा रही है जिसे विक्रम भट्ट निर्देशित करने जा रहे हैं। वहीं 1920 की फ्रेंचाइजी 1920 हॉरर ऑफ द हार्ट की घोषणा भी की गई जिसे विक्रम भट्ट की पुत्री कृष्णा भट्ट डायरेक्ट करेंगी। 1920 की अगली कड़ी में जहां अविका गौर मुख्य भूमिका में होंगी वहीं फिल्म षखिलौने में अनुप्रिया गोयंका सेंट्रल किरदार प्ले करेंगी। इस अवसर पर विक्रम भट्ट ने देश के पहले और सबसे बड़े वरचुअल प्रोडक्शन स्टूडियो के बारे में भी बात की जिसे उन्होंने सतीश पंचारिया के साथ मिलकर खोला है। महेश भट्ट ने कहा कि फिल्म खिलौने ह्यूमन ट्रैफिकिंग की कहानी है। जब इंसान की औकात एक खिलौने की तरह हो जाती है इसी सिचुएशन की स्टोरी है इसलिए इसका टाइटल खिलौने है। एक लड़की की दिल को छू लेने वाली कहानी है। जैसा कि सतीश जी ने कहा कि हम सिर्फ 9000 सिनेमाघरों को टारगेट नहीं कर रहे हैं बल्कि दुनिया भर के डेढ़ लाख सिनेमाघरों तक फिल्म को पहुंचाने का टारगेट रखते हैं। हमें थोड़ी हिम्मत और जुर्रत करके बड़े सपने देखने चाहिए। सपने भी अगर छोटे देखें तो फिर क्या बात हुई। लेकिन सिर्फ सपने देखने से काम नहीं चलेगा आपको विजनरी भी होना होगा, विक्रम भट्ट और सतीश पंचारिया ने एक ख्वाब देखा और उसे पूरा किया। और वो भी ऐसे समय मे किया जब कोविड का बुरा दौर चल रहा था। महेश भट्ट ने आगे कहा कि जैसा कि विक्रम ने बताया कि इसने कभी ऐसा सोचा ही नहीं था कि कभी ऐसा समय भी आएगा जब वह एक कमरे में कम्प्यूटर से घिरा होगा, और सिर्फ एक स्टूडियो में पूरी फिल्म बना देगा। ष्जुदा होके भीष में हर तरह के सीन हैं, रेलवे स्टेशन है, ट्रेन है, बर्फ के पहाड़ हैं, महल हैं सब कुछ है। लेकिन यह सब वरचुअल शूट किया गया है और यह सब लेटेस्ट तकनीक का कमाल है जिसे विक्रम भट्ट ने डिस्कवर किया है। विक्रम भट्ट 14 – 18 घन्टे तक काम करते थे। जुदा होके भी फिल्म एक मिसाल बन गई है जिसे हिंदुस्तान की अवाम ने सराहा है। किसी को भी फिल्म, टेलीविजन, ओटीटी के लिए कोई कंटेन्ट बनाना है तो इस स्टूडियो में हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध है। विक्रम भट्ट ने बताया कि मेरी बेटी कृष्णा ने जब फिल्मों में अपनी रुचि दिखाई तो सबसे पहले वह फिल्म 1920 के सेट पर आई थी जिसे मैं डायरेक्ट कर रहा था। उस वक्त वह हॉरर सीन में बहुत डरती थी और आज वह 1920 हॉरर ऑफ द हार्ट डायरेक्ट कर रही



है। इस फिल्म को भी हम वरचुअल वर्ल्ड में शूट कर रहे हैं। मैं फिल्म षखिलौनेष खुद डायरेक्ट कर रहा हूँ। यह बहुत बड़ी एक्शन फिल्म होगी और यह दुनिया की सबसे बड़ी एक्शन फिल्मों का मुकाबला करेगी। इसलिए हम इसे अंग्रेजी में भी बना रहे हैं। एक सवाल के जवाब में विक्रम भट्ट ने बताया कि अगर हम जुदा होके भी की रिलीज से पहले यह चिल्ला चिल्ला कर कहते कि यह वर्चुअल वर्ल्ड में बनाई गई है सब देखिए, तो फिर दर्शकों को इसमे मजा नहीं आता। अगर कोई जादूगर अपना खेल दिखाने से पहले यह बताने लगे कि मैं आपको ऐसी एक ट्रिक दिखाने जा रहा हूँ, यह इस तरह से होती है तो फिर ऑडिएंस के लिए उसका क्या मतलब रह जाएगा। इसलिए हमने इसे चुपचाप रिलीज कर दिया। यह हमारा टेस्ट था और मुझे बेहद खुशी और गर्व है कि हम इस परीक्षा में पास हो गए हैं, दर्शकों ने फिल्म को सराहा है। विक्रम भट्ट का कहना है कि फिल्म जुदा होके भी हमारे लिए इस तकनीक की परीक्षा थी और एलईडी के साथ वर्चुअल प्रोडक्शन की तकनीक का इस्तेमाल करके हम पूरी फिल्म को 60 X 60 के फ्लोर पर बनाने में सफल रहे। हमारे लिए सबसे बड़ी जीत यह है कि जब से फिल्म रिलीज हुई है और दुनिया भर में लाखों लोगों ने देखी है, खुशी हो रही है कि दर्शकों ने हमारी तकनीक से बने दृश्यों को स्वीकार कर लिया है और दर्शकों ने कहा है कि उन्हें रियल और वर्चुअल के बीच कोई अंतर नहीं दिखा। बल्कि वर्चुअल सीन रियल से बेहतर निकले हैं। जुदा होके भी हमारी आर एंड डी फिल्म थीय अब हमारे पास इस कांसेप्ट का सबूत है। आपको बता दें कि के सेरा सेरा और विक्रम भट्ट की वर्चुअल प्रोडक्शन तकनीक फिल्म निर्माण के ढंग को बदलने के लिए तैयार है। के सेरा सेरा और विक्रम भट्ट ने मुंबई में स्थित दहिसर हाईवे पर भारत का पहला वर्चुअल प्रोडक्शन स्टूडियो खोला है जो 50,000 स्क्वायर फुट के क्षेत्र में फैला हुआ है और इसमें एक समय में 4 फिल्मों की शूटिंग के लिए 4 फ्लोर हैं।

## सावन के दूसरे सोमवार पर बाबा घुश्मेश्वरनाथ धाम (घुइसरनाथ) में शयन आरती में बाबा का रहा अद्भुत नजारा, भक्त हुए खुश

दैनिक अयोध्या टाइम्स

घुइसरनाथ, प्रतापगढ़। सावन के दूसरे सोमवार को बाबा घुश्मेश्वरनाथ धाम (घुइसरनाथ) मे शयन आरती में बाबा का रहा अद्भुत नजारा श्रद्धालुओं की दिखी भारी–भरकम भीड़। बाबा धाम में महादेव की शयन आरती के लिए शाम से ही श्रद्धालुओं का भव्य स्वरूप देखने के लिए भक्तों का जमावड़ा इकट्ठा होने लगा। सावन के दूसरे सोमवार को शयन आरती में श्रद्धालुओं की संख्या सैकडों में रही। श्रद्धालुओं ने शयन आरती के उपरांत बाबा के गर्भ गृह में जाकर आशीर्वाद प्राप्त करते देखे पाए गए। बाबा घुश्मेश्वरनाथ की जय, हर हर महादेव व विभिन्न प्रभु के नामों के साथ जयघोष हुआ। सभी अपने– अपने मनोकामना के लिए बाबा से प्रार्थना करते दिखे। वहीं मंदिर के महन्त मयंक भाल गिरि शयन आरती कर विश्व के कल्याणार्थ प्रार्थना करते दिखे। शिवभक्तों



ने भी गर्भ गृह के बाहर शयन आरती में पंक्ति बद्ध तरीके से खड़े होकर आरती की। राम गिरि, अनिल गिरि, शीतला प्रसाद गिरि, प्रबंधक लाल बृजेश प्रताप सिंह, एडवोकेट अतुल मिश्र,संगम मिश्र, शिवाकांत पाण्डेय, पं. उपेंद्र मिश्र, राजेश मिश्र, एडवोकेट सुजीत तिवारी, संदीप गिरि, संजीव सिंह, प्रेमचंद्र यादव, अंजनी शर्मा, हरिश्चंद्र, धर्मेंद्र, एवं सैकड़ो भक्त आरती में सम्मिलित हुए।

## कैटरीना कैफ ने की अपनी नई फिल्म मेरी क्रिसमस की तैयारी

–अनिल बेदाग–

मुंबई। मालदीव में एक ड्रिमी वेकेशन और जन्मदिन समारोह से लौटने के बाद, कैटरीना कैफ निर्देशक श्रीराम राघवन और सह–कलाकार विजय सेतुपति के साथ



आगामी फिल्म मेरी क्रिसमस के लिए रिहर्सल के साथ सीधे काम में लग गई है। कैटरीना कैफ ने लिखाष्वर्क इन प्रोग्रेस कैटरीना जिन्होंने पिछले साल दिसंबर में विक्की कौशल से शादी के कुछ ही दिनों बाद फिल्म साइन करने की घोषणा की थी। मेरी क्रिसमस का निर्माण रमेश तौरानी के टिप्स इंडस्ट्रीज ने माचिस पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया है।

# संक्षिप्त समाचार

## विधानसभा निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने की कार्यवाही 1 अगस्त से प्रारम्भ

- 7 व 21 अगस्त को मतदाताओं से फार्म–6बी जमा किए जाने के लिए विशेष कैंप का आयोजन

रायबरेली। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने की कार्यवाही 01 अगस्त 2022 से प्रारम्भ की जा रही है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के नियम–23 के अनुसार सम्मिलित मतदाताओं द्वारा आधार नम्बर, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के उप नियम–26 बी द्वारा अधिसूचित फार्म–6बी में दिया जायेगा। विधानसभा निर्वाचक नामावली में शामिल मतदाताओं को आधार नम्बर दिए जाने हेतु ऑफलाइन तथा ऑनलाइन सुविधाएं प्रदान की गयी है। ऑनलाइन फॉर्म–6बी भरने हेतु ईआरओ नेट, गरूणा, एनवीएसपी, बीएचए इत्यादि पर उपलब्ध रहेगा। ऑनलाइन फॉर्म–6बी जमा करने हेतु दो प्रकार की सुविधाएं दी गई है जिसमें स्व प्रमाणन एवं स्व प्रमाणीकरण के बिना सुविधा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि ऑफलाइन फॉर्म–6बी बी0एल0ओ0 द्वारा घर–घर भ्रमण के दौरान स्वेच्छा से मतदाताओं से एकत्र किये जायेंगे। उक्त के अतिरिक्त 07 अगस्त 2022 (रविवार) तथा 21 अगस्त 2022 (रविवार) को आयोजित विशेष कैम्प में भी फार्म–6बी मतदाताओं द्वारा जमा किए जा सकेंगे। आधार नम्बर प्राप्त करने का उद्देश्य मतदाता सूची में मतदाता की प्रविष्टियों का प्रमाणीकरण और भविष्य में मतदाताओं को बेहतर चुनावी सेवाएं प्रदान करना है। मतदाताओं द्वारा आधार नम्बर उपलब्ध कराना स्वैच्छिक है। मतदाता सूची में किसी भी प्रविष्टि को इस आधार पर अपमार्जित नहीं किया जायेगा कि मतदाता द्वारा आधार नम्बर प्रस्तुतध्सूचित नहीं किया गया है। मतदाताओं से प्राप्त आधार नम्बर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा सुरक्षित रखा जायेगा किसी भी परिस्थिति में आधार नम्बर को सार्वजनिक नहीं किया जायेगा। यदि मतदाता की जानकारी को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है तो आधार विवरण को हटा दिया जायेगा अथवा उसे छुपा दिया जायेगा। फार्म–6बी में आधार नम्बर एकत्र करने के लिए मतदाता सूची में पंजीकृत 100 प्रतिशत मतदाताओं से संपर्क करने के लिए 31 मार्च, 2023 तक संभावित लक्ष्यों को निर्धारित किया गया है।

## साइबर अपराध से बचने हेतु जनपद के थानों द्वारा साइबर जागरूकता अभियान के तहत आमजनमानस को किया जा रहा जागरूक

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

पुलिस अधीक्षक अमेठी महोदय के निर्देशन में जनपद के थानों द्वारा विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध के बारे में व उनसे बचाव के बारे में निम्नलिखित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है ।

साइबर अपराध से कैसे बचे

1. साइबर अपराधी आपकी निजी जानकारी इक्ट्ठा करते है और इसका उपयोग इंटरनेट पर आपकी झूठी पहचान बनाने में उपयोग कर सकते है । किसी भी सार्वजनिक साइट, ब्लॉग या सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी कभी भी साझाध्शेयर न करें । जैसे कि आपकी सरकारी आईडी, पासवर्ड, बैंक खाता नम्बर, पिन इत्यादि ।
2. अपने पासवर्ड को जटिल रखें (अर्थात अक्षरों दृ जैसे ं, इ, ब, संख्याओं। जैसे 1, 2, 3 और विशेष अक्षरोंदृजैसे /, रु, : को मिलाकर पासवर्ड बनाये) और उसे किसी के साथ साझा न करें। विभिन्न साइटों/ऐप्स के लिए अलग–अलग पासवर्ड का प्रयोग करें ।
3. ऑनलाइन बैंकिंग या ऑनाइन लेनदेन करने के लिए कभी भी सार्वजनिकध मुफ्त वाईफाई का उपयोग न करें ।
4. साइबर अपराध होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें । 24 से 48 घंटे के अंतराल में आपके धन को वापस कराने की अधिक संभावना रहती है ।
5. सिम ब्लाकध्एक्सपायर का संदेश प्राप्त होने पर दिये गये नम्बरों पर वार्तालाप न करें ।
6. फोन पर कैश रिवार्ड को अपने खाता में लेने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति के बताये हुये नियमों का पालन न करें ।
7. कभी भी बैंक खाते, क्रेडिटध्डेबिट कार्ड के विवरण इमेल या फोन पर शेयर न करें ।
8. किसी भी अनजान नंबर से वीडियो काल स्वीकार न करें ।
9. किसी भी प्रकार के साइबर अपराध होने पर तत्काल



हेल्पलाइन नं 1930 पर संपर्क करें अथवा www.cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करें ।

10. किसी भी सोशल साइट पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी शेयर न करें ।
11. फोन काल/एसएमएस या अन्य किसा माध्यम से OTP, UPI, MPIN, ATM PIN किसी को न बताएं ।

## मुहर्रम त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

लालगंज रायबरेली। मुहर्रम त्यौहार को लेकर लालगंज कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक बुलाई गई ।बैठक में क्षेत्र के ताजियादार व सभी समुदाय के लोग मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने कहा कि त्योहारों को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की परंपरा हम सभी को बनाए रखनी है ।त्योहारों का आनंद तभी है जब हम सब मिल बैठकर उस का आनंद लें। कोतवाल ने सरकार के दिशा–निर्देशों से सभी को अवगत कराते हुए कहा कि जुलूस में किसी भी प्रकार का शस्त्र लेकर चलना सख्त मना है ।तलवार ,चाकू, छुरी आदि का प्रदर्शन नहीं होगा। सभी लोगों को सरकार की गाइडलाइन माननी पड़ेगी अन्यथा सख्त कारवाही निश्चित है ।प्रभारी निरीक्षक ने सभी धर्म गुरुओं से अपने–अपने धार्मिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने का भी अनुरोध किया ।प्रभारी निरीक्षक में ताजिया दारो से सीधे रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं की जानकारी ली और शीघ्र समस्याएं दूर कराने का भी आश्वासन दिया ।इस मौके पर चौकी इंचार्ज लोकेंद्र सिंह ,ग्राम प्रधान संजय बाजपेई ,सभासद जलील अहमद ,सभासद सतीश महाजन आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जान्हवी कपूर ने गुडलक जेरी के कलाकारों और निर्देशक का आभार जताया

–अनिल बेदाग–

डिज्नी प्लस हॉटस्टार की गुडलक जेरी कई बाधाओं के साथ एक सवारी, जैरी की एक मनोरंजक, रोमांचक यात्रा है। आनंद एल राय के कलर येलो प्रोडक्शंस, सुभास्करन अल्लिराजा की लाइका प्रोडक्शंस और महावीर जैन फिल्म्स द्वारा निर्मित, फिल्म सिद्धार्थ सेन द्वारा निर्देशित है, जो इस क्राइम कॉमेडी फिल्म से अपनी शुरुआत कर रहे हैं और यह फिल्म 29 जुलाई, 2022 को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

जाह्नवी कपूर उर्फ जैरी ने शूट के दौरान अपने किरदार को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए कलाकारों और निर्देशक से समर्थन के बारे में अनुभव साझा किया। शूटिंग के दौरान के अनुभव को साझा करते हुए, जान्हवी कपूर ने कहा, षजिगर, दद्दू, सिद्धार्थ सर, टिम्मी और पूरी टीम शॉट्स के बीच ताश खेलती थी, जब भी मैं अपनी मां और बहन के साथ शूटिंग नहीं कर रही होती तो मैं अकेली लड़की हुआ करती थी शूटिंग के कलाकारों के बीच। मैं कार्ड गेम में एक खास ब्लफ खिलाड़ी बन गई ही । उन सभी के साथ बातचीत करना बेहद मजेदार रहा।

सिद्धार्थ (सेन) सर ने कभी यह स्पष्ट नहीं किया, लेकिन जब हमने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली तो उन्होंने मुझे समझाया कि उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए एक बिंदु बनाने की जरूरत है कि मैं कभी सहज नहीं था और आसान नहीं था। चूंकि जैरी एक ऐसा किरदार था जो अपने कम्फर्ट जोन से बाहर था और कभी ऐसा महसूस नहीं करना था



कि आप एक सुरक्षित स्थान पर हैं, इसलिए वे कभी नहीं चाहते थे कि मैं ऐसा महसूस करूं कि मैं एक सुरक्षित स्थान पर हूं। और मुझे सच में लगता है कि इसने न केवल फिल्म के लिए बल्कि व्यक्तिगत स्तर पर भी मेरी मदद की। फिल्म में जान्हवी कपूर ने दीपक डोबरियाल, मीता वशिष्ठ, नीरज सूद और सुशांत सिंह सहित इन सभी शानदार कलाकारों के साथ विनम्र और कड़े रवैए वाले किरदार के रूप में अभिनय किया है।

## डलमऊ नगर पंचायत में फर्नीचर खरीद के नाम पर 954068 रुपए का हुआ घोटाला

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य

- नगर पंचायत अध्यक्षा व अधिशाषी अधिकारी के द्वारा किए गए फर्नीचर घोटाले का हुआ खुलासा



डलमऊ,रायबरेली। नगर पंचायत डलमऊ के रोज नए–नए घोटाले खुलकर सामने आ रहे हैं नगर पंचायत डलमऊ हुए भ्रष्टाचार के शिकायतें लगातार सामने आती जा रही है सभासद द्वारा की जा रही बार–बार शिकायतो से ऐसा लगता है कि नगर पंचायत डलमऊ में भ्रष्टाचार बुरी तरह व्याप्त है नामित सभासद सुधीर जायसवाल के द्वारा एक बार फिर से जिला अधिकारी रायबरेली को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी आशीष कुमार मिश्र को सौंपा ज्ञापन के माध्यम से नामित सभासद सुधीर जायसवाल ने बताया कि नगर पंचायत कार्यालय डलमऊ से प्राप्त आए वह की प्रमाणित प्रति के आधार पर वित्तीय वर्ष 2019 2020 में नगर पंचायत में 954068 का फर्नीचर खरीदा गया लेकिन नगर पंचायत कार्यालय में किसी भी प्रकार का कोई नया फर्नीचर उपलब्ध नहीं है सभासद ने आरोप लगाते हुए कहां की नगर पंचायत अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी की मिलीभगत से फर्नीचर खरीद में अनियमितता बरते हुए जमकर घोटाला किया गया और सरकारी धन का जमकर बंदरबांट किया गया सभासद ने नगर पंचायत में हुए फर्नीचर घोटाले की विशेष दल से जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कठोर एवं दंडात्मक कारवाई करने एवं नगर पंचायत अध्यक्ष के वित्तीय अधिकार तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की मांग की है इस मौके पर सभासद सुधीर जायसवाल,पिंटू तिवारी,अंकिल दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### खंबे के निकट बंधे दो बैलों के बिजली के करंट लगने से हुई मौत



अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहांपुर। जनपद के तहसील जलालाबाद विकासखंड मदनापुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरुआ के मजरा गांव धियरई में खंभे में करंट उतरने से गाँव निवासी राधेश्याम के दो पालतू बैलों की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार 11000 की लाइन का तार टूट कर गांव में राधेश्याम के घर के सामने खड़े कमरे में लिपट गया जिससे उसमें करंट आ गया और बगल में ही उसके बैल बंधे हुए थे जो खंभे से टच होते ही दोनों की मौत हो गई, बिजली के करंट लगने से बैल खत्म हो जाने से अब राधेश्याम की खेती किसानी करने की समस्या खड़ी हो गई है, और वही ग्रामीणों ने बताया 11000 की लाइन के तार जर्जर अवस्था में है जिससे आए दिन टूट कर गिरते रहते हैं और बिजली महकमा सुन नहीं रहा है।

### नशेड़ी ने किया पुलिस टीम पर हमला, सिपाही घायल

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम बंडा,शाहजहांपुर। लालपुर आजादपुर में एक नशेड़ी ने जमकर उत्पात मचाया और अपनी पत्नी से मारपीट की। जब सूचना पर डायल 112 की टीम पहुंची तो अंदर से दरवाजा बंद कर छत पर चढ़ गया और ईटों से हमला कर दिया। जिसमें एक सिपाही घायल हो गया। बेहोशी की हालत में उसे सीएचसी लाया गया। जहां से रेफर कर दिया गया। नशेड़ी पुलिस के पकड़ से फरार हो गया। सोमवार की शाम 9:30 बजे के करीब बंडा के गांव लालपुर आजादपुर से किसी महिला ने 112 पर डायल कर सूचना दी कि उसका पड़ोसी अपनी पत्नी से नशे की हालत में मारपीट कर रहा है। सूचना पर जब डायल 112 की टीम पहुंची तो उसे देख नशेड़ी आपा खो बैठा और अंदर से दरवाजे की कुंडी लगाकर छत पर चढ़ गया। वहीं से गाली गलौज करते हुए पुलिस टीम पर पथराव कर दिया। एक ईंट डायल 112 पुलिस टीम के सिपाही के लगी जिससे वह मौके पर घायल होकर बेहोश हो गया। आनन–फानन में उसे बंडा के सीएचसी लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसी दौरान मौका पाकर आरोपी नशेड़ी मौके से फरार हो गया। इस संबंध में जानकारी लेने पर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि गांव में अमर सिंह नाम का युवक नशे की हालत में अपनी पत्नी को पीट रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर भी उसने छत पर चढ़कर पथराव कर दिया। जिसमें एक सिपाही के चोट आई है। पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है। परंतु वह मौका पाकर फरार हो गया।

## जल जीवन मिशन के कार्यो को गुणवत्तापूर्ण पूर्ण किये जाने के जिलाधिकारी ने दिये निर्देश

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहाँपुर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि ग्रामीण पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ किए जाने हेतु संचालित जल जीवन मिशन के कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए। बैठक में अनुपस्थित होने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभागीय वनाधिकारी का जवाब तलब किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कार्यो समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाने हेतु पर्याप्त जनशक्ति की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को दिए।

बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम ने बताया कि पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्गत दिशा निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगंठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ़ बनाने के साथ ग्रामीण पेय जल कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा मूल्यांकन एवं अनुश्रवण हेतु जिला पेय जल एवं स्वच्छता समिति गठित की गयी है।बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम ने बताया कि पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्गत दिशा निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगंठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ़ बनाने के साथ ग्रामीण पेय जल कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा



मूल्यांकन एवं अनुश्रवण हेतु जिला पेय जल एवं स्वच्छता समिति गठित की गयी है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता को कड़े निर्देश दिये कि योजना के कार्यो का नियमित अनुश्रवण करते हुये कार्यो की प्रगति से मिशन निदेशक एवं उन्हे अवगत करायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह, डीडीओ पवन सिंह, जिला कृषि अधिकारी सहित जल निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सड़क के किनारे खड़ी महिला को कार ने मारी टक्कर मौत





• स्टेट हाइवे के गांव नयागांव गुलड़िया रोड के किनारे खड़ी महिला के कार चालक ने मारी टक्कर,महिला की मौत, पुलिस पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुटी, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम जलालाबाद। शाहजहांपुर थाना जलालाबाद क्षेत्र के जलालाबाद से शाहजहांपुर जाने वाली स्टेट हाईवे पर आज बुधवार दोपहर के समय एक सड़क हादसा हो गया ।जिससे एक परचून की दुकान चलाने वाली महिला नन्ही देवी 48 बर्ष की मौत हो गई ।

ग्रामीणों के अनुसार नयागाव गुलड़िया महिला देवी पत्नी भोला शंकर सड़क किनारे परचून का खोखा चलाकर दुकानदारी का काम करती है और अपने घर का खर्च चलाती है ।महिला आज दुकान पर गई उसी समय घटिया घाट से कांवरिया जल लेकर गोला गोकरण नाथ जा रहे थे। महिला दुकान छोड़कर सड़क किनारे कावड़ियों को देखने लगी ।

तभी शाहजहा से आ रहे कार चालक ने महिला के टक्कर मार दी जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई ।मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने सब को कब्जे में ले लिया महिला के दो लड़के है। बड़े लड़का राजीव और आकाश हैं। पुलिस शव के पोस्टमार्डम को भेजा।

### चेयरमैन ने कावड़ियों को तिलक लगाकर पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम खुटार,शाहजहांपुर। खुटार से हजारों शिवभक्त फर्रुखाबाद घटियाघाट से गंगा जल लेने के लिए रवाना हुए थे बुधवार को सुबह कावड़िया शिवभक्त खुटार पहुंचे तो आदर्श नगर पंचायत खुटार के चेयरमैन अनुपम शुक्ला ने नंदलाल पैलेस के पास कावड़ियों का तिलक लगाकर एवं उन पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत अभिनंदन किया।कावड़ियों के लिए नगर में जगह–जगह जलपान की व्यवस्था भी की गई जगह–जगह उनका स्वागत किया गया।इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य सत्यम शुक्ला,



सभासद आशीष मिश्रा,सभासद पुत्र मिलन मिश्रा,अखिलेश मिश्रा,सभासद पुत्र सरवन गुप्त छत्रपाल कश्यप अनिल सिंह रोहित शुक्ला सचिन मिश्रा दीपक शर्मा राममिलन वर्मा रजनीश पांडे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## बम बम भोले की गूंज के साथ शिवालयों में हुआ जलाभिषेक



अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–कांट,शाहजहांपुर। श्रावण मास में क्षेत्र मेंहो रही बम बम भोले की गूंज शिवालयों में जलाभिषेक कर महिलाओं ने पूजा अर्चना की स्टेट हाईवे पर कावड़ियों की व्यवस्था के लिए पुलिस अलर्ट रही।

आज बुधवार को भी शिव मंदिरों पर पूजा अर्चना करने वाली महिलाओं की भीड़ भाड़ देखी गई जहां महिलाओं ने शिव अर्चना कर बेलपत्र आदि चढ़ाया वहीं जलालाबाद शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर कावड़ियों के गंगाजल लाने और वापस छोटीकाशी गोला जाने के दौरान बम बम भोले की गूंज रही इस दौरान कांट प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार त्यागी ने थाना कांट पुलिस को कावड़ यात्रा को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पूरी तरह से अलर्ट कर दिया है।

## चार माह से बगैर किताबों के शिक्षा ग्रहण कर रहे सरकारी स्कूलों के बच्चों को अब मिड डे मील के भी लाले

• भावल खेड़ा ब्लॉक के तमाम स्कूलों में 1 सप्ताह से नहीं बन रहा मिड डे मील

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहांपुर। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक सरकारी विद्यालयों की वैसे भी व्यवस्थाएं चौपट चल रही हैं इसका खुलासा बीते दिनों हो भी चुका है जब जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने स्वयं सिविलियन विद्यालय ददरौल का निरीक्षण किया था और संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार भी लगाई थी लेकिन व्यवस्थाओं में कोई सुधार होता नहीं दिख रहा है भावल खेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के अधिकतर प्राथमिक विद्यालयों में करीब 1 सप्ताह से मिड डे मील नहीं बन रहा है चार माह से बगैर किताबों के शिक्षा ग्रहण कर रहे स्कूली बच्चों को अब मिड डे मील के भी लाले पड़ गए हैं नवीन सत्र स्टार्ट हुए करीब 4 माह बीतने जा रहे हैं अभी तक बच्चों को किताबें उपलब्ध नहीं हो सकी हैं बगैर किताबों के ही बच्चे स्कूल में बैठे देखे जा सकते हैं वह अलग बात है कुछ बच्चों ने फटी पुरानी किताबों से काम चलाना शुरू कर दिया है शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी स्कूलों के अंदर फैली अव्यवस्थाओं के चलते जहां एक तरफ नन्हे–मुन्ने बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है तो वहीं दूसरी तरफ अभिभावक इन अव्यवस्थाओं के लिए शिक्षा विभाग के साथ–साथ सरकार के सिस्टम पर सवाल उठाने लगे हैं ।

तमाम विद्यालय तो ऐसे हैं जहां बच्चों को पानी पीने की व्यवस्थाएं भी ठीक–ठाक नहीं है जब स्कूलों में खराब पड़े हैंडपंप नल वर्षों से खराब पड़े हैं तो गांवों में खराब पड़े हैंडपंप नलों की व्यवस्था कैसे सुधर पाएगी भावल खेड़ा ब्लॉक से सटे मिश्रीपुर गांव में सलों से हैंडपंप नल खराब पड़े हैं ग्रामीण स्वच्छ जल के लिए इधर–उधर भटक रहे हैं लेकिन नल आज भी ठीक नहीं हो सके हैं और सरकार हर घर स्वच्छ जल ''जल जीवन मिशन योजना'' चला रही है अगर कहा जाए कि इन समस्याओं से सरकार के नुमाइंदे बाकिव नहीं है तो यह बेमानी होगी क्योंकि जब स्कूल में बनने





वाले मिड डे मील की शासन को प्रतिदिन बच्चों की संख्या सहित रिपोर्ट जाती है तो क्या 1 सप्ताह से ना बनने वाले मिड डे मील की रिपोर्ट प्रधानाध्यापकों द्वारा शासन को नहीं भेजी गई होगी अगर ऐसा नहीं किया गया है तो मिड डे मील में एक बड़ा घपला किया जा रहा है मीनू के आधार पर सरकारी स्कूलों में मिड डे मील नहीं बन रहा है यह जिला अधिकारी के निरीक्षण में सिविलियन विद्यालय ददरोल निरीक्षण के दौरान ही स्पष्ट हो चुका है इस संबंध में जब खंड शिक्षा अधिकारी भावल खेड़ा से अधिक जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि खाद्यान्न उठान ना होने के कारण मिड डे मील नहीं बन पा रहा है जिसकी जल्द व्यवस्था सुचारू रूप से कराई जा रही है।

## पूर्व चेयरमैन गुड्डी गुप्ता ने कांवडियों को किया चंदन तिलक, खिलाया हलुवा चना

• हर वर्ष की तरह इस बार भी पूर्व चेयरमैन के आवास पास हुआ कांवडियों का भव्य स्वागत सत्कार

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहांपुर–खुटार। हर साल की तरह इस साल भी पूर्व चेयरमैन गुड्डी गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण गुप्ता के प्रतिष्ठान पर कांवड़ियों को चंदन तिलक लगाकर व हलवा चना का प्रसाद वितरण कर भव्य स्वागत सत्कार किया गया।

बुधवार को फर्रुखाबाद घटियाघाट से गंगाजल लेकर गोला गोकर्णनाथ जा रहे खुटार के गुप्ता, भाजपा नेता लक्ष्मण गुप्ता के तिकुनिया स्थित प्रतिष्ठान पर पूर्व चेयरमैन गुड्डी गुप्ता, उनके बेटे विपिन गुप्ता, गोविंद गुप्ता आदि ने कांवडियों को चंदन तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात उन्हें हलुवा और चना का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर उनके साथ अनिल गुप्ता, सनूप गुप्ता, दीपक गुप्ता, रामकृष्ण मिश्रा बबलू, अवधेश गुप्ता, गुड्डू वर्मा, नोखे लाल आदि मौजूद रहे।



कांवडियों का पूर्व चेयरमैन गुड्डी

### तंत्रमंत्र के चक्कर में चलती चिता से निकाला शव

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहांपुर। थाना तिलहर के पिपरौली गांव में जलती हुई चिता से शव का सिर निकाल लेने का मामला सामने आया है। जिसमें पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी का पिता तंत्र मंत्र का काम करता था जिसके लिए उसने जलती हुई चिता से शव का सिर निकाल लिया था। फिलहाल आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है। थाना तिलहर के पिपरौली गांव के कुबेर गंगवार नाम के बुजुर्ग की सोमवार की शाम को मौत हो गई थी। मंगलवार को उसका अंतिम संस्कार हो रहा था उसी दौरान उपेंद्र उर्फ गोपी ने अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर जलती हुई चिता को बुझाकर मृतक के शव का सिर चिता से बाहर निकाल लिया और उसे अपने घर ले गया। यह पूरा वाक्य गांव वालों ने देख लिया तो उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ग्रामीण का कहना है कि आरोपी उपेंद्र का पिता गंडा ताबीज और तंत्र मंत्र व जादू टोना का काम करता है। जिसके लिए उसने चिता से शव का सर निकाल लिया। फिलहाल पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## रुद्राभिषेक कर दुख रोग से छुटकारा पाएं और धन संपत्ति बढ़ाएं : परम संत श्री प्रशांत प्रभु जी महाराज





अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहांपुर। आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन रामलीला मैदान खिरनी बाग में कराया जा रहा है कथा प्रांगण में व्यास पीठ पर उपस्थित परम पूज्य संत श्री प्रशांत प्रभु जी महाराज के श्री मुख से भक्तों ने कथा का श्रवण किया महाराज जी ने बताया कि जीवन में कोई कष्ट हो या कोई मनोकामना हो और सच्चे मन से रुद्राभिषेक करके देखें निश्चित रूप से अभीष्ट लाभ की प्राप्ति होगी रुद्राभिषेक ग्रह से संबंधित दोषों और रोगों से भी छुटकारा दिलाता है रुद्राभिषेक भगवान शिव को प्रसन्न करने का सबसे प्रभावी उपाय है श्रावण मास या शिवरात्रि के दिन यदि रुद्राभिषेक किया जाए तो इसकी महत्ता और भी बढ़ जाती है रुद्राभिषेक का अर्थ है भगवान रुद्र का अभिषेक अर्थात शिवलिंग पर रुद्र के मंत्रों के द्वारा अभिषेक करना जीवन में कोई कष्ट हो या मनोकामना हो तो सच्चे मन से रुद्राभिषेक करके देखें निश्चित रूप से अभीष्ट लाभ की प्राप्ति होगी रुद्राभिषेक का महत्व एक बार भगवान शिव सपरिवार वृषभ पर बैठकर बिहार कर रहे थे उसी समय माता पार्वती ने मृत्युलोक में रुद्राभिषेक कर्म में प्रवृत्त लोगों को देखा तो भगवान शिव से जिज्ञासा बस पूछा कि हे नाथ मृत्युलोक में इस तरह आप की पूजा क्यों की जाती है तथा इसका फल क्या है भगवान शिव ने कहा हे प्रिय जो मनुष्य शीघ्र ही अपनी मनोकामना पूर्ण करना चाहता है वह आशुतोष शुरू मेरा विविध धर्मों से विविध फल की प्राप्ति है तो अभिषेक करता ह उसे मैं प्रसन्न होकर शीघ्र मनोवांछित फल प्रदान करता हूं जो व्यक्ति जिस कामना की पूर्ति के लिए रुद्राभिषेक करता है वह उसी प्रकार के द्रव्यों का प्रयोग करता है अर्थात यदि कोई वाहन प्राप्त करने की इच्छा से रुद्राभिषेक करता है तो उसे दही से अभिषेक करना चाहिए यदि कोई रोग दुख से छुटकारा पाना चाहता है तो उसे कुशा के जल से अभिषेक करना चाहिए रूद्र भगवान शिव का ही प्रचंड रूप है इनका अभिषेक करने से सभी ग्रह बाधाओं और सारी समस्याओं का नाश होता है इसके अलावा उन्होंने रुद्राभिषेक के विभिन्न पूजन के लाभ भी श्रोताओं को बताएं इस अवसर पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशुतोष तिवारी एवं उनकी धर्मपत्नी नील नल तिवारी सिविल जज वरुण राठौर जिला दिव्यांग अधिकारी एवं उनकी धर्मपत्नी अंजिता सिंह सिविल जज गौरव मिश्रा जिला प्रोबेशन अधिकारी व पत्नी ने व्यासपीठ का पूजन किया इस अवसर पर समिति ने सभी अतिथियों को शिव परिवार की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया।

### रोहित शुक्ला के प्रतिष्ठान पर भी किया गया कांवरियों का स्वागत

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम खुटार, शाहजहांपुर। खुटार भाजयुमो नेता रोहित शुक्ला के प्रतिष्ठान पर भी कांवरियों का स्वागत





किया गया।

इस दौरान कांवरियों को हलवा और चना वितरित किया गया। इस मौके पर रोहित शुक्ला के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष अरूण शुक्ला, हिंदू युवा वाहिनी अध्यक्ष कमल दीक्षित, सचिन मिश्रा, अचल मिश्रा, आदि त्रिवेदी, राजर्षि शुक्ला, अमित यादव, अजय बाजपेई, राजू गुप्ता, प्रकाश कुमार आदि मौजूद है।

## 11000 बोर्ड की लाइन से कभी भी हो सकती है भयंकर दुर्घटना

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो शाहजहांपुर। आदर्श नगर पंचायत खुटार में नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बिजली विभाग द्वारा गोला रोड से 11,000 वाट की लाइन सीएचसी का कनेक्शन दिए जाने से कभी भी नागरिकों को भयंकर दुर्घटना का शिकार होना पड़ सकता है सीएससी के निकट बने मकान स्वामी ने जिला प्रशासन को अवगत कराते हुए बताया नगर के नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का बिजली कनेक्शन खुटार विद्युत केंद्र के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा किया गया 11000 की लाइन खींच कर खुलेआम दुर्घटना का न्योता दिया गया बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी चाहते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक केवल डालकर कनेक्शन दिया जा सकता था किंतु बिजली विभाग ने ऐसा नहीं किया सीएससी के निकट आबादी में रह रहे नागरिकों ने 11,000 वाट की नंगी लाइन को के बिल में परिवर्तित किए जाने की जिला प्रशासन से मांग की है जिससे आगे आने वाली दुर्घटना का नागरिक शिकार ना हो सके। इस लाइन से मोहल्ले के लोग काफी भयभीत हैं उनका कहना है



यदि यह लाइन यदि के बिल में परिवर्तित नहीं किया गया तो कभी भी आम नागरिक इसके दुर्घटना के शिकार हो सकते हैं।

### स्टाफ की कमी के चलते छात्राओं को परेशानी

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो कांट,शाहजहांपुर। जीआईसी में स्टॉप की कमी के चलते कक्षा 9 एवं 11 मैं प्रवेश लेने वालों की भीड़ बढ़ रही है। प्रधानाचार्य ने जानकारी देते हुए बताया किछात्र व छात्राओं की भारी भीड़ होने के कारण छात्राएं परेशान है।नगर पंचायत कांट जीआईसी के अध्यापकों की कमी से प्रवेश परीक्षा कराने में बड़ी मुश्किलें आ रही हैं। कक्षा 9 एवं11 की अंतिम तिथि नजदीक आ रही है। उतनी ही कठिनाई बढ़ती जा रही है ।नगर पंचायत कांट ने छात्र ऐसे दो ही स्कूल हैं जो कि एक राजकीय इंटर कॉलेज दूसरा विनोबा भावे इंटर कॉलेज है ऐसे में छात्र छात्राओं भीड़ बढ़ती जा रही है यहां पर बड़ी संख्या में प्रवेश लेते हैं अध्यापकों की कमी से छात्र–छात्राओं में मायूसी दिखाई दे रही है प्रधानाचार्य दीपक दीक्षित ने बताया कि प्रशासन को अवगत कराया गया है।

### हर घर तिरंगा मुहिम में प्राईवेट कॉन्वेन्ट स्कूलों ने लिया हिस्सा

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहांपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत इस बार 15 अगस्त को हर घर में तिरंगा फहराया जायेगा। यूपी सरकार की हर घर तिरंगा मुहिम के तहत शाहजहांपुर की इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन ने तिरंगा झंडा के लिए जिलाधिकारी को एक चेक सौंपा।

जिलाधिकारी ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुसार हर घर तिरंगा मुहिम के तहत इस बार 15 अगस्त के दिन हर घर में झंडा फहराया जाएगा। जिसके तहत प्राइवेट स्कूल मालिकों ने झंडा के लिए एक चेक उन्हें सौंपा है। इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अग्रवाल ने बताया कि इस बार 15 अगस्त आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मनाया जा रहा है। जिसमें सरकार की मंशा है कि हर घर में तिरंगा फहराया जाए।

जिसके तहत प्राइवेट कॉन्वेंट स्कूलों की एसोसिएशन भी हर घर तिरंगा मुहिम में हिस्सा बन रही है। इसी के तहत आज एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्यों ने सामूहिक रूप से एक चेक जिलाधिकारी को सौंपा है। शाहजहांपुर के जिलाधिकारी ने बताया कि 6 लाख झंडा फहराने का लक्ष्य



उन्हें पूरा करना है। जिसमें ढाई लाख तिरंगा सरकार की तरफ से सभी को दिए जाएंगे और बाकी के तिरंगा समाजसेवी व अन्य संस्थाओं के द्वारा इकट्ठा करके लगभग 6 लाख लोगों को निशुल्क झंडा वितरित किए जाएंगे। इसी के तहत आज प्राईवेट स्कूल के मालिकों ने हर घर तिरंगा मुहिम में सहयोग करते हुए एक चेक उन्हें सौंपा है।

## उप जिला अधिकारी ने रिक्शा स्टैंड एवं पेयजल की व्यवस्था का किया निरीक्षण

• जलालाबाद की एसडीएम ने नगरपालिका जलालाबाद में टैक्सी स्टैंड एवं पेयजल की की व्यवस्था का किया निरीक्षण जताई नाराजी और जमकर लगाई फटकार

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहांपुर। जनपद के नगर पालिका जलालाबाद में तमाम अव्यवस्थाओं की शिकायत एसडीएम बरखा सिंह को लगातार मिली थी,, मिली शिकायतो के मद्देनजर उप जिलाधिकारी बरखा सिंह ने आज नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी दया शंकर वर्मा को ले जाकर टैक्सी स्टैंड के बारे में जानकारी मांगी, और हमें साथ ले जाकर टैक्सी स्टैंड एवं पेयजल की




मशीनों का निरीक्षण किया !जिस पर अधिशासी अधिकारी ने टैक्सी स्टैंड के लिए चयनित हुई जगह को दिखाया तो वहां पर अतिक्रमण मिला जिस पर एसडीएम बरखा सिंह ने नाराजगी जताते हुए फटकार लगाई और कहा की जगह खाली कराकर यहां पर टैक्सी स्टैंड स्थापित किए जाएं और 1 सप्ताह के अंदर टैक्सी स्टैंड की जगह का चयन कर उसको बनाए जाने के निर्देश दिए,,इसके बाद उन्होंने नगर के विभिन्न चौराहो पर लगाई गए वाटर कूलर व पेयजल की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया ।

जिसमें अधिक तर पेयजल की व्यवस्था के पॉइंट खराब मिले या बंद मिले। जिसके उन्होंने तुरंत ही दुरुस्त कराकर चालू करने के निर्देश दिए। साथ ही साफ सफाई नियमित रूप से कराने के निर्देश दिए,और उन्होंने इसके लिए नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी की फटकार भी लगाई,,इस अवसर पर नायब तहसीलदार चंद्रगुप्त सागर एवं नगर पालिका के अन्य कर्मचारी लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## सर्प के डसने से महिला की हालत नाजुक,उपचार शुरू

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती के थाना क्षेत्र सिरसिया के अंतर्गत श्रीनगरा में महिला भुसैले में कंडा निकालने गई हुई थी और जैसे ही महिला प्रभावती उम्र करीब 50 वर्ष ने कंडा निकालना चाहा कि इतने में ही कंडे में बैठे



जहरीले सर्प ने महिला के  हाथ मे डस लिया। सर्प के डसते ही महिला की हालत गंभीर होने लगी। जिसके बाद आनन फानन में परिवार वालो ने सिरसिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया। जहां पर डॉक्टरों द्वारा उपचार किया जा रहा है।  बरसात का मौसम आते ही क्षेत्र में सर्प काटने की घटनाएं बहुत देखने को मिल रही है लेकिन समय रहते उपचार हो जाने के कारण किसी के जान का खतरा नही हुआ है।.।

## हर घर जल योजना के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम का किया गया समापन

नन्द कुमार गुप्ता, संदीप कुमार सिरसिया श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइल्स)। जल जीवन मिशन, हर घर जल योजना के अंतर्गत ब्लाक स्तरीय  फटक के माध्यम से जल गुणवत्ता  ॅ(फडॅ) प्रशिक्षण कार्यक्रम विकासखंड सिरसिया में दूसरे बैच का शुभारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम में पांच पांच महिला समूह ,आशा ।छड,आंगनबाड़ी कार्यकत्री ,अध्यापिका को बुलाकर ब्लाक मुख्यालय परिसर के सभागार में थ्ज्ञ से जल जांच का प्रशिक्षण कराया गया और उन्हें बताया गया कि जल की जांच हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है। दूषित पानी पीकर हम और



हमारे परिवार के लोग किन किन बीमारियों के मकड़जाल में घिरते जा रहे है।  सरकार की इस योजना के चलते यदि सभी ग्राम पंचायतों की महिलाएं सशक्त हो जाएं तो आने वाले दिनों में हम शुद्ध पानी की पहचान कर सकेंगे और शुद्ध पानी के सेवन से हम बीमार नहीं पड़ेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान कुल 11 जांचो के बारे में जानकारी दी गई जिसमें आर्सेनिक, फ्लोराइड टुर्बिडिटी,  पी एच ,बैक्टीरिया, हार्डनेस ,क्लोरीन, आरन् इत्यादि तत्वों की जांच करके उसके गुण तथा होने वाले नुकसान के बारे में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सहायक जिला परियोजना समन्वयक– शमशाद खान, प्रशिक्षक– पवन कुमार , योगेश पासवान ,एडिटर– धीरज सिंह तथा सामान्य मनोज यादव अभिषेक निषाद लक्ष्मी नारायण राहुल कैलाश यादव उपस्थित थे और प्रशिक्षण को संपन्न कराने में भरपूर सहयोग की किए।

## जिले में 2 लाख तिरंगा लगाकर मनाया जाएगा आजादी का महोत्सव : महेश मिश्रा ओम

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। भारतीय जनता पार्टी श्रावस्ती जिले में आजादी की 75 वीं वर्षगांठ को अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान जिले में हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से घर घर तिरंगा लगाने की योजना बनायी जा रही है। जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा , विधायक श्रावस्ती राम फेरन पाण्डेय सहित जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष एवं अभियान में लगे संयोजक उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम ने कार्ययोजना बैठक को संबोधित करते हुए कहाकि कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आजादी की 75 वीं वर्षगांठ को जिले भर में बहुत ही धूम धाम के साथ मनाया जाएगा। जिसमें उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सभी सरकारी संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानो व अन्य सरकारी कार्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा तो फहराया ही जायेगा साथ ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा भी जिले के सभी बूथों पर घर घर



तिरंगा लगाया जाएगा। आजादी के इस महोत्सव को गाँव गाँव तक पहुंचाते हुए एक राष्ट्रीयता के माहौल में अब की बार जिले में 2 लाख तिरंगा लगाने के लक्ष्य के साथ आजादी की 75 वीं वर्षगांठ को मनाया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने कहाकि लाखों करोड़ों बलिदान के बाद प्राप्त हुयी इस आजादी का यह पर्व हम सबके लिए गौरव की बात है। इस राष्ट्रीय पर्व को मनाने की योजना के क्रम में पहली बार देश मे घर घर तिरंगा लगाया जाएगा। विधायक श्रावस्ती राम फेरन पाण्डेय ने कहाकि आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के उत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रधानमंत्री की प्रेरणा से 15 अगस्त को जिले के घर घर पर तिरंगा ध्वज फहरायेगा और जिस घर पर तिरंगा लगेगा उसे उस परिवार का सबसे छोटा सदस्य ही फहराये ताकि नयी पीढ़ी के अन्दर राष्ट्रीयता के भाव को और प्रखर किया जा सके। बैठक का संचालन जिला महामंत्री पुरुषोत्तम कौशल ने किया। इस दौरान जिला महामंत्री दिवाकर शुक्ला, रमन सिंह, प्रेम सिंह नायक, उदय प्रकाश त्रिपाठी, दिनेश सिंह, गिरिश तिवारी, ब्लॉक प्रमुख अमित सिंह, प्रकाश चंद, अजय आर्य, जिला मीडिया प्रभारी संजू तिवारी, दिनेश आर्या, अटल बिहारी मिश्रा, राकेश सिंह, दूधनाथ शुक्ला, सतीश जायसवाल तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बेहतर कार्य करने वाले ग्राम प्रधान,खण्ड शिक्षा अधिकारी,विद्यालय के शिक्षक हुए सम्मानित

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त विद्यालयों को 19 पैरामीटर से संतृप्त किए जाने का कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में 19




पैरामीटर से संतृप्तिकरण के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत जनपद के 10 विद्यालयों का चयन स्वच्छ विद्यालय के अंतर्गत किया गया जिनमें से ऐसे पांच विद्यालय हैं। जिनके ग्राम प्रधानों के सहयोग से विद्यालयों को सर्वश्रेष्ठ बनाया गया। तथा पांच ऐसे विद्यालयों का चयन किया गया जिन्होंने ग्राम पंचायत के सहयोग से अपने विद्यालय को सर्वश्रेष्ठ बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया है। इसके अतिरिक्त विद्यालयों को स्वच्छ बनाए जाने के लिए किए जा रहे प्रयास में जनपद के 30 विद्यालयों का भी चयन किया गया। जिसमे सेठ प्रभुदास निरंजन कुमार मेमोरियल इंटर कालेज नासिरगंज की प्रधानाचार्य काजल रिजवानी व प्रबंधक सुरेश कुमार उर्फ बिट्टू ने भी अपने प्रयास से विद्यालय को प्रत्येक स्तर से स्वच्छ एवं सुंदर बनाया। उक्त विद्यालयों का चयन भी ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया तथा उन विद्यालय के अध्यापकों को उनके प्रयास के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी ने सभी अध्यापकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस बात का आश्वासन दिया कि भविष्य में जनपद के समस्त विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत निर्धारित 19 पैरामीटर से संतृप्तिकरण का कार्य किया जाएगा साथ ही विद्यालयों की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए सभी विद्यालयों में स्वच्छता के कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी अध्यापकों से यह अपील की कि उनके न्याय पंचायत में जितने भी विद्यालय हैं वह सभी अध्यापकों को इसी प्रकार से अपने विद्यालयों को कायाकल्पित करने एवं विद्यालयों को स्वच्छ रखने के संबंध में प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि यह मेरी प्राथमिकता का कार्य है कि हमारे जनपद के समस्त विद्यालय हर प्रकार से सुव्यवस्थित हो। कार्यक्रम में जिला सपना सोनी, फरहान सिद्दीकी, ज्ञानेंद्र तिवारी सहित समस्त शिक्षा विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक अजीत कुमार उपाध्याय ने किया।




## कल्याणेश्वरी क्षेत्र में पीएनबी बैंक एटीएम का उद्घाटन

सालानपुर। कल्याणेश्वरी क्षेत्र में लम्बे इंतजार के बाद बुधवार कल्याणेश्वरी स्तिथ आशा रिजॉर्ट के समीप पीएनबी बैंक के नये एटीएम का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित जिला शासक एस अरुण प्रसाद, आसनसोल नगर निगम मेयर सह बाराबनी विधायक विधान उपाध्याय एंव पंजाब नेशनल बैंक के दुर्गापुर सर्किल महाप्रबंधक सह सर्किल हेड शिवानंद भंज ने द्वीप प्रज्वलित एंव फीता काट कर नये एटीएम का उद्घाटन किया। समारोह में जिला परिषद कर्माध्यक्ष मोहम्मद अरमान, देंदुआ पंचायत प्रधान शिमुला मरांडी, उपप्रधान रंजन दत्ता, विशिष्ट समाजसेवी भोला सिंह समेत मनोज तिवारी, मोबिन खान, रामचंद्र साव, बाबई घोषाल, विजय सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। उद्घघाटन समारोह में



उपस्थित अतिथियों को स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में एक बैंक शाखा खोले जाने के लिये लिखित आवेदन दिया। मेयर विधान उपाध्याय ने कहा कि 2011 में मेरी पहली जीत के बाद से ही क्षेत्र के लोग बैंक एंव एटीएम की मांग कर रहे थे। आज क्षेत्र में पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम का उद्घाटन किया गया। भविष्य में यहाँ एक बैंक शाखा खुले इसका प्रयाश रहेगा। समाजसेवी सह मैथन कल्याणेश्वरी होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि मैथन कल्याणेश्वरी क्षेत्र एक पर्यटन केंद्र है, जहां बाहर से बहुत से लोग घूमने आते हैं। इस जगह पर एटीएम नहीं होने के कारण उन्हें काफी परेशानी होती थी, पहले उनको रुपए निकालने के लिये बहुत दूर जाना पड़ता था। हमने इस समस्या के बारे में स्थानीय विधायक बिधान उपाध्याय को बताया तो उन्होंने हमारी समस्या के बारे में सोचा और जिला शासक एंव पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारियों से बात की जिसके बाद आज क्षेत्र में एक एटीएम का उद्घाटन किया। यहाँ एटीएम खुल जाने के बाद क्षेत्र के लोगो एंव पर्यटकों को बहुत सुविधा होगी।

अब क्षेत्र के लोगो द्वारा बैंक के लिए लिखित अनुरोध किया गया है। जल्द ही उम्मीद है क्षेत्र में एक बैंक शाखा के निर्माण की योजना बनाई जाएगी।

## अवैध खनन मे चल रही टैक्टर ट्राली ने 11 वर्षीय मासूम को रौंदा ,दर्दनाक मौत

पवन कुमार अयोध्या जनपद के रुदौली क्षेत्र के गौरियामऊ फार्म निवासी राज उम्र करीब 11 वर्ष अपने परिवार का इकलौता चराग था जिसको पिता विनोद वर्मा आरामशीन पर मजदूरी कर के बडे नाजोप्यार से पाल रहे थे आज शुबह करीब 7रू35 पर घरवालो ने राज को तैयार करके गौरियामऊ गॉव स्थित कम्पोजिट विद्यालय भेजा जहॉ अहिरन पुरवा मे निकट एल प्रदीप यादव जो की अपनी ससुराल मे रहकर अवैध मिट्टी खनन का कारोबार करता है आज भी वह खनन का ही काम कर रहे थे पुलिस और खनन विभाग की मिलीभगत से चल रही यह अवैध ट्रैक्टर ट्राली ने ही आज इतनी बडी घटना को अंजाम दे दिया घटना इतनी दर्दनाक थी की जिसने भी मासूम राज के शव को सडक पर बिखरे हुए देखा ऑखो मे ऑसू लेके आह भर के



एस डीपी पब्लिक स्कूल के पास आ रही अनियंत्रित टैक्टर ट्राली ने युवक को बुरी तरह से कुचल दिया है।

जिसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार जलालपुर गॉव निवासी रह गया विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया की राज हमारे विद्यालय का बहुत ही होनहार छात्र था, मौके पर पहुँचे कोतवाल रुदौली ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पंचायत नामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के भेज दिया है।

## ग्राम प्रधानों को क्या रोकेंगे BDO रुदौली जब उन्ही के ब्लाक परिसर मे हो रहा है पीली ईंट का धडल्ले से स्तेमाल

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुधीर बंसल रुदौली अयोध्या। अयोध्या जनपद के रुदौली विकास खण्ड मे हर तरफ भीषण भ्रष्टाचार का बोलबाला है गॉवो की बात क्या की जाए जब ठक्व महोदय के कार्यालय के बगल बन रहे टैंक मे पीली ईंटो का स्तेमाल खुलेआम किया जा रहा है व्लाक परिसर मे लगा इण्डिया मार्का नल कई सालों से खराब पडा हुआ है जिसकी आज तक किसी ने भी सुध नही ली वहीं ब्लाक मे बना शौचालय सरकार के स्वच्छ भारत समृद्ध भारत की मंशा का मजाक उडाते साफ देखा सकता है वाशबेसिन तो लगी है पर टोटी और आउटर पाइपलाइन का दूर दूर तक कहीं पता नही है बात की जाए गॉवो की तो तमाम गॉवो मे अभी शौचालय बन कर तैयार नही हुआ है जब की अब तक शौंचालय पर नियुक्त कर्मी को सैलरी के नाम पर लाखों रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है यही हाल गॉवो मे बने तमाम सचिवालयों का है जहॉ पर नियुक्त कर्मचारी का पता सचिवालय से दूर दूर तक नही रहता है जबकी उसके खाते पर भी सैलरी सालों से जा रही है कई गॉवो मे यहॉ तक देखा गया है की बगैर काम हुए ही उसका भुगतान किया जा चुका है जबकी जमीनी हकीकत कुछ और ही बयॉ कर रही है रुदौली ब्लॉक के अधिकांश गॉवो मे भ्रष्टाचार पूरी तरह से व्याप्त है जिस पर अंकुश लगा पाने मे ब्लाक रुदौली के जिम्मेदार पूरी तरह से फेल साबित हो रहे हैं अगर विधिवत जॉच हो जाए तो ब्लाक मे जिम्मेदार पदों पर पदस्थ कई अधिकारी भी हो सकते हैं बेनकाब, इस भारी लापरवाही के बारे मे जब ठक्व रुदौली से पूँछा गया तो वह टाल मटोल करने लगे और किसी भी सवाल का कोई जवाब नही दिए।

## बच्चों से भरी ऑटो को कार ने मारी टक्कर छह घायल

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। प्रयागराज हाईवे पर खजुरहट पेट्रोल पंप के पास मंगलवार सुबह स्कूली बच्चों से भरी ऑटो को विपरीत दिशा से आ रही कार ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो पलटने से रानी मानवती देवी शिक्षण संस्थान खजुरहट के करीब छह स्कूली बच्चे घायल हो गए। जानकारी के से टक्कर मार दी। जिससे आटो पलट गई और कुछ बच्चे सड़क पर गिर गए।हादसे में आटो चालक समेत आधा दर्जन बच्चे चोटहिल हुए हैं। गनीमत थी कि ऑटो की रफ्तार धीमी थी, वर्ना बड़ा हादसा हो सकता था। ऑटो में पांच से 12 साल के छोटे–छोटे बच्चे सवार थे। आसपास के लोग और कुछ अभिभावक मौके पर पहुंचे और बच्चों



अनुसार रोज की तरह विभिन्न गांवों से ऑटो चालक बच्चों को स्कूल लेकर जा रहा था। खजुरहट पेट्रोल पंप के पास मुख्य सड़क पर आते ही अयोध्या से सुल्तानपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार एक कार ने सामने को बाहर निकाला। बच्चों को मामूली चोटे आई है जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। कार सुल्तानपुर जिले की बताई जा रही है।

# भदोही में झोलाछाप चिकित्सकों की बैठक सम्पन्न

☒ झोलाछाप चिकित्सकों को सरकार से प्रशिक्षित करने की मांग

☒ झोलाछाप चिकित्सकों के समस्याओं को लेकर संगोष्ठी में हुई चर्चा

संवाददाता अयोध्या टाइम्स भदोही। गोपीगंज क्षेत्र के महावीर मंदिर के पास बुधवार को आत्मनिर्भर स्वास्थ्य कार्यकर्ता एसोसिएशन के तत्वावधान में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां पर डीघ ब्लॉक के संगठन के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के हितों को लेकर विस्तृत चर्चा की। और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, झोलाछाप चिकित्सकों के साथ मनमानी और चिटफंड कम्पनियों के पीडितों के साथ हुए ठगी को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र बिन्द ने संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह झोलाछाप चिकित्सक गांव में गरीब और कमजोर लोगों की सेवा करते है जबकि झोलाछाप चिकित्सकों को आये दिन तरह तरह की समस्याओं से दो चार होना पडता है। सुरेंद्र बिन्द ने मांग की कि झोलाछाप चिकित्सकों को सरकार प्रशिक्षित कराकर उनको भी सम्मान दिलाने का कार्य करें। कहा कि जिस तरह समाज की सेवा में झोलाछाप चिकित्सक आगे है वह एक मिशाल है। सुरेंद्र बिन्द ने कहा कि संगठन न केवल झोलाछाप चिकित्सकों के हितों के लिए कार्य करता है बल्कि चिटफंड कम्पनियों से पीड़ित लोगों के सहयोग के लिए भी तत्पर है। बैठक में कई क्षेत्र से आये लोग शामिल हुए और अपनी अपनी राय भी व्यक्त किया। बैठक में कई पदाधिकारियों को विभिन्न पदों की जिम्मेदारी भी दी गई। बैठक में चिकित्सक नेहा ने सरकार से मांग की कि झोलाछाप चिकित्सकों पर भी ध्यान दें और संभव हो सके तो चिकित्सकों को प्रशिक्षित कराकर प्रमाण पत्र जारी करें जिससे झोलाछाप चिकित्सक को भी सम्मान मिल सके। नेहा ने कहा कि झोलाछाप चिकित्सकों को स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य लोग भी परेशान करते है।

बैठक में भारी संख्या में संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कारगिल के शहीद जवानो को अर्पित की गयी श्रद्धांजलि



पवन कुमार अयोध्या। सैन्य शहीद स्मारक सेवा ट्रस्ट के द्वारा 26 जुलाई कारगिल विजय दिवस पर सैन्य शहीद स्मृतिका शहीद मंगल पान्डेय चौक पर आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मुख्या अतिथि जिला अधिकारी नीतिश कुमार ने पुष्प चक्र अर्पित कर कारगिल के शहीद जवानो को श्रद्धांजलि अर्पित किया तत्पश्चात् विशेष अतिथि कैपटन अनिरूद्ध शर्मा,जी0एस0टी0 सहायक कमीश्नर अभिनय सोनी नगर मजिस्ट्रेट सतेन्द्र सिंह सी0ओ0सीटी शैलेन्द्र सिंह, डॉ. विरेन्द्र वर्मा शिवाजी सिंह प्रबन्धक बैंक ऑफ बडौदा नियावा, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रीतम सिंह नत के साथ कारगिल शहीदो को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। संचलन आनन्द अग्रेहरी ने किया स्वगत कैपटन के0के0तिवारी तथा धन्यवाद डाक्टर रानी अवस्थी ने किया कैपटन जे0पी0 दिवेद्वी ने कारगिल युद्ध पर प्रकाश डाला साथ ही संस्थापक ओम प्रकाश सिंह नाहर ने सेन्य शहीद स्मारक के बारे में विस्तृत रूप से बताया। कारगिल विजय दिवस का आयोजन बैंक ऑफ बडौदा नियावा के प्रबंधक शिवाजी सिंह द्वारा किया गया सेना के जवानों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम मे सर्वप्रथम विकलांग जसराज यादव व लक्ष्मी वर्मा द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया साथ ही एम0बी0एकेडमी के बच्चो द्वारा राष्ट्रगीत प्रस्तुत किया गया एन0सी0सी0 के छात्रो द्वारा वहा पर प्रबंध व्यवस्था किया गया नगर निगम परिवर्तन दल के भूत पूर्व सैनिको का पूरा योगदान रहा इस कार्यक्रम मे कारगिल युद्ध वीरो व पुलिस के उत्पृष्ट कार्य करने वालो का कैप्टन जगदीश प्रसाद द्विवेदी, सूबेदार रामकेवल यादव, सूबेदार राजकुमार, सूबेदार अनिल कुमार सिंह, हवलदार रामानन्द यादव, हवलदार प्रदीप मिश्रा, हवलदार सुधाकर पाठक, हवलदार रामपाल यादव, नायक वजूद खान,ला0 नायक राकेश सिंह, श्री शैलेन्द्र सिंह,क्षेत्राधिकारी नगर, श्री शमशेर बहादुर सिंह,प्रभारी कोतवाली नगर, श्री आशीष चन्द्र त्रिपाठी,प्रभारी चौकी चौक, मुख्य आरक्षी,अवधेश कुमार पाण्डेय,चौका चौक, बैंक ऑफ बडौदा के आलोक सिंह सभी को सम्मान पत्र व शाल ओड़ाकर जिला अधिकारी महोदय द्वारा भी सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कैपटन के0के0तिवारी, कैपटन जे0पी0द्विवेदी, सूबेदार मेजर शिवशंकर सिंह, सूबेदार मेजर बी0के द्विवेदी, सूबेदार मेजर एम0के द्विवेदी,सूबेदार मेजर रामसुरेश वर्मा (कारगिल योद्धा) सूबेदार इतकाद हुसैन सूबेदार वी0के0 द्विवेदी सुबेदार ओम प्रकाश यादव, हवलदार, हवलदार मिर्जा मनसूर हुसैन, नायक रामाकान्त तिवारी, सरदार मंजीत सिंह ट्रस्ट के सचिल सरीम कबीन्द्र साहनी रूही खान, निशा खान, मोनिका सिंह नाहर तथा जिले के विद्यालय के अध्यापिका व छात्र उपस्थित रहे आदि उपस्थित रहे।

# ईडी की पूछताछ के विरोध में कांग्रेसियों ने किया सत्याग्रह

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी को पूछताछ के बहाने परेशान किए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने गांधी पार्क में सत्याग्रह किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री ने कहा भाजपा द्वारा लोकतांत्रिक मूल्यों को ताक पर रखकर संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा जो की बहुत ही शर्मनाक है। श्री खत्री ने कहा भारतीय जनता पार्टी सत्ता के मद में इस तरह अंधी हो गई है कि वह देश की आजादी की मिसाल बने एक अखबार की गौरव गाथा को बर्दाश्त नहीं कर पा रही और उस अखबार को निराधार तथ्यों के तहत विवादित करने का प्रयास कर रही। जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा महंगाई और भ्रष्टाचार से जनता का ध्यान हटाने के लिए भारतीय जनता पार्टी विपक्ष की नेता को परेशान करने का प्रयास कर रही है। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा नेशनल हेराल्ड जैसा मामला जिसमें एक बार सरकार द्वारा जांच करा कर क्लीन चिट दिए जाने के बावजूद दोबारा उस केस को खोलना भाजपा की गंदी सोच को दर्शाता है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा लगातार डॉलर के मुकाबले गिर रहे रुपए की चिंता तथा नव युवकों में बढ़ रही बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय भाजपा अनावश्यक के मुद्दों को हवा देने का प्रयास करती है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने तंज करते हुए कहा प्रवर्तन निदेशालय को कार्यवाही के लिए सिर्फ विपक्ष के नेताओं का घर दिखाई पड़ता है सत्ता पक्ष से उसे मलाई खाने को मिलती है इसलिए उस पर उसका कोई ध्यान नहीं जाता। भारतीय जनता पार्टी नाजीवाद तरीके से सरकार चलाने का प्रयास कर रही इसका कांग्रेस का हर कार्यकर्ता विरोध करता है और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष करने के लिए तैयार है। सत्याग्रह में प्रमुख रूप से एआईसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा ,पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र प्रताप सिंह, अब्दुल हकीम, छवि राज यादव ,राम अवध पासी, राम बहादुर सिंह ,राम अभिलाष पांडे ,रामकरण कोरी, सेवादल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा, डीएन वर्मा, उमेश उपाध्याय ,चंचल सोनकर पीपी पांडे ,डॉ राजकुमार मौर्य ,अशोक कनौजिया, रामनरेश मौर्य, उमेश उपाध्याय ,रोहित यादव, आशुतोष सिंह, द्वारिका पांडे आदि मौजूद रहे।

# एमआईसी इंद्राणी मिश्रा ने प्लास्टिक के प्रतिबंध पर बोरो कार्यालकय में की बैठक

सीतारामपुर। आसनसोल नगर निगम अंतर्गत कुल्टी बोरो कार्यालय में दुर्गा पूजा कमेटियों को लेकर सिंगल यूज पॉलिथीन का उपयोग ना करने को लेकर एक बैठक कुल्टी अंचल के पुजा समितियों के साथ की गई। बैठक की अध्यक्षता एम आई सी इंद्रानी मिश्रा द्वारा किया गया। मौके पर पार्षद बादल पुतन्डी, पार्षद जाकिर हुसैन, पार्षद सुमिता बाउरी सहित पूजा कमेटी के सचिव व अध्यक्ष उपस्थित रहे।

इस विषय में श्रीमती मिश्रा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 1 जुलाई से सिंगल यूज पॉलिथीन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। जिससे कि पर्यावरण को बचाया जा सके। जल्द ही दुर्गा पूजा सहित कई तहेवार आने वाले हैं। जिसको लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने हेतु नगर निगम द्वारा कई कार्यक्रम साथ ही रेलिया भी की जा रही है। वही पूजा समितियों को खासकर कहा गया है कि सिंगल यूज पॉलिथीन या थर्माकोल का उपयोग कतई ना करें और राज सरकार के साथ पर्यावरण को बचाने की मुहिम में साथ दें।

उन्होंने आगे कहा कि कोबिड के नियम को मानते हुए बड़े पूजा



कमेटियों को ही बुलाया गया था। वहीं निगम के द्वारा सभी पूजा कमेटियों को या आदेश दिया जा रहा है कि सिंगल यूज पॉलिथीन का उपयोग ना ही पंडाल में करें ना करने दें।

# नगर पंचायत के सीमा विस्तार की मांग

संवाददाता अयोध्या टाइम्स

शासन ने बोर्ड का प्रस्ताव नगर पंचायत से मांगा गया था, बोर्ड में सीमा विस्तार के बारे में प्रस्ताव नही किया। जबकि नगर की सीमा से सटे गावों को नगर में सम्मिलित किया जाए तो नगर का विकास होगा, शासन भी आवादी के हिसाब से विकास के लिए धन देता है।

नगर पंचायत सुरियावां की कुल आवादी 2011 की जनगणना के अनुसार 18480 है। दस वर्ष बीत गए अब लगभग 25 हजार के करीब हो गई है। नगर के नागरिक व विशिष्ट जन चाहते है कि नगर की सीमा का विस्तार किया जाय। नगर पंचायत क्षेत्र की सीमा से सटे ग्राम मनापुर व अभियारोड के उत्तर व दक्षिण स्थित बस्ती मनापुर, पावर हाउस के पाश , सीएचसी के पाश, नलकूप कालोनी के पास तक, ग्राम पंचायत महुआपुर का चौथार बाजार व आंशिक मलेपुर को, ग्राम पंचायत कुसौड़ा व ग्राम झिंगटपुर, ग्राम पंचायत विहियापुर व ग्राम कपुरीपुर आंशिक एवं ग्राम पंचायत कैड़ा के बावन बीघा तालाब के पाश बस्तियो को एव भीमसेनपुर के दक्षिण आंशिक बस्ती आदि को नगर की सीमा के अंदर सम्मिलित करके विस्तार करना अत्यंत आवश्यक है। जब नगर का सीमा बिस्तार होगा तो नगर की जनसंख्या भी बढ़ेगी शासन से विकास के लिए धन भी अधिक मिलेगा। और नगर पालिका भी बनाया जा सकता है। उक्त गावो बस्तियो का विकास भी तेज होगा। भवन व दुकाने भी हो गई है किंतु विकास नही हो पा रहा है। ईओ सुश्री सोनल जैन ने जानकारी में बताया कि बोर्ड की बैठक जुलाई व मई में और हर माह नियमानुसार होती है। बोर्ड की बैठक में सीमा विस्तार विषय पर कोई प्रस्ताव नही किया गया है। नगर सुरियावां के वरिष्ठ बीजेपी कार्यकर्ता अवधेश कुमार उमर वैश्य ने कहा कि उक्त इंगित गावो को नगर पंचायत की सीमा से सटे है उसको सम्मिलित कर नगर विस्तार कर विकास करना जरूरी है। इनका कहना है कि नगर पंचायत अध्यक्ष समाजवादी पार्टी का है नागरिकों की मांग को दबाया जा रहा है। इसीलिए शासन की मांग पर भी बोर्ड से सीमा विस्तार के बारे में प्रस्ताव नही किया गया। मूलचंद गुप्ता नामित सदस्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बीजेपी की सरकार है। यहां के बीजेपी कार्यकर्ताओं नागरिकों की सुनवाई इस नगर पंचायत में नही सुनी जाती है। सीमा विस्तार के लिए जिलाधिकारी महोदया स्वयं सज्ञान लेकर नगर पंचायत सीमा विस्तार के बारे में खुली बैठक कर सीमा विस्तार के लिए अविलम्ब निर्णय लिया जाए। सभासद बीजेपी शिव प्रसाद उपाध्याय का कहना है कि उक्त उल्लिखित गावो को नगर में सम्मिलित कर सीमा विस्तार किया जाए। संतोष जायसवाल ने कहा कि जब तक सिमा विस्तार कर नगर में सम्मिलित नही किया जाएगा तब तक नगर से सटे गावो व नगर का विकास नही होगा। जनसंख्या बढ़ेगी तो शासन भी विकास के लिए धन देगा। इस नगर के चेयरमैन बिजेपी के कार्यकर्ताओं की समस्याओं को नही सुनते हैं। नगर की पंचायत में बोर्ड की बैठक फर्जी का आरोप लगाया। नगर के जतन गुप्ता ने कहा कि सीमा विस्तार नगर का चेयरमैन नही चाहते है। जिला प्रशासन हस्तक्षेप कर नागरिकों की जनभवावनाओ को समझकर खुली बैठक अपनी अध्यक्षता में कराकर सीमा विस्तार कराए। जिससे विकास को गति मिले।

## रचनात्मक नोनिया संयुक्तसंघ बर्दवान जिला कार्यसमिति की नई कमिटी बनाई गई



सीतारामपुर। रचनात्मक नोनिया संयुक्त संघ की बर्दवान जिला कार्यसमिति की घोषणा बुधवार को प्रदेश प्रभारी अमित कुमार चौहान द्वारा किया गया। जिसमें 30 लोगो की नई कमेटी बनाई गई है। जिसमें अध्यक्ष कुंदन प्रसाद नोनिया को नियुक्त किया गया है, वहीं उपाध्यक्ष अमरदीप प्रसाद नोनिया, उपाध्यक्ष अशोक नोनिया व सचिव लक्ष्मण नोनिया, संयुक्त सचिव शंकर चौहान मुख्य सलाहकार रोमित नोनिया कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत नोनिया को नियुक्त किया गया है।

अमित कुमार चौहान ने कहा कि काफी विचार विमर्श कर पश्चिम बर्दवान कमेटी में युवाओं को स्थान देते हुए नई समिति की घोषणा की गई है ।उन्होंने आगे कहा कि समिति द्वारा समाज को एकत्रित करने, अपनी समिती को मजबूत बनाने हेतु कार्य किए जाएंगे। ताकि हमारा समाज संगठित ओर शिक्षित हो सके।

## आकाशीय बिजली गिरने से 3 लोगों की मृत्यु पर डीएम ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए 4 - 4 रूपये लाख की दी आपदा सहायता राशि

संवाददाताअयोध्या टाइम्स भदोही। जनपद भदोही में आकाशीय बिजली गिरने से 3 लोगों की मृत्यु पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए तत्काल दैवीय आपदा कोष से सहायता राशि उपलब्ध करवाया। राहत आपदा प्रभारी ध्अपर जिलाधिकारी (वि. ध्रा.) शैलेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि 25 जुलाई सोमवार को बारिश के दौरान शाम आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक 33 साल की महिला श्रीमती कुसुम यादव निवासी जंगलपुर, तहसील ज्ञानपुर व 12 वर्षीय किशोर जिलाजीत यादव ग्राम लक्ष्मनिया तहसील औराई एवं 26 जुलाई को 70 वर्षीय बुजुर्ग श्री हरिशंकर सरोज निवासी ग्राम रयां तहसील भदोही की मृत्यु हो गई थी। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के निर्देश के क्रम में तत्काल रू. 4 – 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दिवंगतों के परिजनों को उपलब्ध करा दी गई हैं तथा आकाशीय बिजली की चपेट में आए सभी घायलों का समुचित उपचार किया जा रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

बीकापुर,अयोध्या। कोतवाली क्षेत्र के पिपरी जलालपुर तिराहा के पास प्रयागराज हाईवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से शुक्लहिया पातूपुर निवासी करीब 45 वर्षीय परमानंद शुक्ला पुत्र हरिनारायण की हुई दर्दनाक मौत। मंगलवार रात करीब 10:30 बजे की बताई जा रही है घटना, पैदल सड़क पार करते समय हुआ हादसा। सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव अंत्य परीक्षण के लिए भेजा। सड़क हादसे पर प्रधान प्रतिनिधि मुकुल आनंद, नीरज शुक्ला, पूर्व प्रधान राजेश



कुमार वर्मा सहित तमाम लोगों द्वारा जताई गई गहरी शोक संवेदना। बताया कि मृतक के परिवार में पत्नी नीलम के अलावा हैं दो नाबालिग बच्चे। सबके परवरिश की मृतक के ऊपर थी जिम्मेदारी। युवक की मौत से परिवार में मचा कोहराम। वहीं दूसरी तरफ सड़क दुर्घटना में हुई मौत की खबर मिलते बीकापुर कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक दिवाकर पुलिस टीम के साथ पहुंच कर इलाज के लिए बीकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने देखते हैं मृत घोषित कर दिया। उप निरीक्षक दिवाकर के द्वारा पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्राली को मारी टक्कर, एक की मौत, छह घायल

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। सावन झूला मेला से श्रद्धालुओं को लेकर लौट रही ट्रैक्टर–ट्राली को मंगलवार देर रात एक ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें एक श्रद्धालु की मौत हो गई जबकि छह घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा हाईवे पर अबू सराय के पास हुआ। सभी श्रद्धालु बाराबंकी जिले के थाना फतेहपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं।जानकारी के अनुसार बाराबंकी के फतेहपुर थाने के गांव बनार का पुरवा के रहने वाले मंगलवार को अयोध्या सावन झूला मेला में दर्शन के लिए आए थे। देर रात जब लौटने लगे तो अयोध्या दृ लखनऊ हाइवे पर एक ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें सात श्रद्धालु घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया।जहां गंभीर होने पर जगन्नाथ पुत्र स्वर्गीय नाभूती प्रसाद को लखनऊ रेफर किया गया लेकिन उसकी मौत रास्ते में हो गई। जबकि घायलों में कपिल वर्मा, सूरजलाल चौहान, अवधेश कुमार वर्मा, प्रमोद कुमार, बैजनाथ वर्मा, धीरज कुमार चौहान शामिल हैं। सभी बाराबंकी के फतेहपुर थाना क्षेत्र के बनार का पुरवा के निवासी हैं। बताया जाता है कि ट्रैक्टर ट्राली पर 27 लोग सवार थे।

## छावनी क्षेत्र में तेंदुए का खौफ दिन-रात हो रही पेट्रोलिंग

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। कैंट थाना क्षेत्र के छावनी इलाके में जंगली जानवर के पदचिह्न मिलने के बाद वन विभाग पूरी सतर्कता से काम कर रहा है। पूरे इलाके में तीन पिंजड़े लगाए गए हैं, जबकि जांच में जुटी टीम दिन–रात पेट्रोलिंग कर रही है। इधर, शहर भर में एक दहशत सी है कि कैंट में तेंदुआ आ गया है। हालांकि वन विभाग अभी भी तेंदुए की पुष्टि नहीं कर रहा है। छावनी की



सड़कों पर बुधवार को भी सन्नाटा पसरा दिखा।उप प्रभागीय वनाधिकारी कृपानाथ सुधीर ने बताया कि वह लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं। तीन रेस्क्यू रिस्पांस टीम बनाई गई है। सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक, 2 से रात 10 तक और रात 10 से सुबह 6:00 तक पेट्रालिंग हो रही है। पेट्रोलिंग टीम को रेस्क्यू रिस्पांस वाहन भी उपलब्ध कराया गया है। हर शिफ्ट के बाद पेट्रोलिंग टीम से रिपोर्ट भी ली जा रही है। क्षेत्र में तीन पिंजड़े लगाए गए हैं। पिंजड़ों में मांस का लोथड़ा लटकाया गया है, ताकि जंगली जानवर पकड़ में आ सके।तीन दिन पहले ही छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी यशपाल सिंह की ओर से पत्र जारी कर महात्मा गांधी मार्ग मीरनघाट के समीप किसी तेंदुए के पदचिह्नों के निशान मिलने का अलर्ट जारी किया गया था। इसे लेकर सतर्कता की अपील जारी की गई थी। तब से अभी तक लोग दहशत में हैं। आस–पास के इलाके के लोग रात में घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं।रामनगर कोलियरी सेल के लएकडीह खुली खदान से रिंकी देवी नामक महिला की मिली शव

## रामनगर कोलियरी सेल के लएकडीह खुली खदान से रिंकी देवी नामक महिला की मिली शव

बराकर। कुल्टी थाना के बराकर फांड़ी अंतर्गत रामनगर सेल कोलियरी के लयिकडीह खुली खदान के जलासय में मंगलवार की रात्रि एक महिला की तैरती लाश को बराकर पुलिस ने बरामद किया था। वार्ड 70 के केंदुआ बाजार के घनश्याम साव की पत्नी रिंकी देवी के नाम से मृतक महिला की




पहचान पुलिस ने की। घटना मंगलवार की रात्रि सात बजे के आसपास खदान के बगल से कुछ स्थानीय लोगो ने परितक्या खदान में तैरती लाश को देखा जिसकी सूचना बराकर पुलिस को दी गई। बराकर पुलिस मौके पर पहुच शव को अपने कब्जे में कर आसनसोल जिला अस्पताल अंतः परीक्षण के लिए भेजा। मिली जानकारी के अनुसार घरेलू कुछ कारणों के कारण रिंकी देवी परेशान बताई जाती रही है। जहा बताया जाता है कि रिंकी देवी अपनी बेटी की शादी रांची धौड़ा के अनुज साव के नाती से की थी। जहा अपनी बेटी की बिदाई को लेकर मृतक ने ससुराल वालों से बातचीत की। जहा ससुराल वालों ने कहा कि आप सुबह ले जाये साम को पहुचा दे। जहा रिंकी कुछ दिनों के लिए अपनी बेटी को अपने पास रखना चाहती थी। इस प्रकार का मामला सामने दिखाई पड़ रहा है। मामले को लेकर पुलिस जांच में जुटी है।

## बराकर में कारगिल युद्ध मे शहीद हुए जवानों को याद कर तृणमूल ने कारगिल दिवस मनाया

बराकर। कारगिल युद्ध के दौरान शहीद हुए जवानों की याद में कारगिल दिवस का आयोजन कर वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देकर याद किया गया। मंगलवार की रात्रि बराकर बैगुनिया मोड़ स्थित विद्यासागर की मूर्ती के सामने तृणमूल युवा समाज एवं स्थानीय युवाओं को लेकर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धा अर्पित किया। इस दौरान तृणमूल युवा नेता



सुब्रतो भादुड़ी ने अपनी ओर से वीर सैनिकों को श्रद्धा अर्पित करते हुए कहा की आज के दिन हमलोग हर वर्ष कारगिल दिवस के रूप में मनाते है। जो विजय हमारे वीर योद्धा सैनिकों के बलिदान से मिला। इस दौरान पार्टी के एससी एसटी मोर्चा ब्लोक अध्यक्ष दीनानाथ दास, समीर घोष सहित कई सदस्य शामिल थे।

# कोसी गांधी चिकित्सालय में स्वास्थ्य जाँच केंद्र का शुभारंभ

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। कोसीकला नगरपालिका परिषद द्वारा गांधी चिकित्सालय में स्वास्थ्य एवं जांच परामर्श केंद्र का शुभारंभ किया गया जिसमें आंखों की जांच रोजाना की जाएगी एवं अन्य बीमारियों का इलाज के लिए प्रतिदिन अलग–अलग डॉक्टरों द्वारा किया जाएगा कार्यक्रम का



शुभारंभ पालिका अध्यक्ष द्वारा गणेश जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। कोसीकला का गांधी चिकित्सालय देखी के कारण अपना अस्तित्व खो चुका था लेकिन लगभग 20 साल बाद पालिका अध्यक्ष नरेंद्र कुमार गुर्जर को उसकी सुध आई और चिकित्सालय की बिल्डिंग का जीर्णोद्धार करा कर दोबारा से जिंदा किया गया मंगलवार की दोपहर कल्याण करोति एवं कोसी के प्रतिष्ठित डॉक्टरों के सहयोग से स्वास्थ्य एवं जांच परामर्श केंद्र का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष नरेंद्र कुमार गुर्जर एवं डॉ अनिल अग्रवाल डॉक्टर सर्वजीत शर्मा डॉक्टर जगदीश प्रसाद अग्रवाल ने गणेश जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया गया पालिका अध्यक्ष द्वारा आगंतुकों का माला दुपट्टा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया वही सभी विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अस्पताल में 1 दिन बैठने एवं उपचार करने की जिम्मेदारी ली वही पालिका अध्यक्ष नरेंद्र कुमार गुर्जर ने बताया कल्याण करोति के प्रतिष्ठित डॉक्टर एवं उनकी टीम द्वारा हफ्ते में 6 दिन आंखों का इलाज किया जाएगा वही कल्याण करोति के डॉ अविनाश कुमार द्वारा मंगलवार को खांसी बुखार जुखाम एवं एलर्जी का इलाज निशुल्क किया जाएगा नगर पालिका परिषद के मुख्य लेखाकार जोगिंदर शर्मा ने बताया प्रतिदिन किसी ना किसी बीमारी का उपचार करने के लिए एक डॉक्टर प्रतिदिन उपस्थित रहेंगे वही चिकित्सालय में होम्योपैथिक आयुर्वेदिक के डॉक्टर भी रोजाना उपस्थित रहेंगे अस्पताल पहुंचने के बाद मरीजों को 10 का पर्चा बनवाकर रजिस्ट्रेशन कराना होगा उन्हीं 10 में जांच कर दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी जानकारी देते हुए डॉ भरत ने कहा की अमर जेंसी सुविधा के लिए फोन करने पर चिकित्सालय में तत्काल उपस्थित रहेंगे कल्याण करोति मथुरा के टीम एक–एक दिन अपनी सेवाएं देगी जिसमें दिनेश सिंह फार्मासिस्ट अमित कुमार सहायक के रूप में डॉ लक्ष्मण शर्मा उपस्थित रहेंगे । यह जानकारी पालिका अध्यक्ष नरेंद्र कुमार गुर्जर ने दी।

# मथुरा द्वारा साइबर ठगी से बचने हेतु आम-जनमानस के लिए संदेश

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। किसी भी कम्पनी का कस्टमर केयर नम्बर उस कम्पनी के आधिकारिक वेवसाइट से ही प्राप्त करें। कोई भी बैंक अधिकारी फोन पर कभी भी आपसे एटीएम खाते क्रेडिट कार्ड अन्य से सम्बन्धित जानकारी नहीं मांगता इसलिए कभी भी फोन काल पर अपने बैंक से सम्बन्धित जानकारी शेयर ना करें। किसी भी QR कोड से पेमेंट लेते देते समय यह अवश्य चेक करें कि फत कोड पेमेंट लेने वाला है या देने वाला है। किसी भी प्रकार का साइबर क्राइम होने पर हेल्पलाइन नम्बर 1930 या साइबर सैल मथुरा के अधिकारिक मोबाइल न0





7839003501 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराये। खाते में KYC अपडेट कराने के लिये बैंको द्वारा कभी भी किसी से व्यक्तिगत जानकारी/OTP/CVV/ पिन नम्बर नही मांगा जाता है। फोन पर आने वाली कॉल पर रिश्तेदार बनकर बातें करने वाला व्यक्ति फ्राड़ हो सकता है, अतः आप अपने कॉनटेक्ट लिस्ट मे पहले से आपके द्वारा सेव किये गये नम्बर पर कॉल कर पहले उससे पुष्टि कर ले।अपने फोन पर किसी भी अन्जान व्यक्ति/ कथित कस्टमर केयर अधिकारी के द्वारा आपके मोबाइल पर भेजे गये लिंक के माध्यम से कोई भी एप्प इंस्टाल न करें न ही किसी प्रकार के लिंक पेमेंट रिक्वेस्ट को ओपन करें। साइबर जागरुकता ही साइबर बचाव है।

# अभाविप ने किया बी.एस.ए. डिग्री कॉलेज में वृक्षारोपण

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 75वें वर्ष में प्रवेश करने पर पूरे देशभर में एक करोड़ वृक्ष लगाए जाने का महाअभियान चलाया जा रहा है जिसके निम्मित बुद्धवार को अभाविप मथुरा के कार्यकर्ताओं द्वारा बी.एस.ए. डिग्री कॉलेज में वृक्षारोपण किया गया। महाविद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने अभाविप के इस महाअभियान की सराहना करते हुए कहा कि अभाविप द्वारा चलाया जा रहा वृक्षारोपण अभियान बहुत ही प्रशंसनीय है। वर्तमान समय में पर्यावरण की स्थिति को देखते हुए वृक्ष लगाना और उसकी देख–भाल करना हर व्यक्ति का कर्तव्य है ब्रज प्रांत उपाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष विधिशास्त्र डॉ. एस. के. राय ने बताया कि अभाविप मथुरा तीन हजार वृक्षमित्र बनाएगा और प्रत्येक वृक्षमित्र दस वृक्ष रोपित करेगा एवं एक मित्र की भांति उसकी देख भाल करेगा। उन्होंने कहा कि जिले के भिन्न भिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण कर वृक्षमित्र तैयार किए जाएंगे। अभियान में विभाग संगठन मंत्री दिव्य भारद्वाज, जिला विस्तारक गौरव यादव, महानगर विस्तारक निर्दोष यादव, बीएसए अध्यक्ष निशांत ठाकुर, बीएसए उपाध्यक्ष नयन शर्मा, नगर



मंत्री कृष्णाचार्य, भावना शर्मा, गरिमा शर्मा, रवि प्रताप, गोपाल ठाकुर,राजीव चौधरी, चंचल, करिश्मा, निशा, हेमलता, अंजली, मोहिनी आदि कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

# बुंदेलखंड विश्व विद्यालय डिग्री सेमेस्टर परीक्षाएं हुई शुरू

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो कालपी कॉलेज कालपी परीक्षा केंद्र में बुधवार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में शुरू हो गई। बुधवार को पहले दिन आधा दर्जन विधार्थियों ने परीक्षा



छोड़ दी। महाविद्यालय में बुधवार को प्रथम पाली में बीए समाजशास्त्र द्वितीय वर्ष, बीएससी द्वितीय वर्ष, गणित की परीक्षाएं संचालित की गई। प्राचार्य व केंद्र प्रभारी डॉ.सूर्य नारायण सिंह के अनुसार नकलविहीन परीक्षाएं कराने के लिए वरिष्ठ शिक्षिक डॉ. सोम चौहान की अगुवाई में आंतरिक उड़नदस्ता दल गठित किया गया। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा आयोजित की जा रही है। उप प्राचार्य डॉ.सुधा गुप्ता ने बताया कि मधुटंडन महिला महाविद्यालय, गफूर खां महाविद्यालय कदौरा के 639 विधार्थियों ने कालपी महाविद्यालय में परीक्षा केंद्र में परीक्षा दी जा रही है। 27 जुलाई से 10 अगस्त तक परीक्षाएं आयोजित की जाएगी।

# मथुरा वृंदावन के वृंदावन जोन के समस्त पार्षद गणों के साथ वृंदावन कार्यालय में बैठक की गयी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। मा0 महापौर डा0 मुकेश आर्यबन्धु जी एवं नगर आयुक्त श्री अनुनय झा जी द्वारा नगर निगम मथुरा–वृन्दावन के वृन्दावन जोन के समस्त पार्षदगणों के साथ वृन्दावन कार्यालय में बैठक की गयी है। बैठक में मा0 महापौर महोदय एवं नगर आयुक्त महोदय द्वारा उपस्थित सभी पार्षदगणों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

1–बैठक में उपस्थित पार्षदगणों द्वारा सीवर लाइन चौक, सीवर लाइन क्षतिग्रस्त होने से जल भराव की समस्या उत्पन्न होने की शिकायत की गयी, जिसके सम्बन्ध में नगर आयुक्त महोदय द्वारा उ0प्र0 जल निगम मथुरा के अवर अभियंता एवं नगर निगम जलकल विभाग के अवर अभियंता के साथ विस्तृत चर्चा की गयी। चर्चा उपरान्त नगर आयुक्त महोदय द्वारा जल निगम मथुरा एवं जलकल विभाग के अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि आगामी 30 दिनों में मथुरा–वृन्दावन में मौहर्रम, हरियाली तीज, स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आदि महत्वपूर्ण पर्व मनाये जाने हैं। उक्त पर्वों पर किसी भी प्रकार की लीकेज एवं जल भराव की समस्या न होने पाये। यदि ऐसा पाया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध निलम्बन की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। पार्षद द्वारा हरवंश नगर में सीवर ओवर फ्लो का मुद्दा उठाया गया, जिस पर नगर आयुक्त महोदय द्वारा उ0प्र0 जल निगम आगरा के मुख्य अभियंता से वार्ता की गयी, जिसमें मुख्य अभियंता द्वारा कहा गया कि अवर अभियंता के द्वारा प्रभावी कार्यवाही करायी जायेगी।

2–वृन्दावन जोन के पार्षदगणों द्वारा स्वीकृत कार्यों को समय से पूर्ण कराये जाने एवं क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण कराये जाने की मांग की गयी। नगर आयुक्त महोदय



द्वारा अधिशासी अभियंता सिविल को निर्देशित किया गया कि स्वीकृत कार्यों को समय से पूर्ण कराये साथ ही वार्डों में क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण तत्काल कराया जाये।

3–पार्षदगणों द्वारा स्ट्रीट लाइट की मांग की गयी, जिस पर नगर आयुक्त महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि जल्द ही सभी वार्डों में एक–एक सोलर लाइट लगायी जायेगी।

बैठक में श्री राधाकृष्ण पाठक जी, श्री पूर्णप्रिय भारती, श्री पवन यादव जी, श्री लीलाधर ठाकुर, श्री पंकज अरोडा, श्री मुन्नालाल निषाद, श्री राजेश पंण्डित, श्री राहुल अधिकारी, पार्षद प्रतिनिधि उत्तम वघेल, श्री सत्येन्द्र कुमार तिवारी, अपर नगर आयुक्त, श्री क्रान्तिशेखर सिंह अपर नगर आयुक्त, श्री वियज नारायण मौर्य महाप्रबंधक जल, श्री एस0पी0 मिश्र अधिशासी अभियंता सिविल, श्री रिजवान अहमद अधिशासी अभियंता ट्रेफिक, श्री शिवकुमार गौतम मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, श्री हरिकिशन गुप्ता कर अधीक्षक, श्री रामानन्द त्यागी क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी, श्री श्रीगोपाल वशिष्ठ प्रधान लिपिक आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा माननीय श्रीमती सोनिया गांधी जी को जानबूझकर बार-बार पूछताछ के लिए बुलाया जाने के विरोध में आज मथुरा जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन पर सत्याग्रह किया गय



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा । जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने जिला मुख्यालय पर प्रवर्तन निदेशालय (ED) द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा माननीय श्रीमती सोनिया गांधी जी को जानबूझकर बार बार पूछताछ के लिए बुलाएं जाने के विरोध में आज जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर सत्याग्रह किया गया । कांग्रेसी के कार्यकर्ताओं के हाथो में कांग्रेस पार्टी के झंड थे व मोदी – योगी सरकार मुर्दाबाद के नारे जोर शोर से लगाए।

महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से दिया। जिसमें मोदी सरकार द्वारा सीबीआई व प्रवर्तन निदेशालय (ED) का दुरुपयोग करने पर महामहिम राष्ट्रपति महोदय से मोदी सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति सासन लगाने की मांग की है। जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है तभी से अपने जनविरोधी फैसलों के लिए विख्यात है जनविरोधी नोटबंदी जीएसटी किसान विरोधी बिल अग्नीपथ भाजपा सरकार द्वारा बनाए गए तथा लगातार 1 साल तक चले किसान आंदोलन के कारण किसान विरोधी बिल को मोदी सरकार द्वारा वापस लेना पड़ा व सभी संस्थाओं को बेचा जा रहा है जिसके विरोध में माननीय श्रीमती सोनिया गांधी जी माननीय राहुल गांधी जी व माननीय श्रीमती प्रियंका गांधी जी ने जनता के साथ जोर शोर से सड़कों पर उतर कर आंदोलन किया था।

जनता व कांग्रेस पार्टी की आवाज को दबाने के लिए जानबूझकर कभी सीबीआई कभी प्रवर्तन निदेशालय (ED) द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा माननीय श्रीमती सोनिया गांधी जी को नेशनल हेराल्ड के झूठे केस में बार बार बुलाए जा रहा है जो फाइल 2015 में बंद हो गई थी जिसको बार–बार खौलकर माननीय श्रीमती सोनिया गांधी जी को परेशान किया जा रहा है जिसके विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेंगी। आंदोलन में प्रमुख रूप से भाग लेने वाले नीलेश जादौन , प्रवीन ठाकुर, नरेश पाल सिंह जसावत , सतीश शर्मा, अशोक शर्मा , ठाकुर राजेंद्र कुमार वशिष्ठ , अश्विनी शर्मा, बंटी गौतम,अश्विनी शुक्ला, नरेश कश्यप, कृष्ण कुमार शर्मा , मनोज कुमार शर्मा , सीमा देवी, आदर्श शर्मा , अर्पित सक्सेना , विवेक पाराशर, ठाकुर बिहारी लाल , बृजेश शर्मा, रामभरोसी चौधरी , कीर्ति कौशिक , विनोद आर्य, समीम अब्बासी , हरिओम उपाध्याय , राजपाल चंदेल, हांजी कयूम कुरेशी , संजीव वर्मा , सलमान खान, रोशन लाल, दीपक पाठक , सचिन गुप्ता , ठाकुर मुकेश सिसोदिया, प्रेम नारायण शर्मा, विजय कुमार, विनय बंसल, धर्मेंद्र सोलंकी, विजय वीर पूनिया, नवाब अब्बासी , हरिदत्त शर्मा , डीपी शुक्ला , शाहरुख खान मोहम्मद यासीन खान, हसमत सिद्दीकी, सुरेंद्र शर्मा, अजय उपाध्याय , राजेंद्र गुर्जर, अतुल गौतम , किशोर पवार , अभिषेक कनौजिया,आदि सैकड़ो कांग्रेसियों ने भडचढ़कर भाग लिया।

# मथुरा मे सार्वजनिक सड़कों का खुलेआम निजी उपयोग में लिया जा रहा है मथुरा नगर निगम की बहुत बड़ी लापरवाही अतिक्रमण हटाने मे मथुरा नगर निगम का दिखावा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो मथुरा। आज जहां देखो वहां पर अतिक्रमण नजर आता है चाहें सड़क पर या गलियों में हो चाहें शहर की पॉष कॉलोनियां ही क्यों न हों, हर जगह किसी न किसी रूप में अतिक्रमण किया दिखाई देता है। कोई समरसेविल के लिए पाइप डाल देता है तो कोई गाडी चढाने के लिए रेम्प का निर्माण कर रहा है कहीं क्रेसर पड़ा है या बिल्ड़िग मैटेरियल का सामान पड़ा या फिर ईंटों का चट्टा ही लगा दिया गया है। सार्वजनिक सड़कों का खुले आम निजी उपयोग में लिया जा रहा है कॉलोनियों में कोठियों के बाहर सड़क पर अतिक्रमण कर फुलवारी लगा दी गई है वृक्षारोपण कर हरियाली करने के नाम पर सार्वजनिक सड़कों पर अतिक्रमण करना अब लगता है फैषन बन गया है। अतिक्रमण



करने वालों पर इसका कोई असर नहीं पड़ता कि इससे किसी को कोई परेषानी हो रही है। इसी आषय की शिकायत मथुरा–वृन्दावन नगर निगम के वार्ड 36 के मिथलेश नगर कॉलोनी, दामोदरपुरा, औरंगाबाद, मथुरा के निवासी प्रहलाद पाण्डेय ने प्रदेष के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से की है। पोर्टल पर की गई षिकायत में श्री पाण्डेय ने कहा है कि विगत एक वर्ष से शान्ति नगर निवासी राजकुमार पुत्र किशन पाल द्वारा भवन निर्माण कार्य हेतु ईटों का चट्टा मुख्य मार्ग पर नाली के ऊपर रखा हुआ है, जिसके कारण नाली के पानी की निकासी में बाधा उत्पन्न हो रही है। नाली से निकलने वाला गन्दा पानी सड़क पर वह रहा है जिससे स्थानीय लोगों को भी आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार आग्रह करने पर भी ईटों का चटटा उक्त व्यक्ति द्वारा नहीं हटाया गया है। हर स्तर पर षिकायत करने पर भी कोई काम न बना तो मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी षिकायत की गई है तथा नगर निगम, मथुरा को भी अवगत कराया गय है।

इस प्रकार से सरकारी सम्पत्ति पर अवैध अतिक्रमण कर उसका दुरूपयोग किया जा रहा है।

# बिजली विभाग की मनमानी को लेकर एक बड़े आंदोलन की जरूरत




☒ आगरा एमडी ऑफिस पहुंचे भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा,आगरा। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजपाल शर्मा जी ने कहा प्रदेश में जिस तरह बिजली को लेकर हाहाकार मचा हुआ है किसी से छुपा नहीं है इसे देखते हुए एक बड़े आंदोलन की जरूरत है। आज 27 जुलाई को बिजली की समस्याओं को लेकर एमडी ऑफिस पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा ने कहीं। बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री बुद्धा सिंह प्रधान प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड सिकंदरा कार्यालय पर हर माह की 27 जुलाई को हो रही बैठक में प्रबंध निदेशक को अवगत कराने के बाद भी समस्याओं का ठीक से निराकरण नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग किसानों के साथ ज्यादा छेड़छाड़ ना करें अन्यथा किसान एमडी कार्यालय को घेरने पर मजबूर होंगे। प्रदेश प्रवक्ता श्री गजेंद्र सिंह परिहार ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि अब माह की 27 तारीख की जगह माह 5 तारीख को एमडी कार्यालय पर आगरा मंडल, अलीगढ़ मंडल, कानपुर मंडल, झांसी मंडल, चित्रकूट मंडल, बांदा मंडल, के सभी जिला अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक हुआ करेगी। बैठक में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार व नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह चाहर का जिला अध्यक्ष आगरा राजवीर लवानिया जिला अध्यक्ष मथुरा देवेंद्र सिंह रघुवंशी जिला अध्यक्ष मैनपुरी रूपेंद्र सिंह शाक्य जिला महासचिव फिरोजाबाद ने जोरदार स्वागत किया। पंचायत की अध्यक्षता बाबा मानसिंह चहार तथा संचालन जिला अध्यक्ष आगरा राजवीर लवानिया ने किया।

पंचायत में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष बुद्धा सिंह प्रधान, प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार, प्रदेश सचिव तिलक सिंह राजपूत, प्रदेश सचिव ओमप्रकाश सिंह, जगदीश सिंह परिहार, मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह चाहर, मंडल अध्यक्ष अलीगढ़ विमल तोमर, युवा मंडल अध्यक्ष आगरा विपिन यादव, गजेंद्र सिंह गावर, चौधरी धर्मेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, राजवीर लवानिया, देवेंद्र सिंह रघुवंशी, रूपेंद्र शाक्य, राम कुमार चौधरी, रघुराज सिंह, ओपी कमांडो, कृपाल सिंह फौजदार, नत्थू सिंह ढाकरे, कोमल सिंह बघेल, राकेश कुशवाहा, महाराज सिंह, सावित्री चाहर, आशा सचदेवा, अजीत यादव, जय वीर सिंह यादव, तेजवीर सिंह परिहार, रमेश तोमर, राजेश राजपूत, छोटे लाल वर्मा, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## उद्योग व्यापार मंडल जनपद जालौन एवं गल्ला व्यापार संघ की एक आवश्यक बैठक स्थान स्वयंवर गेस्ट हाउस राठ रोड़ उरई में संपन्न हुई बैठक में व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को भी रखा गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। आज उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जनपद जालौन एवं गल्ला व्यापार संघ की एक आवश्यक बैठक स्थान स्वयंवर गेस्ट हाउस राठ रोड़ उरई में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री डॉ दिलीप सेठ एवं गल्ला व्यापार समिति के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप माहेश्वरी जी उपस्थित रहे ।बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन संतोष गुप्ता एवं गल्ला व्यापार संघ के अध्यक्ष श्रवण कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में वक्ताओं ने बताया कि प्रदेश के गल्ला व्यापारियों की फूड सेफ्टी विभाग के लाइसेंस से संबंधित समस्या दो–तीन बरस से चल रही थी। जिसको लेकर व्यापार मंडल के जालौन के एक प्रतिनिधि मंडल ने विगत 2 वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड में जाकर प्रदेश के गल्ला व्यापारियों की समस्याओं को डॉ दिलीप सेठ जी जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता जी के नेतृत्व में जाकर बोर्ड के समक्ष रखा था। जिसमें व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने एक प्रतिवेदन देकर यह बताया था कि फूड सेफ्टी एक्ट 2006 में फार्मर एवं फिसर को बाहर रखा गया है । उन्होंने कहा कि जब किसान उत्पादक है और वह फूड सेफ्टी एक्ट की व्यवस्था से बाहर है इसलिए गल्ला व्यापारियों के ऊपर लाइसेंस की अनिवार्यता बनाए रखना नितांत असंवैधानिक है और गलत है चूंकि प्रदेश की समस्त गल्ला मंडी प्राइमरी फूड के परिभाषा में आती है, इसलिए इनको लाइसेंस की अनिवार्यता नहीं है इसके बाद भी गलत तरीके से शासन और प्रशासन विधि विरुद्ध शासनादेश जारी कर गल्ला व्यापारियों को फूड लाइसेंस लेने को दबाव बना रहा है प्रतिनिधि मंडल द्वारा इस संबंध में रखी गई समस्या को व्यापारी कल्याण बोर्ड की बैठक में पूरी गंभीरता से लिया गया था। व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य के रूप में डॉ दिलीप सेठ ने व्यापारियों की मांग का समर्थन करते हुए कहा था कि नियम विरुद्ध इस तरह की व्यवस्था प्रदेश में नहीं चलेगी उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन देते हुए कहा था कि इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदिनाथ को इस मामले में अवगत करा कर समस्या का निराकरण कराया जावेगा।



व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री डॉ दिलीप सेठ के प्रयास के बाद अब इस संबंध में फूड सेफ्टी कमिश्नर अनीता सिंह ने एक सर्कुलर संख्या 3568 20 जुलाई 2022 को जारी कर प्रदेश के सभी सहायक आयुक्तध्अभिहित अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर स्पष्ट निर्देश दे दिए हैं कि गल्ला मंडी एवं सब्जी फल व प्राइमरी फूड के लाइसेंसध्रजिस्ट्रेशन फूड सेफ्टी विभाग में गल्ला मंडी एवं सब्जी फल व प्राइमरी फूड के लिए लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन की अनिवार्यता पर रोक लगाई गई है। इस पर व्यापारियों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई तथा उत्तर प्रदेश शासन के प्रति आभार व्यक्त किया गया। बैठक में प्रदेश मंत्री श्री हरिओम बाजपेई मण्डल कोषाध्यक्ष अखिलेश गुप्ता, मनीष शंकर अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, अरुण त्रिपाठी, लखन लाल चंदिया, श्रीमती प्रीति बंसल, श्रीमती सीमा गर्ग, श्रीमती चित्रा गुप्ता, श्रीमती शांति गुप्ता, श्रीमती संगीता पाठक, श्रीमती निशा राजपूत, राघवेंद्र गुप्ता रानू, संदीप तिवारी, प्रदीप द्विवेदी, मनोज पोरवाल, बलवीर सोनी, रवि सोनी, नवाज खान, श्याम किशोर बुधौलिया, जितेंद्र गेंडा, श्याम गुप्ता, सुधीर पुरवार, पवन मोदी, रघुवीर नगाइच, हरिओम शिवहरे, प्रदीप गुप्ता, बजरंगी, बलवीर इटोदिया, प्रवीण बजाज, श्याम जी सोनी, पप्पू ठाकुर टिमरो, शसंजय अग्रवाल, बासु त्रिपाठी, साजिद भाई, रंजीत सरदार, बृजकिशोर गुप्ता, सुधीर टिकरिया, गोविंद विजपुरिया, छोटे इटोदिया, उदय सिंह टिमरो, रविन्द्र राजपूत, राकेश गुप्ता, सुरेश चंद्र गुप्ता कुसमिलिया, अनूप लखोटिया, राकेश गिरथान, अरविंद पटेरिया, संजय रावत, अवध द्विवेदी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## ग्राम विकास अधिकारी ने ग्राम का किया निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो कोंच जालौन। नदीगांव बिकास खण्ड के ग्राम पंचायत तीतरा खलीलपुर के मजरा खेड़ा ग्राम के निबासियों द्वारा पंचायत मित्र द्वारा सरकारी जगह पर कब्जा कर लेने की शिकायत जिलाधिकारी जालौन से की गई थी जिसके अनुपालन में दिन बुधवार को खण्ड बिकास



अधिकारी गौरव कुमार ने मजरा खेड़ा का स्थलीय निरीक्षण कर बरसात का पानी न निकलने पर एक जगह पर शोकता बनबाकर पानी उसी में डाले जाने का निर्देश दिया और नाली व नाला निर्माण जल्द से जल्द किये जाने की बात कही जिससे ग्रामीणों व पंचायत मित्र की आपसी सहमति हो गयी वहीं बिकास खण्ड अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय आंगनवाड़ी केंद्र पंचायत भवन का निरीक्षण करते हुए निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी कार्य की लापरवाही नहीं की जाएगी और अगर ऐसा होता है तो कड़ीं कार्यवाही अमल में लायी जाएगी पंचायत भवन निरीक्षण के दौरान पंचायत सहायक ने दो माह से बेतन न मिलने की बात बिकास खण्ड अधिकारी को बताई तो उन्होंने पंचायत सहायक के खाते में दो माह का बेतन जल्द जल्द पहुंचाने के लिए निर्देशित किया वहीं मौके पर मौजूद सफाई कर्मियों को भी लापरवाही न बरतने के लिए कड़े निर्देश दिए इस दौरान सचिव प्रशांत दुबे प्रधान प्रतिनिधि महेश सिंह परिहार सहित तमाम ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## आसनसोल बाजार में जर्जर भवन को निगम ने किया ध्वस्त

आसनसोल। आसनसोल बाजार इलाके में एक पुराने और जर्जर भवन को खतरनाक स्थिति में होने के कारण नगर निगम द्वारा मंगलवार की रात ध्वस्त किया गया। नगर निगम के कानूनी सलाहकार सुदीप्त घटक के मौजूदगी में यह अभियान चलाया गया। सुदीप घटक ने कहा कि यह भवन अधिक पुराना है और काफी जर्जर स्थिति में था। कुछ समय पहले इसका कुछ हिस्सा टूटकर गिर भी गया था। जिसके बाद मकान मालिक द्वारा लगातार इस



भवन को ध्वस्त करने की मांग की जा रही थी। इसे लेकर उन लोगों ने नगर निगम में आवेदन भी किया था जिसके बाद निगमायुक्त के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। नगर निगम द्वारा पश्चिम बंगाल नगर निगम कानून के तहत यह कार्रवाई की गई है।

## मेरे बचपन की बारिश बड़ी हो गयी

ऑफिस की खिड़की से जब देखा मैने,मौसम की पहली बरसात को३.
काले बादल के गरज पे नाचती, बूँदों की बारात को३
एक बच्चा मुझसे निकलकर भागा था भीगने बाहर३
रोका बड़प्पन ने मेरे, पकड़ के उसके हाथ को३!
बारिश और मेरे बचपने के बीच एक उम्र की दीवार खड़ी हो गयी३
लगता है मेरे बचपन की बारिश भी बड़ी हो गयी।।
वो बूँदें काँच की दीवार पे खटखटा रही थी३
मैं उनके संग खेलता था कभी, इसीलिए बुला रही थी..
.पर तब मैं छोटा था और यह बातें बड़ी थी३
तब घर वक्त पे पहुँचने की किसे पड़ी थी३
अब बारिश पहले राहत, फिर आफत बन जाती है३
जो गरज पहले लुभाती थी,वही अब डराती है३.
मैं डरपोक हो गया और बदनाम सावन की झड़ी हो गयी३
लगता है मेरे बचपन की बारिश भी बड़ी हो गयी..
जिस पानी में छपाके लगाते, उसमे कीटाणु दिखने लगा३
खुद से ज्यादा फिक्र कि लॅपटॉप भीगने लगा३

पत्रकार सुमित सिंह

## भाजपा विधायक नें सड़क का किया शिलान्यास 99 लाख की लागत से बनेगा मराछी से तक की सड़के

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पाण्डेय

गोरेयाकोठी,सिवान। ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा शीर्ष–अनुरक्षण नीति 2018 (3054 MR) के तहत मंगलवार को देर शाम गोरेयाकोठी के भाजपा विधायक श्री देवेश कान्त सिह ने लकड़ी नबीगंज व गोरेयाकोठी प्रखंड को जोड़ने वाली अतिमहत्वपूर्ण सड़क स045–स042 से मराछी बोर्डर इंदौली (मराछी से तैयाडुमरी होकर मुसेहरी )तक 3. 650 किलोमीटर 99.09846 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया स इस अवसर ग्राम मराछी में आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री ने बताया कि सड़क जर्जर हो जाने के कारण आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था स मेरे पिताजी दिवंगत विधायक भूमेन्द्र नारायण सिह के द्वारा उक्त सड़क का निर्माण कराया गाया था स पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि समाप्त हो जाने काफी लंबे समय से सड़क टूट रही थी स हमने प्रयास करके उक्त सड़क पुनर्निमाण कराने के लिए ग्रामीण कार्यविभाग के मंत्री व सचिव से अनुरोध किया जिसके फलस्वरूप सड़क का अब पुनर्निमाण होगा स मेरा प्रयास अपने कार्यकाल के पाँच सालो में क्षेत्र की सभी सड़को का कायाकल्प करना स जनसेवा के साथ सर्वागीण विकास ही मेरा ध्येय व प्रथम प्राथमिकता है स जनता के



विश्वास पर कभी आँच नही आने दूंगा देव्तुलय जनता ही भगवान है ,जनता ही मेरी मालिक है स उन्होने जानकारी उपस्थित जनसमूह को जानकारी दिया की मेरा क्षेत्र के विकास के लिए एक लंबी सड़क का प्रयास जा रही है मीरगंज से सतरघाट पथ को स्टेट हाईवे घोषित करने को लेकर जो 58.50 किलोमीटर लंबी सड़क है जो मीरगंज,बड़हरिया,जामो बजार, ईमिलिया मोड़,हरदिया मोड़,दीघावा दुबौली,भगवानपुर से सततरघाट को जाएँगी जो पाँच जिले को जोडती है स इस पथ के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन से मिलकर ग्रामीण कार्य विभाग से हस्तांतरित करते हुए पथ निर्माण विभाग में शामिल कर SH घोषित कर पथ का निर्माण कराने का अनुरोध किया स जिसपर पथ निर्माण विभाग ने करवाई करते पथ का अध्त्न फिज्बिलिटी रिपोर्ट तैयार कर लिया है। उम्मीद है कि उक्त SH घोषित हो जाएगा स उन्होने बताया कि लकड़ी नबीगंज प्रखंड की सारी जीर्ण शीर्ण हुई सारी सड़को का पुनर्निमाण एवं नए सड़को का निर्माण कराने के लिए लगातार प्रयत्नशील हूँ जल्द ही सिकटिया से पचहतर,डुमरा सेंटर होते हुए जलालपुर तक सड़क का भी निर्माण होना है। कार्यक्रम में ,लकड़ी नबीगंज भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री जितेंद्र सिह,मुखिया प्रतिनीधि रामकिशोर सिह,मुखिया संघ के अध्यक्ष रामकुमार सिह,जिला पार्षद रमेश सिह,जिला पार्षद प्रतिनीधि त्रिभुवन सिह, प्रमोद कुमार तिवारी ,सोनू सिह अखिलेश पांडेय, मनोज कुमार सिह, श्याम किशोर तिवारी,देवेंद्र गिरी,सत्येंद्र सिह, मृत्युजय सिह ,रामानुज सिह, तारकेश्वर सिह, कनीय अभियंता अजीत कुमार , उपेंद्र शाह, मुकेश कुमार ,सहित अन्य उपस्थित रहे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटहा साहिट की छात्रा का फूटा सिर तो अभिभावक ने मचाया तांडव

संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर! विद्यापति प्रखंड के कष्टहारा गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटहा साहिट में दिन बुधवार 27–07–2022 को कक्षा 4 की छात्रा शिखा कुमारी पिता शिव शंकर सिंह जो ग्राम खान मिर्जापुर के निवासी है उनकी पुत्री रोजाना की तरह उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटहा साहिट में पढ़ने गई और मध्यान भोजन के बाद सभी छात्र छात्राएं स्कूल के मैदान में खेल रहे थे। उसी क्रम में शिखा कुमारी वर्ग 4 की छात्रा एवं उसी स्कूल में पढ़ने वाले 1 छात्र जिसके बारे में कोई पुष्टि अभी तक नहीं की गई।उसे धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया जिससे शिखा कुमारी का सर फूट गया जिसके कारण सिर से खून भी निकलने लगा वही अज्ञात लड़का अपना कॉपी किताब लेकर स्कूल से रफूचक्कर हो गया। शिखा कुमारी रोती हुई अपने घर पहुंची तो अपने बच्चे की सिर फूटा देखकर माता–पिता के पैरों तले जमीन खिसक गई। शिखा कुमारी के पिता शिव शंकर कुमार सिंह ने इसकी जानकारी आसपास में देते हुए स्कूल पर आ कर देखा तो स्कूल के प्रभारी महोदय, सुबोध मल्लिक ममता मैडम पूनम मैडम की उपस्थिति थी। बाकी बचे 2 शिक्षक, मनोज सर एवं प्राण सर स्कूल से गायब मिले साथ ही शिव शंकर कुमार सिंह जी के द्वारा शिक्षा विभाग के बी ई ओ साहिबा को भी इसकी जानकारी दी गई इसी क्रम में शोरगुल के कारण बच्चे का पठन – पाठन भी बाधित रहा । सूचना को पाकर प्रखंड के ठम्व् साहिबा शबनम जी करीब 2 घंटे बाद आकर मामला को शांत किया




और और आगे से ऐसा गलती ना हो, इसका सख्त निर्देश दिया।वहीं मौजूद कुछ लोगों का कहना है कि यहां की खिचड़ी वाली महिला जो खानमिर्जापुर निवासी है, उसके द्वारा बच्चों के साथ मिड डे मील का खाना देने के क्रम में दुर्व्यवहार एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जाता है। साथ ही सभी ग्रामीणों की ओर से भी ठम्व् साहिबा से आग्रह किया गया कि यहां कक्षा आठवीं तक में प्रधानाध्यापक को जोड़कर मात्र 5 शिक्षक शिक्षिका की यहा पर योगदान है।

जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई एवं देखरेख में कमी होने के कारण आए दिन इस तरह की कई वारदात हो चुकी है। मौके पर साहिट पंचायत के भाभी मुखिया पति सुजीत कुमार सिंह, उर्फ लाल बाबू सिंह, आर जे डी नेता रमेश प्रसाद सिंह, पूर्व उप सरपंच संतोष सिंह, अजीत कुमार सिंह, पशुपति सिंह, बबन सिंह, बृजनाथ महतो, फुलेंद्र पासवान, प्रभात सिंह, पुतुल सिंह आदि की उपस्थिति थी।

## जलयात्रा व महावीरी आखाड़ा में विधि व्यवस्था/सफाई व चिकित्सा सुविधा हेतु विहिप बजरंग दल के शिष्टमंडल ने अनुमंडल पदाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा

दैनिक अयोध्या टाइम्स पश्चिम चंपारण बेतिया। विहिप बजरंग दल के शिष्टमंडल ने जिला मन्त्री रमण गुप्ता के नेतृत्व में अनुमंडल पदाधिकारी से मिलकर आगामी 1 अगस्त तीसरी सोमवारी को कालीबाग से निकलने वाली भव्य जलयात्रा हेतु आवश्यक सुविधाओं हेतु मांगपत्र सौंपा, वहीं 2 अगस्त नागपंचमी को होने वाली महावीरी आखाडा मेला हेतु मेला स्थल की साफ सफाई, आखाड़ा रूट में सुरक्षा, चिकित्सा,एम्बुलेंस, व अन्य आवश्यक सुविधाओ हेतु मांगपत्र सौंपा। जिला मंत्री रमण गुप्ता ने बताया बजरंग दल हर वर्ष आखाड़ा समितियों व खिलाड़ियों को अपने शौर्य सम्मान मंच पर सम्मानित करता है इस वर्ष भी सभी आखाडा समिति, लाइसेंसधारी व सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ीयो को सम्मानित करेंगे ।

इसी निमित हमने जिला प्रशासन से मिलकर आवश्यक सुविधाओं की मांग की ताकि खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो । जिलाध्यक्ष निरज कुमार व जिलाकोषाध्यक्ष सुजित सोनी तथा जिलासंयोजक सोनू कुमार ने आह्वान किया की जितने भी आखाड़ा समिति हैं वो अपने नजदीकी थाने में संपर्क कर आखाडा निकालने हेतु लाइसेंस की



प्रकिया पूरी करें अगर कोई परेशानी हो तो तुरंत विहिप बजरंग दल के जिलाकार्यालय से सम्पर्क कर मदद ले सकते हैं।

# बिजली महोत्सव का हुआ आयोजन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

मोतिहारी। संपूर्ण भारत वर्ष में स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है । इसके उपलक्ष्य में विद्युत,नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (डपदपेजतल व िच्वूमत) के सहयोग से छज्च्ब,कांटी के तत्वावधान में एम एस कॉलेज, सभागार , मोतिहारी में बिजली महोत्सव का भव्य आयोजन में , मुख्य अतिथि, श्री प्रमोद कुमार, माननीय मंत्री,गन्ना उद्योग एवं विधि विभाग, बिहार सरकार के द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया । केंद्र और राज्य के सहयोग से विद्युत क्षेत्र में हुए विभिन्न उपलब्धियों को मनाने के लिए बिजली महोत्सव को एक मंच के रूप में इस्तेमाल किया गया । इस दौरान विशेष तौर पर केंद्र सरकार की ओर से बिजली क्षेत्र में हासिल किए गए प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया. जिसमें में कुछ उल्लेखनीय उपलब्धियां (भ्पहीसपहीजे) निम्न प्रकार हैरू – बिजली उत्पादन क्षमता 2014 में 2,48,554 मेगावाट से बढ़कर आज 4,00,000 मेगावाट हो गई है, जो हमारी मांग से 1,85,000 मेगावाट ज्यादा है.– भारत अब अपने पड़ोसी देशों को बिजली निर्यात कर रहा है.– पूरे देश को एक ग्रिड में जोड़ने के लिए 1,63,000 सीकेएम ट्रासमिशन लाइनें जोड़ी गईं, जो एक फ्रीक्वेंसी से संचालित हो रही है. लद्दाख से कन्याकुमारी तक और कच्छ से म्यांमार तक यह दुनिया के सबसे बड़े एकीकृत ग्रिड के रूप में उभरा है। इस ग्रिड का इस्तेमाल करके हम देश के एक कोने से 1,12,000 मेगावाट बिजली पहुंचा सकते हैं। हमने COP–21 में वचन दिया था कि 2030 तक अक्षय ऊर्जा स्रोतों से हमारी उत्पादन क्षमता का 40 फीसदी पहुंच जाएगा. हमने यह लक्ष्य शेड्यूल से 9 साल पहले नवंबर 2021 में ही हासिल कर लिया है.– आज हम अक्षय ऊर्जा स्रोतों से 1,63,000 मेगावाट से भी अधिक बिजली पैदा करते हैं.– हम दुनिया में अक्षय ऊर्जा क्षमता तेज गति से स्थापित कर रहे हैं.– 2,01,722 करोड़ रुपये के कुल लागत के साथ हमने विद्युत वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ किया है. पिछले पांच वर्षों में बिजली के आधारभूत संरचना के तहत कई कार्यों को पूरा किया गया है. इनमें 2,921 नए सब–स्टेशन बनाना, 3,926 सब–स्टेशन का विस्तार, 6,04,465 सीकेएम एलटी लाइन स्थापित करना, 2,68,838 11 केवी एचटी लाइनें स्थापित करना, 1,22,123 सीकेएम कृषि फीडरों का फीडर पृथक्करण और स्थापना आदि शामिल है.– 2015 में ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की उपलब्धता औसतन 12.5 घंटे था, जो अब बढ़ कर औसतन 22.5 घंटे तक हो गया है.–सरकार द्वारा बिजली उपभोक्ताओं के अधिकार के तहत नियम,2020 पेश किया गया। इसके तहतयप. नए बिजली कनेक्शन प्राप्त करने की अधिकतम समय सीमा अधिसूचित की गई है। पप. उपभोक्ता अब रूफ टॉप सोलर को अपना सकते हैं. पपप. समय पर बिलिंग सुनिश्चित की जाएगी. पअ. मीटर संबंधी शिकायतों को दूर करने के लिए समय–सीमा अधिसूचित किया गया। राज्य नियामक प्राधिकरण अन्य सेवाओं के लिए समयसीमा अधिसूचित



करेगा अप. उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए DISCOMs द्वारा 24X7 कॉल सेंटर स्थापित किया जाएगा. – वर्ष 2018 में सिर्फ 987 दिनों में गांव (18,374) में 100 फीसदी विद्युतीकरण हासिल किया.– 18 महीनों में 100 फीसदी घरेलू विद्युतीकरण (2.86 करोड़) लक्ष्य हासिल किया. जिसे दुनिया का सबसे बड़ा विद्युतीकरण अभियान माना गया। सौर पंपों को अपनाने के लिए शुरू की गई योजना जिसके तहतद् केंद्र सरकार 30 फीसदी सब्सिडी देगी और राज्य सरकार 30 फीसदी सब्सिडी देगी. इसके अलावा, 30 फीसदी ऋण सुविधा उपलब्ध होगी। पूरे देश में मनाया जा रहा यह महोत्सव Ujjwal Bharat Ujjwal Bhavishya–Power / 2047 के तहत पूरे देश में बिजली महोत्सव के तौर पर मनाया जा रहा है।

इसका उद्देश्य बिजली क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सार्वजनिक जनभागीदारी और विकास में जमीन से जुड़े लोगों को इसमें सम्मिलित होना सुनिश्चित करना है। इस मौके पर बड़े पैमाने पर आसपास के गणमान्य व्यक्तियों को भी बिजली से हो रहे विकास से अवगत कराया गया । पिछले कुछ वर्षों में बिजली क्षेत्र के अभूतपूर्व वृद्धि पर अपनी राय खुल कर रखी.यह देखना सुखद रहा कि कार्यक्रम के दौरान कई लाभार्थियों ने अपने व्यवहारिक अनुभव आदि साझा किए । आगंतुकों और मेहमानों को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक और विद्युत क्षेत्र पर बनी लघु फिल्मों का स्क्रीनिंग आदि के माध्यम से प्रेरित किया गया । इस अवसर पर श्री राणा रंधीर सिंह, माननीय विधायक मधुबन, भाजपा जिलाध्यक्ष, प्रकाश अस्थाना,ए डी एम पूर्वी चम्पारण पवन कुमार सिन्हा, श्री नीतेश कुमार, जिला नजारत शाखा पदाधिकारी ,श्रीमती पुष्पा कुमारी वरीय उप समाहर्ता , डीपीआरओ पूर्वी चम्पारण, गुप्तेश्वर कुमार,जिला नोडल अधिकारी उपेंद्र प्रसाद सुमन, अधीक्षण अभियंता गौतम गोविंदा, एवं विद्युत आपूर्ति अंचल, मोतिहारी तथा NTPC कॉंटी के अधिकारीगण मौजूद थे। उक्त आशय की जानकारी विद्युत अधीक्षण अभियंता गौतम गोविंदा ने दी।

## बाढ़ मे बड़ा हादसा, उमानाथ मंदिर के घाट पर गंगा नदी में डूबे एक ही परिवार के 4 लोग



नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या दैनिक टाइम्स बिहार शरीफ (नालंदा) बाढ़। अनुमंडल से एक बड़ी खबर सामने आई है। जहां उमानाथ मंदिर के घाट से हृदय विदारक और दुःखद घटना हुई है। जहां बुधवार को बाढ़ के उमानाथ मंदिर के घाट पर बरबीघा से शुद्धिकरण स्नान के लिए आए चार लोग स्नान करने के क्रम में गंगा नदी में डूब गए। सबसे ज्यादा दुःखद बात ये है कि डूबने वाले सभी शख्स 40 वर्षीय मुकेश, 26 वर्षीय आभा जो नर्स थी, 16 साल की सपना जो पिछले साल 10वीं की परीक्षा दी थी तथा 14 वर्षीय हर्ष, जो नौवीं कक्षा का छात्र था, एक ही परिवार के थे। बताया जा रहा है कि शुद्धिकरण स्नान के लिए परिवार के कुल 22 लोग वाहन रिजर्व करके बाढ़ के उमानाथ मंदिर आए थे। एक–एक करके चारों डूबते रहे और लोग देखते रहे। किसी भी व्यक्ति ने गंगा नदी की तेज धारा में डूब रहे शख्स की जान बचाने की हिम्मत नहीं की, क्योंकि उनके पास संसाधनों की कमी थी। इस प्रकार एक एक करके सभी गंगा नदी में समाहित हो गए। चारों के डूबने की खबर पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई और आसपास के लोग वहां हजारों की संख्या में जमा हो गए। स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और डूबने वाले शख्स की तलाश शुरू कर दी। खबर लिखे जाने तक किसी का अता पता नहीं चल पाया था। एक ओर प्रशासन डूबने वाले लोगों के शरीर को खोजबीन करने में जुटी है, वहीं परिवार वालों के बीच कोहराम मचा हुआ है तथा उनका रो–रोकर बुरा हाल है। बता दें कि स्थानीय लोगों के शिकायत है कि उमानाथ के घाट पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से किसी प्रकार के उपाय प्रशासन के द्वारा नही किए जा रहें हैं।

उनका कहना है कि उमानाथ के घाट पर भी हरिद्वार,प्रयागराज और बनारस की तरह ही जंजीर का बैरिकेटिंग लगाकर पुख्ता इंतजाम किए जाने चाहिए और स्थाई रूप से एक बचाव दल की टीम, चाहे वह एसडीआरएफ की टीम हो या एनडीआरएफ की, यहां पर व्यवस्था की जानी चाहिए।विदित हो कि पिछले कुछ दिनों में दर्जनों लोग गंगा नदी में डूबने के शिकार हो चुके हैं। हालांकि प्रशासन के लिए हिदायत दी गई है कि सावधानी पूर्वक स्नान करें और गहरे पानी में नहीं जाए,लेकिन दूर दूर से आने वाले श्रद्धालुओं को इस बात का पता नहीं होता है कि कहां पर कितना गहरा पानी है और धोखे से गहरे पानी में चले जाते हैं, जिसके कारण डूबकर उनकी मौत हो जाती है।हालांकि स्थानीय पूर्व पार्षद संजू देवी ने बताया कि पिछली बार कुछ स्थानीय लड़कों ने डूबते हुए दो शख्स की जान बचाई थी, जिसके बाद बचानों वालों के साथ ही मारपीट के गयी। इसलिए इस बार कुछ स्थानीय लोग उसे बचाने के लिए नहीं कूदे। हालांकि कुछ लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। बता दें कि डूबने वाले लोग शेखपुरा जिला के बरबीघा के रजौला गांव के हैं। डूबने वाले शख्स मुकेश कुमार के भाई प्रमोद कुमार ने बताया कि मां के मृत्यु के बाद श्राद्ध क्रिया पूर्ण होने के बाद शुद्धिकरण के लिए गंगा स्नान के बाद मंदिर में पूजा पाठ करने हेतु आए थे। उन्होंने बताया कि पहले जब उनकी 16 वर्षीय भतीजी जब डूबने लगी, तो उनके पिता, भाई व एक महिला तीनों बचाने के लिए गए थे, परंतु वो भी उनके साथ साथ डूब गए।

## आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'उज्जवल भारत उज्जवल पावर /2047 महोत्सव का आगाज आज स्थानीय जिला परिषद सभागार में किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

मुजफ्फरपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत उज्जवल भारत उज्जवल पावर /2047आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत उज्जवल भारत उज्जवल पावर /2047 महोत्सव का आगाज आज स्थानीय जिला परिषद सभागार में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री रामसूरत राय,कुढ़नी विधायक डॉक्टर अनिल सहनी, विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह ,जिला जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष,जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी,अधीक्षण अभियंता, नोडल पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित महोत्सव का शुभारंभ किया गया। महोत्सव का आगाज आज स्थानीय जिला परिषद सभागार में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री रामसूरत राय,कुढ़नी विधायक डॉक्टर अनिल सहनी, विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह ,जिला जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष,जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी,अधीक्षण अभियंता, नोडल पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित महोत्सव का शुभारंभ किया गया। माननीय मंत्री श्री राम सूरत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार और केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयास से आज विद्युत के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन नजर आता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विद्युत विभाग की कई महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से करते हुए एक तरफ जहां आम लोगों के घरों में विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है वही किसानों एवं उद्यमियों के लिए निर्बाध विद्युत की आपूर्ति वरदान साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि जन हितैषी केंद्र व प्रदेश सरकार अपने विकासात्मक योजनाओं से जन–जन को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के संकल्प ष्हर घर बिजलीष की उपलब्धता की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ कार्य करते हुए जन आकांक्षाओं मूर्त रूप दिया गया है।उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मियों की भी भूरी –भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में उपस्थित जिला अधिकारी प्रणव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आज के तारीख में हर गांव अपनी तरक्की की कहानी स्वयं बयान करता है। आज भारत के हर ग्राम को विद्युतीकरण द्वारा रोशन किया गया है। उन्होंने कहा कि बिजली



केवल एक ही नहीं अपितु सभी क्षेत्रों में अनिवार्य है।अगर बात जहां शिक्षा की हो या स्वास्थ्य की या चाहे उद्योग की तो सभी क्षेत्र को इससे लाभ मिला है। इसके पूर्व अधीक्षण अभियंता पंकज राकेश एवं नोडल पदाधिकारी संजीत कुमार ने अपने संबोधन में विधुत के क्षेत्र में जिले की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सार्वभौमिक घरेलू विद्युतीकरण, ग्राम विद्युतीकरण ,,विद्युत वितरण प्रणाली एवं सशक्तिकरण ,नवीनीकरण अक्षय ऊर्जा ,कैपेसिटी एडिशन, वन नेशन वन ग्रिड, उपभोक्ताओं के अधिकार इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम में उपस्थित कुढ़नी विधायक डॉ अनिल सहनी एवं विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह तथा चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष तथा अन्य वक्ताओं ने भी इस संबंध में अपने विचार रखे। नोडल अधिकारी ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य अधिक से अधिक जनभागीदारी एवं बिजली के क्षेत्र में हुए विकास को अधिक से अधिक लोगो तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लाभुकों ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार बिजली उनके जीवन में एक वरदान की तरह कार्य करती है। आज की जीवनशैली से जुड़ी हुई हर छोटी से छोटी बिजली के उपकरणों का इस्तेमाल करके हम अपने जीवन यापन को कितना सुगम बना सकते हैं। साथ ही हमारे बच्चे की शिक्षा में भी अब कोई बाधा नहीं होती है। उन्होंने कहा कि बिजली से हमारे गांव और घरों में खुशहाली का माहौल है। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के द्वारा विद्युत के महत्व ,इसके उपयोग एवं विद्युत विभाग की विभिन्न उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। वहीं स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया।

## नगर के दस वार्डो में सरकारी विद्यालय नहीं, दूसरे वार्ड में जाते हैं बच्चे

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। सरकार प्रारंभिक शिक्षा को सुव्यवस्थित करने के लिए नित नए प्रयास कर रही है। विद्यालय भवन निर्माण से



लेकर सभी तरह की व्यवस्था को उपलब्ध कराने के लिए काफी राशि खर्च कर रही है। इसके बाद भी निचले स्तर पर कई ऐसी कमी है जिसके चलते शिक्षा व्यवस्था खराब हो जा रही है। कुछ इसी तरह का हाल भभुआ नगर में शिक्षा व्यवस्था का है। भभुआ नगर में प्रारंभिक शिक्षा की व्यवस्था काफी खराब है। नगर में 25 वार्ड हैं। इनमें दस वार्डों में सरकारी विद्यालय नहीं है। इसके चलते इन वार्डों के बच्चों को दूसरे वार्ड में पढ़ने के लिए जाना पड़ता है। इसका कारण है कि वार्डों में भूमि नहीं मिल रही है। भूमि नहीं मिलने के चलते सरकारी विद्यालय नहीं बन पा रहा। जबकि भूमि चिह्नित करने का प्रयास काफी पूर्व से हो रहा है, लेकिन अब तक भूमि नहीं मिल पाई। इन दस वार्डों के अभिभावक अपने बच्चों की शिक्षा को लेकर काफी चिंतित नजर आ रहे हैं। जबकि नगर के 15 वार्डों में स्कूल संचालित हो रहा है। हालांकि यहां स्कूल तो संचालित हो रहे हैं लेकिन इनमें बच्चों का नामांकन काफी कम है। 15 वार्डों में मात्र 3262 बच्चे ही नामांकित हैं। बता दें कि जिले के हर गांव में बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## अंतिम संस्कार में शामिल होने घाट पहुंचे व्यक्तिकी बाइक हुई चोरी

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या दैनिक टाइम्स बिहार शरीफ (नालंदा)। बाढ़ के उमानाथ से सटे सती स्थान गंगा घाट पर का दाह संस्कार करने पहुंचे नालंदा जिला के कतरी डीह नालंदा निवासी कारू सिंह का मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। पीड़ित कारू सिंह ने बताया कि वह अपने साली के दाह संस्कार में आए हुए थे और घाट के पास मोटरसाइकिल लॉक कर दिया था। जिसे अज्ञात चोरों ने चुरा ब्लू और ब्लैक ग्लैमर मोटरसाइकिल जिसका नंबर BR21V-6260 है जिसकी लिखित शिकायत बाढ़ थाना में किया।

## वाहन चेकिंग के दौरान तीन शराबी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

साकेत राज दैनिक अयोध्या टाइम्स बेलछी बेलछी प्रखंड अंतर्गत सकसोहरा थाना क्षेत्र के सकसोहरा पुल के पास वाहन चेकिंग के दौरान तीन शराबी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया! एसआई रंजीत



कुमार ने बतलाया फिर वाहन चेकिंग के दौरान तीन शराबी नशे में धुत पाए गए उसमें अशोक माली उमेश राम सिकंदर बिंद को सकसोहरा पुल के पास से गिरफ्तार किया तीनों को जेल भेजने की तैयारी हो रही है!

## 31 जुलाई 2022को होगा कवि सम्मेलन सह मुशायरा का आयोजन

(जितेन्द्र कुमार राय संवाददाता अयोध्या टाइम्स साहेबगंज मुजफ्फरपुर)

साहेबगंज। नर्मदेश्वर प्रसाद चौधरी संयोजक , नटवर साहित्य परिषद श्री नवयुवक समिति भवन सरैयागंज , मुजफ्फरपुर ने अपनी सम्पर्क नंबर 9334115649,9117850946 के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कवि सम्मेलन का कार्यक्रम में भाग लेने हेतु सादर आमंत्रण जारी करते हुए कहा है की मान्यवर ,मुजफ्फरपुर शहर की सबसे पुरानी संस्थान श्री नवयुवक समिति के साहित्यिक इकाई नटवर साहित्य परिषद की ओर से श्री नवयुवक समिति के सभागार ( शहीद भगवान लाल स्मारक भवन ) में दिनांक 31 जुलाई 2022 , रोज रविवार को संध्या 4.30 बजे से मासिक कवि सम्मेलन सह मुशायरा का आयोजन किया गया है। इस कवि सम्मेलन सह मुशायरा में आप सभी कवि व कवयित्री गण , पत्रकार बंधु ,प्रेस प्रतिनिधि, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधि एवं श्रोता गण सादर आमंत्रित हैं। ज्ञातव्य हो कि नटवर साहित्य परिषद की ओर से लगभग 17 वर्षों से लगातार प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को कवि सम्मेलन , मुशायरा सह सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता रहा है। आप सभी मित्रों से पुनः विनम्र अनुरोध है कि इस समारोह में शामिल हो कर इस सम्मेलन को सफल बनाने में हमारी मदद करें । इसके लिए नवयुवक समिति परिवार आपका सदा आभारी रहेगा ।विशेष अनुरोध कृपया मास्क पहनकर एवं कोरोना सम्बंधी नियमों का पालन अवश्य करें।

## के वाई पी प्रशिक्षण के लिए मच्छपकौनी पंचायत में 150 छात्र एवं छात्रा ने कराया नॉमकंन

वीरेन्द्र कु. सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढ़ी। जिला के परिहार प्रखण्ड के बेला मछपकौनी पंचायत मे बिहार सरकार की युवा कौशल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बिहार सरकार कई योजना के बारे में जानकारी दी गयी। बिहार सरकार के सात निश्चय योजना अंतर्गत आर्थिक हल युवाओ को बल के अंतर्गत के युवाओं के लिए राज्य



सरकार की अभूतपूर्व पहल शुरू की गयी है जिसमे मुख्यमंत्री निश्चय स्व सहायता भत्ता इस योजना मे 20 से 25वर्ष के बेरोजगार युवक युवतियों को 24000 की सहायता राशि की जाती है। बिहार स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड योजना इस योजना के तहत सरकार की गारंटी पर इंटर से आगे की पढ़ाई करने के लिए 4लाख तक की शिक्षा ऋण उपलब्ध कराई जाती है। युवा कुशल कार्यक्रम इस योजना के अंतर्गत मेट्रिक पास पिछला वर्ग सामान्य वर्ग के सभी बच्चों को किशल परिशिक्षण दिया जाता है मछपकौनी पंचायत से मुख्यमंत्री स्व सहायता भत्ता योजना का लाभ लेने के लिए कुल 35, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लिए 25 ज्ञल्च के लिए कुल 150 क्षात्र क्षत्राओं ने फॉर्म भरा मौके पे मौजूद सहायक प्रबंधक राजा कुमार, सहायक उत्तम कुमार, प्रवीण कुमार, मुखिया दिनेश राम, उपमुखिया विनय झा, वार्ड सदस्य रिजवान अंसारी, समस्त पंचायत क्षात्र क्षात्रा एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मशरक मे बाइक पर सवार युवती दुर्घटना में घायल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को एक युवती को गंभीर रूप से घायल हालत में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां उसकी पहचान गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के फैजुल्लाहपुर गांव निवासी शम्भू



नाथ सिंह की 22 वर्षीय पुत्री रूची कुमारी के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ अनंत नारायण कश्यप ने युवती का प्राथमिक उपचार किया। घायल युवती बाइक पर सवार होकर मशरक सबंधी के यहां आई थी वही से वापस जा रही थी कि बाइक दुर्घटना में पीछे गिर पड़ी जिससे सर और एक बाह में जख्म हो गया।

## मशरक वीडियो ने जजौली पंचायत की कई योजनायो जांच किया

मशरक(सारण)मशरक प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद आसिफ ने बुधवार को जजौली पंचायत में सरकार प्रायोजित विभिन्न योजनाओं की जांच की। बताया कि पंचायत के नल जल योजना एवं जजौली के वार्ड 2से 6 वार्ड के



पीडीएस दुकान में पॉश मशीन का व। जजौली मध्य विद्यालय में मध्याह्न भोजन बन रहा था। पंचायत सरकार भवन में बिजली आपूर्ति ठप है। फर्श टूटा हुआ है। विधालय मे शौचालय व पेयजल की व्यवस्था है। वार्ड नम्बर 9 के आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन सही ढ़ंग से हो रहा था। पंजी मांगने पर सेविका द्वारा पंजी दिखायी गयी । प्रधानमंत्री आवास योजना का भि निरीक्षण किये उन्होंने बताया कि इसकी रिपोर्ट बनाकर जिला को भेज दी गयी है।

## अवैध पटाखा बेचने वालों के खिलाफ शासन प्रशासन ने चलाया सघन जांच अभियान के अंतर्गत

मशरक (सारण)। मशरक थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार सहित कई स्थलों पर जिला प्रशासन के आदेशानुसार बुधवार को थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद आसिफ के नेतृत्व में अवैध पटाखा निर्माण एवं बिक्री करने वाले लोगों पर सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। सघन जांच छापेमारी के समय पुलिस प्रशासन को कुछ हाथ नहीं लगा, पटाखा की व्यवसाय करने एवं निर्माण करने वाले लोगों की निशानदेही पर भी छापामारी किया गया। लेकिन कहीं कुछ पुलिस प्रशासन को प्राप्त नहीं हुआ। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा ने बताया कि जिला प्रशासन के आदेशानुसार अवैध पटाखा निर्माण एवं पटाखा बिक्री को लेकर



पुलिस प्रशासन सख्त है। अवैध निर्माण एवं अवैध बिक्री करने को लेकर हमारी किया जा रहा है।

# जनता का विकास करना मेरी पहली दावेदारी, सभापति प्रत्याशी : रिंकी




पंचानन सिंह दैनिक अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण।

पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल के बगहा नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान समय में सभापति प्रत्याशी कई प्रकार के दावेदारी के साथ इस बार अपना दमखम नगर के लिए आजमा रहे हैं। इसी क्रम में नगर परिषद सभापति प्रत्याशी रिंकी देवी के पति धीरज कुमार सहनी ने बताया कि राजनीति में समाज सेवा के लिए जनता के समर्थन से ही मेरी पत्नी सभापति पद की दावेदारी कर रही है। राजनीति सहित समाज सेवा के रूप में माने जाने वाले लगातार पांच सालों से हम समाज सेवा में अपना प्रयासरत कदम बढ़ाते रहे हैं, इस कारण हमें समाज पहली बार सभापति प्रत्याशी के रूप में देखना चाह रही है और उन्हीं के भरपूर समर्थन के द्वारा मेरी पत्नी यह चुनावी मैदान में अपना दम आजमा रही है। मुझे विश्वास है कि जनता हमें भरपूर समर्थन करेंगी। मैने निरंतर समाज सेवा के लिए गरीब व असहायों के बीच समाज सेवा करता रहा हूं। साथ ही असहाय व भूखों को निरंतर भोजन खिलाने जैसे सुविधा का कार्य मैंने किया है,बगहा में पहली बार सीताराम यज्ञ का शुभारंभ किया गया था, जिसमें बढ़ चढ़कर भाग लिया। साथ ही गरीब व असहाय महिलाओं और साधु संतों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित कर आशीर्वाद प्राप्त कर गौरवांवित महसूस किया। मद्देनजर आगामी में कई समाज सेवा का कार्य करने का मेरा प्रयास रहेगा। वहीं उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार के प्रति आवाज उठाने तथा स्वच्छता के प्रति जोर देते हुए नगर क्षेत्रों में अन्य समस्याओं को लेकर निरंतर समस्या से निदान करने का प्रयास मेरा रहेगा,और निष्पक्ष व निस्वार्थ भाव से जनता के हर उम्मीदों पर खरा उतरने का भी मेरा प्रयास रहेगा।

# नशीली दवाओं के दुरूपयोग एवं तस्करी की करें निगरानी : डीएम



☒ नशामुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों को संचालित करने का निर्देश

☒ NCORD की जिलास्तरीय बैठक सम्पन्न

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में छब्व्त्क की जिलास्तरीय बैठक सम्पन्न सम्पन्न हुयी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, बेतिया, वन प्रमंडल पदाधिकारी, बेतिया, समादेष्टा सभी सशस्त्र सीमा बल, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, एसडीएम, एसडीपीओ, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी,अधीक्षक, मद्य निषेध आदि उपस्थित रहे।इस बैठक में नशीली दवाओं के दुरूपयोग एवं तस्करी, अफीम या भांग की फसल की अवैध खेती और उसका विनिष्टिकरण, अवैध खेती से प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक विकास कार्यक्रम, नशीली दवाओं के मामले में जांच की प्रगति, एनडीपीएस मामलों में अभियोजन की स्थिति, नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र, नशामुक्त भारत अभियान, जब्त दवाओं का निस्तारण, जागरूकता कार्यक्रमों के संचालन आदि पर गहन विचार-विमर्श किया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में नशीली दवाओं के दुरूपयोग और तस्करी से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस पर गहन निगरानी अतिआवश्यक है। पुलिस विभाग, एसएसबी एवं हेल्थ डिपार्टमेंट समन्वय स्थापित कर इसकी प्रॉपर तरीके से निगरानी करना सुनिश्चित करेंगे।उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर चलाना सुनिश्चित किया जाय। जिलास्तर पर विशेष रूप से स्कूलों, कॉलेजों में नशीली दवाओं के दुरूपयोग के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जाय। नशामुक्ति केन्द्र एवं पुनर्वास केन्द्र के सफल क्रियान्वयन की कार्रवाई की जाय।

# बगहा नगर कांग्रेस कमेटी ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख पिपरासी के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का किया आयोजन

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल अंतर्गत पिपरासी प्रखंड के पूर्व ब्लॉक प्रमुख व पश्चिमी चंपारण जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष यशवंत नारायण यादव की हृदय गति रुक जाने से सोमवार की सुबह आकस्मिक मृत्यु हो गई। उन्होंने अपने पिछे दो पुत्र, एक पुत्री और पत्नी को छोड़ कर चले गए। वही स्व. यादव की आकस्मिक निधन पर शोक सभा प्रकट करते हुए बगहा नगर कांग्रेस कमिटी के तरफ से एन एच 727 मुख्य मार्ग परसा मोड़ के समीप स्थित पंचायत भवन में शोक सभा का आयोजन किया गया। आयोजन में स्व० यादव के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बगहा विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जयेश मंगल सिंह उर्फ जय सिंह ने उन्हें एक समर्पित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समाज सेवी बताते हुए कहा कि



यादव का आजीवन समाज एवं कांग्रेस पार्टी के प्रति हमेशा निष्ठावान रहे। वही बगहा नगर अध्यक्ष तुफैल अहमद के द्वारा स्व यादव के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके परिवार को दुख सहने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में शेष चंद यादव, सुजीत कुमार सोनी, गोलू पटेल, दिनेश यादव, हृदया साह,मुकेश प्रसाद,शत्रुघ्न साह, जय ठाकुर, सुभाष साह,नीरज शर्मा, मोहन चौधरी,कृष्ण राव,उमेश यादव, अशोक साह,व अजीत चौधरी आदि सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक प्रकट किया।

# वोटर पेंशन की मांग को लेकर बिहार शरीफ के अस्पताल चौराहा से समाहरणालय तक पैदल मार्च किया

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार सरीफ (नालंदा)। बुधवार को दिलीप कुमार के नेतृत्व में गरीब वोटर पेंशन की मांग को लेकर बिहार शरीफ के अस्पताल चौराहा से समाहरणालय तक




पैदल मार्च निकाला गया एवं जिलाधिकारी को मांग का ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर दिलीप कुमार ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी देश में आर्थिक असमानता बढ़ी हुई है। जिसके चलते देश की एक बड़ी आबादी गरीबी के साए में जीवन जीने को मजबूर है। आज भी गरीब परिवारों को सही से दो जून की रोटी , उचित शिक्षा व स्वास्थ्य नही मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर पूंजीपतियों के हाथों में देश की संपत्ति का बड़ा हिस्सा सिमटता जा रहा है। इन समस्याओं की ओर अभी तक किसी भी सरकार का या तो ध्यान नहीं जा पाया है या फिर वह इन समस्याओं को जान बूझकर नजर अंदाज करते आयी है। लोगों की इन्हीं समस्याओं को देखते हुए हमलोग सरकार से मांग कर रहे हैं कि देश के गरीब वोटरों को 10000 प्रति महीना पेंशन के रूप में दिया जाए ताकि वे सही से जीवन यापन कर सकें। आज के इस कार्यक्रम में सुरेश कुमार दास, ऋषिराज कुमार, अमोद कुमार, रामदेव चौधरी, मो. चांद आलम, रविशंकर दास, मो. असगर भारती, महेंद्र प्रसाद, अखिलेश कुमार, अमर कुमार, धनंजय कुमार, प्रतिमा कुमारी, सुशीला देवी, परमहंस कुमार, जतन रविदास, एकलव्य बौद्ध, वालेश्वर मांझी, रघुवीर कुमार, नीरज कुमार, राजमनी कुमार, श्रीकांत कुमार इत्यादि लोग मौजूद थे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में लगभग डेढ़ साल बाद रोगी कल्याण समिति की बैठक किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ बबिता कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया बैठक में सदस्यों ने पुर्व की बैठक में लिए गए प्रस्ताव का समीक्षा करतें हुए काफी हंगामा हुआ। अनुपालन नहीं किए जाने पर मामलें की जांच कर कार्रवाई की मांग किया सदस्यों ने पीएचसी में लगभग 14 वर्षों से लगातार पदस्थापित लेखापाल मिथलेश कुमार राय के द्वारा महिला लाभुकों से प्रोत्साहन राशि के भुगतान में अवैध वसूली का आरोप लगातें हुए उसका तबादला किए जाने की मांग करतें हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया सदस्यों ने एकमत से कहा की लेखापाल के द्वारा पीएचसी में विभिन्न मदों से बड़ें पैमाने पर अवैध निकासी कर सरकारी राशि का लूट किया है जिसकी गहन जांच कर संबंधित लेखापाल पर कड़ी कार्रवाई करतें हुए उसका अविलंब अन्यत्र तबादला किए जाने की मांग किया सदस्यों ने पतरघट में करोड़ों की राशि से बीएमएसआई सीएल के द्वारा तीस शैय्या वालें सीएचसी के भवन निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा बड़ें पैमाने पर घटिया सामग्री का इस्तेमाल किए जाने तथा निरीक्षण में बीडीओ सहित पीएचसी प्रभारी के द्वारा कार्य का जायजा लिए जाने के उपरांत असंतोष जाहिर कर काम बंद करनें के दिए गए निर्देशों के बाद भी काम जारी रखनें पर संबंधित संवेदक के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने तथा सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा काम का जायजा लेने के उपरांत डीएम सहित सहित अन्य अधिकारियों को जांच प्रतिवेदन भेजकर संबेदक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया सदस्यों ने पीएचसी प्रबंधन पर स्ट्रीट लाइट खरीद में बिना रोगी कल्याण समिति की सहमति से बिना निविदा के लोकल स्तर पर जय माता दी पतरघट से खरीद किए जाने तथा अधिक मूल्य पर खरीद किए जाने पर कड़ी नाराजगी जाहिर किया सदस्यों ने पीएचसी के अतिक्रमित जमीन को अविलंब खाली करवाकर चारदीवारी निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाने की मांग किया सदस्यों ने लंबे अर्से के बाद बैठक आयोजित किए जाने पर कड़ी नाराजगी जाहिर किया सदस्यों ने पीएचसी के रंग रोगन आय व्यय भवन की मरम्मती कार्य सहित अन्य कार्यों में रोगी कल्याण समिति की सहमति नहीं लिए जाने पर कड़ी आपत्ति जाहिर



करते हुए जांच की मांग किया सदस्यों के सवालों का जबाव देते हुए पीएचसी प्रभारी डॉ बबिता कुमारी ने कहा की लेखापाल के विरुद्ध हमें भी प्रोत्साहन राशि के भुगतान में महिलाओं से अवैध वसूली किए जाने की शिकायतें मिली हैं उन्होंने लेखापाल पर पीएचसी में लंबे समय से जमें रहनें की बातों को स्वीकार करतें हुए सदस्यों को आश्वस्त किया की निश्चित तौर पर उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी उन्होंने अब दो माह के अंतराल पर रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित किए जाने की बात बताए उन्होंने कहा की हम सदस्यों की भावनाओं का सम्मान करतें हैं आम लोगों तथा मरीजों के हित में जितना अच्छा होगा हम सब मिल जुलकर करेंगे सदस्यों ने साफतौर पर कहा की लेखापाल मिथलेश कुमार राय तथा स्वास्थ प्रबंधक रमण कुमार के खिलाफ प्रतिदिन बहुत सारी शिकायतें मिलती है जो अच्छीं बातें नहीं है उन्होंने रवैए में सुधार लानें की नसीहत देते हुए कहा की सेवाभाव के साथ पीएचसी में मरीजों की देखभाल कर अच्छा व्यवहार रखें मौके पर डॉ बीके प्रशांत डॉ संजीव कुमार स्वास्थ प्रबंधक रमण कुमार लेखापाल मिथलेश कुमार राय बीसीएम राहुल कुमार डीनू कुमार मोनू अंसारी विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह सदस्य, मुखिया सोनम कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि अमित कुमार, बीरेंद्र यादव, बिजेंद्र प्रसाद साह, चंन्द्रकिशोर यादव, सत्यनारायण यादव, गोंविद सादा, अरूण यादव, सुरेश यादव, रेखा देवी, सहित अन्य उपस्थित थें।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में लगभग डेढ़ साल बाद रोगी कल्याण समिति की बैठक किया गया



ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ बबिता कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया बैठक में सदस्यों ने पुर्व की बैठक में लिए गए प्रस्ताव का समीक्षा करतें हुए काफी हंगामा हुआ। अनुपालन नहीं किए जाने पर मामलें की जांच कर कार्रवाई की मांग किया सदस्यों ने पीएचसी में लगभग 14 वर्षों से लगातार पदस्थापित लेखापाल मिथलेश कुमार राय के द्वारा महिला लाभुकों से प्रोत्साहन राशि के भुगतान में अवैध वसूली का आरोप लगातें हुए उसका तबादला किए जाने की मांग करतें हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया सदस्यों ने एकमत से कहा की लेखापाल के द्वारा पीएचसी में विभिन्न मदों से बड़ें पैमाने पर अवैध निकासी कर सरकारी राशि का लूट किया है जिसकी गहन जांच कर संबंधित लेखापाल पर कड़ी कार्रवाई करतें हुए उसका अविलंब अन्यत्र तबादला किए जाने की मांग किया सदस्यों ने पीएचसी प्रबंधन पर स्ट्रीट लाइट खरीद में बिना रोगी कल्याण समिति की सहमति से बिना निविदा के लोकल स्तर पर जय माता दी पतरघट से खरीद किए जाने तथा अधिक मूल्य पर खरीद किए जाने पर कड़ी नाराजगी जाहिर किया सदस्यों ने पीएचसी के अतिक्रमित जमीन को अविलंब खाली करवाकर चारदीवारी निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाने की मांग किया सदस्यों ने लंबे अर्से के बाद बैठक आयोजित किए जाने पर कड़ी नाराजगी जाहिर किया सदस्यों ने पीएचसी के रंग रोगन आय व्यय भवन की मरम्मती कार्य सहित अन्य कार्यों में रोगी कल्याण समिति की सहमति नहीं लिए जाने पर कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए जांच की मांग किया सदस्यों के सवालों का जबाव देते हुए पीएचसी प्रभारी डॉ बबिता कुमारी ने कहा की लेखापाल के विरुद्ध हमें भी प्रोत्साहन राशि के भुगतान में महिलाओं से अवैध वसूली किए जाने की शिकायतें मिली हैं उन्होंने लेखापाल पर पीएचसी में लंबे समय से जमें रहनें की बातों को स्वीकार करतें हुए सदस्यों को आश्वस्त किया की निश्चित तौर पर उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी उन्होंने अब दो माह के अंतराल पर रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित किए जाने की बात बताए उन्होंने कहा की हम सदस्यों की भावनाओं का सम्मान करतें हैं आम लोगों तथा मरीजों के हित में जितना अच्छा होगा हम सब मिल जुलकर करेंगे सदस्यों ने साफतौर पर कहा की लेखापाल मिथलेश कुमार राय तथा स्वास्थ प्रबंधक रमण कुमार के खिलाफ प्रतिदिन बहुत सारी शिकायतें मिलती है जो अच्छीं बातें नहीं है उन्होंने रवैए में सुधार लानें की नसीहत देते हुए कहा की सेवाभाव के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की देखभाल कर अच्छा व्यवहार रखें।

मौके पर डॉ बीके प्रशांत डॉ संजीव कुमार, स्वास्थ प्रबंधक रमण कुमार, लेखापाल मिथलेश कुमार राय, बीसीएम राहुल कुमार, डीनू कुमार, मोनू अंसारी, विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह सदस्य, मुखिया सोनम कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि अमित कुमार, पूर्व प्रखंड प्रमुख पति बीरेंद्र यादव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष चंन्द्रकिशोर यादव, राष्ट्रीय जनता दल के किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव, महादलित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गोंविद सादा, समाजसेवी अरूण यादव, सुरेश यादव, रेखा देवी, सहित अन्य उपस्थित थें।

# पंचायत समिति के निर्वाचित सदस्य तथा ग्राम पंचायत के निर्वाचित मुखिया, उप मुखिया को किया जायेगा प्रशिक्षित

☒ प्रखंडस्तरीय तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ जारी

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। पंचायती राज विभाग, बिहार द्वारा पंचायत आम निर्वाचन-2021 के उपरांत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक-06.07.2022 से 16.07.2022 के मध्य जिलास्तर पर तदोपरांत प्रखंडस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किया जाना है। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री, बिहार सरकार के द्वारा दिनांक-16.06.2022 को वेबकास्टिंग के माध्यम से किया जा चुका है।जिला पंचायत राज पदाधिकारी मनीष कुमार द्वारा बताया गया है कि प्रखंड स्तर पर पंचायत समिति के निर्वाचित सदस्य तथा ग्राम पंचायत के निर्वाचित मुखियाध्उपमुखिया को प्रशिक्षण दिया जाना है। जिला पंचायत कार्यालय, पश्चिम चम्पारण द्वारा प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रारंभिक प्रशिक्षण हेतु तिथि का निर्धारण कर दिया गया है। प्रशिक्षण में सिर्फ निर्वाचित जनप्रतिनिधि ही भाग लेंगे, उनके जगह पर किसी अन्य प्रतिनिधि का भाग लेना विभागीय निदेशानुसार वर्जित है।पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत सभी पंचायत समिति सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम इस प्रकार है। दिनांक-28 से 30 जुलाई 22 तक ठकराहां प्रखंड मुख्यालय में ठकराहां, भितहां, मधुबनी एवं पिपरासी के पंचायत समिति सदस्य प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इसी बगहा-02 प्रखंड मुख्यालय में बगहा-02 तथा बगहा-01 प्रखंड मुख्यालय में बगहा-01 के पंचायत समिति सदस्य प्रशिक्षण में भाग लेंगे। दिनांक-02 से 04 अगस्त 22 तक रामनगर प्रखंड मुख्यालय में रामनगर प्रखंड, गौनाहा प्रखंड मुख्यालय में गौनाहा तथा सिकटा प्रखंड मुख्यालय में सिकटा एवं मैनाटांड़ प्रखंड अंतर्गत पंचायत समिति सदस्य प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। दिनांक-16 से 18 अगस्त 22 तक मझौलिया प्रखंड मुख्यालय



में मझौलिया, नौतन प्रखंड मुख्यालय में नौतन एवं चनपटिया प्रखंड मुख्यालय में चनपटिया प्रखंड के पंचायत समिति सदस्य भाग लेंगे। दिनांक-23 से 25 अगस्त 22 तक योगपट्टी प्रखंड मुख्यालय में योगापट्टी, लौरिया प्रखंड मुख्यालय में लौरिया एवं नरकटियागंज प्रखंड मुख्यालय में नरकटियागंज प्रखंड अंतर्गत पंचायत समिति सदस्य भाग लेंगे।इसी तरह ग्राम पंचायत के मुखिया एवं उप मुखिया के प्रशिक्षण हेतु कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है।

दिनांक-29 से 31 अगस्त 22 तक मधुबनी प्रखंड मुख्यालय में मधुबनी एवं पिपरासी प्रखंड अंतर्गत मुखिया एवं उप मुखिया प्रशिक्षण में भाग लेंगे। इसी तरह भितहां प्रखंड मुख्यालय में भितहां तथा ठकराहां, बगहा-02 प्रखंड मुख्यालय में बगहा-02 प्रखंड के मुखिया एवं उपमुखिया भाग लेंगे। दिनांक-06 से 08 सितंबर 22 तक बगहा-01, रामनगर एवं गौनाहा के मुखिया एवं उपमुखिया संबंधित प्रखंड मुख्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। दिनांक-13 से 15 सितंबर तक नरकटियागंज, मैनाटांड़ एवं सिकटा, दिनांक-20 से 22 सितंबर 22 तक चनपटिया, लौरिया एवं योगापट्टी, दिनांक-27 से 29 सितंबर 22 तक मझौलिया, नौतन एवं बैरिया प्रखंड के मुखिया एवं उप मुखिया प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

# आजादी का75वां अमृत महोत्सव

डॉ विपिन बिहारी मौर्य, संवाददाता अयोध्या टाइम्स ढाका पूर्वी चंपारण। देश की आजादी के लिए हजारों वीर पुरुषों, माताओं, बहिनों और नवयुवकों ने बलिदान दिया। इनमें से ही एक था 18 वर्षीय वीर बालक शान्तिप्रकाश, जिसने इस यज्ञ में 27 जुलाई, 1939 को प्राणाहुति दी। इसका जन्म ग्राम कलानौर अकबरी (जिला गुरदासपुर, पंजाब) में हुआ था। यों तो सत्याग्रहियों और क्रान्तिकारियों पर पूरे देश में अत्याचार होते थेय पर हैदराबाद रियासत की बात ही निराली थी। वहाँ का निजाम मुस्लिम लीगी था। उसके गुण्डे सामान्य दिनों में भी हिन्दुओं पर बहुत अत्याचार करते थे। कोई मठ, मन्दिर वहाँ सुरक्षित नहीं था। निजाम की इच्छा थी कि देश स्वतन्त्र न हो। यदि हो, तो हैदराबाद रियासत को स्वतन्त्र रहने या पाकिस्तान के साथ जाने की छूट मिले। अंग्रेजों ने भी उसे खुली छूट दे रखी थी। ऐसे में स्थानीय हिन्दुओं ने निजाम के विरुद्ध आन्दोलन किया। आर्य समाज के नेतृत्व में देश भर से सत्याग्रही हैदराबाद आने लगे। उनमें में वीर बालक शान्तिप्रकाश भी था। प्रायः जेलों में गुण्डे और चोर ही होते हैं। जेलर इनसे गाली और मारपीट से ही बात करते हैंय पर हैदराबाद की जेल में अब जो लोग आये, वे सम्पन्न, शिक्षित और प्रतिष्ठित लोग थे। अतः उनसे मारपीट करना बहुत कठिन था। वे किसी सुविधा या न्यायालय में जमानत के लिए भी अनुरोध नहीं करते थे। ऐसे में जेलर ने सोचा कि इनसे क्षमापत्र लिखवा कर इन्हें छोड़ दिया जायेय पर कोई सत्याग्रही इसके लिए तैयार नहीं था। अतः जेलर ने पुराना तरीका अपनाया। बन्दियों को जूतों, डण्डों, लोहे की चेन से पीटा जाता। भरी दोपहर में उनसे भारी पत्थर ढुलवाये जाते। लोहे की पतली तार के सहारे गहरे कुएँ से बड़े डोल से पानी खिंचवाया जाता। इससे हाथ कट जाते थे। दोपहर 12 बजे से चार बजे तक धूप में नंगे सिर और पाँव खड़ा कर दिया जाता। बेहोश होने पर क्षमापत्र पर उनके अंगूठे लगवा लिये जाते। इससे बन्दियों की संख्या घटने लगी और सत्याग्रह की बदनामी होने लगी। शान्तिप्रकाश का कोमल शरीर यह अत्याचार सहन नहीं कर पाया, उसने चारपाई पकड़ ली। इलाज के अभाव में जब उसकी हालत बिगड़ गयी, तो उसके घर तार से सूचना भेजी गयी। उसके पिता श्री रामरत्न शर्मा दौड़े-दौड़े हैदराबाद आये। पुत्र की हालत देखकर उनकी आँखों में आँसू आ गये। शान्ति ने इस अवस्था में भी उन्हें धैर्य बँधाया और माँ तथा अन्य परिजनों का हाल पूछा। जेलर ने देखा कि यह अच्छा मौका है, उसने शान्ति के पिता से कहा कि यदि आप चाहें, तो आपका बेटा बच सकता है। बस, यह क्षमापत्र भर दे, तो आज ही इसकी रिहाई हो सकती हैय पर शान्ति को दृढ़ता के संस्कार पिता से ही तो मिले थे। उन्होंने भी मना कर दिया। शान्ति ने सन्तुष्टि के साथ मुस्कुराते हुए पिता की गोदी में सिर रखा और प्राण त्याग दिये। इस घटना के कुछ वर्ष बाद लोगों ने देखा गुरदासपुर से बटाला जाने वाले मार्ग पर एक साधु ने डेरा लगाया। वह दिन भर पतले लोहे के तार से बड़े डोल में कुएँ से पानी खींचकर आते-जाते लोगों को पिलाता था। प्याऊ के बाहर सूचना लिखी थी कि यहाँ कोई किसी को गाली न दे। लोगों का अनुमान था कि यह वही क्रूर जेलर है, जिसके अत्याचारों से पीड़ित होकर शान्तिप्रकाश का देहान्त हुआ था। उसके बलिदान ने जेलर का मन बदल दिया और वह नौकरी छोड़कर सेवा में लग गया।

# संक्षिप्त समाचार

## बिस्कोमान भवन पर यूरिया खाद के लिए किसानों ने किया हंगामा

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। बारिश नहीं होने से कई जगहों पर अभी रोपनी भले ही शुरू नहीं हो सकी है लेकिन खाद की मांग किसानों के बीच बढ़ गई है। मंगलवार को बिस्कोमान भवन पर यूरिया खाद के वितरण की सूचना पर ही किसान



पहुंच गए। तीखी धूप होने के बावजूद वे सरकारी दर पर यूरिया खाद लेने के लिए लाइन में लग गए थे। दूसरी तरफ महिलाओं की भी लाइन खाद के लिए अलग लग गई थी। हालांकि उनकी संख्या कम थी। खाद वितरण शुरू होते ही कुछ लोगों को अंदर से खाद देने की भनक पर किसानों ने हंगामा कर दिया। इस दौरान कई बार लाइन टूटती रही। बाद में पुलिस प्रशासन का सहयोग लेना पड़ा। तब जाकर यूरिया खाद का वितरण हुआ।

## परिवारिक कलह से परेशान होकर बेटे ने खाई जहर


दैनिक अयोध्या टाइम्स से नरकटियागंज संवाददाता दीपू साह। पश्चिमी चंपारण नरकटियागंज के सुगौली पंचायत स्थित लौकरिया गांव निवासी शिकन्दर साह और उनकी पत्नी अपने बेटे बबलू साह और पतोह को दहेज के लिए रोज रोज मारते गाली गलौज देते आंत में बुध वार की सुबह लौकरिया गांव निवासी बबलू साह को उसके ।माता पिता ने जबरजस्ती जहर पिलाने लगे जिसे देख बबलू की पत्नी



हल्ला करने लगी गांव वालों के मदद से बबलू का इलाज किया गया जिसे उसकी जान बची वही बबलू के पत्नी का कहना है कि मेरे सास ससुर ने प्रति दीन दहेज के लिए लड़ाई झगङा करते थे और बुध वार की सुबह करीबन 10 बजे हमारे ससुर शिकन्दर साह और हमारी सास दोनो ने मिलकर हमारे पति को जहर पिला रहे थे तब मैं हल्ला किया तभी गांव वालों ने मेरे पति को इलाज कराये जिसे उसकी जान बची।

## हल्की बारिश में ही सड़क बनी तालाब

अश्विनी कुमार पाण्डेय,अनुमंडल ब्यूरो चीफ, पटोरी समस्तीपुर। महनार। मोहिउद्दीन नगर का मुख्य सड़क जो कि राज्य उच्च मार्ग 93 के अन्तर्गत



है।अपने आप में ये सड़क एक अजूबा से कम नहीं है,जो तीन जिलों को जोड़ती है,फिर भी सिंगल लेन ही है।साथ ही फुटपाथ की स्थिति और बुरी है।यह फोटो महनार मोहिउद्दन नगर के बीच में स्थित पत्थरघाट की है,जो न केवल अपने क्षेत्र अपितु गंगा नदी के पर बसे सैकड़ों लोगों का सबसे बड़ा बाजार है।हालांकि सड़क बनने की आस लोगो में कई वर्षों से है,तथा इसके चौड़ीकरण का कार्य तथाकथित तौर पर प्रगति में है,लेकिन कम से कम सड़क के मरम्मत की कार्य बहुत ही अनिवार्य है।लगभग प्रत्येक दिन किसी न किसी वाहन के दुर्घटना का कारण बनने वाला ये स्थान पिछले दो साल पहले आए बाढ़ के बाद ही टूट गई थी,लेकिन आज भी यह आम जनों के परेशानी का सबब बना हुआ है।

## अंतिम संस्कार में शामिल होने घाट पहुंचे व्यक्तिकी बाइक हुई चोरी

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या दैनिक टाइम्स बिहार शरीफ (नालंदा) बाढ़ के उमानाथ से सटे सती स्थान गंगा घाट पर का दाह संस्कार करने पहुंचे नालंदा जिला के कतरी डीह नालंदा निवासी कारू सिंह का मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया।

पीड़ित कारू सिंह ने बताया कि वह अपने साली के दाह संस्कार में आए हुए थे और घाट के पास मोटरसाइकिल लॉक कर दिया था। जिसे अज्ञात चोरों ने चुरा ब्लू और ब्लैक ग्लैमर मोटरसाइकिल जिसका नंबर ठत्21ट-6260 है जिसकी लिखित शिकायत बाढ़ थाना में किया हूं।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने की डीलर प्रतिनिधियों के साथ बैठक

रूपेश कुमार की रीपोर्ट। बाढ़। अनुमंडलाधिकारी और डीलर प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक मंगलवार को अनुमंडल सभागार में आयोजित की गई। बैठक में बाढ़ अनुमंडल पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं अनुमंडल के खाद्यान्न गोदाम के एजीएम, सभी एमओ, एवं सभी ट्रांसपोर्टरों मौजूद रहे। बैठक में जन वितरण प्रणाली दुकान तक अनाज पहुंचाने सहित कई मुद्दों पर चर्चा की



गई।डीलर प्रतिनिधियों ने बताया कि बाढ़ एसडीओ के पास हम लोगों ने सड़ा अनाज न देने एवं ट्रांसपोर्टरों द्वारा अनाज को दुकान तक पहुंचाने और दुकान के पास ही तौल कर देने की मांग रखी।बाढ़ अनुमंडलाधिकारी कुंदन कुमार ने आश्वासन दिया कि आप की मांग जल्दी पूरी होगी और उन्होंने सभी जनवितरण प्रणाली दुकानदार को खाद्यान्न उठाव के लिए गोदाम नही जाने के निर्देश भी दिए। पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई करने की हिदायत।

## 5 बोतल अवैध शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता उत्कर्ष सिंह मोनू की रिपोर्ट

शिवहर,सीतामढ़ी। आप सभी को इस जानकारी से अवगत करा दिया जाए कि नगर थाना पुलिस की कार्रवाई, 5 बोतल शराब के साथ एक कारोबारी को किया गिरफ्तार। लेकिन प्रश्न ये उठता की जब समीचीन जरूरत पर शराब बन्दी हावी है तो फिर ये शराब कहा से आते ये अवैध शराब का कारोबार विकास की रफ्तार और कानून व्यवस्था की स्थिति बड़े पैमाने पर प्रभावित कर रहा है गौरतलब बिहार में शराब बन्दी 1 अप्रैल 2016 को लागू किया गया वही इस कानून के तहत बिक्री, पीने और इसे बनाने पर प्रतिबंध है वही आप सभी को इस संदर्भ में बताया जाए कि 5 बोतल शराब के साथ कारोबारी तो गिरफ्तार किया ही नगर थाना ने साथ ही। एक मोटरसाइकिल भी किया जब्त, भेजा जेल, नगर थाना पुलिस ने तरियानी के घुसुकपुर में किया कार्रवाई, नगर थाना अध्यक्ष सामर्थ कुमार ने दी जानकारी।

## शासन प्रशासन ने ओवरलोडेड बालू ट्रक को जांच अभियान चलाकर किया जप्त

मशरक (सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के एस एच 90 राजापट्टी छपरा मुख्य पथ राजापट्टी गोलंबर के पास थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा एवं अंचलाधिकारी रवि शंकर पांडेय ने ओवरलोडेड बालू ट्रक के खिलाफ संयुक्त रुप से जांच अभियान चलाया, इस जांच अभियान में 4 ओवर लोडेड ट्रक को जप्त किया गया। ट्रक के साथ 3 ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया।



## समस्तीपुर में भी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को बार बार पूछताछ के लिए ईडी की ओर से बुलाये जाने के विरोध में कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने धरना दिया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल
समस्तीपुर जिले में भी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को बार–बार पूछताछ के लिए ईडी की ओर से बुलाये जाने के विरोध में कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बुधवार को धरना दिया। धरना का नेतृत्व जिला अध्यक्ष मो. अबू तमीम ने किया। इस दौरान आयोजित सभा में जिला अध्यक्ष ने केन्द्र सरकार पर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को परेशान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पूछताछ के लिए ईडी की ओर से अकारण बुलाया जाना इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा कि अपनी विफलता व जनता की परेशानी से ध्यान भटकाने के लिए केन्द्र सरकार इस तरह का हथकंडा अपना रही है। बार बार सोनिया गांधी जी को परेशान कर रही है सरकार, लेकिन इस तरह की हरकतों से गांधी परिवार का कोई भी व्यक्ति तथा आम कांग्रेसी घबराने एवं विचलित होने वाला नहीं है।

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव रामकलेवर प्रसाद सिंह ने कहा कि कांग्रेस के महान सपूतों ने जिस तरह अंग्रेजों से लड़कर देश को आजाद कराया था। उसी प्रकार भ्रष्टाचार में डूबी सरकार से भी देश को मुक्ति दिलाएगी। सभा में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव अमित कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष विजय शंकर शर्मा, रामउदगार महतो, जिला महासचिव मुकेश चौधरी, सुनील पासवान, बालमुकुन्द, आशुतोष कुमार, अब्दुल मालिक, कामेश्वर पासवान, रंजू कुमारी, मो. मोहिउद्दीन, रितेश कुमार चौधरी, मो. सोहैल सिद्दीकी, परमानन्द मिश्र,



विश्वनाथ सिंह हजारी, अरुण कुमार राय, अनिल कुमार तिवारी, शिवम यादव, अमरेन्द्र कुमार, अशोक कुमार अकेला,मिर्जा कासिफ बैग, मो. महफूज आलम, मो. अफजल, राजीव कुमार रत्ना, रामशंकर राय, अवधेश कुमार राय, जितेंद्र कुमार, संजीत कुमार, सहदेव पासवान, प्रमोद कुमार, अशोक पासवान, नौखेज आलम, मो. रिजवी आदि ने भी संबोधित किया।
इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की।

## संपूर्ण भारत वर्ष में स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
पूर्वी चम्पारण। इसके उपलक्ष्य में विद्युत,नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (डपदपेजतल व िच्वूमत) के सहयोग से छज्ब्,कांटी के तत्वावधान में एम एस कॉलेज, सभागार , मोतिहारी में बिजली महोत्सव का भव्य आयोजन में , मुख्य अतिथि, श्री प्रमोद कुमार, माननीय मंत्री,गन्ना उद्योग एवं विधि विभाग, बिहार सरकार के द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। केंद्र और राज्य के सहयोग से विद्युत क्षेत्र में हुए विभिन्न उपलब्धियों को मनाने के लिए बिजली महोत्सव को एक मंच के रूप में इस्तेमाल किया गया। इस दौरान विशेष तौर पर केंद्र सरकार की ओर से बिजली क्षेत्र में हासिल किए गए प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया. जिसमें में कुछ उल्लेखनीय उपलब्धियां (Highlights) निम्न प्रकार है –
– बिजली उत्पादन क्षमता 2014 में 2,48,554 मेगावाट से बढ़कर आज 4,00,000 मेगावाट हो गई है, जो हमारी मांग से 1,85,000 मेगावाट ज्यादा है।
– भारत अब अपने पड़ोसी देशों को बिजली निर्यात कर रहा है।
– पूरे देश को एक ग्रिड में जोड़ने के लिए 1,63,000 सीकेएम ट्रासमिशन लाइनें जोड़ी गईं, जो एक फ्रीक्वेंसी से संचालित हो रही है. लद्दाख से कन्याकुमारी तक और कच्छ से म्यांमार तक यह दुनिया के सबसे बड़े एकीकृत ग्रिड के रूप में उभरा है।
– इस ग्रिड का इस्तेमाल करके हम देश के एक कोने से 1,12,000 मेगावाट बिजली पहुंचा सकते हैं.
– हमने ब्ब्–21 में वचन दिया था कि 2030 तक अक्षय ऊर्जा स्रोतों से हमारी उत्पादन क्षमता का 40 फीसदी पहुंच जाएगा. हमने यह लक्ष्य शेड्यूल से 9 साल पहले नवंबर 2021 में ही हासिल कर लिया है।
– आज हम अक्षय ऊर्जा स्रोतों से 1,63,000 मेगावाट से भी अधिक बिजली पैदा करते हैं।
– हम दुनिया में अक्षय ऊर्जा क्षमता तेज गति से स्थापित कर रहे हैं।
– 2,01,722 करोड़ रुपये के कुल लागत के साथ हमने विद्युत वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ किया है. पिछले पांच वर्षों में बिजली के आधारभूत संरचना के तहत कई कार्यों को पूरा किया गया है. इनमें 2,921 नए सब–स्टेशन बनाना, 3,926 सब–स्टेशन का विस्तार, 6,04,465 सीकेएम एलटी लाइन स्थापित करना, 2,68,838 11 केवी एचटी लाइनें स्थापित करना, 1,22,123 सीकेएम कृषि फीडरों का फीडर पृथक्करण और स्थापना आदि शामिल है.
– 2015 में ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की उपलब्धता औसतन 12. 5 घंटे था, जो अब बढ़ कर औसतन 22.5 घंटे तक हो गया है.
–सरकार द्वारा बिजली उपभोक्ताओं के अधिकार के तहत नियम, 2020 पेश किया गया,इसके तहतय
प. नए बिजली कनेक्शन प्राप्त करने की अधिकतम समय–सीमा अधिसूचित की गई है। पप. उपभोक्ता अब रूफ टॉप सोलर को अपना सकते हैं। पपप. समय पर बिलिंग सुनिश्चित की जाएगी.
पअ. मीटर संबंधी शिकायतों को दूर करने के लिए समय–सीमा अधिसूचित किया गया
अ. राज्य नियामक प्राधिकरण अन्य सेवाओं के लिए समयसीमा अधिसूचित करेगा अप. उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए क्ैब्डे द्वारा 24ग7 कॉल सेंटर स्थापित किया जाएगा।



– वर्ष 2018 में सिर्फ 987 दिनों में गांव (18,374) में 100 फीसदी विद्युतीकरण हासिल किया.
– 18 महीनों में 100 फीसदी घरेलू विद्युतीकरण (2.86 करोड़) लक्ष्य हासिल किया. जिसे दुनिया का सबसे बड़ा विद्युतीकरण अभियान माना गया।
– सौर पंपों को अपनाने के लिए शुरू की गई योजना जिसके तहत– केंद्र सरकार 30 फीसदी सब्सिडी देगी और राज्य सरकार 30 फीसदी सब्सिडी देगी. इसके अलावा, 30 फीसदी ऋण सुविधा उपलब्ध होगी.
पूरे देश में मनाया जा रहा यह महोत्सव न्रूंस ठींतंज न्रूंस BhavishyaPower / 2047 के तहत पूरे देश में बिजली महोत्सव के तौर पर मनाया जा रहा है। उसका उद्देश्य बिजली क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सार्वजनिक जनभागीदारी और विकास में जमीन से जुड़े लोगों को इसमें सम्मिलित होना सुनिश्चित करना है। इस मौके पर बड़े पैमाने पर आसपास के गणमान्य व्यक्तियों को भी बिजली से हो रहे विकास से अवगत कराया गया। पिछले कुछ वर्षों में बिजली क्षेत्र के अभूतपूर्व वृद्धि पर अपनी राय खुल कर रखी.यह देखना सुखद रहा कि कार्यक्रम के दौरान कई लाभार्थियों ने अपने व्यवहारिक अनुभव आदि साझा किए। आगंतुकों और मेहमानों को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक और विद्युत क्षेत्र पर बनी लघु फिल्मों का स्क्रीनिंग आदि के माध्यम से प्रेरित किया गया। इस अवसर पर श्री राणा रंधीर सिंह, माननीय विधायक मधुबन, भाजपा जिलाध्यक्ष, प्रकाश अस्थाना,ए डी एम पूर्वी चम्पारण पवन कुमार सिन्हा, श्री नीतेश कुमार, जिला नजारत शाखा पदाधिकारी ,श्रीमती पुष्पा कुमारी वरीय उप समाहर्ता , डीपीआरओ पूर्वी चम्पारण, गुप्तेश्वर कुमार, जिला नोडल अधिकारी उपेंद्र प्रसाद सुमन, अधीक्षण अभियंता गौतम गोविंदा, एवं विद्युत आपूर्ति अंचल, मोतिहारी तथा छज्ब् कॉंटी के अधिकारीगण मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कारगिल दिवस के अवसर पर मजदूरों ने किया योग कराया

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी।
कारगिल दिवस के अवसर पर विनोद कुमार जायसवाल ने मजदूरों के योग कराके उनके इम्यूनिटी सिस्टम बढ़ाएं ताकि वह स्वस्थ रह सकें और नासा का सेवन ना करें नासा से बचे ताकि हमारे देश का विकास हो सके ऐसा करने से हमारा देश हर दृष्टिकोण से मजबूत हो सके इसी के साथ कारगिल दिवस के अवसर पर उन वीरगति को



प्राप्त सैनिकों को श्रद्धांजलि दिया और उनके अवसर पर मजदूरों को योग कराया गया। इसमें उपस्थित विनोद कुमार जायसवाल, रामेश्वर बैठा, राजेंद्र साह मोहन साह, राम जी ,रोहित जी ,गोपाल जी, ईश्वर कुमार, बिल्टू जी, काजीर जी और अन्य लोग उपस्थित थे।

### गड़हिया पंचायत की जांच में मिली अनियमितता

राकेश कुमार सिंह संवादाता मधुबन दैनिक अयोध्या टाइम्स। सीओ मधुबन चंद्रकांत सिंह ने बुधवार को मधुबन प्रखंड की गड़हिया पंचायत में सरकार प्रायोजित विभिन्न योजनाओं की जांच की। बताया कि पंचायत के वार्ड संख्या–2 की नल–जल योजना काफी खराब हालत में पायी गयी है। छह माह से नल–जल योजना बंद है। इस वार्ड के पीडीएस दुकान में पॉश मशीन नहीं पाया गया है। खोदादपुर मध्य विद्यालय में मध्याह्न भोजन नहीं बना था। पंचायत सरकार भवन काफी खस्ताहाल स्थिति में पाया गया है। पंचायत सरकार भवन में बिजली आपूर्ति ठप है। फर्श टूटा हुआ है। शौचालय व पेयजल की व्यवस्था मृत है। वार्ड नम्बर 9 के आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन सही ढ़ंग से नहीं हो रहा था। पंजी मांगने पर सेविका द्वारा पंजी नहीं दिखायी गयी है। बताया कि इसकी रिपोर्ट बनाकर जिला को भेज दी गयी है।

### पैक्स उपचुनाव को लेकर प्रकिया हुई शुरु

दैनिक अयोध्या टाइम्स केसरिया अभिषेक कुमार पूर्वी चम्पारण ।केसरिया प्रखंड अन्तर्गत खिजिरपुरा बेनीपुर पंचायत में पैक्स उपचुनाव को लेकर




प्रकिया शुरू हो गई है। जिसको लेकर सरगर्मिया भी तेज हो गई है ।तो वही प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी आभा कुमारी,ने बताई की पैक्स का मतदाता सूची प्रारूप विगत 22 जुलाई को प्रकाशित कर दिए गए थे। जिनका नाम 2019 के मतदाता सूची में अंकित नही था ।मतलब किसी कारणवश नाम छूट गया है ।वो 1 अगस्त तक प्रखंड कार्यालय में कृषि समन्वयक के पास अपना आपत्ति दर्ज करा सकते है ।आपको बता दे की खिजिरपुरा बेनीपुर पंचायत का पैक्स प्रबंधन कारिणी महिने भर पहले भंग हो गई थी। जिसका उपचुनाव होना अनिवार्य था ।तो वही इसकी सभी प्रकिया भी शुरू हो गई है ।जिससे मतदाताओं को किसी तरह का कोई दिक्कत नही हो।

### जहरीली शराब से दो और युवकों की मौत

अश्विनी कुमार पाण्डेय,अनुमंडल ब्यूरो चीफ,पटोरी,समस्तीपुर। समस्तीपुर के पटोरी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आमदीपुर पटोरी में अपने ननिहाल में रह रहे युवक कुंदन कुमार की मौत बुधवार को इलाज के दौरान हो गई ।उसके एक और दोस्त,जो कि पटना जिला का रहने वाला था उसकी मौत मंगलवार को ही हो गई थी ।कुंदन दलसिंहसराय के रहने वाले मनोज राय का पुत्र था ।जहरीली शराब से क्षेत्र में लगातार मौतें हो रही है,जो कि प्रशासन की विफलता और आम जन की लापरवाही का परिणाम है। बतातें



चलें कि हाल की में बहादुरपुर के भी एक युवक की मौत हुई थी ।ज्ञात हो कि बिहार में शराबबंदी है,जिसके चलते जहरीली शराब का सेवन और उससे होने वाली मौत अब आम हो गई है। लोगों को भी इससे बचना चाहिए एवं प्रशासन को भी सख्ती दिखानी चाहिए।

### स्टेशन रोड में फुटपाथ पर लगतीं हैं दुकानें राहगीर परेशान

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। के फुटपाथ अतिक्रमण की चपेट में हैं। यहां फुटपाथ पर ठेला वाले कब्जा जमा कर दुकान लगाते हैं। नगर के स्टेशन रोड के दोनों तरफ फुटपाथ बना है। लेकिन अतिक्रमण के कारण इसके अस्तित्व



पर संकट है ।दोनों तरफ दर्जनों की संख्या में दुकानें लगती हैं। जिससे राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। इस सड़क पर 24 घंटे वाहनों का परिचालन होता है। यह सड़क पंडित दीनदयाल उपाध्याय–गया रेलखंड पर अवस्थित भभुआ रोड स्टेशन को जोड़ती है। फुटपाथ खाली नहीं रहने के कारण व्यस्ततम सड़क पर राहगीरों का चलना मजबूरी है। ऐसे में दुर्घटना की आशंका बनी रहती।

### कैमूर में आसमानी आफत मौत बनकर खेत में गिरी एक महिला समेत 4 की मौत

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। जिले में बारिश की बाट जोह रहे किसानों के खेत में थोड़ी सी बरसात हुई भी तो साथ में मौत लेकर आई। सोमवार की शाम हल्की बारिश के बीच खेत में काम कर रहे लोगों पर ठनका गिर गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन पुरुष और एक महिला शामिल हैं। बताया जाता है कि हल्की बारिश होने से सभी अपने अपने खेत में चले गए कि पानी को किसी तरह खेत में रोका जा सके। बारिश नहीं होने से खेत में धान की रोपनी नहीं हुई है। इसीलिए ये किसान खेतों में निकल गए लेकिन यहीं पर बिजली गिर गई। मृतकों में महुअत गांव का मंटू पासवान, रामपुर रुपपुर पंचायत का संतोष कुशवाहा, रामगढ़ सिसौडा निवासी 25 वर्षीय चन्दन कुशवाहा और परासिया गांव की लालती देवी शामिल हैं।

### आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम : भाजपा

(सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स सुपौल। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इस कार्यक्रम के कमिटी की बैठक राधा कृष्ण धर्मशाला में की गई। इस अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम 15 अगस्त तक देश के कोने–कोने में मनाया जाएगा द्य इसके लिए जिला के 24 मंडल के कार्यक्रम की सूची तैयार की गई। उक्त जानकारी हर घर तिरंगा कार्यक्रम के भाजपा प्रभारी जिला महामंत्री सुरेश कुमार सुमन ने दिया। श्री सुमन कुमार ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव पर 15 अगस्त तक देश भर में 20 करोड़ से अधिक परिवारों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के कार्यक्रम का आयोजन है।



सभी कार्यकर्ता हर घर झंडा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के निमित्त प्रभारी भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज पाठक , जिला उपाध्यक्ष सरोज झा एवं जिला मंत्री सुमन कुमार उपस्थित थे।

## उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक में लूट, कर्मियों को बंधक बनाकर वारदात को दिया गया अंजाम

दैनिक अयोध्या टाइम्स केसरिया अभिषेक कुमार। पूर्वी चंपारण जिला में फिर अपराधियों का तांडव जारी है. बेखौफ अपराधियों ने चकिया थाना क्षेत्र के उत्तरी गवंद्रा पंचायत स्थित उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक में लूटपाट मचाई है.बाइक से आए हथियारबंद अपराधियों ने बैंक से एक लाख दो हजार 500



रुपया लूट लिया. घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बैंक कर्मियों से घटना की जानकारी ली.कर्मियों को बंधक बनाकर लूट रू बताया जाता है कि चकिया थाना क्षेत्र स्थित उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के उत्तरी गवंद्रा शाखा में दोपहर बाद दो बाइक पर सवार चार हथियारबंद अपराधी आए और बैंक के सभी कर्मियों को अपने कब्जे में ले लिया. हथियार के बल पर अपराधियों ने कैशियर के काउंटर में रखे 1 लाख दो हजार 500 रुपया लूट कर फरार हो गए. अपराधियों ने बैंक में प्रवेश करने के साथ सीसीटीवी कैमरा को क्षतिग्रस्त कर दिया. लेकिन कैमरा क्षतिग्रस्त करने के पूर्व कैमरे में उनका चेहरा कैद हो गया. जिसके आधार पर अपराधियों की पहचान में पुलिस जुटी हुई है ।ब्ब्ट के आधार पर अपराधियों की तलाश में पुलिस घटना की सूचना पर चकिया थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा बैंक पहुंचे और छानबीन में जुट गए हैं. थानाध्यक्ष ने बताया कि बैंक के सीसीटीवी को अपराधियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है. लेकिन अपराधियों का चेहरा सीसीटीवी में कैद हो गया है. जिसकी पहचान की जा रही है।
साथ हीं बैंक कर्मियों से घटना की जानकारी ली जा रही है।

## एसएसबी आईजी और डीआईजी को फलदार पौधे से किए गए स्वागत,पर्यावरण संरक्षण को बताया सबसे बड़ा कवच



पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। आजादी के 75 वें वर्ष के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वाधान में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत आज एसएसबी के आईजी पंकज दराद और डीआईजी सुनील कुमार ध्यानी जब एसएसबी 21 वी वाहिनी के प्रांगण में पहुंचे तो सबसे पहले सेना के जवानों ने उन्हें गॉड ऑफ ऑनर की सलामी दी। इसके तुरंत बाद आईजी और डीआईजी मंदिर के प्रांगण में पहुंचे,जहां पौधारोपण का कार्यक्रम था। मौके पर मौजूद मंदिर के पुजारी वह सेना के जवान नितीश कुमार दुबे ने उन्हें पुष्प देकर व माथे पर तिलक लगाकर वैदिक मंत्र के साथ उनका स्वागत किया। वहीं नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव निप्पू कुमार पाठक ने पंकज कुमार दराद को सेब और गंधराज ,डीआईजी सुनील कुमार ध्यानी को चिकू और गंधराज के पौधे तथा कमांडेंट प्रकाश को तेजपत्ता का पौधा दिया। इसके बाद नैतिक जागरण मंच वे. ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध कराये गए पौधों को यादगार स्वरूप मंदिर परिसर मे लगवाया गया।जो आईजी ने अमरपाली,डीआईजी ने नाशपाती, प्रकाश ने चीकू तथा ममता अग्रवाल ने नाशपाती के पौधे लगाए। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के पौधा रोपण को देख श्री पंकज दराज पौधों द्वारा सम्मानित किए जाने पर हर्ष व्यक्त किए,और कहा की पौधा साधारण नहीं हमारी सुरक्षा कवच है ।वही दूसरी तरफ प्लास्टिक के खिलाफ की जनजागृति की प्रसंशा करते हुए कहा कि प्लास्टिक सबसे बड़ा खतरा है और इसके प्रयोग से हम लोग को बचना चाहिए ।पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा रोपण के साथ–साथ पौधा संरक्षण की बात कहे। आजादी अमृत महोत्सव पर उन्होंने नशाखोरी को भी जधन्य अपराध बताते हुए कहा कि नशा हमारे परिवार और समाज को तोड़ रहा है ।इस अवसर उन्होंने ने हर घर तिरंगा झंडा का उद्देश्य लोगों को भारत के राष्ट्रीय झंडा के बारे में बताना ,जागरुक करना और देश भक्ति का भाव जगाना आदि बताया ।मौके पर डिप्टी कमांडेंट अंगू सिंह,अंशुमान कुमार आदि सहित कई जवान मौजूद रहे।


## प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने पीडीएस दुकानदारों के साथ की बैठक

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल के प्रखंड बगहा एक सभागार में आपूर्ति पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने पीडीएस दुकानदारों के साथ बुधवार को बैठक की। वही बैठक में एमओ ने सभी पीडीएस दुकानदारों से राशन वितरण से संबधित जानकारी प्राप्त करते हुए उन सभी की समस्याओं से भी अवगत हुई। जहां पीडीएस दुकानदारों ने एमओ से बताया कि बार बार पॉश मशीन में खराबी आने से परेशानी बढ़ जा रही हैं और लाभुकों के द्वारा ससमय राशन का उठाव नहीं करने के कारण समस्या उत्पन्न हो जा रही हैं। एमओ ने सभी पीडीएस दुकानदारों को ससमय राशन का उठाव कर नियमित रूप से लाभुकों को दिए जाने का निर्देश दी।
जो भी लाभुक समयावधि तक पीडीएस दुकान से राशन का उठाव नहीं करते हैं। वैसे लाभुकों राशन से वंचित कर दिया जाएगा।एमओ ने स्पष्ट शब्दों में कही कि ससमय पीडीएस दुकान खोलें तथा निर्धारित मात्रा और कीमत पर उपभोक्ताओं को राशन–केरोसिन उपलब्ध करवाएं। पॉश मशीन के संचालन में दुकानदारों को आ रही समस्याओं को जल्द ही दूर करने की बात कही।एमओ ने बताई कि किसी भी स्थिति में राशन,किरासन वितरण व्यवस्था में कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी ।वितरण में पारदर्शिता होनी चाहिए। राशन केरोसिन के वाजिब हकदारों को किसी भी परिस्थिति में लाभ से वंचित नहीं करने का निर्देश दी।



इसलिए लाभुकों को ससमय इसका लाभ दें। उन्होनें बताई की सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई सूचनाओं के त्वरित निष्पादन का भी निर्देश दिया।
साथ ही साथ पीडीएस दुकानदार आपसी सामंजस्य स्थापित कर कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दी।
28 जुलाई को परसौनी लगने वाले आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आपूर्ति संबंधित कार्यों को लेकर आवश्यक निर्देश दी ।मौके पर दिनेश राम,राजन चौधरी, धर्मेंद्र कुमार समेत तमाम पीडीएस दुकानदार मौजूद थे।

## मिड डे मिल मामला का एक और मामला सामने



वीरेन्द्र कु. सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढी। सीतामढी के सोनवरसा प्रखंड अन्तर्गत मिड डे मिल में अनियमितता और गड़बड़ी थमने का नाम नही ले रहा है। कुछ दिन पूर्व सरवरपुर मध्य विद्यालय में 38क्विंटल अनाज मिला था जो खाने योग्य नही था। मध्य विद्यालय चिलरा में इसी तरह का मामला प्रकाश में आया है। जहां विद्यालय में 68 बोरा चावल खाने योग्य नही है, जो पूरी तरह नष्ट हो चुका है। जबकि 35 बोरा चावल खाने योग्य है, जिससे मिड डे मिल चल रहा है। सूत्रों की मानें तो कोरोना काल में चावल का वितरण नही किया गया। इस बाबत प्रधानाध्यापक सत्य नारायण राम ने बताया कि अप्रैल माह में मिड–डे मिल प्रभारी द्वारा यह चावल उपलब्ध कराया गया था। उन्होंने बताया कि यह चावल खाने एवं वितरण करने योग्य नही है। डीपीओ संजय कुमार देव ने बताया कि मिड डे मिल की लगातार मिल रही शिकायत पर सभी प्रखंड साधनसेवी पीएम पोषण योजना को 31जुलाई तक विद्यालय में बचे शेष अनाज की विवरणी उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि मिड डे मिल प्रभारी द्वारा विद्यालय का अनुश्रवण किए बिना ही अनाज के आवंटन की अनुशंसा कर दी जाती है। जिसके कारण अनाज खराब हो रहा है।

## केन्द्रीय विद्यालय जवाहरनगर में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक बुधवार को आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। केन्द्रीय विद्यालय जवाहरनगर में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक बुधवार को आयोजित की गई द्य बैठक की अध्यक्षता उप–विकास आयुक्त विनय कुमार के द्वारा किया गया द्य कार्यक्रम की शुरुआत समिति के शिक्षक सदस्य मानस कुमार के औपचारिक स्वागत एवं विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा गाए गए स्वागत गीत के द्वारा हुआ जिसका निर्देशन विद्यालय की संगीत शिक्षिका प्रतिमा दत्त द्वारा किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य नरेश बाबू अग्रवाल ने पिछले बैठक में अनुमोदित कार्य के संपन्न होने से संबंधित एक संक्षिप्त ब्यौरा देते हुए वर्तमान बैठक के एजेंडे का सदस्यों के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया द्य सदस्यों ने कुछ प्रस्ताव यथा शिक्षकों के स्थानांतरण की स्थिति में दूसरे केन्द्रीय विद्यालय के पैनल से अनुबंध पर शिक्षकों की व्यवस्था करना, राष्ट्रीय कौशल विकास कार्यक्रम, छात्रों की नियमित स्वास्थ्य जांच अगस्त में कराने, सेकेंडरी संभाग के कुछ कक्षा में बिना आवाज के कैमरे लगवाना, क्वार्टर के जांच हेतु समिति का गठन, खराब पड़े जनरेटर का निस्तारण एवं जेम के माध्यम से 30 केवी के नए जनरेटर की खरीदारी इत्यादि कुछ सुझावों को अनुमोदित किया गया द्य विद्यालय की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सदस्यों ने कुछ सुझाव दिए जैसे–विद्यालय पुस्तकालय में अच्छे अंग्रेजी और हिंदी के लेखकों की पुस्तकें रखना और अध्यापकों द्वारा छात्रों को पढ़ने हेतु प्रेरित करना द्य कक्षा बारहवीं कि जिला टॉपर छात्रा सुप्रिया कुमारी को प्रार्थना सभा में बुलाकर सम्मानित करना एवं अन्य छात्रों को जिन्होंने दूसरे विषयों में अधिकतम अंक लाए हैं को सम्मानित करना द्य उप विकास आयुक्त विनय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी महेश्वर प्रसाद सिंह, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य अंजुम अर्शी, कार्यपालक अभियंता पीडब्ल्यूडी कमलेश, सांस्कृतिक क्षेत्र से संबंधित सम्मानित सदस्य चंदेश्वर, प्रसिद्ध शिक्षाविद प्रोफेसर उमेश चंद्र झा, चिकित्सक सदस्य आनंद कुमार ने भाग लिया द्य बैठक में शिक्षक सदस्य के रुप में मानस कुमार, स्नातकोत्तर शिक्षक (हिंदी) एवं मधुरेंद्र कुमार मिश्रा, प्रधानाध्या पक बैठक में उपस्थित रहे। शशि कुमारी और रणविजय कुमार विद्यालय प्रबंधन समिति के अभिभावक सदस्य के रूप में अपने सुझाव विद्यालय की बेहतरी के लिए दिए। अन्य सहयोगी कार्यों में विद्यालय के रंजन कुमार एवं प्रभात कुमार द्वारा किए गए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक मधुरेन्द्र कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया।

## पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी ने पूर्व प्रमुख के परिवार से मिल उसके निधन पर दी सांत्वना

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल अंतर्गत पिपरसी निवासी स्वर्गीय यशवंत नारायण यादव के आवास पहुँचकर बगहा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी व समाज सेवी जयेश मंगल सिंह उर्फ जय सिंह के द्वारा अपने बगहा नगर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व प्रमुख व पं. चम्पारण जिले के कांग्रेस उपाध्यक्ष के आकस्मिक निधन हो जाने पर उनके बेटे और परिवार से मिलकर मौन धारण कर शोक प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।








पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी श्री सिंह ने बताया कि परिवार का माँग था कि पिपरासी में स्व. यशवंत यादव की प्रतिमा की स्थापना किया जाए। जिसको लेकर उन्होंने अपने प्रदेश प्रभारी से बात कर प्रतिमा स्थापित करने की आश्वासन दिया। मौके पर संदेश यादव,तुफैल अहमद, अनुराग कुमार, रामशंकर दुबे, युवा नेता सुजीत कुमार सोनी, श्रद्धा यादव, दिनेश यादव और हरी पंडित आदि मौजूद रहे।

## जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा एकदिवसीय सत्याग्रह आयोजित

’वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, खाद्य सामग्रियों पर जीएसटी और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ सीतामढ़ी जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा स्थानीय गांधी मैदान में एक दिवसीय सत्याग्रह का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि कमरतोड़ महंगाई से देशवासी बेहाल हैं। अनाज, दूध, दही आदि पर जीएसटी और रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में बेतहाशा वृद्धि ने आमलोगों का बजट बिगाड़ कर रख दिया है। बेशर्म मोदी ने



कफन पर भी टैक्स लगा दिया है। बुजुर्गों का रेल रियायत खत्म कर दिया गया है। देश में बेरोजगारों की फौज बढ़ती जा रही है। अग्निपथ योजना के नाम पर युवाओं और सेना के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और जब विपक्ष सदन में इन ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की मांग करती है तो मोदी सरकार बात करने को तैयार नहीं। इतना ही नहीं, केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्षी दलों के नेताओं की आवाज दबाने की कोशिश हो रही है। ईडी द्वारा कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी और राहुल गांधी को परेशान किया जा रहा है, जिसकी हम घोर निन्दा करते हैं। सत्याग्रह कार्यक्रम में जिला समन्वय समिति के सदस्य रकटु प्रसाद, रितेश रमण सिंह, अर्जुन खिरहर, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय बिररख, वीरेंद्र कुशवाहा, अंजारुल हक तौहीद, डॉ.राजीव कुमार काजू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष शम्स शाहनवाज, मनोज कुमार सिंह, रौशन कुमार झा बिट्टू, धीरज सिंह, रघुनाथ राय, पप्पू सिंह, मनोज यादव, अजय यादव, राहुल रमेश गुप्ता, अख्तर रजा खान, राजीव कुमार कुशवाहा, मनोज सिंह, नवीन कुमार सिंह, अरुण कुमार वर्मा आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।